www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 29 जुलाई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –104 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59




संजय सेठ को धमकी देने वाला धनबाद से गिरफ्तार पृष्ठ 2
■ फिर वे बंगालियों के लिए आए !
■ भारत के बड़े बाजार में अधिक पहुंच से ब्रिटेन का लाभ बढ़ेगा
पृष्ठ 6
■ थाईलैंड, कंबोडिया के नेताओं ने मलेशिया के पीएम से युद्धविराम पर चर्चा की
■ अब उभरता बाजार नहीं भारत दुनिया से अपनी शर्तों पर कर रहा संवाद : रिपोर्ट
पृष्ठ 7
सभी गेंदबाज पांचवें व आखिरी टेस्ट के लिए फिट : गंभीर पृष्ठ 8

लोकसभा में ऑरपेशन सिंदूर पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# किसी दबाव में नहीं रोका आपरेशन सिंदूर

- आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टालरेंस की नीति को पूरी दुनिया ने देखा
- ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह से सफल रहा
- सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया



हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं बल्कि हमें आतंकवादियों के ढांचों को नेस्तनाबूद करना था जिसे 22 मिनट में हासिल कर लिया गया : राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोकने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस आपरेशन के सभी लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे और इसे किसी के दबाव में नहीं रोका गया । श्री सिंह ने सोमवार को सदन में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक आपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टालरेंस की नीति को पूरी दुनिया ने देखा और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा, 'हमने किसी के दवाब में आकर इसे नहीं रोका बल्कि हमने दुश्मन के हर मंसूबे पर पानी फेरा है। हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं बल्कि हमें आतंकवादियों के ढांचों को नेस्तनाबूद करना था जिसे 22 मिनट में हासिल कर लिया गया।'

**पाकिस्तान के डीजीएमओ ने आग्रह किया था**–उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए। यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार की गई कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है, और अगर भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ तो अभियान फिर प्रारंभ होगा। रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग पूछते हैं कि हमारे कितने विमान गिरे, यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों तो अपेक्षाकृत छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। इससे देश की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान और उत्साह से ध्यान हट सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष को यह सवाल पूछना चाहिए था कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के कितने विमानों को गिराया और कितने ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पेन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## पाकिस्तान को दुनिया के सामने किया बेनकाब : जयशंकर

लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जारी चर्चा के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने लोकसभा में कहा कि हमने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में कहा, पहलगाम हमले के बाद एक स्पष्ट, मजबूत और दृढ़ संदेश देना जरूरी था। हमारी सीमाएं लांघी गई थीं और हमें यह स्पष्ट करना था कि इसके गंभीर परिणाम होंगे।

उप राज्यपाल सिन्हा के पीछे छिप नहीं सकते शाह : गोगोई

## पहलगाम हमले की जिम्मेदारी गृह मंत्री को लेनी चाहिए



कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सोमवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुये आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी गृह मंत्री अमित शाह को लेनी होगी और वह उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पीछे छिप नहीं सकते।

श्री गोगोई ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सारा दोष टूर ऑपरेटर के सिर पर मढ़ दिया गया और कहा गया कि बगैर अनुमति के टूर ऑपरेटर पर्यटकों को पहलगाम ले गया और इसकी जानकारी सरकार को नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी से भागने का यह कैसा तर्क है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के 100 दिन बीत गए हैं लेकिन हमला करने वाले चार आतंकवादियों को अब तक पकड़ा नहीं जा सका है। आतंकवादी आए, उन्हें पनाह दी गई, वे पहलगाम में एक घंटे तक गोलीबारी करते रहे और भाग गए लेकिन कोई पकड़ा नहीं गया।

**एंबुलेंस पहुंचने में एक घंटा लग गया**– उन्होंने कहा कि पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर एक घंटे तक आतंकवादी गोलीबारी करते रहे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। मौके पर एंबुलेंस पहुंचने में भी एक घंटा लग गया। इन सब सवालों का जवाब कौन देगा। श्री गोगोई ने कहा कि केन्द्र सरकार इतनी अहंकारी है कि उससे चाहे जितनी बड़ी गलती हो, कोई उस पर सवाल नहीं उठा सकता।

**प्रधानमंत्री पहलगाम न जाकर बिहार में चुनावी देते हैं**–उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब में थे, उन्होंने वहां अपने सभी कार्यक्रम पूरे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## संवेदनशील मामलों पर कांग्रेस को नहीं करनी चाहिए राजनीति : साय



- ननों की गिरफ्तारी
- राहुल गांधी के बयान पर साय का पलटवार

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दो ननों की गिरफ्तारी ने देशभर में सियासी हलचल मचा दी है। इस मामले को लेकर सरकार पर विपक्ष के तीखे हमले शुरू हो गए हैं। वहीं इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि नन पकड़े जाने की वास्तविकता यह है कि नारायणपुर जिले की बेटियों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ननों द्वारा आगरा ले जाया जा रहा था। यह पूरा मामला प्रलोभन और ह्यूमन ट्रैफिकिंग का है। इसकी जांच जारी है। कानून अपने हिसाब से काम करेगा। ऐसी स्थिति में कांग्रेस को राजनीति नहीं करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ शांति का टापू है। सीएम साय ने आगे कहा कि हम धर्मांतरण के पूरी तरह विरोध में हैं। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसीलिए ऐसे मामलों पर राजनीति की जाती है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस प्रकरण में ह्यूमन ट्रैफिकिंग और मतांतरण की आशंका व्यक्त की जा रही है, जो महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाला गंभीर विषय है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और यह न्यायालयीन प्रक्रिया में है। सरकार पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, तथा कानून अपनी प्रक्रिया के अनुसार निर्णय लेगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ एक शांतिप्रिय और समावेशी प्रदेश है जहाँ सभी धर्म और समुदाय के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते हैं। हमारी सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। बस्तर की बेटियों से जुड़े मुद्दे को राजनीतिक रूप देना दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा की कि इस प्रकार की घटनाओं को राजनीतिक रंग देने से बचना चाहिए, विशेषकर जब बात हमारी बस्तर की बेटियों की सुरक्षा से जुड़ी हो घटना 25 जुलाई की है जब दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए दो ननों और एक युवक को रोका। आरोप था कि तीनों, नारायणपुर जिले की तीन लड़कियों को बहला-फुसलाकर आगरा ले जा रहे थे। इन्हें जीआरपी के हवाले कर दिया था।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने नागपंचमी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नागपंचमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व हमारी सनातन संस्कृति की गहराई, लोक आस्था की ऊर्जा और प्रकृति के साथ समरसता का जीवंत प्रतीक है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा रचित वह परंपरा है, जो जीव-जगत के साथ सम्मानपूर्ण सह-अस्तित्व का संदेश देती है।

### धार्मिक आजादी के हनन पर चुप नहीं रहेंगे : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में दो ननों के साथ हुआ व्यवहार अत्यंत निंदनीय है और कांग्रेस धार्मिक आजादी के हनन की ऐसी घटनाओं को सहन नहीं करेगी। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा छत्तीसगढ़ में दो कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया -यह न्याय नहीं बल्कि भाजपा-आरएसएस का गुंडाराज है। हम चुप नहीं बैठेंगे। धार्मिक स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है। हम उनकी तत्काल रिहाई और इस अन्याय के लिए जवाबदेही की मांग करते हैं।

### मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह को कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए विवादित बयान पर सर्वोच्च अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान मंत्री विजय शाह को फटकार लगाते हुए कहा कि आप हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि मंत्री विजय शाह की मंशा पर अदालत को शक है। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि क्या विजय शाह ने अब तक अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है।

### छांगुर को 5 दिन की ईडी रिमांड में भेजा गया

**लखनऊ।** धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छांगुर बाबा को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिनों की ईडी रिमांड में भेज दिया गया

सेना का 'ऑपरेशन महादेव' में मिली बड़ी सफलता

## श्रीनगर में तीन आतंकी ढेर

### मारे गए आतंकवादियों में पहलगाम हमले का 'मास्टरमाइंड' भी शामिल



**श्रीनगर**, 28 जुलाई (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में एक आतंकवादी पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन का कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के दाचीगाम इलाके की ओर बढ़ने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने इसे 'ऑपरेशन महादेव' नाम दिया था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच चली गोलीबारी में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा है, जो गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड था।

**हथियार व गोला-बारुद भी बरामद** – पहलगाम हमले में एक स्थानीय निवासी और 26 पर्यटक मारे गए थे और भारत तथा पाकिस्तान एक पूर्ण युद्ध के कगार पर पहुंच गए थे। पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुलेमान और दो अन्य के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान एक एम4 और एके-47 राइफल, ग्रेनेड और अन्य हथियार और गोला-बारुद भी बरामद किया है।



## दिव्या देशमुख ने जीता फिडे महिला विश्वकप

- हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी को दी शिकस्त

**जॉर्जिया**, 28 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने सोमवार को हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी को हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही दिव्या ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं। आज खेले गए रैपिड राउंड में दिव्या देशमुख ने सफेद मोहरों के साथ आक्रामक शुरूआत की। हंपी ने काले मोहरों से खेलते हुए मैच को ड्रॉ करवाया और मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली। रैपिड राउंड के दूसरे गेम में काले मोहरों से खेलती हुई दिव्या देशमुख शुरुआत से हावी रहीं। कोनेरू रैपिड राउंड के दूसरे गेम में गलती की और दिव्या ने उसका फायदा उठाया। दिव्या ने टाईब्रेक में हंपी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## एसआईआर पर रोक से सुको का इंकार

### कहा, आधार और मतदाता पहचान पत्र को दस्तावेज मानने पर करें विचार

**नई दिल्ली**, 28 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद आगामी एक अगस्त को मतदाता सूची के प्रारुप को प्रकाशित करने से रोकने से सोमवार को इनकार कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में यदि कोई वैधता संबंधी कोई खामी पाई जाती है तो वह उसे रद्द कर सकती है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन रोकने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि यदि वैधता संबंधी कोई उल्लंघन पाया गया तो अदालत पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकती है। शीर्ष अदालत ने एक बार फिर चुनाव आयोग से कहा कि वह इस उद्देश्य के लिए आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को शामिल करने पर विचार करे, क्योंकि वे वैधानिक रूप से सही हैं।



### जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई जांच कमेटी की रिपोर्ट पर उठाए सवाल

इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई शुरू हुई। जस्टिस वर्मा ने नकदी मिलने के मामले में गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की। इस मामले की सुनवाई जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ए.जी. मसीह की पीठ ने की। जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। सिब्बल ने कहा, यह पूरा मामला राजनीतिक रंग ले चुका है। उन्होंने तर्क दिया कि 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी वीडियो और तस्वीरों के बाद देशभर में जस्टिस वर्मा को पहले ही दोषी मान लिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि घटनास्थल से मिला पैसा कहां गया और इसे जब्त क्यों नहीं किया गया। सिब्बल ने

## इसरो-नासा का संयुक्त उपग्रह कल होगा लॉन्च

**चेन्नई**, 28 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने चेन्नई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कई महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को इसरो और नासा की ओर से संयुक्त रूप से विकसित पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को भारत में निर्मित जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। यह उपग्रह 740 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित होगा। यह एक अत्याधुनिक रडार उपग्रह है, जो बादलों और बारिश के बावजूद 24 घंटे पृथ्वी की तस्वीरें ले सकता है। यह उपग्रह भूस्खलन, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की निगरानी में मदद करेगा।

नारायणन ने कहा कि यह उपग्रह न केवल भारत और अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने आदित्य एल1 मिशन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 26 जनवरी को 1.5 किलोग्राम वजन के साथ लॉन्च किया गया यह उपग्रह सूर्य के अध्ययन के लिए भेजा गया था।

## रीपा योजना में गड़बड़ी, 3 पंचायत सचिव निलंबित

तीन जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। रीपा (रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) योजना में अनियमितता सामने आने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने जांच रिपोर्ट के आधार पर रायपुर संभाग के तीन पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया गया है, वहीं तीन तत्कालीन जनपद पंचायत के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ग्रामोद्योग और पंचायत विभाग द्वारा की गई जांच में योजना के क्रियान्वयन में कई गड़बड़ियां पाई गईं, जिनमें भुगतान प्रक्रिया, खरीद नियमों की अनदेखी और तकनीकी मानकों का पालन न करना शामिल है। रिपोर्ट मिलने के बाद संभागायुक्त महादेव कावरे ने संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

संभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, महासमुंद जिले के बिरकोनी ग्राम पंचायत के सचिव शंकर साहू, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पलारी जनपद के गिर्रा ग्राम पंचायत सचिव खिलेश्वर ध्रुव, और बलौदाबाजार जनपद के लटुआ ग्राम पंचायत सचिव टीकाराम निराला को निलंबित किया गया है। इन पर बिना तकनीकी परीक्षण मशीनों की खरीदी, भुगतान प्रक्रिया में लापरवाही और कर्तव्य में गंभीर उदासीनता जैसे आरोप हैं। इसके अलावा, तीन जनपद पंचायतों के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें बलौदाबाजार-भाटापारा के पलारी जनपद के तत्कालीन सीईओ रोहित नायक, बलौदाबाजार जनपद के तत्कालीन सीईओ रवि कुमार, और महासमुंद जनपद की तत्कालीन सीईओ निकहत सुल्ताना शामिल हैं। संभागायुक्त ने इन अधिकारियों को तय समयसीमा में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि रीपा जैसी महत्वपूर्ण योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## राज्य में पहली बार दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए स्पेशल एजुकेटर की सीधी भर्ती

- स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कुल 100 पदों पर की जाएगी नियुक्ति

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में पहली बार दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए नियमित विशेष शिक्षकों (स्पेशल एजुकेटर) की सीधी भर्ती की जा रही है। इस पहल के तहत कुल 100 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिससे समावेशी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

उप संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्राथमिक शालाओं के लिए 50 पद उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए 30 पद तथा उच्चतर माध्यमिक शालाओं के लिए 20 पद द्विव्यांगजनों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इस संबंध में संक्षिप्त विज्ञापन स्कूल शिक्षा विभाग की अधिकृत वेबसाइट https://edu-portal.cg.nic.in/ पर जारी किया गया है। विस्तृत विज्ञापन तथा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी भी शीघ्र ही वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड./डी.एड. (स्पेशल एजुकेशन) की डिग्री प्राप्त की हो एवं जिनका पंजीयन पुनर्वास परिषद् में दर्ज हो।

राज्यसभा

उज्ज्वला योजना के देश में 10 करोड़ से ज्यादा उपभोक्ता

## 13 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने एक बार भी नहीं भरवाए सिलेंडर

**नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के देश में 10 करोड़ से ज्यादा उपभोक्ता हैं। इनमें से 1.3 प्रतिशत यानी 13 लाख से अधिक ने कनेक्शन लेने के बाद एक भी रीफिल नहीं कराई है।**

*पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने सोमवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि उज्ज्वला योजना के निष्क्रिय कनेक्शनों की पहचान इन आंकड़ों के आधार पर की जा सकती है कि कितने उपभोक्ताओं ने एक बार भी रीफिल नहीं कराई है। उन्होंने बताया कि 01 जुलाई 2025 तक उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं की संख्या 10 करोड़ 33 लाख है। इनमें निष्क्रिय उपभोक्ता 1.3 प्रतिशत थे जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद से एक भी बुकिंग नहीं करायी है।*

*श्री गोपी ने बताया कि सरकार ने उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को पारंपरिक ईंधनों की जगह एलपीजी का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई प्रयासों की शुरुआत की है। इसके लिए समय-समय पर स्थानीय स्तर पर तेल विपणन कंपनियों द्वारा एलपीजी पंचायत का भी आयोजन किया जाता है।*

*उन्होंने कहा कि मई 2022 से हर साल 12 सिलेंडर 200 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी शुरू की गई थी। इसे अक्टूबर 2023 में बढ़ाकर 300 रुपये कर दिया गया। इससे उज्ज्वला योजना में प्रति उपभोक्ता सिलेंडर की खपत वित्त वर्ष 2022 के 3.68 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 4.47 पर आ गई।*

*सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 में उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं ने औसतन 3.01 सिलेंडर बुक कराए थे। कोविड-19 के दौर में 2020-21 में अचानक यह संख्या बढ़कर 4.39 पर पहुंच गई थी। हालांकि अगले साल 2021-22 में इसमें फिर गिरावट आई और यह 3.68 सिलेंडर प्रति उपभोक्ता रही। उज्ज्वला उपभोक्ताओं ने वित्त वर्ष 2022-23 में औसतन 3.71 सिलेंडर, 2023-24 में 3.95 सिलेंडर और 2024-25 में 4.47 सिलेंडर की बुकिंग कराई।*

# देश

**उवाच**

बिहार की बदहाली के कारण वर्तमान सरकार आगामी विधानसभा में संभावित हार से डरी हुई है और मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से वोटों की चोरी करना चाहती है। कभी मेरा आधार मेरी पहचान का नारा लगाने वाली सरकार उसी आधार के पहचान को भूल गई है।

–अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 27.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# सेना ने तो अपना काम किया, लेकिन शासक ने नहीं : हुड्डा

## लोकसभा में कांग्रेस नेता ने कहा पाकिस्तान अगर घुटनों पर था तो युद्धविराम की क्या जरूरत थी

**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। विपक्ष ने लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर शुरू हुई चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्यों को सदन में रखे जाने की मांग की। कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि फौज ने तो अपना काम किया लेकिन देश में बैठे शासक ने अपना काम किया कि नहीं यह है चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के समय विपक्ष ने पूरा समर्थन दिया। सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई लेकिन उसमें प्रधानमंत्री शामिल नहीं हुए। आपरेशन सिंदूर ने हमारी फौज ने अपना लोहा मनवाया और जब दुनिया मानने लगी कि भारत की फौज का अपर हैंड है लेकिन एकाएक युद्धविराम कर दिया।

**यह व्यापार के दवाब में कराया गया**

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अगर घुटनों पर था तो युद्धविराम की क्या जरूरत थी। अफसोस की बात है कि युद्धविराम की घोषणा अमेरिकी की तरफ से किया गया था। अमेरिका का बार बार कहना कि उन्होंने युद्धविराम कराया और यह व्यापार के दवाब में कराया गया आश्चर्य में डालने वाला है। कांग्रेस नेता ने कहा , आपने स्वीकार किया कि हम सिर्फ आतंकवादियों को निशाना बनाया जबकि पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी एक है। सरकार की यह रणनीतिक भूल हुई। पाकिस्तान के साथ टकराव के दौरान दुनिया के कितने देशों ने हमारा साथ दिया यह सरकार को बताना चाहिए। दुनिया के एक देश ने पाकिस्तान की निंदा नहीं की। वहीं पाकिस्तान का कुछ देशों ने खुलकर साथ दिया। विदेश नीति के स्तर पर सरकार विफल रही। पाकिस्तान के साथ हमारा टकराव चल रहा था और दूसरी तरह उसे आईएमएफ से लोन दिया गया और हमारी सरकार कुछ नहीं कर पाई है, यह हमारी विदेश नीति की विफलता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को एक बराबर तौल दिया यह भी विदेश नीति की एक और विफलता है। एक आतंकवाद का पोषण करने वाला देश हमारे बराबर कैसे हो सकता है।



■ पहलगाम हमले के समय विपक्ष ने पूरा समर्थन दिया

### आतंकवाद हमारे लिए हमेशा संकट बना रहा: राजीव रंजन

पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि आतंकवाद हमारे लिए हमेशा संकट बना रहा है और आतंकवादियों ने मुंबई से लेकर देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी हमले किये है। उनका कहना था कि इस मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहाने की बजाय सभी दलों के नेताओं को आतंकवाद खत्म करने को लेकर अपने सुझाव रखने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादियों को उनके घर पर ही मारने का संकल्प लिया और इस दिशा में पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी निर्णायक कदम उठाया। एक और कदम से पाकिस्तान की आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्रों को हवाई हमले कर ध्वस्त किया गया।

### प्रधानमंत्री की चुप्पी निराशाजनक होती है: छोटेलाल

समाजवादी पार्टी के छोटेलाल ने कहा कि जब देश जल रहा हो तो उस स्थिति मे ऐसी घटनाओं पर प्रधानमंत्री की चुप्पी अत्यंत निराशाजनक होती है।

### खुफिया तंत्र क्या कर रहा था : सावंत

शिवसेना के उद्धव गुट के अरविंद सावंत ने ऑपरेशन सिन्दूर में सेवा के शौर्य को नमन किया, लेकिन कहा कि खोखली राजनीति कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय लेने के लिए की जा रही है। सवाल यह है की पहलगाम में इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक जाते हैं, लेकिन वहां कोई पुलिस का जवान नहीं होता है। उन्होंने सवाल किया कि उस दिन हमारे जवान कहां थे और खुफिया तंत्र क्या कर रहा था जब आतंकवादियों ने हमारे निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या की। ऑपरेशन सिन्दूर चलाया गया, लेकिन पहलगाम हमले के दोषी आतंकवादियों को अब तक नहीं पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना बंद किया जाना चाहिए जो पाकिस्तान हमारे खिलाफ साजिश करता है उसके साथ क्रिकेट नहीं खेला जा सकता।

## संजय सेठ को धमकी देने वाला धनबाद से गिरफ्तार

**रांची,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नित्यानंद पाल के रूप में हुई है, जो झारखंड के धनबाद जिले के हरिहरपुर का निवासी है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में रांची पुलिस की टेक्निकल टीम ने लोकेशन ट्रेस कर नित्यानंद को धनबाद से गिरफ्तार किया। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और अब उसे रांची लाया जा रहा है। पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा करेगी। गौरतलब है कि यह धमकी 26 जुलाई को उस वक्त दी गई थी जब संजय सेठ लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर लगातार पांच बार कॉल आया, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।




## संसद से

### पीएम उज्ज्वला योजना से स्वच्छ ईंधन को तेजी से मिला बढ़ावा : हरदीप पुरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत के एनर्जी मिक्स में तेजी से बदलाव हो रहा है और स्वच्छ ईंधन जैसे एलपीजी को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है और उनके सशक्तिकरण में भी मदद मिली है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी कनेक्शन के माध्यम से 10.33 करोड़ महिलाओं को सम्मान और सुगमता प्रदान की गई है, यह भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में एक ऐतिहासिक पहल है।

### देश में यूपीए सरकार के कार्यकाल में पनपा आतंकवाद : ललन सिंह

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान जदयू की ओर से केंद्रीय मंत्री और सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लोकसभा में जवाब दिया। उन्होंने गौरव गोगोई पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस सांसद ने सेना की वीरता, शौर्य और पराक्रम पर एक भी शब्द नहीं कहा। राजीव रंजन सिंह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कहा कि आप देशभक्ति की बात कर रहे हैं। आप इस पर बात कर रहे हैं कि कितने जहाज गिरे, लेकिन गौरव गोगोई ने एक शब्द भी सेना की वीरता, शौर्य और पराक्रम पर नहीं कहा।

### अन्नाद्रुमक के एम.धनपाल को दिलाई राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

अन्नाद्रुमक के एम.धनपाल और आईएस इनबादुरे को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। दोनों सदस्य उच्च सदन में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने तमिल भाषा में शपथ ली। विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों की आरे से हंगामे के चलते उप सभापति हरिवंश ने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी। हरिवंश ने तमिलनाडु से नवनिर्वाचित दोनों सांसदों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाए जाने तथा विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद सदस्यों को बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के 26 नोटिस मिले हैं।

### सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से भाग रही कांग्रेस : संबित पात्रा

सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। पात्रा ने कहा, बड़ा दुखद विषय है। पूरा देश सुनना चाहता है कि किस प्रकार से शौर्य के साथ ऑपरेशन सिंदूर को किया गया, लेकिन विपक्ष, खासकर कांग्रेस, हंगामा कर रही है।

## सार संक्षेप

### श्री बूढ़ा अमरनाथ के पहले जत्थे को किया रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से वार्षिक श्री बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भक्तों को सुरक्षित एवं आध्यात्मिक यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए सिन्हा ने कहा, महादेव के निवास की पवित्र यात्रा एक ज्ञानवर्धक अनुभव है। मेरा मानना है कि यह तीर्थयात्रा एक प्रकार का दिव्य रसायन विद्या है जो भक्तों के सामने जीवन के रहस्यों को उजागर करती है।

### पटेल ने किए धोलेश्वर महादेव के दर्शन

**गांधीनगर।** गुजराती पवित्र श्रावण (सावन) मास के पहले सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने धोलेश्वर महादेव के दर्शन किए। पटेल ने सोमवार को गांधीनगर में धोलेश्वर महादेव के दर्शन करके अपने दिन के कामकाज की शुरुआत की। उन्होंने भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन करके सभी नागरिकों की शांति, सुख-समृद्धि और राज्य की प्रगति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने धोलेश्वर महादेव के महंत रामस्वरूप पुरी के साथ मंदिर परिसर में मुलाकात करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और दर्शनार्थियों का भी अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के अवसर पर शिव आराधना का विशेष महत्व है।

### तेलंगाना सरकार ने जयपाल रेड्डी की छठी पुण्यतिथि मनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित एस. जयपाल रेड्डी की छठी पुण्यतिथि हैदराबाद में उनके स्मारक स्पूर्थि स्थल पर मनाई। पीवी नरसिम्हा राव मार्ग, नेकलेस रोड पर स्थित इस स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में तेलंगाना विधान परिषद के अध्यक्ष गुथा सुकेन्द्र रेड्डी, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार, सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, गद्दाम विवेक वेंकटस्वामी ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### ओडिशा में बाढ़ से 11 हजार से अधिक लोग प्रभावित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से राज्य के छह जिलों में आई बाढ़ से 11,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। मयूरभंज और बालासोर जिलों में 1,000 से ज़्यादा निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बाढ़ ने बालासोर, मयूरभंज, भद्रक, जाजपुर, सुंदरगढ़ और क्योंझर जिलों को प्रभावित किया है। राज्य सरकार ने बचाव और राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ, ओडीआरएएफ और अग्निशमन सेवा की टीमों को तैनात किया है।

## तेलंगाना राष्ट्र समिति पर धन के दुरुपयोग का आरोप

**हैदराबाद,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना पंचायती राज, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डॉ. धनश्री अनसूया सीताक्का ने राज्य की पिछली तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सरकार पर आदिवासी समुदायों के कल्याण के लिए निर्धारित की गयी धनराशि के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया और अधिकारियों को पिछली गलतियां न दोहराने की चेतावनी दी। राज्य के जनजातीय कल्याण मंत्री कुमार और सुश्री सीताक्का की अध्यक्षता में सोमवार को मसाब टैंक स्थित दामोदर संजीवैया कल्याण भवन में सातवीं जनजातीय कल्याण सलाहकार परिषद की बैठक आयोजित हुई।

## मप्र कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण पर सरकार को घेरा

**भोपाल,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र के पहले दिन से ही कांग्रेस के विधायक आक्रामक रुख अपनाए हुए है। सदन शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायक हाथ में गिरगिट खिलौना व चित्र लेकर पहुंचे। उन्होंने राज्य सरकार पर ओबीसी आरक्षण विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने और जातिगत जनगणना में पारदर्शिता को लेकर विधानसभा परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। विधायकों ने हाथों में सांकेतिक गिरगिट ले रखा था। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार गिरगिट से ज्यादा रंग बदलने वाली सरकार है। यह सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देना नहीं चाहती और जातीय जनगणना से बच रही है। इससे पहले विधायक दल की बैठक में भाजपा सरकार की नाकामी और वादाखिलाफी के मुद्दों को उठाने पर जोर दिया गया। विधायक दल की बैठक में कई मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। तय किया गया कि आदिवासियों की जमीन बेदखली, भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटाले, जातिगत जनगणना समयबद्ध और पारदर्शिता से हो, प्रदेश में बढ़ता भ्रष्टाचार, युवाओं को रोजगार, प्रदेश में बढ़ता ड्रग्स कारोबार, किसानों को हो रही खाद की किल्लत, महिला अत्याचार, रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्तियों की मांग सहित 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण एवं 13 फीसदी पर होल्ड हटाने की मांग को भी सदन में जोरशोर से उठाया जाएगा।



■ गिरगिट के खिलौनों के साथ किया प्रदर्शन

## कर्नाटक में एक साल में 981 किसानों ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक में किसानों की आत्महत्या का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024 से जुलाई 2025 के बीच राज्य में 981 किसानों ने आत्महत्या की। 1 साल 4 महीने के वक्त में इतनी खुदकुशी किसानों की दयनीय स्थिति को उजागर करती है। यह स्थिति राज्य में कृषि संकट और अपर्याप्त समर्थन की गंभीर तस्वीर पेश करती है। हवेरी जिला इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां 128 किसानों ने आत्महत्या की। इसके बाद मैसूरु (73), धारवाड़ (72), और बेलगावी (71) का नंबर आता है। वहीं, बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण, उडुपी, और कोलार जिलों में कोई भी किसान आत्महत्या दर्ज नहीं हुई। अन्य जिलों में हासन (47), बीदर (45), शिवमोग्गा (45), गदग (44), यदगिर (43), दावणगेरे (42), चिक्कमगलूरु (39), मांड्या (39), बागलकोट (35), चित्रदुर्गा (34), विजयपुरा (27), रायचूर (25), कोप्पल (25), तुमकुरु (17), उत्तर कन्नड़ (14), दक्षिण कन्नड़ (1), कोडगु (1), बल्लारी (1), और चामराजनगर (1) में आत्महत्याएं दर्ज की गईं। सरकार ने 807 प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया है, लेकिन 18 मामलों में राहत अभी भी लंबित है। किसानों की आत्महत्या के पीछे कई कारण बताए जाते हैं, जैसे कर्ज का बोझ, फसल की विफलता, कम आय, और बाजार तक पहुंच की कमी। कर्नाटक में बार-बार सूखा, अनियमित बारिश, और महंगे कृषि निवेश ने किसानों को आर्थिक तंगी में धकेल दिया है।




## एसआईआर बिहार के बाहर रहने वाले लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश : राजद

■ एसआईआर के पहले चरण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर उठाए गंभीर सवाल

**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का पहला चरण पूरा कर लिया गया है। दावा किया जा रहा है कि इस प्रक्रिया के तहत करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कट सकता है। एसआईआर के पहले चरण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद सुधाकर सिंह ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने 22 लाख मृत मतदाताओं और 35 लाख बाहर रहने वाले लोगों को हटाने के आंकड़े पेश किए, जो सही नहीं हैं। राजद सांसद ने दावा किया कि जीवित लोगों को मृत दिखाया गया और बिहार के बाहर रहने वाले लोगों को अवैध रूप से मतदाता सूची से हटाने की कोशिश की जा रही है। सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान राजद सांसद ने आरोप लगाया कि विदेशी नागरिकों की आड़ में बिहार के वैध मतदाताओं को सूची से हटाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।



चुनाव आयोग ने 22 लाख मृत मतदाताओं और 35 लाख बाहर रहने वाले लोगों को हटाने के आंकड़े पेश किए जो सही नहीं : सुधाकर सिंह

### चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के सुझावों को किया नजरअंदाज

सासंद ने दावा किया कि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के सुझावों को नजरअंदाज किया। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आयोग से आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को सत्यापन के लिए स्वीकार करने पर विचार करने को कहा था। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि नागरिकता का सत्यापन गृह मंत्रालय का कार्यक्षेत्र है, न कि चुनाव आयोग का। आयोग ने इन सुझावों को लागू नहीं किया, जो आदेश के समान हैं। आधार कार्ड और नागरिकता पर उन्होंने सहमति जताई कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है, जैसा कि चुनाव आयोग और यूआईडीएआई ने भी स्पष्ट किया है।


CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :– 502, टावर–ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013
सर्किल कार्यालय :– 9–बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110060

**परिशिष्ट –IV–क खनियम 8 (6) और 9(1) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) तथा 9(1) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतदद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री नुकला कोटेश्वर राव ("कर्जदार") 2. श्रीमती धनलक्ष्मी (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNHLRAP000040400 (पुरानी) 50300000801650 (नयी) रुपये 6,28,788/– (रुपये छह लाख अठ्ठाईस हजार सात सौ अठासी मात्र) दिनांक 23–07–2025 तक + लागू भावी ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि और भवन, क्षेत्रफल परिमाप 1250 वर्ग फीट, संत कबीरदास वार्ड नंबर 17, पुराना खसरा नंबर 397/2 और नया खसरा नंबर 397/19, पटवारी हल्का नंबर 40, आर.एन.एम रायपुर – 1, ग्राम उरकुरा (मठपारा), नगर निगम बिरगांव, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492003, चौहद्दी – पूर्व : सड़क, पश्चिम : मनोहर की भूमि, उत्तर : सड़क, दक्षिण : जानकी का मकान | 1. ई–नीलामी की तिथि : 04–09–2025 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 03–09–2025 3. निरीक्षण की तिथि : 02–09–2025 | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि और भवन, क्षेत्रफल परिमाप 1250 वर्ग फीट, संत कबीरदास वार्ड नंबर 17, पुराना खसरा नंबर 397/2 और नया खसरा नंबर 397/19, पटवारी हल्का नंबर 40, आर.एन.एम रायपुर – 1, ग्राम उरकुरा (मठपारा), नगर निगम बिरगांव, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492003, चौहद्दी – पूर्व : सड़क, पश्चिम : मनोहर की भूमि, उत्तर : सड़क, दक्षिण : जानकी का मकान |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट www.caprihomeloans.com/auction में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

**ऑनलाइन ई–नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :–**

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई–नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा अभिवेदन नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान दशा तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जो ई–नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय करेंगे।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई–नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता ई–नीलामी के संबंध में विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079–68136880/68136837), श्री रामप्रसाद शर्मा मोबाइल नंबर 800–002–3297/79–6120 0559, ई–मेल : ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए अपने नाम का पंजीकरण https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैस लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 03–09–2025 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, यूनिट नंबर 101–103, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 103/4, कृष्णा टावर, स्कीम नंबर 140, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, पिपलियाना स्क्वायर, इंदौर, मध्य प्रदेश को अधिकतम 03–09–2025 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर – .................... (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई–नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई–नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई–नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि **तत्काल ई–मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, यूनिट नंबर 101–103, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 103/4, कृष्णा टावर, स्कीम नंबर 140, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, पिपलियाना स्क्वायर, इंदौर, मध्य प्रदेश तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई–नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।**
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, बिक्री के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी कानूनी बकाया को ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू कानूनी प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई–नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई–नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. सम्पत्ति में रखी चल वस्तु (यदि कोई) इस बिक्री का अंश नहीं है।
25. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड : श्री संदीप दीक्षित मोबाइल नंबर 8989694769 से सम्पर्क करें।
26. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा 9(1) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 30 (तीस) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

**विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी भी आकस्मिक रूकावट से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।**

तिथि : 29–07–2025
स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ

हस्ता/– (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# दुनिया रंग-बिरंगी

## महिलाओं का गलत चित्रण व सनसनीखेज कंटेंट सही नहीं : पंकित ठक्कर

**मुंबई।** टीवी शो 'सारु' में नजर आ रहे अभिनेता पंकित ठक्कर ने सरकार के उस फैसले पर अपनी राय दी, जिसमें एएलटीटी, उल्लू, डेसीफ्लिक्स समेत 23 अन्य ओटीटी ऐप्स पर अश्लील कंटेंट के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। पंकित का मानना है कि महिलाओं का गलत चित्रण और सनसनीखेज कंटेंट न केवल कला को कमजोर करता है, बल्कि समाज को गलत संदेश भी देता है। फिल्म 'मोह माया' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने वाले अभिनेता का कहना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की रचनात्मक आजादी का सम्मान करना जरूरी है, लेकिन बच्चों और दर्शकों पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए एक सीमा तय करनी होगी।

## 'बॉर्डर 2' में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका बनेंगी मेधा राणा



**मुंबई,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। 'फ्राइडे नाइट प्लान', 'इश्क इन द एयर', 'डांसिंग ऑन द ग्रेव', और 'लंदन फाइल्स' में अपने दमदार अभिनय से सबकों चौंकाने वाली अभिनेत्री मेधा राणा 'बॉर्डर 2' में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मेधा के चुनाव को लेकर निर्माता भूषण कुमार ने कहा कि हमारे लिए किसी ऐसी अभिनेत्री को ढूंढना बेहद जरूरी था जो स्वाभाविक रूप से उस क्षेत्र की भाषा, भाव, और असली माहौल को फिल्म में सही तरीके से दिखा सके। मेधा ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया, खासकर क्षेत्र की बोली, बोलने के तरीके, और अभिनय में भावों की गहराई ने सभी को चौंका दिया। हमें पूरा विश्वास है कि मेधा इस रोल में बिल्कुल परफेक्ट है। बता दें कि मेधा सैन्य परिवार से आती है। प्रोड्यूसर निधि दत्त ने कहा कि 'बॉर्डर 2' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है। इसमें गहरा एहसास और अटूट जज्बा है। मेधा को कास्ट करने के बारे में उन्होंने कहा कि फिल्म में डायरेक्टर से लेकर सभी कलाकारों का चुनाव इस वजह से किया गया है ताकि एक ऐसी कहानी दिखाई जा सके जो सच्ची और प्रेरणादायक लगे। मेधा राणा और वरुण धवन साथ मिलकर फिल्म में एक नई ताजगी लाएंगे; यह जोड़ी कहानी को खूबसूरत बना देगी।

फिल्म 'बॉर्डर 2' के निर्देशक अनुराग सिंह हैं और इसका निर्माण गुलशन कुमार और टी-सीरीज के बैनर तले हो रहा है। बॉर्डर 2 जेपी दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर बॉर्डर का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित फिल्म थी। उसमें सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी, पुनीत इस्सर, कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी गुलजार, पूजा भट्ट और शरबानी मुखर्जी लीड रोल में थे। वहीं बॉर्डर 2 में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी हैं। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## मनोभ्रंश के शुरुआती लक्षणों में याददाश्त कमजोर

- डिमेंशिया का निदान होने में लगता है साढ़े तीन साल का वक्त
- यूसीएल के शोधकर्ताओं की समीक्षा में 30,257 लोग शामिल



**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। शुरुआती लक्षण दिखने के बाद भी डिमेंशिया डायग्नोस होने में औसतन साढ़े तीन साल का वक्त लगता है। इसका पता एक अध्ययन में चला है। डिमेंशिया के शुरुआती लक्षणों में याददाश्त कमजोर होना, शब्दों को याद करने में कठिनाई, भ्रम, और मूड व व्यवहार में बदलाव शामिल हैं।

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ जेरियाट्रिक साइकियाट्री में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि कम उम्र में डिमेंशिया शुरू होने और फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया के मामलों में डायग्नोसिस (निदान) और अधिक देरी से होता है। कम उम्र में शुरू होने वाले डिमेंशिया का निदान 4.1 साल तक लग सकता है। कुछ समूहों में यह समय और लंबा हो सकता है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के साइकियाट्री डिवीजन की प्रमुख शोधकर्ता डॉ. वासिलिकी ऑर्गेटा ने कहा कि डिमेंशिया का समय पर निदान वैश्विक चुनौती है। इसे सुधारने के लिए विशेष स्वास्थ्य रणनीतियों की जरूरत है। समय पर निदान से इलाज तक पहुंच बढ़ती है और कुछ लोगों के लिए हल्के डिमेंशिया के साथ अधिक समय तक जीने में मदद मिलती है। अध्ययन के लिए यूसीएल के शोधकर्ताओं ने यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और चीन में हुए 13 पिछले अध्ययनों के डेटा की समीक्षा की, जिसमें 30,257 लोग शामिल थे। डिमेंशिया एक बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है, जो विश्व स्तर पर 57 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित करती है। अनुमान है कि उच्च आय वाले देशों में केवल 50-65 प्रतिशत मामलों का निदान हो पाता है, जबकि कई देशों में यह दर और कम है। यूसीएल की डॉ. फुओंग लेउंग ने बताया कि डिमेंशिया के लक्षणों को अक्सर सामान्य और उम्र बढ़ने से संबंधित समस्याओं का हिस्सा मान लिया जाता है। डर, सामाजिक कलंक और जागरूकता की कमी लोगों को मदद मांगने से भी रोकती है। डॉ. ऑर्गेटा ने जागरूकता अभियानों की जरूरत पर कहा कि शुरुआती लक्षणों की समझ बढ़ाने और कलंक को कम करने से लोग जल्दी मदद मांग सकते हैं। विशेषज्ञ का कहना है कि डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के मरीजों और उनके परिवार को सही समय पर सहायता मिल सके, इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले, चिकित्सकों को बेहतर प्रशिक्षण देना जरूरी है ताकि वे डिमेंशिया के लक्षणों को जल्दी पहचान सकें और मरीजों को सही विशेषज्ञों के पास भेज सकें।

## तनाव को कम करने में सहायक 'विंटर चेरी'

- गले की खराश दूर करने में कारगर
- हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। आयुर्वेद में अश्वगंधा को महत्वपूर्ण औषधि का दर्जा प्राप्त है। इसे 'इंडियन विंटर चेरी' के नाम से भी जाना जाता है, जो शरीर और मन के लिए वरदान है। अश्वगंधा तनाव कम करने, एनर्जी बढ़ाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक है। आयुर्वेद में इसका उपयोग सदियों से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए किया जाता रहा है।



अश्वगंधा, जिसका लैटिन नाम विथानिया सोम्नीफेरा है, एक छोटी बारहमासी झाड़ी है, जिसमें सफेद फूल और नारंगी-लाल बेरी होती हैं। इसकी जड़ों से घोड़े जैसी गंध आने के कारण इसे अश्वगंधा नाम मिला। यह पौधा भारत, मध्य पूर्व और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, 'अश्वगंधा एक औषधीय पौधा है। स्वास्थ्य लाभों के लिए आयुर्वेद में इसका इस्तेमाल सालों से किया जा रहा है। यह तनाव कम करने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। अश्वगंधा को इंडियन विंटर चेरी के नाम से भी जाना जाता है, यह ऊर्जा को बढ़ाने के साथ तनाव को कम करने में सहायक है। अश्वगंधा चूर्ण शरीर और मन को अद्भुत लाभ पहुंचाती है। इसे सही तरीके से और नियमित सेवन से कई लाभ मिलते हैं।

आयुर्वेदाचार्यों के अनुसार, अश्वगंधा का नियमित और सही तरीके से सेवन मानसिक शांति, शारीरिक बल और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। आयुर्वेदिक विशेषज्ञों का कहना है कि अश्वगंधा चूर्ण मधुमेह को नियंत्रित करने, गले की खराश दूर करने और पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में कारगर है। यह हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। एक सपर्ट बताते हैं कि दूध में अश्वगंधा चूर्ण मिलाकर पीने से इसके लाभ और बढ़ जाते हैं। स्वाद के लिए इसमें गुड़ या शहद मिलाया जा सकता है। बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम से राहत के लिए अश्वगंधा चूर्ण को चाय में उपयोग करने की सलाह दी जाती है। इसके लिए एक कप पानी में आधा चम्मच अश्वगंधा चूर्ण, अदरक और तुलसी डालकर 5 मिनट तक उबालें, फिर छानकर पिएं। इससे न केवल सर्दी-जुकाम में राहत मिलती है, बल्कि तनाव भी कम होता है।

## दिमाग को तरोताजा करता है उत्तानासन

- जोड़ों के दर्द में भी देता है राहत
- पाचन तंत्र को मजबूत करता है उत्तानासन

### योगासन करते समय बरतें सावधानी

इस योगासन को करते समय कुछ सावधानियां भी जरूरी हैं। अगर आपकी पीठ या कमर में चोट है तो उत्तानासन न करें। वहीं साइटिका जैसी समस्या वाले लोगों के लिए यह आसन सख्त मना है, क्योंकि यह दर्द को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर की सलाह के बिना इस योगासन का अभ्यास न करें।



**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर और मन को एक साथ जोड़ने का बेहद आसान तरीका है। यह हमें स्वस्थ रहने के साथ-साथ मानसिक शांति भी देता है। योग का अभ्यास करने से हमारी ऊर्जा बनी रहती है और हम दिनभर ताजगी महसूस करते हैं। इसी योग के कई आसनों में से एक है 'उत्तानासन' जो शरीर को मजबूत और दिमाग को तरोताजा करता है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, उत्तानासन योग का एक ऐसा आसन है जो शरीर के कई हिस्सों को स्ट्रेच करता है। जो लोग लंबे समय तक बैठे रहते हैं या कंप्यूटर पर काम करते हैं, उनके लिए यह आसन बहुत फायदेमंद साबित होता है। यह आसन शरीर के कई हिस्सों में खिंचाव लाकर मांसपेशियों को आराम देता है और खासतौर पर पिंडली, जांघ, कमर और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करता है। इससे मानसिक तनाव कम होता है। उत्तानासन योग का अभ्यास दिमाग को शांत करने में मदद करता है। जब हम इस आसन को करते हैं, तो शरीर के निचले हिस्से से खून दिमाग की तरफ तेजी से जाता है। इससे दिमाग में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है, जो मानसिक तनाव को कम करने में मदद करती है।

## लापता बच्चों की तलाश में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' अभियान बना संजीवनी

- रेलवे संपति के साथ-साथ रेल यात्री और यात्री सामान की सुरक्षा
- संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले 5200 नाबालिग बच्चों को बचाया गया
- वर्ष 2021 से जून-2025 तक के आंकड़े




**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय रेल इक्कीसवीं सदी में आधुनिकता और बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस दौर में आरपीएफ रेलवे संपत्ति के साथ-साथ रेल यात्री और यात्री सामान की सुरक्षा और संरक्षा के दायित्व को ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ निभा रही है। बदलाव और आधुनिकता के दौर से गुजर रही भारतीय रेल में भिन्न-भिन्न प्रकार के अपराधों व परिस्थितियों से जुड़ी विभिन्न चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। आरपीएफ द्वारा ऐसी सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के ऑपरेशन चलाये जा रहे हैं जिनमे से 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' सबसे अधिक महत्वपूर्ण ऑपरेशनों में से एक है।आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत रेलवे परिसर और ट्रेनों में संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले बच्चों को बचाया जाता है। 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' का मुख्य उद्देश्य रेलवे परिसरों और ट्रेनों में संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले बच्चों की सक्रिय रूप से पहचान करना और उन्हें बाल श्रम, तस्करी या अन्य प्रकार के शोषण से बचाना है। जब आरपीएफ के बल सदस्य किसी बच्चे को ऐसी परिस्थितियों से बचाते हैं तो उसे जिला बाल कल्याण समिति या इस क्षेत्र में कार्य कर रहे NGO को सौंप दिया जाता है, जो बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप देते हैं।

आरपीएफ/दिल्ली मंडल द्वारा 30 आरपीएफ पोस्टों पर 30 एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट/Anti Human Trafficking Unit) का गठन किया गया है जिनका मुख्य कार्य रेलवे परिसर और ट्रेनों में संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले बच्चों की सक्रिय रूप से पहचान करना और उन्हें बाल श्रम, तस्करी या अन्य प्रकार के शोषण से बचाना है। आरपीएफ /दिल्ली मंडल द्वारा वर्ष 2021 से जून-2025 तक संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले 5200 नाबालिग बच्चों को बचाया है। बचाए गए बच्चों में ऐसे बच्चे शामिल हैं जो घर से भाग गए थे, लापता हो गए थे, बिछड़ गए थे या बाल श्रम या तस्करी जैसे खतरों का सामना कर रहे थे।

## अमिताभ बच्चन ने दिखाया फिल्म का पुराना टिकट



- 1970 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' सिर्फ 20 रुपए में

**मुंबई,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी 1970 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' के पुराने सिनेमा हॉल टिकट की तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने बताया कि उस समय इस टिकट की कीमत सिर्फ 20 रुपए थी। अमिताभ ने ब्लॉग में मुंबई स्थित अपने आवास के बाहर प्रशंसकों से साप्ताहिक मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं, और इसके साथ ही उन्होंने शोले टिकट की तस्वीर भी दिखाई, जिसे उन्होंने काफी संभालकर रखा हुआ था। उन्होंने अपने ब्लॉग पर लिखा कि शोले का टिकट जिसे संभाल कर रखा गया, जो ऊपर लिखी हुई बातों को सच साबित करता है कीमत सिर्फ 20 रुपए थी। अमिताभ ये जानकर दंग रह गए कि उस वक्त फिल्म का टिकट 20 रुपए था, और अब उसी कीमत में हॉल में सिर्फ एक कोल्ड ड्रिंक मिलती है।

अमिताभ ने आगे लिखा, मुझे बताया गया है कि आजकल सिनेमा हॉल में एक कोल्ड ड्रिंक की कीमत यही है क्या ये सच है? बहुत कुछ कहने को है, लेकिन कह नहीं रहा... प्यार और सम्मान। बता दें कि शोले रोमांचक एक्शन-एडवेंचर फिल्म थी, जिसे रमेश सिप्पी ने निर्देशित किया था। इसकी कहानी दो दोस्त, वीरू और जय के बारे में है जो छोटे-मोटे बदमाश हैं। इन्हें रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ठाकुर बलदेव सिंह ने काम पर रखा, ताकि वे एक खतरनाक डाकू गब्बर सिंह को पकड़ सकें।

## सनी देओल ने दलाई लामा से की मुलाकात



**मुंबई,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। बॉलीवुड के सुपरस्टार सनी देओल ने लद्दाख की यात्रा के दौरान तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की। सनी देओल ने कहा कि दलाई लामा की मौजूदगी, उनकी बुद्धिमानी और आशीर्वाद से मन को काफी सुकून और शांति महसूस हुई। सनी ने दलाई लामा के साथ एक फोटो इंस्टाग्राम पर डाली, जिसमें वे उनके सामने आदर से झुकते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं दलाई लामा सनी के हाथों को बड़े प्यार से अपने माथे पर लगाते हुए दिख रहे हैं।

इस फोटो को पोस्ट करते हुए सनी देओल ने कैप्शन में लिखा कि यह एक सम्मान और आभार से भरा पल था। लद्दाख की शांत वादियों में यात्रा करते समय मेरी मुलाकात परम पूज्य दलाई लामा से हुई। उनकी मौजूदगी, समझदारी भरी बातें और आशीर्वाद से मन को सुकून और शांति मिली। यह पल मेरे लिए कभी न भूलने वाला है।

सनी देओल के इस पोस्ट पर उनके फैंस बड़ी संख्या में प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोगों ने इस खास मुलाकात पर अपनी खुशी और उत्साह जाहिर किए। एक फैन ने कमेंट में लिखा कि दलाई लामा के साथ सनी की यह मुलाकात प्रेरणादायक अनुभव है।

## अकेलेपन से जूझ रहे लोग को सोशल मीडिया लाया जुड़ाव का भ्रम : रुसलान



**मुंबई,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेता रुसलान मुमताज ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम करने की भावनात्मक चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकारा कि शोबिज में अकेलापन एक कड़वी सच्चाई है, जो मेंटल हेल्थ पर भी गहरा असर डालता है। 'मेरा पहला पहला प्यार' फेम रुसलान ने कहा कि यह समस्या सिर्फ एक्टर्स तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के लोग इससे जूझ रहे हैं। अकेलापन इसकी एक बड़ी वजह है। रुसलान ने युवा एक्टर्स में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद कई अभिनेताओं और अन्य लोगों ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना किया। कुछ ने तो जान भी गंवा दी। लेकिन यह सिर्फ शोबिज की बात नहीं है। हर क्षेत्र में लोग अकेलेपन से जूझ रहे हैं। सोशल मीडिया ने जुड़ाव का भ्रम पैदा किया है, लेकिन असल में लोग भीड़ में भी अकेले हैं। लोग एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते, जिससे अकेलापन और बढ़ता है।

## वाद विवाद संवाद, नामवर को बनाया अमर

जयंती विशेष



**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। हिंदी साहित्य की दुनिया में नामवर सिंह का नाम एक ऐसे सितारे की तरह चमकता है, जिसने आलोचना को न केवल नया आयाम दिया, बल्कि उसे एक रचनात्मक कला के रूप में स्थापित किया। वे हिंदी साहित्य के ऐसे 'प्रकाश स्तंभ' हैं, जिनकी रोशनी हमेशा साहित्य प्रेमियों का मार्गदर्शन करती रहेगी। 28 जुलाई, 1926 को उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के जीयनपुर गांव में जन्मे नामवर सिंह हिंदी साहित्य के उन मूर्धन्य विद्वानों में से थे, जिन्होंने अपनी बेबाकी, गहन अध्ययन और प्रखर बुद्धिमत्ता से साहित्यिक जगत को समृद्ध किया।

नामवर सिंह का साहित्यिक सफर कविता से शुरू हुआ। 1941 में उनकी पहली कविता 'क्षत्रियमित्र' पत्रिका में प्रकाशित हुई। उनकी असली पहचान आलोचक के रूप में बनी।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में एमए और पीएचडी करने के बाद उन्होंने अध्यापन शुरू किया। उनके गुरु, प्रख्यात साहित्यकार आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने उनके भीतर आलोचना की गहरी समझ विकसित की। नामवर सिंह ने समकालीन साहित्य तक को अपनी आलोचना का विषय बनाया और प्रगतिशील आलोचना के क्षेत्र में एक नया प्रतिमान स्थापित किया। उनकी प्रमुख कृतियों में 'छायावाद', 'कविता के नए प्रतिमान', 'दूसरी परंपरा की खोज', 'इतिहास और आलोचना', 'कहानी नई कहानी' और 'वाद विवाद संवाद' शामिल हैं। इन रचनाओं ने हिंदी साहित्य में आलोचना को एक नई दिशा दी। नामवर सिंह का व्यक्तित्व उनकी लेखनी की तरह ही रोचक और बहुआयामी था। 1959 में उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चंदौली से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। इस घटना के बाद उन्हें बीएचयू से नौकरी छोड़नी पड़ी। इसके बाद उन्होंने सागर विश्वविद्यालय, जोधपुर विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अध्यापन किया। जेएनयू में वे भारतीय भाषा केंद्र के संस्थापक और पहले अध्यक्ष रहे।

उनकी विद्वता केवल हिंदी तक सीमित नहीं थी। वे उर्दू, बांग्ला और संस्कृत में भी पारंगत थे। नामवर सिंह ने 'जनयुग' (साप्ताहिक) और 'आलोचना' (त्रैमासिक) जैसी पत्रिकाओं का संपादन किया, जिसने हिंदी साहित्य में वैचारिक बहस को बढ़ावा दिया। 1971 में 'कविता के नए प्रतिमान' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। उनकी आलोचना में बनारस की मिट्टी की सोंधी खुशबू थी, जो उनकी बेबाक और देशज शैली में झलकती थी। साहित्य अकादमी की फेलोशिप जैसे सम्मान उनके योगदान का प्रमाण हैं। 19 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली के एम्स में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ, लेकिन उनकी रचनाएं और विचार आज भी हिंदी साहित्य के अध्येताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## सावन मास में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाता है नाग पंचमी पर्व

- नाग देवताओं के प्रतिनिधि के रूप में जीवित सर्पों की पूजा करते हैं भक्त
- नाग देवता की मूर्ति पर दूध, जल, फूल, चंदन, रोली और लावा के साथ गुड़ करें अर्पित



**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। सनातन धर्म में नाग पंचमी का पर्व विशेष धार्मिक महत्व रखता है। सावन मास में भगवान शिव के प्रिय नाग देवता को समर्पित यह पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से संकटों से मुक्ति मिलती है और कालसर्प जैसे दोषों का भी निवारण होता है।

इस दिन पूजन करने से महादेव के साथ ही भोलेनाथ की भी विशेष कृपा प्राप्त होती है और नाग से संबंधित कोई प्रकोप नहीं रहता।

यह पर्व भक्तों के लिए आध्यात्मिक शांति और सुरक्षा का भी प्रतीक है। दृक पंचांग के अनुसार, इस वर्ष नाग पंचमी 29 जुलाई, मंगलवार को मनाई जाएगी। पंचमी तिथि 28 जुलाई की रात 11:24 बजे शुरू होगी और 30 जुलाई की सुबह 12:46 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर यह पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। नाग पंचमी के दिन भक्त नाग देवताओं के प्रतिनिधि के रूप में जीवित सर्पों की पूजा करते हैं। हिंदू धर्म में सर्पों को पूजनीय माना गया है, और नाग पंचमी के दिन विशेष रूप से बारह नाग देवताओं, जिनमें अनंत, वासुकी, शेष, पद्म, कम्बल, कर्कोटक, अश्वतर, धृतराष्ट्र, शंखपाल, कालिया, तक्षक और पिंगल की पूजा की जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नाग देवता की पूजा से भक्तों को भय, रोग और ज्योतिषीय दोषों से मुक्ति मिलती है। यह पर्व सावन मास में भगवान शिव और उनके गले में विराजमान वासुकी नाग के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर है। मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से परिवार की रक्षा होती है और सर्पदंश का भय भी दूर होता है।

धर्म शास्त्रों में वर्णित है कि नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा कैसे करनी चाहिए। इसके लिए सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर के मंदिर या नाग मंदिर में नाग देवता की मूर्ति या चित्र पर दूध, जल, फूल, चंदन, रोली और लावा के साथ गुड़ अर्पित करें। इसके बाद मीठी चीजों का भोग लगाएं। बारह नाग देवताओं के मंत्रों का जाप करें।

पूजन के समय मंत्र- सर्वे नागा: प्रीयन्तां मे ये केचित् पृथ्वीतले। ये च हेलिमरीचिस्था येऽन्तरे दिवि संस्थिता:। ये नदीषु महानागा ये सरस्वतिगामिन:। ये च वापीतडगेषु तेषु सर्वेषु वै नम: पढ़ने के बाद नाग देवता का ध्यान करना चाहिए। मंत्र का अर्थ है, इस संसार में आकाश, स्वर्ग, झीलें, कुएं, तालाब तथा सूर्य-किरणों में निवास करने वाले सर्प, हमें आशीर्वाद दें तथा हम सभी आपको बारम्बार नमन करते हैं।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से निराशा

संसद के मानसून सत्र के छठवें दिन आखिरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरुआत हो ही गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस चर्चा को शुरु किया, लेकिन उनके पूरे भाषण की टोन विपक्ष को निशाने पर लेने जैसी थी। ऐसा लग रहा था मानो मोदी सरकार पाकिस्तान के साथ-साथ विपक्ष से भी पूरा हिसाब-किताब चुकता करना चाहती है। गौरतलब है कि जब 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में 4 आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसा कर निर्दोष पर्यटकों की जान ली थी, तब कांग्रेस ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए सरकार को आश्वासन दिया था कि वह जो कदम उठाना चाहे, कांग्रेस उसका साथ देगी, क्योंकि मामला देशहित का है। लेकिन यह भाजपा ही थी, जिसने इस मामले का राजनीतिकरण शुरु किया और एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि धर्म पूछा, जाति नहीं। भाजपा के इस पोस्ट की व्यापक निंदा भी हुई थी कि वह ऐसे गंभीर मुद्दे पर संवेदनहीनता दिखाते हुए वोटों की राजनीति कर रही है। हालांकि भाजपा का संवेदनहीन रवैया इसके बाद भी नहीं थमा। नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री होकर भी इस मसले पर आश्चर्यजनक रूप से चुप्पी बरते रहे। जिस वक्त हमला हुआ, श्री मोदी सऊदी अरब में थे। अपना दौरा तो उन्होंने बीच में छोड़ा, लेकिन देश लौटने के बाद वे जम्मू-कश्मीर जाने की जगह बिहार गए और 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं मंच से हिंदी और अंग्रेजी में उन्होंने धरती के आखिरी छोर से आतंकियों को पकड़ने की बात कही थी। लेकिन पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरु हुआ 6 और 7 मई की आधी रात को। यानी 13 दिनों तक देश इंतजार ही करता रहा कि कब श्री मोदी अपने वादे को पूरा करेंगे और आतंकियों को पकड़ेंगे। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पाकिस्तान के कम से कम 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, लेकिन पहलगाम के दोषियों का कुछ अता-पता नहीं था। ऑपरेशन सिंदूर भी अचानक 10 मई को रोक दिया गया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार की धमकी देकर युद्धविराम करवा दिया है। इस ऐलान के बाद पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का उनके देश के नाम संबोधन आया, जिसमें शरीफ ने यही जतलाया मानो पाकिस्तान की जीत हुई है। इतना सब हो गया तब जाकर नरेन्द्र मोदी ने देश को संबोधित किया।

इस बीच राहुल गांधी श्रीनगर भी चले गए और बाद में पहलगाम पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात भी कर ली। जबकि नरेन्द्र मोदी ने ऐसी मुलाकात के लिए काफी वक्त लिया और वहीं भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने सेना पर, सैन्य अधिकारियों पर ऐसी टिप्पणियां कीं कि इसमें अदालत को स्वत: संज्ञान लेना पड़ा। खुद नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को वोट बटोरने के लिए इस्तेमाल किया, उस पर सवाल उठे। मेरी रगों में खून नहीं गर्म सिंदूर बहता है, जैसे घटिया संवाद प्रधानमंत्री ने तालियां बटोरने के लिए इस्तेमाल किए। वहीं डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से 26 बार युद्धविराम का दावा हो चुका है। और भारतीय सेना के अधिकारियों ने ही ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमलों पर नुकसान की बात स्वीकार की थी।

अप्रैल से चले आ रहे इस घटनाक्रम को दोहराने की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि विपक्ष ने इस दौरान अनगिनत बार यह मांग सरकार के सामने रखी कि इस पर वह साफ-साफ तस्वीर पेश करे, क्योंकि मामला देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है। लेकिन नरेन्द्र मोदी न इस मुद्दे पर बुलाई सर्वदलीय बैठकों में आए, न विपक्ष की मांग पर संसद का विशेष सत्र उन्होंने बुलाया। बल्कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को दुनिया के अलग-अलग देशों में भेज दिया ताकि सरकार का पक्ष दुनिया के सामने रखा जा सके। इन प्रतिनिधिमंडलों के मुताबिक सभी देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ खड़े होने का भरोसा दिया है। लेकिन इसके बावजूद वैश्विक बिरादरी में पाकिस्तान को अलग-थलग करने जैसी कोई खबर नहीं आई। बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनेक मौकों पर पाकिस्तान की तारीफ कर, शाहबाज शरीफ को महान नेता बताया और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को निजी लंच पर भी आमंत्रित कर लिया।

इस पूरे घटनाक्रम में बार-बार ऊंगली मोदी सरकार की भूमिका और नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता पर उठती रही, लेकिन सोमवार 28 जुलाई को जब राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरुआत की, तो उनकी आपत्ति विपक्ष के रवैये से थी कि वह सवाल क्यों पूछता है। राजनाथ सिंह ने राम, कृष्ण, बुद्ध, सुदर्शन चक्र, 1965, 1971 सबका जिक्र किया, लेकिन विपक्ष के सवालों का सीधा-सीधा जवाब नहीं दिया कि पहलगाम के भीतर तक आतंकी आए कैसे और उन्हें पकड़ा क्यों नहीं गया। ट्रंप के दावों को पहले ही बार में श्री मोदी ने खारिज क्यों नहीं किया। राजनाथ सिंह ने यह जरूर मान लिया है कि 10 मई को पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत से संपर्क किया और सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की। 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई और फिर दोनों देशों ने विराम लगाने का ऐलान किया। अब सवाल यह है कि जब दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत हुई थी तो फिर डोनाल्ड ट्रंप के दावों को अब तक खारिज क्यों नहीं किया गया है।

रक्षा मंत्री ने अपनी तरफ से प्रधानमंत्री मोदी का सच्चा प्रतिनिधि बनते हुए विपक्ष को घेरने और मुद्दे पर गोल-गोल बातें करने की पूरी कोशिश की। हालांकि विपक्ष इससे बिना प्रभावित हुए अपने रुख पर अडिग रहा। उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई ने साफ कह दिया कि राजनाथ सिंह ने बैसरन के डर पर कुछ नहीं कहा, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जिम्मेदारी ली, लेकिन गृहमंत्री ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली। वहीं जब श्री गोगोई ने प्रधानमंत्री के पहलगाम न जाकर बिहार में चुनाव प्रचार करने की याद सदन को दिलाई तो सत्ता पक्ष ने हंगामा किया और लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि गलत तथ्य नहीं दीजिए।

कुल मिलाकर लोकसभा में जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरुआत हुई, उसमें सरकार के रवैये से एक बार फिर निराशा हुई है कि आम जनता और देश की सीमाओं की सुरक्षा का गंभीर मुद्दा भी किस तरह भाजपा के लिए राजनीति का जरिया बना हुआ है।

# फिर वे बंगालियों के लिए आए !

एक यूट्यूब के खबरिया चैनल के शो में अचानक 'लाकडॉउन' का जिक्र आया तो झटका सा लगा। डर और हताशा में, हमारे शहरों को छोड़कर, अपनी पूरी गृहस्थी समेटकर, जैसे भी हो सके बस गांव-देहात के अपने घरों की ओर पलायन करते मेहनत-मजदूरी करने वालों के ठट्ठ के ठट्ठ आंखों के सामने घूम गए। अब एक बार फिर, वैसी ही मजबूरी में, उतने बड़े न सही, फिर भी लोगों के ठट्ठ के ठट्ठ राजधानी क्षेत्र के शहर गुड़गांव (अब गुरुग्राम) से बंगाल-असम में अपने घरों की ओर भाग रहे हैं। उनके बीच से ही लाकडॉउन के साथ आज के हालात की यह तुलना उभर कर आयी है। मुद्दा यह नहीं है कि हालात की यह तुलना कितनी उपयुक्त है या कितनी अतिरंजित है। मुद्दा यह है कि यह तुलना उस डर और हताशा को दिखाती है, जिससे हजारों की संख्या में मेहनत-मजदूरी करने वाले, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को छोड़कर भागने पर मजबूर हो रहे हैं।

मुख्यधारा के मीडिया के मुंह फेरे रहने के बावजूद, जितनी भी जानकारियां सामने आयी हैं, उनसे तीन बातें एकदम स्पष्ट हैं। पहली, यह कि ये सब के सब बंगाली हैं, बंगाली भाषा बोलने वाले , जिनमें बड़ी संख्या मुसलमानों की है। दूसरी यह कि ये सब के सब मेहनत-मजदूरी के काम कर के रोटी कमाने के लिए, हजारों किलोमीटर का फासला तय कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पहुंचे लोग हैं। इनमें खासी बड़ी संख्या मध्यवर्गीय तथा उच्च मध्यवर्गीय परिवारों तथा उनकी सोसाइटियों में, घरेलू कामवालियों का काम करने वाली मजदूरिनों और साफ-सफाई के कामों से लेकर हाउस कीपिंग तक के कामों का बोझ संभाल रहे मजदूरों और ड्राइवरी से लेकर चौकीदारी व छोटे-मोटे दफ्तरी काम तक संभालने वाले, निचले पायदान के अस्थायी कर्मचारियों की है। तीसरी यह कि यह पलायन, कथित रूप से बंगलादेशी अवैध प्रवासी होने के शक के नाम पर, सभी बंगालियों तथा खासतौर पर बंगाली मुसलमानों की हरियाणा पुलिस द्वारा की जा रही पकड़-धकड़, मारपीट तथा खासकर पुरुषों को पकड़-पकड़ कर डिटेंशन सेंटरों में बंद किए जाने से फैली दहशत का परिणाम है। ज्यादातर लोगों ने बताया कि आधार, वोटर कार्ड, राशन कार्ड आदि से लेकर, बंगाल के देहात से अपने संबंध के तमाम साक्ष्य अपने पास होने और पुलिस को दिखाने के बावजूद, उन्हें पुलिस के उत्पीड़न के डर से भागना पड़ रहा है। हालांकि, ज्यादातर के लिए यह पलायन एक तरह की तात्कालिक प्रतिक्रिया ही है और कई ने माना भी कि हालात में सुधार आने पर वे लौट आएंगे, क्योंकि पीछे गांव-देहात में, रोजी-रोटी का साधन तो होगा नहीं, जिसकी वजह से ही वे अपने गांव-घर से निकलकर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आए थे।

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस सामूहिक पलायन से, गुड़गांव के मध्यवर्गीय परिवारों में खासे संकट की स्थिति पैदा हो गयी है। घरेलू कामवालियां गायब हैं। सोसाइटियों से लेकर, आम तौर पर उपनगर तक की सफाई की व्यवस्था, अचानक मजदूरों के पलायन से चरमरा गयी है। एक गुड़गांववासी से कहा भी कि गुड़गांव में रहने वाला मध्यवर्ग तो 'अनाथ' हो गया है! इसी का नतीजा है कि आम तौर पर इस तरह के 'बंगलादेशी घुसपैठिया'-विरोधी अभियानों को वैचारिक-नैतिक समर्थन देने वाले, गेटेड कम्युनिटी-वासियों ने भी, 'सेवक-समुदाय' के इस पलायन पर चिंता जतायी है और इसके दबाव में हरियाणा पुलिस ने भी इस मुहिम को कुछ धीमा करने के संकेत दिए हैं। इसी का एक संकेत है



राजेन्द्र शर्मा

> यह सिर्फ गुड़गांव तक ही सीमित मामला नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य हिस्सों और खासतौर पर राजधानी दिल्ली में भी, बाकायदा पकड़-धकड़ तथा डिटेंशन सेंटरों के साथ ऐसी ही मुहिम छेड़ी गयी थी। वास्तव में इस मुहिम की शुरूआत, इस साल की शुरूआत में विधानसभाई चुनाव से भी पहले हो गयी थी, जब केंद्रीय गृहमंत्रालय के निर्देश पर, उपराज्यपाल ने और दिल्ली पुलिस ने, बंगलादेशियों की तलाश शुरू की थी।

कि गुड़गांव में कम्युनिटी सेंटरों आदि में पुलिस द्वारा बंगलादेशी-संदिग्धों को बंद कर के रखने के लिए कायम किए गए चार डिटेंशन सेंटरों में से ज्यादातर खाली ही हो गए हैं। जाहिर है कि इन सेंटरों की यातनाओं से निकले लोग ही, गांव-घर के लिए इस पलायन में सबसे आगे हैं।

कहने की जरूरत नहीं है कि यह सिर्फ गुड़गांव तक ही सीमित मामला नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य हिस्सों और खासतौर पर राजधानी दिल्ली में भी, बाकायदा पकड़-धकड़ तथा डिटेंशन सेंटरों के साथ ऐसी ही मुहिम छेड़ी गयी थी। वास्तव में इस मुहिम की शुरूआत, इस साल की शुरूआत में विधानसभाई चुनाव से भी पहले हो गयी थी, जब केंद्रीय गृहमंत्रालय के निर्देश पर, उपराज्यपाल ने और दिल्ली पुलिस ने, बंगलादेशियों की तलाश शुरू की थी। सभी जानते हैं कि बंगलादेशी घुसपैठ का शोर, दिल्ली में हरेक चुनाव में ही संघ-भाजपा के विभाजनकारी प्रचार का एक मुद्दा बना रहा है। फिर भी, दिल्ली में बंगलादेशी घुसपैठ को उस तरह से चुनाव प्रचार में केंद्रीय मुद्दा नहीं बनाया जा सकता था, जिस तरह खुद प्रधानमंत्री ने झारखंड के विधानसभाई चुनाव में इसे अपने प्रचार का केंद्रीय मुद्दा बनाया था। दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद, बेशक कथित बंगलादेशी विरोधी मुहिम को और तेज भी किया गया। बाद में गुड़गांव में पुलिस ने, दिल्ली पुलिस द्वारा कायम किए गए इस मॉडल का ही अनुसरण किया है। फिर भी, गुडगांव में हरियाणा पुलिस ने धर-पकड़ के पैमाने से लेकर, यातनाओं के पैमाने तक के मामले में इस अभियान को और इससे पैदा हुई आम दहशत को कहीं बहुत बढ़ा दिया और प्रवासी बंगाली मजदूरों के पलट पलायन के जरिए, लॉकडाउन की याद दिला दी।

जाहिर है कि केंद्रीय गृहमंत्रालय के बंगलादेशियों की पहचान संबंधी निर्देश का, अपने-अपने राजनीतिक तकाजों के हिसाब से, अन्य भाजपा-शासित राज्यों में भी परिपालन किया गया है। राजस्थान, महाराष्ट्र, उॅार प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां बंगाली आबादी बहुत थोड़ी ही है, बंगलादेशी घुसपैठ के डर का चूंकि ज्यादा राजनीतिक दोहन नहीं किया जा सकता था, पकड़-धकड़ के बदनामी ही ज्यादा देने वाले इक्का-दुक्का मामलों के बाद ही, जिनमें दिल्ली की ही तरह बंगलादेशी होने के शक में पकड़े गए लोगों के बंगाल का निवासी होने के प्रमाण जल्द ही सामने आ गए थे, यह मुहिम ठंडी पड़ गयी। इसके विपरीत छत्तीसगढ़, ओडिशा, त्रिपुरा और असम में, संघ-भाजपा शासनों के स्थानीय राजनीतिक एजेंडों के साथ जुड़कर, इस मुहिम ने विकराल रूप ले लिया है। मुद्दा यह नहीं है कि मिसाल के तौर पर ओडिशा में बंगलादेशी होने के संदेह में नजरबंद किए गए सैकड़ों लोगों में से अधिकांश बाद में वैध बंगालनिवासी पाए गए हैं और उन्हें पुलिस को छोड़ना ही पड़ा है। मुद्दा यह है कि इन राज्यों में और सबसे बढ़कर असम में, बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता के पाले में हिंदुओं के बड़े हिस्से को उग्र तरीके से खींचने के लिए, कथित बंगलादेशी-विरोधी मुहिम का इस्तेमाल संभव नजर आता है।

हैरानी की बात नहीं होगी कि इस मुहिम के सांप्रदायिक आशयों का सबसे पहले तो बिहार के चुनाव में और फिर उसके बाद मुख्य रूप से बंगाल और असम के चुनाव में किंतु विपरीत प्रभाव के लिए इस्तेमाल हो। अगर गुड़गांव में इस मुहिम ने लॉकडाउन की याद दिला दी है, तो असम में इसी के सिलसिले में, और पीछे अस्सी के दशक के उग्र 'असम आंदोलन' का याद किया जाना शुरू हो गया है। दूसरी ओर बंगाल में, पिछले विधानसभाई चुनाव की तरह इस बार भी 'बंगाली अस्मिता' की रक्षा की चिंता के, सत्ताधारी पार्टी के लिए ही मददगार होने के अनुमान लगाए जाने लगे हैं। जब तक उसे इस मुद्दे से असम में काफी लाभ की उम्मीद है, संघ-भाजपा जोड़ी को इसी मुद्दे के बंगाल और असम के बीच ऐसे विभाजित राजनीतिक परिणाम से भी ज्यादा शिकायत नहीं होगी। उनके लिए इतना ही काफी होगा कि असम हाथ में बना रहे।

भारत जैसे देश में, जहां आम लोगों के पास नागरिकता का कोई प्रामाणिक साक्ष्य है ही नहीं, संदेह के आधार पर पुलिस को नागरिकता की पहचान करने का और इस क्रम में आधार, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड जैसे आमतौर पर लोगों के पास पाए जाने वाले पहचान पत्रों को अमान्य करने अधिकार दे दिया जाता है, तो उसके वही नतीजे होंगे जो गुड़गांव से बंगाली प्रवासियों के पलायन के रूप में और उससे भी बड़े पैमाने पर मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण या सर में बिहार में, देखने को मिल रहे हैं। हाशियावर्ती, कमजोर तबकों का बहिष्करण, इसका स्वाभाविक परिणाम है। और चूंकि इस बहिष्करण का संदर्भ राष्ट्रीयता का है, इसके नतीजों की भयानकता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इस मुहिम के क्रम में हजारों की संख्या में न सही, फिर भी सैकड़ों की संख्या में तो जरूर कथित बंगलादेशियों को, बंगलादेश द्वारा उन्हें नागरिकता की जांच के बाद स्वीकार किए जाने का इंतजार किए बिना, बंगलादेश की सीमा में जबरन धकेलने की कोशिशें की गयी हैं। ये कोशिशें थल सीमा से ही नहीं, जल सीमा में धकेलने की भी गयी हैं। और भारत की शर्मिंदगी का बाइस बनते हुए, इस तरह बंगलादेश में धकेले गए लोगों में से कई बाद में भारतीय साबित हुए हैं और उन्हें देश में वापस लाना पड़ा है।

फिर भी अगर बंगाली के बंगलादेशी के साथ गड्डमड्ड किए जाने में संघ-भाजपा को कोई दुविधा महसूस नहीं होती है, तो ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि बंगाली ही विशेष रूप से उनके निशाने पर हैं। ऐसा इसलिए है कि एक ओर हाशियावर्ती, कमजोर तबके और दूसरी ओर हिंदी-संस्कृत-इतर सभी भाषायी संस्कृतियां, दबाए जाने के लिए उनके निशाने पर हैं।

यह संयोग ही नहीं है कि अभी पिछले ही दिनों वे महाराष्ट्र में प्राइमरी स्कूलों में हिंदी थोपे जाने के विरोध से निपटने के लिए, मराठी को निशाने पर लिए हुए थे। उससे पहले त्रिभाषा फार्मूले के नाम पर ही तमिल, कन्नड़ तथा मलयाली भाषायी संस्कृतियां उनके निशाने पर थीं। उर्दू भाषायी संस्कृति तो खैर हमेशा से ही उनके निशाने पर रही है। उसी के हिस्से के तौर पर कश्मीरी भाषा-संस्कृति निशाने पर रही है और छ: वर्ष से तो खासतौर पर निशाने पर है। दो वर्ष से ज्यादा से मणिपुरी भाषा-इथनिक संस्कृति उनके निशाने पर है। अब बाकायदा बंगाली भाषायी संस्कृति का नंबर लग गया है। नाम है राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का और काम है, राष्ट्रीय एकता को खंड-खंड कर के तोड़ने का।

# भारत के बड़े बाजार में अधिक पहुंच से ब्रिटेन का लाभ बढ़ेगा

■ अंजन रॉय

1914 के प्रथम महायुद्ध से ठीक पहले के वर्षों में लिखते हुए, प्रसिद्ध ब्रिटिश अर्थशास्त्री, जॉनमेनार्डकीन्स ने इस बात पर गर्व किया था कि लंदन में अपने बिस्तर से उठे बिना ही वे दुनिया भर से बेहतरीन चीज़ें, जिनमें भारतीय चाय भी शामिल है, मंगवा सकते थे। उसके बाद के वर्षों में दुनिया विपरीत दिशा में चली गई और टैरिफ बाधाओं और व्यापार प्रतिबंधों के कारण बेहतरीन सामान मंगवाना लगभग असंभव हो गया। वैश्वीकरण के प्रसार के बावजूद, टैरिफ ने विभिन्न देशों के बीच वस्तुओं की आवाजाही को रोक दिया था और उसने उपभोक्ता संतुष्टि के समग्र स्तर को कम कर दिया था। उम्मीद है कि इस प्रक्रिया का उल्टा होना शुरू हो गया है।

भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। आदर्श रूप से, एक मुक्त व्यापार समझौता एक बेहद सरल और एक पंक्ति का समझौता हो सकता है- हम दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही पर लगने वाले सभी शुल्कों को समाप्त कर देते हैं।

> व्यवहार में, एक व्यापार समझौता कहीं अधिक जटिल होता है। एक मुक्त व्यापार समझौता वस्तुओं और सेवाओं के विनियमित प्रवेश का प्रावधान करता है, जिसमें अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र के लिए बारीक विवरण होते हैं। व्यापार वार्ताकार अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए अपने उत्पादों और वस्तुओं के लिए अधिकतम प्रवेश की मांग करते हुए अत्यंत लगन से अपना काम करते हैं।

व्यापारिक शब्दावली में, भारत को 99प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त होगी, जो उसके लगभग अधिकांश निर्यातों को कवर करती हैं। दूसरी ओर, ब्रिटेन को 90प्रतिशत टैरिफ लाइनों को समाप्त करने या कम करने का लाभ मिलेगा, जो उसके 85प्रतिशत निर्यातों को कवर करती हैं।

इस प्रकार, शुरुआत में ब्रिटिश कारें और व्हिस्की भारतीय खरीदारों के लिए सस्ती होंगी, जबकि ब्रिटिश उपभोक्ता समुद्री खाद्य पदार्थों, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और यहां तक कि दवाओं सहित विभिन्न भारतीय वस्तुओं पर कम भुगतान करेंगे।

व्यवहार में, एक व्यापार समझौता कहीं अधिक जटिल होता है। एक मुक्त व्यापार समझौता वस्तुओं और सेवाओं के विनियमित प्रवेश का प्रावधान करता है, जिसमें अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र के लिए बारीक विवरण होते हैं। व्यापार वार्ताकार अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए अपने उत्पादों और वस्तुओं के लिए अधिकतम प्रवेश की मांग करते हुए अत्यंत लगन से अपना काम करते हैं।

दोनों पक्ष एक-दूसरे की व्यापार कूटनीति से अवगत हैं और एक-दूसरे के प्रति सम्मान के साथ ही एक वास्तविक रूप से प्रभावी और निष्पक्ष व्यापार समझौता संपन्न हो सकता है। आशा है कि भारत-ब्रिटिश व्यापार समझौते ने अपना काम बखूबी किया है, जैसा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने समय और लाभ के संदर्भ में कहा था।

यह बात बुनियादी है, लेकिन अर्थशास्त्रियों ने हमेशा यह माना है कि देशों के बीच व्यापार समग्र लाभ को बढ़ाता है। व्यापार किसी देश के तुलनात्मक लाभ के अंतर्निहित सिद्धांत के अनुसार होता है। यह संभवत: स्वीकार किया जा सकता है कि कोई एक देश अपने हर काम में अच्छा या सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकता।

यह एक में तुलनात्मक रूप से बहुत अच्छा हो सकता है, और दूसरे में कम अच्छा। शास्त्रीय अर्थशास्त्रियों ने अक्सर ब्रिटेन और पुर्तगाल के बीच व्यापार के मॉडल का इस्तेमाल किया था। जहां ब्रिटेन ऊनी कपड़ों में अच्छा था, वहीं पुर्तगाल उत्कृष्ट पोर्ट वाइन का उत्पादन करता था। इसलिए वे निर्मित ऊनी कपड़ों का व्यापार पोर्ट वाइन के साथ करते थे। अन्य जोड़ियों के लिए इसे कई गुना बढ़ाया जा सकता है।

कम से कम दोनों देशों- भारत और ब्रिटेन- के लिए पूर्व साम्राज्य और औपनिवेशिक स्वामी, ने अब एक व्यापार समझौता किया है जो अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही को मुक्त करता है। प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, लगभग 99प्रतिशत व्यापारिक मूल्य अब टैरिफ मुक्त प्रवेश या कम से कम 10प्रतिशत के न्यूनतम टैरिफ पर कर दिया गया है। कई मामलों में, दोनों देशों के उपभोक्ताओं के लिए इन्हें वहनीय बनाने के लिए अत्यधिक टैरिफ दरों में भारी कटौती की जाएगी।

प्रथमदृष्टया, ब्रिटेन और भारत के बीच सहमत व्यापार समझौते से एक-दूसरे के लिए कुछ उत्पादों तक तुरंत बेहतर पहुंच उपलब्ध होनी चाहिए। इस प्रकार, वर्तमान स्थिति के अनुसार, ब्रिटिश कारों- जिनमें जगुआर और लैंड रोवर्स का सबसे अधिक उल्लेख किया जाता है- को भारतीय बाजार में आसानी से प्रवेश मिल जाना चाहिए, जबकि भारतीय चाय और कई अन्य कृषि उत्पादों को ब्रिटिश बाजारों में अधिक लाभ होगा, क्योंकि टैरिफ समायोजन तुरंत शुरू होंगे।

दोनों देशों के विकास की गतिशीलता को देखते हुए, बाजार संरचना और मांग एक-दूसरे से जुड़ी होगी और भविष्य में ये परिवर्तन यह निर्धारित करेंगे कि प्रत्येक देश को कैसे लाभ और हानि होगी।

यह कल्पना करना संभव है कि भारत की तेज़ विकास दर और उसकी बढ़ती समृद्धि को देखते हुए, ब्रिटेन में भारतीय चाय या कृषि उत्पादों की मांग की तुलना में भारत में लग्ज़री कारों की मांग तेज़ी से बढ़ेगी। सच तो यह है कि जैसे-जैसे किसी देश की कुल आय बढ़ती है, आप कारों की कुल मांग से ज़्यादा चाय और कृषि उत्पादों का उपभोग नहीं कर सकते।

निश्चित रूप से भविष्य में, ब्रिटेन को कई वस्तुओं पर कम टैरिफ़ मिलेंगे, जिनकी मांग तेज़ी से बढ़ रही है।

इसका मतलब यह नहीं है कि भारत को नुकसान उठाना पड़ेगा। जैसे-जैसे उसकी आर्थिक ताकत बढ़ेगी, भविष्य में भारत का विनिर्माण आधार और क्षमता काफ़ी बढ़ेगी। उसका विनिर्माण और मूल्यवर्धन बड़ा और अधिक परिष्कृत होता जाएगा, जिससे भविष्य के ब्रिटिश बाज़ार में प्रवेश अपेक्षाकृत आसान हो जाएगा।

साथ ही, यह हमेशा सच रहेगा कि ब्रिटेन का बाज़ार काफ़ी छोटा है और भविष्य में यह भारत की तुलना में कहीं ज़्यादा छोटा होना चाहिए। भारत के भविष्य का यही आकर्षण है कि अमेरिका सहित अधिकांश अन्य देश भारत के साथ व्यापार समझौतों पर नज़र गड़ाए हुए हैं।

ये भारत के भविष्य की आर्थिक संभावनाएं हैं। भारत, जो अस्थिर डोनाल्ड ट्रम्प को भी भारत पर बड़े टैरिफ लगाने से रोक रहा है, जिससे भारत के साथ चल रही व्यापार वार्ता में बाधा आ सकती है। उम्मीद है कि भारत आगे बढ़ता रहेगा और दुनिया भर के व्यापारियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहेगा, जैसा कि ऐतिहासिक रूप से रहा है।

## आपके पत्र

### स्कूल में होने वाले हादसे चिंता का विषय

राजस्थान के झालावाड़ प्राथमिक स्कूल में छत गिरने से छह बच्चे की मौत हो गई। लगभग 15 बच्चे गंभीर घायल हो चुके हैं। मलबे में दबे होने की भी आशंका है। बच्चों की चीख पुकार मलबे में दबकर हमेशा के लिए मौन हो गई। स्कूलों के रखरखाव और छतों से टपकते पानी की वजह से दीवार कमजोर हो जाती है। आजादी के बाद बने स्कूलों में रखरखाव की कमी के कारण हादसे होते हैं। सरकारी स्कूल की दीवार गिरने से हुई इस घटना से पूरे देश को हिलाकर रख दिया। स्कूल प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है कि मासूमों की जिंदगी लील गई। यह जांच का विषय है और दोषी पाए जाने वाले स्कूल प्रशासन पर कार्रवाई होनी चाहिए। जवाबदारी से मुंह मोड़ लेने से घटनाओं का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। हर वर्ष स्कूल मरम्मत के कार्य के लिए सरकार बजट आवंटित करती है लेकिन इसके बाद भी स्कूल में टूट- फूट और मरम्मत पर सवाल उठता है। स्कूल खुलने के पहले सब सुधार कार्य सम्पन्न हो जाना चाहिए तो ये नौबत नहीं आती। सब ठीक होने की लकीर पीटते हैं। मासूमों की मौत लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है। उनको दोषी करार दिया जाना चाहिए। बच्चों की सुरक्षा को लेकर कई बार सवाल खड़ा किया जाता है। हर बार घटना के तुरंत बाद विस्मृत कर दिया जाता है। आज इस देश की विडंबना है कि शिक्षा के लिए सरकार बजट पेश करती है। लेकिन रखरखाव के अभाव में मासूमों की जान की किसी को परवाह नहीं है। राजस्थान के झालावाड़ की यह पहली और आखिरी घटना नहीं है। भारत में इमारत ढहने से हुई मौतें हो या आगजनी हर घटना हृदयविदारक घटित हुई है। हरियाणा की डबवाली अग्निकांड को कोई कैसे भूल सकता है। इस अग्निकांड में आग लगने से 248 बच्चों की मौत हो गई थी। हरियाणा की इस घटना को लोग भूल नहीं पाए हैं। इस अग्निकांड में 150 महिलायें सहित 442 लोग जिंदा जल गए थे। दिल दहलाने वाली घटना आज भी लोगों के दिलों में है। 1995 की इस घटना में शहर सहित देश में मातम पसर गया। लोगों को अंतिम संस्कार के लिए शमशान में जगह नहीं बची थी। इसी श्रृंखला में 2004 में 94 बच्चों की मौत, तमिलनाडु के कुम्भकोणम स्कूल में हुए हादसे में हुई थी। आग का कारण दोपहर को भोजन बनाने के लिए जल रहे चूल्हे का स्वरूप ही बदल गया और देखते ही देखते आग चारो तरफ फैल गई। सरकार ने जांच आयोग का गठन कर जांच में मौतों के लिए स्कूल प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया गया। मेहसाणा गुजरात की एक स्कूल टूर बस सुमेरपुर में हादसा में दो बच्चे की मौत हो गई। गुजरात में भूकम्प के कारण कई स्कूलों की इमारतें गिर गई। राजसमंद में एक स्कूल बस तेज बहाव पानी में फंस गई। गुजरात के वडोदरा और दिल्ली की कन्हैया नगर में एक दीवार गिरने से बच्चों की मौत हो गई। इन स्कूलों का रखरखाव बराबर नहीं होता है। इमारतें गिरने का सबसे बड़ा कारण रखरखाव का अभाव है। स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए पुख्ता बन्दोबस्त होना जरूरी है। स्कूल के बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चे देश के भावी नागरिक हैं। सरकार और स्कूल प्रशासन को एहतियातन के कदम उठाने होंगे।

**कांतिलाल मांडोत**, सूरत



## ललित सुरजन की कलम से

### कश्मीर: पाक की भेड़िया नीति

*मेरी समझ में कश्मीर घाटी की एक स्वतंत्र देश के रूप में स्थापना आकाशकुसुम अर्थात् असंभव कल्पना है। उस कल्पना में चूंकि लद्दाख, जम्मू, गिलगिट का कोई स्थान नहीं है इसलिए वह एकतरफा और पूर्वाग्रहपूर्ण भी है। घाटी में राजनीतिक चर्चा के द्वार हमेशा खुले रहना चाहिए इससे मैं सहमत हूं। इसमें भारत सरकार को और वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को सहजबुद्धि व विवेक से काम लेने की आवश्यकता है। इसका आशय यह है कि हमें पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की जनता दोनों के बीच जो बहुत बड़ा फर्क है उसे हर समय ध्यान में रखना होगा। भाजपा के नेताओं को पाकिस्तान पर और अल्पसंख्यकों के बारे में अनर्गल बयान देने से बचना इसकी एक बड़ी शर्त है। यह भी ध्यान रखें कि पाक के सैनिक भारत को हर तरह से नीचा दिखाने और चुटकी लेने से बाज नहीं आएंगे। इसलिए हमारी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया गुस्से और जल्दबाजी में नहीं होना चाहिए। तीसरे, पाकिस्तान की शह पर घाटी में जो हिंसक वारदातें होती हैं उनके बारे में सतर्क रहना होगा। कश्मीर में भारतीय सेना का रोल कहां और कितना हो इसकी समीक्षा करना भी आवश्यक है। सीमा पर फौज की तैनाती समझ में आती है, लेकिन नागरिक जनजीवन पर फौज की उपस्थिति का कोई प्रतिकूल असर न पड़े यह भी सुनिश्चित करना परम आवश्यक है।*

**( देशबंधु में 28 जुलाई 2016 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/w®v{/®|/blog-post_w}.html

## पावन प्रसंग

### संकल्प तथा उत्साह, उमंग से भरा दृष्टिकोण अपनाएं

बाहर हम जो कुछ भी करें, वह अपने आंतरिक जीवन को सरल बनाने की दृष्टि से ही होना चाहिए। कम कामना, कम संसाधनों के साथ चलने को इसलिए कहा गया है, क्योंकि इनमें आत्मिक प्रगति की अधिक सुविधा रहती है। इसलिए कहते हैं, कि बोझा इतना न उठाओ कि आसानी से छोड़ न सको। कहने का तात्पर्य है कि जिस जीवन को हम जी रहे हैं, वह दीर्घकाल में एक सुव्यवस्थित रीति-नीति से जीतना चाहिए। इसका उपाय है आवश्यक को स्वीकारना तथा जो अनावश्यक लगे उसे त्यागते जाना। जीवन का यही सिद्धांत है कि हम अमर होने के लिए पैदा हुए हैं, इसलिए पहले देख लोजिए कि जिन चीजों से संबंध जोड़ रखा है वे अमरता दिलाने वाली है भी कि नहीं। जिसका एकत्व बोध जाग्रत हो चुका हो, जिसने अपने आपको भीतर विराजित परमात्मा को सौंप दिया हो, वह व्यक्ति कभी हीन चरित्र एवं कुंठित नहीं हो सकता। उसे परिस्थितियां विवशतावश डिगा नहीं सकतीं तथा उसका जीवन एक अवस्था से कोई भी कार्य किया जाए वह सच्चा एवं दीर्घकाल में उन्नति देने वाला होता है। एक सुव्यवस्थित जीवन क्रम के लिए आवश्यक है कि कार्य ऐसे अपनाए जाएं जो आंतरिक जीवन में सफलता एवं बाह्य जीवन में जीवन में उन्नति का पथ प्रशस्त करें। इसके लिए चाहिए होता है-संकल्प तथा उत्साह, उमंग से भरा दृष्टिकोण तथा साथ ही कुछ करने की उत्कंठ भावना। शेष अन्य कार्य तो अंतरात्मा की दिव्य आवाज स्वयं करा लेगी, जिसके आह्वान पर मानव-प्राणी सक्रिय है। उसे कुछ चाहिए तो मोक्ष एक भीतरी अवलंबन, जिसके द्वारा वह संसार में अधिकांश कार्य कर सके।

अंतरात्मा जो सोचती है एवं करने को तत्पर होती है वह कभी व्यर्थ या मिथ्या नहीं होता। उसे ही दिव्यदर्शियों ने मेधा कहा है, यानी ऐसी कार्य-प्रणाली जो विश्वासपूर्वक हमें संसार के खाई-खंदक से पार ले जाती रहें तथा जिसके अवलंबन द्वारा हम सभी कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करें। आत्मा जिस मार्ग से प्राप्त होती है, उसे ही कहते हैं कर्मयोग तथा इस नाते हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि जीवन में उन्हीं बातों को पक्रड़ें, जो हमें आत्मा के निकट ले जाती हो तथा संसार से हमारा संबंध लेशमात्र भी आसक्ति या अपूर्णता का न रह जाए। इसी दृष्टिकोण के साथ यदि देखा जाए तो सारा जगत एक दिव्यभाव से ओत-प्रोत दिखाई पड़ता है तथा मार्ग के कंटकाकीर्ण उतार-चढ़ाव हमें अधिक परिपक्व बनाने के लिए ही हैं। यही अभिनय द्योतक है तथा इसके द्वारा जीवन के नवनिर्माण में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इस दृष्टि से सोचा जाए तो कार्य वही किए जाएं जो आंतरिक जीनन को सुदृढ़ और मजबूत बनाते हों। निनसे आत्मा विकास को प्राप्त करती हो तथा जीवन निखरता हो। उसे ही संवेदना का प्रकाश तथा आदि-अनंत परमात्मा से जुड़ने की विधा कहेंगे तथा इस मार्ग से निश्चित ही सांसारिक जीवन में सफलता तथा आंतरिक प्रगति के परिक्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। यही महानता का राजमार्ग है एवं इस पर चल कर जीवन धन्य हो जाता है। जिस प्रक्रिया को अपना कर जीवन सुधरता है तथा इस दृष्टि से जीवन में करने योग्य वही है जो दूसरों के कल्याण में हो तथा स्वयं के परिष्कार से संबंधित।

**-अखंड ज्योति**

## आईएईए का दल ईरान का दौरा करेगा

**विएना/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की 'अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की एक टीम अगले दो हफ़्तों के भीतर ईरान का दौरा करेगी। टाइम्स ऑफ़ इज़राइल अखबार में सोमवार को ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बाघेई के हवाले से यह खबर दी गयी। श्री बाघेई ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के साथ ईरान के सहयोग के भविष्य के बारे में एक नियमावली प्रस्तुत की जाएगी जो हालिया संसदीय विधेयक पर आधारित होगी जिसमें इस तरह के सहयोग को प्रतिबंधित किया गया है। यह विधेयक पिछले महीने इज़राइल के साथ ईरान के 12-दिवसीय चले युद्ध के बाद पारित किया गया था जिसमें इज़राइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया था।

# देश विदेश

# थाईलैंड, कंबोडिया के नेताओं ने मलेशिया के पीएम से युद्धविराम पर चर्चा की



**कुआलालम्पुर, 28 जुलाई (एजेंसियां)।** थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात कर युद्धविराम पर चर्चा की। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ श्री अनवर इब्राहिम के आधिकारिक आवास पर पहुँचे। श्री इब्राहिम पिछले सप्ताह कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा विवाद के बाद हुए तनाव को कम करने की दिशा में बातचीत की मेजबानी और संचालन कर रहे हैं। दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के विदेश मंत्रियों ने बैठक से पहले सोमवार सुबह एक संयुक्त बयान जारी कर दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और युद्धविराम के प्रयासों को कमजोर करने वाली किसी भी तरह की कार्रवाई से बचने का आह्वान किया। बयान में कहा गया है, हम कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जारी स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों में हताहतों की संख्या बढ़ रही है, सरकारी संपत्तियों को नुकसान हो रहा है और सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो रहे हैं। हम दोनों पक्षों से शत्रुता की भावना समाप्त करने, शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए बातचीत करने और शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों तथा मतभेदों को सुलझाने का आग्रह करते हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार विवादित सीमा क्षेत्रों को लेकर कंबोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच सशस्त्र संघर्ष पाँचवें दिन में प्रवेश कर गया है। संघर्ष में 100 से अधिक हताहत हुए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए है।

> **हम कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जारी स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों में हताहतों की संख्या बढ़ रही है : अनवर इब्राहिम**

### थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री संघर्ष विराम के लिए मलेशिया रवाना

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई ने आज कहा कि वह कंबोडियाई पक्ष के साथ अपनी बातचीत में युद्धविराम को लागू करने के ठोस उपायों पर चर्चा करेंगे। श्री वेचायाचाई ने थाईलैंड-कंबोडिया सीमा मुद्दे पर चर्चा के लिए मलेशिया रवाना होने से पहले यहां मीडिया को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि उनके आज दोपहर कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात करने की संभावना है। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तत्काल युद्धविराम पर पहुंचने और नागरिकों को और अधिक नुकसान से बचाने संबंधी मसलों पर वार्ता की उम्मीद है। श्री मानेट ने मलेशिया में होने वाली इस बैठक में भाग लेने के लिये रविवार को ही हामी भरी थी।

# अब उभरता बाजार नहीं भारत दुनिया से अपनी शर्तों पर कर रहा संवाद : रिपोर्ट

**वॉशिंगटन, 28 जुलाई (एजेंसियां)।** वैश्विक मंचों पर अब भारत को सिर्फ एक उभरते हुए बाजार या मूक दर्शक के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि वह अपनी कूटनीतिक साख को बनाए रखते हुए राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए दुनिया से अपनी शर्तों पर संवाद कर रहा है।



'वन वर्ल्ड आउटलुक' नामक रिपोर्ट के अनुसार कि तेजी से जटिल हो रही भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत जैसी सधी हुई समझदारी से बहुत कम देश आगे बढ़ रहे हैं। प्रतिबंधों के दबाव से लेकर व्यापारिक सुधारों तक, चीन के साथ नाजुक कूटनीति से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक नियम तय करने तक, भारत अब केवल वैश्विक मुद्दों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, बल्कि वह खुद इनकी दिशा तय कर रहा है। रिपोर्ट में इस महीने नाटो महासचिव मार्क रुटे की प्रतिबंध संबंधी चेतावनी पर भारत की 'तेज और सख्त' प्रतिक्रिया को रेखांकित किया गया, जिसमें भारत ने 'दोहरा मापदंड' बताकर आलोचना की और यह दोहराया कि वह व्यापार को लेकर अपने संप्रभु अधिकार से समझौता नहीं करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि यह कोई प्रतीकात्मक विरोध नहीं था, बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता का गहरा और स्पष्ट संकेत था। भारत पश्चिमी सुरक्षा ढांचे में शामिल होकर अपनी ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा। हालांकि, यह रुख अलगाववादी नहीं है। भारत अब भी बैकचैनल डिप्लोमेसी (गोपनीय कूटनीति) में सक्रिय है और वह टकराव से बचते हुए संतुलित नीति पर जोर दे रहा है।

## सुडोकू 6988

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | | | | 3 |
| | 4 | | 7 | | 6 | | | |
| 9 | | | 5 | | | 2 | | |
| 1 | 9 | | | | | | | 6 |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 7 | | | | | | | 2 | 4 |
| | | 1 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | | 3 | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 29 जुलाई , 2025 श्रावण शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा।

वृषभ - वैचारिक स्तर पर विशालता और वाणी की मधुरता बनी रहेगी। आप दूसरे लोगों को प्रभावित करने के साथ ही उनके साथ संबंध भी बेहतर रख सकेंगे। बैठक या विचार-विमर्श में भी आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन - अत्यधिक इमोशन आपके मन को विचलित रखेंगे। आपको पानी वाली जगहों पर जाने से आज बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में आपको दिक्कत होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कर्क - अपने काम में सफलता प्राप्त करने के कारण आपके आनंद और उत्साह में बहुत अधिक वृद्धि होगी। ताजगी और स्फूर्ति का अहसास होगा। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से मिलना हो सकता है।

सिंह - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी कहा जा सकता है, परंतु आर्थिक रूप से लाभदायी रहेगा। खर्च अधिक होगा, लेकिन इनकम भी बनी रहेगी। दूर रहने वाले रिश्तेदारों से कोई अच्छा संदेश मिल सकता है।

कन्या - आपकी वाणी की मधुरता नए सम्बंध विकसित करने तथा कई जगहों पर लाभ कराने में सहायक होगी। आपके विचार अधिक समृद्ध होंगे। आप व्यापार-धंधे में सफल होंगे। अच्छा लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। असंयमित विचार आपको परेशानी में डाल सकते हैं। दुर्घटना से सावधान रहें। खर्च अधिक रहेगा। व्यापार में ज्यादा गुस्से से आज उग्र विवाद हो सकता है।

वृश्चिक - आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के साथ भेंट हो सकती है तथा प्राकृतिक स्थल पर घूमने की योजना भी बन सकती है।

धनु - आज के दिन आपका काम सफल होगा। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। व्यापार के लिए बेहतरीन योजना बना सकेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी से सार्थक चर्चा होगी। पदोन्नति हो सकती है।

मकर - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी रहेगा। बौद्धिक काम के लिए आज का दिन शुभ है। आज लेखन प्रवृत्ति या साहित्य से जुड़े किसी काम में आप व्यस्त रहेंगे, इसके लिए आप योजना भी बना सकते हैं।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े विवाद से बचें। क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक माहौल दूषित रहेगा। वित्तीय तंगी का अनुभव होगा।

मीन - आज आप दैनिक काम से बाहर आकर घूमने-फिरने और मनोरंजन के पीछे अपना समय बिताएंगे। स्वजनों तथा मित्रमंडली के साथ पिकनिक पर जाने का आयोजन होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# बांग्लादेश विमान हादसा : 27 बच्चों समेत 33 लोग अब भी अस्पताल में भर्ती, 3 की हालत नाजुक

**स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 26 जुलाई को मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई थी, जिनमें से अधिकांश बच्चे थे : प्रोफेसर नासिर उद्दीन**



**ढाका, 28 जुलाई (एजेंसियां)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के मिलस्टोन स्कूल और कॉलेज पर पिछले सप्ताह हुए भीषण विमान हादसे में कई लोग घायल हुए थे। इनमें से अब भी 33 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें 27 बच्चे शामिल हैं। शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर नासिर उद्दीन ने पुष्टि की कि घायलों में से तीन की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उन्होंने मीडिया को बताया कि अच्छी खबर यह है कि जिन तीन मरीजों को मध्यम दर्जे की चोटें आई थीं, उनकी हालत अब स्थिर है और उन्हें घर भेजा जा सकता है। हालांकि, मौसम और परिजनों के अनुरोध पर उन्हें अगले ड्रेसिंग के बाद ही छुट्टी दी जाएगी। रविवार तक दो मरीज वेंटिलेटर पर थे, जिनमें से एक की मौत हो गई है। वर्तमान में कुल 33 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर, तीन की बहुत नाजुक और बाकी बच्चे सहित अन्य घायल हैं। प्रोफेसर नासिर उद्दीन ने कुल मृतकों की संख्या की पुष्टि करने से इनकार करते हुए कहा कि इस संबंध में आधिकारिक जानकारी मंत्रालय द्वारा जारी की जाएगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 26 जुलाई को मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई थी, जिनमें से अधिकांश बच्चे थे।

### पूर्व मुख्य न्यायाधीश की गिरफ्तारी पर सुनवाई में बाधा डालने का आरोप



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश एबीएम खैरुल हक की गिरफ्तारी पर सुनवाई के दौरान न्यायिक कार्य में बाधा डालने के मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया हैस्थानीय अखबार द डेली इत्तेफाक की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के क्राइम, सूचना और अभियोजन विभाग के उप पुलिस आयुक्त (डीसी) तारेक जुबैर को 30 जुलाई तक स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश ढाका के अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट मो. सनाउल्लाह ने दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष..

**किसी दबाव में ...**

और पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं करनी चाहिए बल्कि परीक्षाफल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

100 से अधिक आतंकवादी मारे गए

श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के तालमेल का बेमिसाल उदाहरण है और इसमें पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया गया। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए और यह संख्या अधिक भी हो सकती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले हर पहलू पर बहुत गहराई से अध्ययन किया गया था और यह विकल्प चुना गया था कि केवल आतंकवादियों और उनके ठिकानों को ही धवस्त करना है और पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का निर्णायक प्रकटीकरण था। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में 2014 के बाद उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। भारत आतंकवाद के हर रूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार और सेना सब मिलकर देश की एकता अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

जब अचानक राहुल गांधी ने राजनाथ को टोका

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में बोल रहे थे तभी राहुल गांधी ने अचानक सवाल पूछा कि 'आपने क्यों रोका?'। यह सवाल उन्होंने तब किया जब राजनाथ सिंह ने बताया कि मई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत युद्ध रोकने के लिए राजी हो गया था। इस बहस में पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्ते और सीमा पर हुए आतंकी हमलों पर चर्चा हो रही थी।

कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सोमवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुये आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी गृह मंत्री अमित शाह को लेनी होगी और वह उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पीछे छिप नहीं सकते।

**पहलगाम हमले की...**

किए। स्वदेश आने पर वह पहलगाम नहीं गए, बिहार में जाकर चुनावी भाषण दिया। वह पहलगाम जाते तो कितना अच्छा होता। कांग्रेस के उप नेता ने कहा कि बहुत सुनते रहे हैं कि 'घुस के मारेंगे', 2016 में आतंकवादी हमले के बाद सुना गया कि 'घुस के मारेंगे', पहलगाम हमले के बाद फिर सुना कि 'घुस के मारेंगे'। उन्होंने कहा कि अब कहा जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, इसका मतलब है कि पाकिस्तान फिर आतंकवादी हमला करेगा और तब फिर ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई होगी।

ट्रम्प के सामने मोदी का सीना 36 इंच हो जाता है : कल्याण

सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आप एक बार अपने एक्स हैंडल पर यह क्यों नहीं पोस्ट कर सकते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कुछ भी कहा वह गलत है। जैसे ही आप अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने खड़े होते हैं, आपकी ऊंचाई 5 फीट कम हो जाती है और आपका सीना 56 इंच से घटकर 36 इंच का हो जाता है। आप अमेरिकी राष्ट्रपति से इतना डरते क्यों हैं?

देशवासी ऑपरेशन सिंदूर नहीं, ऑपरेशन तंदूर चाहते थे: राजभर

सपा सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा- 100 आतंकियों को मारा, लेकिन इनमें वो चार आतंकी शामिल थे या नहीं। ये सरकार ने नहीं बताया। पहलगाम हमले का बदला भी 18 दिन बाद लिया गया। देश में इतना गुस्सा था कि, वे ऑपरेशन सिंदूर नहीं तंदूर चाहते थे लेकिन आपने ऑपरेशन सिर्फ तीन दिन में खत्म कर दिया। हम जिसे विश्वगुरु समझ रहे थे, पता चला वो तो व्हॉइट हाउस में बैठा है।

**दिव्या देशमुख ने जीता...**

ब्रेक में हंपी को 1.5-0.5 के स्कोर से हराया।

88वीं भारतीय ग्रैंडमास्टर बन गई

इस जीत के साथ अब वह 88वीं भारतीय ग्रैंडमास्टर बन गई हैं। दिव्या फिडे महिला विश्वकप 2025 में जीत के साथ ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करने वाली चौथी भारतीय महिला है।

**जस्टिस वर्मा की ...**

के अनुच्छेद 124 (5) के तहत जजों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर 30 जुलाई को सुनवाई करेगी।

## वर्ग पहेली 6988

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| | | | १६ | | | | | | |
| १७ | | | ■ | ■ | | | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | | | |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. मंगलमय प्रारंभ
३. हृष्ट-पुष्ट
५. नमन
६. मूर्ति
७. शासन केंद्र
८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं
१३. बंदीगृह
१५. धारण कता
१६. चिढ़, घृणा
१७. कुप्रथा
१८. फूल, पुष्प
२०.. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का समय
२२. मुग्ध होना (मुहावरा)
२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

**ऊपर से नीचे:-**

१. मंगल दायक
२. थोड़ा भी, किंचित मात्र
३. साथ चलने वाला (उर्दू)
४. कराधान
५.. उन्माद
९. योगनिर्दिष्ट, बैठने की विधि
१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र (उर्दू)
११. अमृत
१२. रुकावट, बाधा
१४. बांसुरी
१७. दक्ष, निपुण
१९. भोर, प्रभात
२०. फौज
२१. बुरी आदत, व्यसन

### वर्ग पहेली-6987

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मं | त्र | २ मु | ग्ध | ■ | ■ | ३ ग | ण | ४ प | ति |
| द | ■ | गा | ■ | ५ अ | क | ड़ | ■ | थ | ■ |
| ६ हा | सि | ल | ■ | ल्ह | ■ | ७ ब | ल | रा | म |
| स | ■ | ८ ता | ९ ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | व | |
| ■ | १० छा | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ श | ■ | १२ प्र |
| १३ बे | न | का | ब | ■ | १४ अ | | १५ नि | य | ति |
| | बी | ■ | १६ स | ह | यो | गी | | | नि |
| १७ रौ | न | क | ■ | ■ | ग्य | | १८ उ | १९ पा | धि |
| श | ■ | ■ | २० ब | र | ता | २१ व | | र्थि | ■ |
| २२ न | पा | तु | ला | ■ | ■ | २३ न | व | व | धु |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1567: जेम्स षष्ठ को स्कॉटलैंड का राजा बनाया गया।
1748: ईस्ट इंडिया कंपनी की सहायता के लिये ब्रिटिश सेना की पहली सैन्य टुकड़ी भारत पहुंची।
1876: साइंस असोसिएशन की स्थापना।
1904: प्रसिद्ध भारतीय उद्योगपति जे.आर.डी. टाटा का जन्म पेरिस में हुआ।
1911: मोहन बगान ने पहली बार आईएफ शील्ड जीती।
1937: जापानी सेना ने चीन के बीजिंग और तेनत्सिन शहरों पर कब्जा किया।
1946: टाटा एयरलाइंस का नाम बदलकर एयर इंडिया कर दिया गया।
1949: ब्रिटिश ब्रॉडकॉस्टिंग कार्पोरेशन रेडियो पर प्रसारण शुरू।
1957: संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का गठन किया।
1959: भारतीय फिल्म अभिनेता संजय दत्त का जन्म।
1968: पोप षष्ठम ने ईसाइयों के लिए गर्भ निरोधक के इस्तेमाल पर लगी धार्मिक पाबंदी को बरकरार रखने का ऐलान किया।
1980: मॉस्को ओलंपिक में भारत ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता।
1981: लंदन के सेंट पॉल कैथेड्रल में प्रिंस चार्ल्स और डायना की शादी। दुनिया के 75 करोड़ लोगों ने इस शादी को टेलिविजन पर लाइव देखा।
1982: दिलीप बोस को डेविस कप देशों के प्रबंधन में चुना गया।
1983: पहले चालक रहित विमान का परीक्षण किया गया।
1987: भारत और श्रीलंका के बीच शांति समझौता।
2004: मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए बैंकॉक रवाना हुए।

**बीमारी** *वियतनाम में डेंगू बुखार के मामलों में तेजी से वृद्धि*

# हनोई और हो ची मिन्ह सिटी सबसे अधिक प्रभावित

**हनोई, 28 जुलाई (एजेंसियां)।** वियतनाम के दो प्रमुख शहरों राजधानी हनोई और हो ची मिन्ह सिटी में डेंगू बुखार के मामलों में बीते सप्ताह के दौरान तेजी से वृद्धि दर्ज हुई है। हनोई में पिछले सप्ताह 72 नए डेंगू संक्रमण के मामले सामने आए, जो कि पिछले सप्ताह के मुकाबले दोगुना हैं। इसके साथ ही वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक कुल 475 मामले और 15 संक्रमण क्लस्टर सामने आ चुके हैं। ये आंकड़े शहर के रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा जारी किए गए हैं। दक्षिण वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में जुलाई के मध्य तक 15,500 से अधिक डेंगू मामलों और 10 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 157 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे मच्छरों को पनपने न दें और बारिश के मौसम को देखते हुए सतर्कता बरतें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, डेंगू (जिसे 'ब्रेक-बोन फीवर' भी कहा जाता है) एक वायरल संक्रमण है, जो मच्छरों के माध्यम से फैलता है।अधिकांश डेंगू संक्रमित लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते, लेकिन जिनमें लक्षण होते हैं, उनमें तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, मतली और चकत्ते शामिल हैं। अधिकांश लोग 1-2 सप्ताह में ठीक हो जाते हैं, लेकिन कुछ मामलों में यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है, जिसमें अस्पताल में इलाज की आवश्यकता होती है। डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है मच्छरों से बचाव, विशेषकर दिन के समय। फिलहाल डेंगू का कोई विशेष इलाज नहीं है और इसका उपचार केवल दर्द निवारक दवाओं से किया जाता है। पिछले कुछ दशकों में दुनिया भर में डेंगू के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2000 में जहां 5 लाख 5 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2019 में यह संख्या बढ़कर 52 लाख तक पहुंच गई। इनमें से अधिकतर मामले मामूली या बिना लक्षण वाले होते हैं, इसलिए वास्तविक मामलों की संख्या रिपोर्ट की गई संख्या से कहीं अधिक हो सकती है। 2023 में डेंगू के मामलों की अब तक की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई, जिसमें 80 से अधिक देशों में 6.5 मिलियन से ज़्यादा मामले और 7,300 से अधिक मौतें हुईं।




■ दक्षिण वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में 15,500 से अधिक डेंगू मामलों और 10 मौतों की पुष्टि हो चुकी है

## दुनिया को जानें

### दुनिया में 35,000 से ज्यादा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनियां

**बीजिंग।** वर्तमान में, चीन ने 1,509 बड़े मॉडल जारी किए हैं, जो दुनिया भर में जारी 3,755 बड़े मॉडलों में पहले स्थान पर है। चीन के कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी उद्योग के विकास से नई सफलता का स्वागत करने की उम्मीद है। यह जानकारी 2025 विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता महासभा में मिली। 2025 विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता महासभा में कि चीनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्योग नवाचार उपलब्धियां प्रदर्शनी की स्थापना की गई। यह प्रदर्शन कि बुद्धिमत्ता नई गुणवत्ता को प्रेरित करती है, बुद्धिमत्ता हजारों उद्योगों को सशक्त बनाती है और बुद्धिमत्ता विश्व को लाभान्वित करती है। विषय पर केंद्रित है, जो चीन के कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्योग की नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करती है। चीनी सूचना और दूरसंचार अनुसंधान प्रतिष्ठान के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि वर्तमान में दुनिया में 35,000 से ज्यादा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनियां हैं, जिनमें से 5,100 से ज्यादा चीन में हैं, जो दुनिया की कुल संख्या का लगभग 15 प्रतिशत है। साथ ही उन चीनी कंपनियों का पैमाना निरंतर विकसित हो रहा है। और वे कंपनियां बुनियादी नींव और उद्योग अनुप्रयोगों को शामिल करते हुए एक संपूर्ण औद्योगिक प्रणाली का निर्माण कर रही हैं।

# खेल जगत

## जडेजा और सुंदर शतक पूरा करने के हकदार थे : गिल



**मैनचेस्टर।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर अपना-अपना शतक पूरा करने के हकदार थे। चौथा टेस्ट मैच ड्रा समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में गिल ने कहा कि पांचवें दिन भारत की पारी के 138 ओवर पूरे होने के बाद जब रवींद्र जडेजा (89) और वॉशिंगटन सुंदर (80) शतक के करीब थे तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत से ड्रॉ के बारे में पूछा था लेकिन तब ड्रेसिंग रूम से यह संदेश भेजा गया कि दोनों बल्लेबाज खेलना जारी रखें। गिल ने कहा कि शुरुआती दो विकेट खोने के बाद इस तरह का प्रदर्शन अविश्वसनीय है। जडेजा और वॉशिंगटन दोनों ही शतक के करीब थे इसलिए हमने सोचा कि वह दोनों ही शतक डिजर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट मैच आपको कुछ ना कुछ सिखाता है, एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है।

# सभी गेंदबाज पांचवें व आखिरी टेस्ट के लिए फिट : गंभीर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में रविवार रात चौथा क्रिकेट टेस्ट ड्रॉ कराने के बाद कहा कि जसप्रीत बुमराह सहित अब ओवल में बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले सीरीज के पांचवें व आखिरी क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए हमारे सभी तेज गेंदबाज फिट और चयन के लिए उपलब्ध हैं।फिलहाल पांच टेस्ट की सीरीज में 1-2 से पिछड़ रहे भारत को सीरीज दो दो की बराबरी पर समाप्त कराने के लिए अब ओवल में पांचवां व आखिरी टेस्ट हर हाल में जीतना जरूरी है। तेज गेंदबाज बुमराह ने संभवत: कुछ नरम आउट फील्ड और ढीले फुट होल्ड के चलते ओल्ड ट्रेफर्ड में कुछ धीमी गेंदबाजी की। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के चलते मौजूदा टेस्ट सीरीज में तीन ही टेस्ट मैच खेलने थे और वह पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट के रूप में ये तीन टेस्ट मैच खेल चुके हैं। अच्छी बात यह है कि मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के चौथे दिन लंच से पहले उन्हें आराम का मौका मिल गया। अब सीरीज का पांचवां व आखिरी टेस्ट ओवल में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहा है। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह



■ हम आखिरी टेस्ट जीत सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने की कोशिश करेंगे

अपने बाएं हाथ में चोट और आकाश दीप जांघ की मांसपेशी में खिंचाव व मोहम्मद सिराज लगातार खेलने के कारण कुछ थके हुए थे। अर्शदीप और आकाश दीप इसी के चलते मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में नहीं खेले जबकि बुमराह और सिराज दोनों ही इसमें अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले अंशुल काम्बोज के साथ बतौर तेज गेंदबाज खेले। खासा महंगा साबित होने के कारण भारत ने मैनचेस्टर में सीरीज के चौथे टेस्ट में बतौर तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की बजाय अंशुल काम्बोज को एकादश में मौका देना ज्यादा बेहतर समझा। जब भारत के हेड कोच गंभीर से कार्यभार प्रबंधन के चलते और बुमराह को पीठ की चोट के फिर उभरने से बचाने के लिए मौजूदा सीरीज में तीन टेस्ट में खिलाने का फैसला किया गया था। जब गंभीर से इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हमने फिलहाल मौजूदा टेस्ट सीरीज के पांचवें व आखिरी टेस्ट के टीम संयोजन की बाबत कोई चर्चा नहीं की। फिलहाल जसप्रीत बुमराह के पांचवें व अंतिम टेस्ट में खेलेंगे या नहीं इस पर फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। अंतत: जो भी खेलेगा वह भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन की पुरजोर कोशिश करेगा।हमारी मौजूदा भारतीय क्रिकेट टीम अनुभवहीन है और अब तक पांच टेस्ट की सीरीज में चा टेस्ट के बाद नतीजों को इसी नज़रिए से देखा जाना चाहिए। यह भी सच है कि टेस्ट सीरीज हम 1-2 से पीछे हैं। बेशक हमने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट ड्रॉ कराया लेकिन इसे लेकर मैं बहुत ज्यादा नहीं कहना चाहूंगा।आप किसी ऐसे व्यक्ति से सवाल कर रहे जो कि नतीजों में विश्वास करता है। मैंने पहले भी कहा है कि मैं नतीजों में यकीन करता हूं। यही भारतीय टीम बेशक अनुभवहीन है लेकिन अभी यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम है। हम मौजूदा टेस्ट सीरीज मे चार टेस्ट के बाद 1-2 से पीछे हैं और उम्मीद है कि हम आखिरी टेस्ट जीत सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त कराने की कोशिश करेंगे और हम ऐसा करा पाते हैं ते वह वाकई बढ़िया उपलब्धि होगी। जब आप दबाव में डाले जाने पा पांच सत्र बल्लेबाजी करते हैं तो वाकई आप बड़ा जिगरा दिखाते हैं। आप इन मुश्किल स्थितियों में जिगरा दिखाना वाकई बहुत बढ़िया अहसास हो और इससे ड्रेसिंग रूम को भी आत्मविश्वास मिलता है।मुझे पूरा विश्वास है कि हम ओवल में पांचवें टेस्ट में उंचे विश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन हम किसी भी चीज को तय मान कर नहीं चल सकते।



## चोटिल खिलाड़ी की जगह वैकल्पिक खिलाड़ी मिलना चाहिए : गंभीर

गंभीर ने कहा, 'ऋषभ पंत ने ड्रॉ रहे मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट मैच की पहली पारी में दाएं पैर के पंजे की उंगली में फ्रेक्चर के बाद मैदान से हटने के बाद जरूरत पड़ने पर पर जिस बहादुरी के साथ क्रीज पर लौट कर फिर बल्लेबाजी की इसके लिए उनकी जितनी तारीफ की जाए कम है। मेरा मानना है खिलाड़ी को इस तरह चोट की स्थिति में उसकी जगह वैकल्पिक खिलाड़ी को अनुमति दी जानी चाहिए। यदि अंपायर अथवा मैच रेफरी यह देखते और महसूस करते हैं कि यह बहुत बड़ी चोट है तो यह बेहद अहम है। यह नियम होना जरूरी है कि यदि साफ दिखाई दे रहा है खिलाड़ी चोटिल है तो उसकी जगह टीम को वैकल्पिक खिलाड़ी मिलना चाहिए। मौजूदा टेस्ट सीरीज जैसी बेहद संघर्षपू सीरीज ऐसे में जिस टीम का खिलाड़ी चोटिल है उसे वैकल्पिक खिलाड़ी दिए जाने में कोई हर्ज नहीं है । जरा सोचिए यदि हमें 11 खिलाड़ियों के मुकाबले दस खिलाड़ियों से खेलना पड़ता तो हमारे लिए यह कितना दुर्भाग्यर्प होता।

## अगर बॉलिंग में थोड़ा सुधार हो जाए, तो हम पांचवां टेस्ट जीत सकते हैं : गांगुली



**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली मैनचेस्टर में टीम इंडिया के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। उनका मानना है कि अगर गेंदबाजी में थोड़ा सुधार कर लिया जाए, तो टीम इंडिया केनिंग्टन ओवल में खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट मैच को जीत सकती है। टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट मैच को ड्रॉ करवाया। इससे पहले लंदन में उसे 193 रनों का पीछा करते हुए 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी थी। सौरव गांगुली ने कहा कि यह युवा टीम है। इस टीम को थोड़ा समय दीजिए। भारत ने पांचवें दिन जिस तरह बैटिंग की, मैं यही कहूंगा कि इस मैच के बाद भारत को लॉर्ड्स टेस्ट गंवाने का दुख होगा। भारत ने शानदार क्रिकेट खेला। रवींद्र जडेजा ने इतनी बेहतरीन बल्लेबाज की, वाशिंगटन सुंदर ने पांचवें नंबर पर शानदार बैटिंग की। यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष ने बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि मैनेचेस्टर के मैदान पर मुकाबले के पांचवें दिन भारत ने शानदार बल्लेबाजी की। केएल राहुल, शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और ऋषभ पंत ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। गांगुली का मानना है कि टीम इंडिया पांचवां टेस्ट जीतकर सीरीज बराबरी पर खत्म कर सकती है। उन्होंने कहा कि मुझे खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखकर अच्छा लगा। यह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा संदेश है। यह खिलाड़ी युवा हैं। वह लंबे तक समय तक खेलेंगे। इंग्लैंड में यह प्रदर्शन उन्हें बहुत आगे लेकर जाएगा। अगर बॉलिंग में थोड़ा सुधार हो जाए, तो हम ओवल में जीत सकते हैं। भारत के महानतम कप्तानों में शुमार गांगुली ने ऋषभ पंत को सराहा है, जिन्होंने चोटिल होने के बावजूद मैदान पर उतरकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने कहा किपंत टेस्ट फॉर्मेट के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। अभी वह चोटिल हैं। उन्हें ठीक होने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन उन्होंने इस सीरीज में बहुत शानदार बल्लेबाजी की है।

# स्टोक्स ने 12वीं बार टेस्ट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया

**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 141 रन की पारी खेलने के साथ छह विकेट भी लिए। इसी के साथ बेन स्टोक्स एक ही टेस्ट सीरीज में 300+ रन बनाने के अलावा 15+विकेट चटकाने वाले इंग्लैंड के पहले कप्तान बन गए। बेन स्टोक्स इस सीरीज में अब तक चार मुकाबलों की सात पारियों में 43.42 की औसत के साथ 304 रन बना चुके हैं। वहीं, स्टोक्स इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने आठ पारियों में 25.23 की औसत के साथ 17 शिकार किए। बेन स्टोक्स ने 12वीं बार टेस्ट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा बार यह अवॉर्ड जीतने वालों में जो रूट (13) टॉप पर हैं। बेन स्टोक्स टेस्ट



में 7000+ रन बनाने के अलावा 200+ विकेट हासिल करने वाले तीसरे ऑलराउंडर भी हैं। उनसे पहले यह कारनामा गैरी सोबर्स (8032 रन और 235 विकेट) के अलावा जैक्स कैलिस (13289 रन और 235 विकेट) कर चुके हैं। बेन स्टोक्स ने भारत की पहली पारी में पांच विकेट शिकार किए। वह विश्व के पांचवें ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने एक ही

■ इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा बार यह अवॉर्ड जीतने वालों में जो रूट (13) टॉप पर हैं

टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने के अलावा शतक भी जड़ा। स्टोक्स ऐसा करने वाले इकलौते इंग्लिश कप्तान हैं। मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट मुकाबले की बात करें, तो भारत को 358 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 669 रन बना दिए। इंग्लैंड के पास शानदार बढ़त थी, लेकिन भारत ने दूसरी पारी में 425/4 का स्कोर बनाते हुए मुकाबले को ड्रॉ करवाने में कामयाबी पा ली। इंग्लैंड ने सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने पलटवार करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीत लिया। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट को 22 रन से करीबी अंतर से अपने नाम किया, जबकि चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा है।

## मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराना बड़ी उपलब्धि : ज्वाला सिंह

**लंदन,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने मैनचेस्टर में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज के चौथे टेस्ट को ड्रॉ करा दिया है। यशस्वी जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह ने इसे टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। ज्वाला सिंह ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ समाप्त हुआ है। उतार-चढ़ाव भरे इस मैच में एक समय भारत पर हार का डर था। अगर हम यह मैच गंवा देते तो पांचवें टेस्ट में हासिल करने के लिए हमारे पास कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि भारत ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। चौथे दिन केएल राहुल और शुभमन गिल तो पांचवें दिन रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने यादगार बल्लेबाजी की। यह जबरदस्त वापसी थी। इस टेस्ट को ड्रॉ कराना एक बड़ी उपलब्धि है और इसके लिए मैं टीम को बधाई देता हूं। ज्वाला सिंह ने कहा कि इस टीम की आलोचना हुई है। लेकिन, हम इंग्लैंड में 2007 के बाद से कोई सीरीज नहीं जीते। अगर यह टीम थोड़ी गलती नहीं करती तो हम पहला और तीसरा टेस्ट जीत सकते थे।

## पंत टेस्ट सीरीज से हुए बाहर, एन जगदीशन को टीम में बुलाया गया

**मैनचेस्टर,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये है। पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चोटिल पंत के पांचवें टेस्ट में खेलने की अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऋषभ पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

उन्होंने पंत के बेजोड़ धैर्य और जज्बे की भी तारीफ करते हुए उनके अविस्मरणीय पल को याद किया जब पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कहा कि पंत ने टीम और देश के लिए जो किया है, उसके बारे में पीढ़ियाँ बात करेंगी। टूटे पैर के साथ बल्लेबाजी करना बहुत कम लोगों ने किया है। उनकी जितनी भी तारीफ की जाए, वह उनके साहस के साथ न्याय नहीं कर पाएगी। पांचवें टेस्ट मैच से पहले जगदीशन मंगलवार को लंदन पहुंच जाएंगे और भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। जगदीशन काफी समय से भारत ए के सेटअप का हिस्सा रहे हैं। रणजी ट्रॉफी के लगातार दो सीज़न में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। 2023-24 में जहां उन्होंने 13 पारियों में 74.18 की औसत से 816 रन बनाए थे। जबकि अगले सीज़न यानी 2024-25 में जगदीशन ने 56.16 की औसत से 674 रन बनाए थे जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल है। जगदीशन का 2016 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने के बाद से एक शानदार घरेलू रिकॉर्ड रहा है।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान का बहिष्कार हो, उसके साथ नहीं खेलना चाहिए : अशोक

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अशोक डिंडा का मानना है कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में नहीं खेलना चाहिए। एशिया कप-2025 में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच खेला जाना है, लेकिन अशोक डिंडा चाहते हैं कि हर स्तर पर पाकिस्तान का बहिष्कार हो।पूर्व तेज गेंदबाज ने आईएएनएस से कहा कि मैं एक खिलाड़ी के नाते यही चाहूंगा कि दोनों देश खेलते रहें। दोनों देशों के बीच संपर्क अच्छे रहें, लेकिन मैं पहले एक भारतीय नागरिक हूं। पाकिस्तान जिस तरह बार-बार हमारे ऊपर अटैक कर रहा है, ऐसे में इस देश के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए। पाकिस्तान के साथ खेलना नहीं चाहिए। हर स्तर पर उसका बहिष्कार होना चाहिए। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली, जिसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। हाल ही में भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स-2025 का मुकाबला भी रद्द कर दिया गया।

### इंग्लैंड की महिला टीम ने जीता यूरो कप का खिताब

**बेसल (स्विट्जरलैंड)।** इंग्लैंड ने विश्व चैम्पियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो कप) 2025 का खिताब अपने नाम किया। खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में स्पेन की मारियोना काल्डेंटे ने 25वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इंग्लैंड की अलेसिया रूसो ने 57वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर बराबर रहने पर मैच में निर्णय के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने दो शानदार बचाव किए। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया।

### खलील ने निजी कारणों से एसेक्स के साथ अपना अनुबंध किया समाप्त

**एसेक्स (इंग्लैंड)।** काउंटी चैंपियनशिप में एसेक्स के लिए दो प्रथम श्रेणी मैच खेलने के बाद भारतीय गेंदबाज खलील अहमद ने निजी कारणों से क्लब के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। खलील ने शुरुआत में एसेक्स क्लब के साथ दो महीने के लिए अनुबंध किया था, जिसके तहत उन्हें छह प्रथम श्रेणी और वनडे कप में अधिकतम दस संभावित लिस्ट ए मैच भी खेलने थे। क्लब ने जून में उनके अनुबंध की घोषणा की थी। एसेक्स की ओर से जारी विज्ञप्ति के एक बयान में कहा गया है कि खलील क्लब के साथ अपने शेष बचे मैचों से पहले स्वदेश लौट गए हैं। हमें उनके जाने का दुख है, लेकिन हम खलील के फैसले का पूरा समर्थन करते हैं और हमारे साथ बिताए समय में उनके योगदान के लिए आभारी हैं।खलील ने आखिरी बार 2019 में भारत के लिए खेला था। उन्होंने भारत के लिए 11 एकदिवसीय मैचों में 31.00 की औसत से 15 विकेट लिए हैं।

## कौशल सिल्वा हांगकांग की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**हांगकांग,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कौशल सिल्वा को हांगकांग पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि बोर्ड की योजनाओं के अनुरूप यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने और विकसित करने के प्रति कौशल का समर्पण हांगकांग में क्रिकेट के भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमारा मानना है कि उनके मार्गदर्शन में हम न केवल अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को ऊँचा उठा सकते हैं, बल्कि अपने समुदाय में खेल को बढ़ावा भी दे सकते हैं। हांगकांग टीम का कोच बनाये जाने पर सिल्वा ने कहा कि उनका ध्यान वरिष्ठ टीम में एक मजबूत कार्य नीति और विजयी मानसिकता का संचार करने और निरंतर विकास के लिए नई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने पर होगा। कौशल सिल्वा सितंबर में शुरु होने वाले एशिया कप में टीम की कामन संभालेंगे। एशिया कपमें हांगकांग का पहला मुकाबला नौ सितंबर को अफगानिस्तान से होगा। सिल्वा ने श्रीलंका के लिए 2011 से 2018 के दौरान 39 टेस्ट मैच खेले हैं। 2019 में संन्यास लेने के बाद वह श्रीलंका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कोचिंग कर चुके हैं। लेकिन यह 39 वर्षीय सिल्वा का किसी अंतरराष्ट्रीय टीम की कमान संभालने का पहला मौका होगा।उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विकेटकीपर-सलामी बल्लेबाज के रूप में 209 मैचों में 41 शतकों के साथ 13,932 रन बनाए।



# पीटी उषा ने ई-स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के चैम्पियन्स की सराहना की

**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने मई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के विजेताओं से भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) मुख्यालय में मुलाकात की। उन्होंने तीसरे एशियाई युवा खेलों, बहरीन की तैयारियों के दौरान चैंपियनों को सम्मानित किया, उनकी उपलब्धियों की सराहना की और देश के डिजिटल खेल भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका को मान्यता दी। पीटी उषा ने ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप के पदक विजेताओं—दानियाल पटेल (स्वर्ण, ई-फुटबॉल), तेजसकुमार हसमुखभाई भोई (स्वर्ण, विश्व क्रिकेट चैम्पियनशिप 3), और पवन काम्पेली (कांस्य, ई-फुटबॉल, एशियाई ईस्पोर्ट्स गेम्स, बैंकॉक ) को सम्मानित किया। इन युवा चैंपियनों ने अपनी असाधारण प्रतिभा से वैश्विक ई-स्पोर्ट्स मंच पर भारत का मान बढ़ाया, जो देश के डिजिटल खेल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, पीटी उषा ने कहा कि भारत का ई-स्पोर्ट्स भविष्य सक्षम हाथों में है, और वेव्स ई-स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के चैंपियनों के साथ आज की बातचीत वास्तव में प्रेरणादायक रही है। इन एथलीटों द्वारा दिखाया गया अनुशासन और उत्कृष्टता किसी भी पारंपरिक खिलाड़ी की तरह है। मैं ई-स्पोर्ट्स को




■ पीटी उषा ने ईस्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के पदक विजेताओं-दानियाल पटेल, तेजसकुमार भोई और पवन काम्पेली को सम्मानित किया

मान्यता देने और भारत के डिजिटल कौशल को प्रदर्शित करने के लिए वेव्स जैसे प्लेटफॉर्म बनाने के उनके दूरदर्शी कदमों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का तहे दिल से धन्यवाद करती हूं। भारतीय ओलंपिक संघ हमारे ई-स्पोर्ट्स एथलीटों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि वे भारतीय खेलों में नए अध्याय लिख रहे हैं। ई-फुटबॉल में स्वर्ण पदक विजेता, डेनियल पटेल ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पीटी उषा से मिलना अदभुत था। उनके प्रोत्साहन ने मुझे अपने काम पर गर्व की एक नई अनुभूति दी।

## डब्ल्यूसीएल 2025 : इंडिया चैम्पियंस अपने अभियान का अंत शानदार तरीके से करना चाहेगी

**बर्मिंघम,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। इंडिया चैम्पियंस टीम वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) 2025 का समापन शानदार तरीके से करना चाहेगी। टीम टूर्नामेंट का अपना आखिरी मैच खेलेगी। बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में 18 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट बीते जमाने के नायकों को एक साथ लाता है। इंडिया चैंपियंस टीम टूर्नामेंट में जीत से महरूम रही है। लीड्स में 224 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए, यूसुफ पठान के 29 गेंदों पर 52 रनों की शानदार पारी के बावजूद, भारत 20 ओवरों में 200/6 रन ही बना सका। शिखर धवन (17), अंबाती रायुडू (28), युवराज सिंह (38) और स्टुअर्ट बिन्नी (35) सहित बाकी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन इंग्लैंड के रवि बोपारा की तरह बड़ी पारी नहीं खेल पाए, जिन्होंने पहले 55 गेंदों पर नाबाद 110 रनों की पारी खेली थी ।बोपारा ने इयान बेल (54) और मोईन अली (13 गेंदों पर 33 रन) के साथ मिलकर युवराज द्वारा बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने के बाद इंग्लैंड को एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद की। भारतीय चैंपियन, जो शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से भी हार गए थे, अब तालिका में सबसे निचले पायदान पर हैं।

# डी मिनौर ने तीन चैम्पियनशिप प्वाइंट बचाकर जीता वाशिंगटन खिताब

**वाशिंगटन,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। एलेक्स डी मिनौर ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 5-7, 6-1, 7-6(3) से हराकर अपना 10वां टूर-स्तरीय खिताब जीत लिया। इस दौरान उन्होंने तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। खिताबी जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर इस हफ्ते एटीपी लाइव रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके साथ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में भी वह दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गए। वहीं, स्पेन के फोकिना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लाइव रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाई और टॉप 20 में वापसी करते हुए अब वह 19वें स्थान पर पहुंचे। रेस टू ट्यूरिन में भी उन्होंने सात पायदान की छलांग लगाकर 11वां स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने फाइनल सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस करते हुए तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। ऐसा तब हुआ, जब स्पेनिश खिलाड़ी ने खिताब के लिए सर्विस 30/0 से ब्रेक की थी। 'एटीपी' के मुताबिक, डी मिनौर हार से सिर्फ 16 मिलीमीटर दूर थे, जब उनके प्रतिद्वंद्वी के तीसरे मैच प्वाइंट पर मारा गया एक डेस्परेट लॉब साइडलाइन को छू गया। यहीं से पूरे मैच का रुख बदल गया। खिताबी जीत के बाद डी मिनौर ने कहा कि इस कोर्ट की खासियत है। मैंने 2018 में रुबलेव के खिलाफ भी ऐसा ही किया था। सच कहूं तो पता था कि मैं यह कर सकता हूं। मैंने खुद पर भरोसा किया। मैंने खुद से कहा कि चाहे जो हो, पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहूंगा। अगर हार भी गया, तो अपनी शर्तों पर हारूंगा। आज किस्मत मेरे साथ थी। इससे पहले कई ऐसे करीबी मुकाबले हुए, जो मेरे पक्ष में नहीं रहे, लेकिन खुशी है कि यह मैच मेरे पक्ष में रहा। डी मिनौर ने हालिया सफलता का श्रेय अपनी मानसिकता को देते हुए कहा कि मैं इस समय जहां हूं, उससे बहुत खुश हूं।

■ डी मिनौर इस हफ्ते एटीपी लाइव रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंचे



मैं इस समय जहां हूं, उससे बहुत खुश हूं। कोर्ट के अंदर और बाहर चीजों को संभालने के तरीके से भी खुश हूं : डी मिनौर

## एफआईएसयू विश्व विश्वविद्यालय खेलों में 12 पदकों के साथ भारत का अभियान समाप्त

**जर्मनी,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। महिलाओं की रेस वॉक टीम ने कांस्य पदक और ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ भारत ने 12 पदकों के साथ एफआईएसयू विवि खेल 2025 में अपना अभियान का समापन किया। जर्मनी में समाप्त हुए टूर्नामेंट के आखिरी दिन का पहला पदक महिलाओं की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में मिला। इस स्पर्धा में भारतीय टीम सेजल अनिल सिंह, मुनिता प्रजापति और मानसी नेगी ने कुल समय 4:56:06 के साथ कांस्य पदक जीता। सेजल अनिल सिंह सबसे तेज भारतीय रेस वॉकर रहीं, जिन्होंने 1:35:21 समय के साथ 15वां स्थान हासिल किया। मुनिता प्रजापति 1:39:33 समय के साथ 18वें और मानसी नेगी 1:41:12 समय के साथ 20वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की इस 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में चीन ने 4:28:51 के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 4:31:20 समय में दौड़ पूरी कर रजत पदक हासिल किया ।वहीं अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता। उन्होंने ज्यादातर रेस में ग्रुप के साथ आगे ही रहीं और आखिरी राउंड में जोरदार तेजी के साथ व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:31.99 में दौड़ पूरी की।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# पूंजीगत व्यय में वृद्धि के बावजूद राजकोषीय स्थिति में सुधार : वित्त मंत्रालय




■ वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में पूंजीगत व्यय 54.1 प्रतिशत के उछाल के साथ 2.2 लाख करोड़ रुपए रहा

■ अप्रैल-जून,2025 में केंद्र सरकार का सकल कर राजस्व 12.1

**नई दिल्ली,** 28 जुलाई (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दो महीनों अप्रैल-मई में पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर 54.1 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के बावजूद राजकोषीय घाटे पर अंकुश बना रहा और इसमें सालाना आधार पर 74 प्रतिशत की कमी दिखी। वित्त मंत्रालय की जारी जून की मासिक आर्थिक सर्वे रिपोर्ट में अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में पूंजीगत व्यय 54.1 प्रतिशत के उछाल के साथ 2.2 लाख करोड़ रुपए रहा जो पिछले साल इसी दौरान 1.4 लाख करोड़ रुपए था। इन दो महीनों के दौरान राजकोषीय घाटा संचयी रूप से 10 हजार करोड़ रुपए रहा जो पिछले साल इसी दौरान 50 हजार करोड़ रुपये और उससे पिछले साल 2.1 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों का राजकोषीय घाटा सालाना आधार पर 74 प्रतिशत कम रहा जबकि पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा सालाना आधार पर 75.9 प्रतिशत कम रहा था।

रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल-जून,2025 में केंद्र सरकार का सकल कर राजस्व 12.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.2 लाख करोड़ रुपए रहा। यह पिछले साल इसी दौरान 4.6 लाख करोड़ रुपए था। इस अवधि में राजस्व व्यय 5.2 लाख करोड़ रुपए पर 9.4 प्रतिशत की बढत दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में इस दौरान जीएसटी संग्रह 11.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.2 लाख करोड़ रुपए रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024-25 के लिए अनंतिम वास्तविक आंकड़ों (पीए) के जारी होने से निरंतर राजकोषीय स्थिति के मजबूत होने का पता चलता है। केंद्र का सकल कर राजस्व 2024-25 (पीए) में बढ़कर 37.95 लाख करोड़ रुपए हो गया, जिसका प्रमुख कारण पिछले वर्ष की तुलना में आयकर में 13.2 प्रतिशत की उच्च वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान औसत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में भी साल-दर-साल आधार पर लगातार वृद्धि देखी गई। कुल मिलाकर, गैर-कर राजस्व सहित, केंद्र की सकल राजस्व प्राप्तियों में पिछले वर्ष की तुलना में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वित्त वर्ष में केंद्र की शुद्ध राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि 11.3 प्रतिशत की कमी दिखी। रिपोर्ट के अनुसार ऐसा राज्यों को कर हस्तांतरण में वृद्धि के कारण है।

वर्ष के दौरान राज्यों को हस्तांतरण में वार्षिक आधार पर 13.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

# देश में खरीफ की भरपूर फसल की उम्मीद

**नई दिल्ली**, 28 जुलाई (एजेंसियां)। देश में मानसून की अच्छी स्थिति और जलाशयों में भरपूर पानी जमा होने के कारण खरीफ का रकबा बेहतर बना हुआ है। वित्त मंत्रालय की ताजा मासिक रिपोर्ट में आज यह जानकारी दी गई। मासिक आर्थिक सर्वेक्षण 2025 नाम से जारी रिपोर्ट के अनुसार 27 जुलाई तक, देश में दीर्घावधि औसत से लगभग आठ फीसदी अधिक बारिश हुई है और देश के लगभग 78 प्रतिशत भाग में सामान्य या अधिक बारिशी हुयी है। यही नहीं इस साल 17 जुलाई तक के डेटा के अनुसार देश के 161 महत्वपूर्ण जलाशयों में कुल पानी पिछले साल के स्तर से लगभग 1.91 गुना और पिछले दस वर्षों के औसत से 1.70 गुना अधिक है। देश में खरीफ की भरपूर पैदावार के लिए यह अच्छा संकेत माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस साल 18 जुलाई तक, खरीफ के रकबे में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 10.5 प्रतिशत की खासी वृद्धि हुयी है। यह तेजी धान और मोटे अनाजों का रकबा बढ़ने के कारण है। इन दोनों फसलों का क्षेत्रफल 12.4 और 13.6 प्रतिशत बढ़ गया है।

# पहली तिमाही में सुस्त रही भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि

**नई दिल्ली**, 28 जुलाई (एजेंसियां)। ऊर्जा, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी और इस्पात क्षेत्रों के सुस्त प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों के प्रदर्शन में गिरावट आयी है और उनकी राजस्व वृद्धि दर घटकर चार से छह प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। बाजार अध्ययन एवं निवेश सलाह कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में 600 से ज्यादा कंपनियों के जारी वित्तीय परिणामों के अध्ययन के आधार पर यह बात कही गयी है। इन 600 कंपनियों के कुल राजस्व में एक-तिहाई का योगदान इन्हीं चारों क्षेत्रों का है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की कंपनियों के औसत राजस्व में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस साल इसके चार से छह प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। इसी प्रकार कर पूर्व लाभ (इबिटडा) भी साल-दर-साल आधार पर चार प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। हालांकि आईटी सेवा, ऑटोमोबाइल, रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पाद (एफएमसीजी) और फार्मा कंपनियों के दबाव में राजस्व के मुकाबले इबिटडा के अनुपात में 10 से 30 आधार अंकों की कमी आने का अनुमान है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि मानसून के जल्दी आने और जारी भू-राजनैतिक तनावों का कुछ सेक्टरों पर अप्रैल-जून तिमाही में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00048 फाफाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723600067

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00048 के अंतर्गत ग्राम फाफाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मु.का. अधिकारी पिता/पति रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 218/1 0.0040 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती रेहाना बेगम पिता/पति श्री सुफी सफुददीन पता देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00048 फाफाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723600066

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00048 के अंतर्गत ग्राम फाफाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मु.का. अधिकारी पिता/पति रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 210/2 0.0036 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती रेहाना बेगम पिता/पति श्री सुफी सफुददीन पता देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723500125

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती पुष्पा सुराधनीवार पति संजय कुमार पिता/पति संजय कुमार पिता एस.जी. सुराधनीवार पता तिल्दा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 238/478 0.0140 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती पुष्पा सुराधनीवार पिता/पति स्व. संजय कुमार सुराधनीवार पता तिल्दा, जिला रायपुर छ.ग., शशांक सुराधनीवार पिता/पति स्व. संजय कुमार सुराधनीवार पता तिल्दा, जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-01**
**आम सूचना**

जारीदिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष टांक पिता स्व. गोवर्धन भाई टांक निवासी फाफाडीह रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम सरोना पटवारी हल्का नंबर 56 राजस्व निरीक्षक मंडल-01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 458/1 रकबा 0.978 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/अतिरिक्त/नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.07.2025 के परिपालन में दिनांक 01.08.2025 को समय 1 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर 56 के डंगनिया में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-01**

**MICRO & SMALL ENTERPRISES FACILITATION COUNCIL,C.G. (Estd. Under MSMED Act 2006)**
Directorate of Industries, Chhattisgarh
Udyog Bhawan, Ring Road, No. 1, Telebandha, Raipur (C.G.)
Email: facilitation-council@cg.gov.in

Application No.CG/14/S/CGH/00383
Raipur, Dated 28 July 2025
Speed Post

**:: NOTICE ::**

Supplier/Applicant: Mahalaxmi Industries, Plot No. 31, Near S.K. Sanaogi factory, Phase - II, Siltara, Raipur (CG) 493221

**V/s**

Buyer/Non-Applicant: Ram Lakhan Prajapati & Mintu Lata Prajapati, M/S Lucent Steel Pvt. Ltd., H-06, Sale Tax Colony, Ground floor, Khamardih, Shankar Nagar, Raipur (CG) 492002

The applicant has supplied/provided material/services to Non-applicant whereas Non-applicant has not paid the balance amount of Rs. 17,17, 0461/- The applicant has submitted application/reference under section 18(1) of the MSMED Act, 2006 before Micro and Small Enterprises Facilitation Council, Chhattisgarh. The Case is fixed for 08-08-2025 at 11:00 am, Directorate of Industries, Udyog Bhawan, Ring Road No. 01, Telibandha, Raipur (C.G.) for hearing. The Non-applicant is hereby intimated to appear on said date for hearing along with neccesarry documents /reply. If Non-applicant fails to appear before council on said date for hearing, the council may pass ex-parte award/order for which the Non-applicant would be responsible himself.

**Assist. Director of Industries**
**MSEFC**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 25.07.2025

एतद द्वारा सर्व साधारण की सूचित किया जाता है आवेदक विशाल बोथरा पिता हनुमान मल बोथरा निवासी-डी-407, निपुन सैफरोन, वेली, जी.टी. रोड, साहिबाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि शीट नंबर-10, प्लाट नंबर-55/20, खसरा नंबर-232/1 रकबा 780 वर्गफुट भूमि को विक्रेता अशोक कुमार नाहटा पिता स्व. मंगतमल नाहटा निवासी-सी-507, व्ही-3, केलकरपारा, क्षितिज अपार्टमेंट, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.06.025 के माध्यम से क्रय किया है। अत: आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 22.08.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी कि गया ।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./ब/121/वर्ष 2024-2025
ग्राम बोरझरा प.ह.नं. 87
रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 18.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक बारवारिक ट्रांसमिशन एण्ड पॉवर पार्टनर द्वारा नरेन्द्र किशोर अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल निवासी गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) द्वारा नया ऋण पुस्तिका बनाये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बोरझरा प.ह.नं. 87 रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 189 रकबा 0.5670 हे., खसरा नंबर 190/1 रकबा 0.5344 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका आवेदक को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का नया ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत नया ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 04.08.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम गिरौद प.ह.नं. 22
रा.नि.मं. रायपुर-16 सारागांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 14.07.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका संतोष कुमार वर्मा पिता चन्द्रकुमार वर्मा निवासी ग्राम गिरौद, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अभिलेख सुधार बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम गिरौद प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. रायपुर-16 सारागांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 241/1, 241/7 रकबा क्रमश: 0.0650 हे.,0.1460 हे. भूमि ललित कुमार, संतोष कुमार, सीमा, प्रेमलता पिता चन्द्रकुमार वर्मा के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त आवेदित भूमि के सहखातेदार प्रेमलता पिता चन्द्र कुमार वर्मा का विवाह पश्चात् नाग सुमन वर्मा हो गया है। जो आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में है। प्रेमलता एवं सुमन एक ही व्यक्ति का नाम है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि के अभिलेख में प्रेमलता उर्फ सुमन पिता चन्द्रकुमार वर्मा दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार वायत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.07.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 14.07.2025 फेर मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर न्यायालय तहसीलदा मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**आम सूचना ( नाम परिवर्तन )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं सरोज देवी शर्मा, पति-श्री राजेश शर्मा, निवासी-865, राजेन्द्र नगर, उरला, अछोली-2, तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.) की हूँ। मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम सरोज देवी शर्मा पति-श्री राजेश शर्मा दर्ज है जो कि सत्य व सही है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राधिक देवी, पति-श्री राजेश शर्मा त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मैं सरोज देवी शर्मा पति श्री राजेश शर्मा के नाम से जानी, पहचानी व पुकारी जाती हूँ।
रायपुर छ.ग.
दिनांक

**आवेदिका**
**सरोज देवी शर्मा**
**पति-श्री राजेश शर्मा, निवासी-865, राजेन्द्र नगर, उरला, अछोली-2, तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**आम सूचना ( नाम परिवर्तन )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं अनिता सोनवानी, पति-स्व. ई-विशाल, पता-अवंति विहार, रायपुर (छ.ग.) की हूँ। मेरे पुत्र जन्म दिनांक 19.01.2015 को हुआ है जिसके जन्म प्रमाण में मेरे पुत्र का नाम ई. आशीष (E ASHISH) दर्ज है, जिसे बदलकर मैं अपने पुत्र का नाम एलुरू आशीष (ELURU ASHISH) दर्ज करवाना चाहती हूँ। इस प्रकार मेरे पुत्र को एलुरू आशीष (ELURU ASHISH) के नाम से जाना व पहचना जावे तथा उसके समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजो में एलुरू आशीष (ELURU ASHISH) लिखा व पढ़ा जावे।
रायपुर छ.ग.
दिनांक

**आवेदिका**
**अनिता सोनवानी**
**पति-स्व. ई-विशाल**
**पता-अवंति विहार**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202507111700756/
ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम बिरगांव प.ह.नं. 88
रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा,दिनांक 25.07.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक जीधन राम साहू अध्यक्ष साहू समाज बिरगांव, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम बिरगांव प.ह.नं. 88 रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 253 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को साहू समाज द्वारा भवन निर्माण के लिए आबंटित किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचराधीन है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि-आबंटन बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.08.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी न्यायालय तहसील किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202506111700364/
ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम सरोना प.ह.नं. 89
रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेखूराम साहू अध्यक्ष साहू समाज ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम सरोरा प.ह.नं. 89 रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 217/1 का भाग 7500 वर्गफुट भूमि आवेदक द्वारा साहू समाज के परिवारिक एवं समाजिक कार्य हेतु आबंटित किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि-आबंटन बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.08.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी न्यायालय तहसील किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202507111700757/
ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम सरोना प.ह.नं. 89
रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवन लाल साहू अध्यक्ष माँ शीतला सेवा समिति सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम सरोरा प.ह.नं. 89 रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 217/1 का भाग 1000 वर्गफुट भूमि आवेदक द्वारा मां शीतला सेवा समिति हेतु आबंटित किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि-आबंटन बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.08.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी न्यायालय तहसील किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ई.क्र./2025071102000/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-पंडरीतराई प.ह.नं. 47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. शब्बीर अली पिता स्व. असगर अली 2. रजा अली पिता शब्बीर अली दोनों निवासी-राजातालाब, नुरानी चौक, रजा हाउस, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई, प.ह.न. 47, तहसील व जिला-रायपुर स्थित भूमि शीट नंबर-2, भूखंड क्रमांक-27/2 का भाग खसरा नंबर-146 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को विक्रेता शमसुद्दीन निजामी पिता अब्दुल वहीद निवासी-एम. आई.जी.-192, वार्ड नंबर-45, पदमनाभपुर, दुर्ग छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.07.2025 के माध्यम से क्रय किया है। अत: आवेदकगण द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13.08.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202507112800047/250
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार 1. रजिन्दर सिंह गांधी पिता हरभजन सिंह गांधी 2. श्रीमती मनिन्दर कौर गांधी पति रजिन्दर सिंह गांधी, अनावेदक पक्षकार 1. अचिन बैनर्जी पिता स्व. रमेश चंद्र बैनर्जी 2. धनराज बैनर्जी पिता अचिन बैनर्जी

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा ग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. रजिन्दर सिंह गांधी पिता हरभजन सिंह गांधी, 2. श्रीमती मनिन्दर कौर गांधी पति रजिन्दर सिंह गांधी, निवासी- हाउस नंबर-79, लास-विस्टा कॉलोनी, व्ही. आई.पी. रोड अमलीडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा, श्यामनगर स्थित ब्लॉक शीट नंबर-श्याननगर, प्लॉट/भूखण्ड क्रमांक-1001/29, क्षेत्रफल 4000 वर्गफुट भूमि को आवेदकगणों ने विक्रेतागण से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 25.07.25 के आधार क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 14.08.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नजूल अधिकारी रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202507116300006/
अ-5 वर्ष 2024-25
ग्राम रवेली, प.ह.नं. 01

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप कुमार अग्रवाल पिता स्व. कमलनारायण अग्रवाल निवासी ग्राम रवेली तहसील अभनपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम रवेली प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. खोरपा व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि पुराना ख.नं. 264 नया खसरा नंबर 1220 रकबा 0.0300 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में संदीप कुमार पिता कमलनारायण, ममता पिता कमलनारायण, अनामिका पिता मनीष अग्रवाल, वंदना अग्रवाल पति मनीष अग्रवाल, आस्था पिता मनीष अग्रवाल के नाम पर शामिल खाता में दर्ज है जिस पर आवेदक विगत पूर्वजो के जमाने से शांति पूर्वक दाखिल व काबिज होकर कास्तकारी करते आ रहे है जिस पर किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद नहीं है। उक्त भूमि खसरा नं. 1220 का नक्शा में बंदोबस्त सर्वेक्षण के दौरान त्रुटि हो गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि ख.नं. 1220 का बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 30.07.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 14.07.2025 को जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8463/रा.शा./इन्द्रप्रस्थ/वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 25/07/25**

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-2 रायपुरा योजना के अन्तर्गत श्रीमती कुमुद मिश्रा पति श्री राजीव मिश्रा को भूखंड क्रमांक सी-86 रकबा 129.44 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखंड क्रमांक सी-86 रकबा 129.44 वर्गमीटर को दिनांक 16.06.2025 को मु.आम श्री यश शर्मा पिता श्री अखिलेश शर्मा के माध्यम से श्रीमती पूनम चन्द्राकर पति श्री सुभाष चन्द्राकर को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की पंजीकृत फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमती पूनम चन्द्राकर पति श्री सुभाष चन्द्राकर के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 25.07.25 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8489/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 28/07/25**

श्री राठी ने बताया कि यह परीक्षा माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं महाविद्यालय—इन तीन श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ?51,000 नगद, द्वितीय स्थान हेतु ?31,000 तथा तृतीय स्थान हेतु ?21,000 नगद पुरस्कार एवं गौमय उत्पादों का किट प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तरीय परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः ?3,100, ?2,100 एवं 1,100 नगद पुरस्कार के साथ गौ उत्पाद किट प्रदान किए जाएँगे।

# उरगा स्टेशन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफल क्रियान्वयन




**बिलासपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। रेल संचालन में तकनीकी दक्षता और संरक्षा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के उरगा स्टेशन पर दिनांक 27 जुलाई 2025 को नई केंद्रीयीकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है।

इस नई प्रणाली के अंतर्गत पुरानी एंड पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को प्रतिस्थापित कर अत्याधुनिक Siemens | Westrace MK-II आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली लागू की गई है। यह उन्नयन न केवल संरक्षा मानकों को सुदृढ़ करेगा, बल्कि संचालन प्रक्रिया को भी अधिक सुगम, प्रभावशाली एवं विश्वसनीय बनाएगा।

इसके अतिरिक्त, इस कार्य के अंतर्गत उरगा यार्ड में उरगा-कुसमुंडा नई जॉइंट लाइन (कोरबा बायपास लाइन) की भी सफलतापूर्वक कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। यह 12.63 किलोमीटर लंबी बायपास लाइन, छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल कॉरिडोर (CEWRC) के तहत निर्मित एक महत्वपूर्ण लिंक है, जो यात्री एवं मालगाड़ियों गाड़ियों के निर्बाध परिचालन में सहूलियत प्रदान करेगी तथा समय की बचत के साथ परिचालन कुशलता भी सुनिश्चित करेगी।

# ग्लोबल टाइगर-डे पर छत्तीसगढ़ में बाघ संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी पर होगा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशन में 29 जुलाई को ग्लोबल टाइगर डे-2025 के अवसर पर राज्य के टाइगर रिजर्व्स, चिड़ियाघरों और वन्यजीव स्थलों में बाघ संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्लास्टिक मुक्त अभियान भी चलाया जाएगा एवं एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्लोबल टाइगर-डे के अवसर पर अचनाकमार टाइगर रिज़र्व में लोरमी, कोटा और केवंची बफर रेजों के गावों और स्कूलों में 2000 पौधों का रोपण किया जाएगा। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों के सहयोग से प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं विद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रम संचालित होंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वैज्ञानिक सहयोग से तैयार पुस्तकों का विमोचन होगा। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही नेशनल जूलॉजिकल पार्क, नई दिल्ली में टीम एटीआर द्वारा एक इको शॉप भी लगायी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व में माडेड रेंज के मोदकपाल सर्कल और बीट में 2000 पौधों का रोपण किया जाएगा। टाइगर डे की सुबह प्लास्टिक मुक्त संदेश के साथ बाइक रैली निकाली जाएगी। ईको विकास समिति (ईडीसी) के सदस्य और छात्र प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण की शपथ लेंगे। उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व में गोहरामाल (जहाँ हाल ही में अतिक्रमण हटाया गया) और इंडागांव बफर रेंज में वृक्षारोपण किया जाएगा।



कोयबा ईकोसेंटर, मुचकुंद ऋषि प्रकृति पथ, गौतम ऋषि प्रकृति पथ और इको पार्क मेचका को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा। साथ ही मैनपुर, संकरा और नगरी के स्कूलों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।

गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व में सोनहत, रामगढ़, कमारजी, जनकपुर, तमोर, पिंगला और रेहंड रेजों में 2000 पौधे रोपे जाएँगे। बालमगढ़ी और ताड़िया बांध ईकोटूरिज्म स्थलों पर साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। रामगढ़ रेंज के विभिन्न विद्यालयों में टाइगर मास्क पेपर क्राफ्ट, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिताएँ करवाई जाएँगी। जंगल सफारी (नवा रायपुर) में आईआईआईटी रायपुर के सहयोग से उनके परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। 29 जुलाई को स्वयंसेवी संस्थाओं और छात्र प्लास्टिक मुक्त अभियान के साथ ही वृक्षारोपण भी करेंगे। वहीं आसपास के गाँवों के छात्रों को सफारी और बाघों के एनक्लोजर का भ्रमण कराया जाएगा, जिसके उपरांत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

कनन पेंडारी चिड़ियाघर (बिलासपुर) में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के छात्र स्वयंसेवकों द्वारा बाघ एवं बड़ी बिल्लियों के संरक्षण पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आमजन को प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। दर्शकों के साथ वृक्षारोपण किया जाएगा। 'मीट द जू कीपर' कार्यक्रम के तहत बाघों के कीपर से संवाद कराया जाएगा। उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। आसपास के स्कूलों के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश के साथ चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**NECC**

| 29.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 425 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 20 | 190 |

डिलीवरी 440 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## उल्टा पुल्टा

छोटी-सी लड़की ने अपनी मां से पूछा- मम्मी, तुमने कहा था ना कि परियों के पंख होते हैं और वह उड़ सकती हैं ना?
मम्मी- हां बेटी, कहा था।
लड़की- कल रात डैडी आया को कह रहे थे कि वह तो परी हैं। वह कब उड़ेगी मम्मी?
मम्मी (छोटी सी लड़की से)- सुबह होते ही उड़ जाएगी बेटी।

## संपादकीय

### पशुओं से स्कूली बच्चे रहें सुरक्षित

पत्थलगांव (जशपुर जिला) के लुड़ेंग गांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार की दोपहर को एक हथिनी अपने शावक के साथ घुस आई। वहां एक शिक्षक की मोटर साइकल खड़ी थी जिसे उसने तोड़ दिया। गनीमत यही है कि उस दिन हरेली की छुट्टी थी जिसके चलते शाला में कोई विद्यार्थी नहीं था। यह स्कूल गांव के एकदम कोने में है जिससे सटा हुआ घना जंगल है। इस बात की कल्पना की जा सकती है कि यदि उस दिन अवकाश न रहता तो क्या होता। मानवीय उपस्थिति वन्य प्राणियों को अधिक आक्रामक बना देती है। बच्चों का शोर-गुल हथिनी को गुस्सा दिला सकता था। इस मामले से सबक लेते हुए शालाओं के परिसरों को केवल वन्य पशुओं से ही नहीं, पालतू तथा आवारा जानवरों से भी सुरक्षित बनाये जाने की ज़रूरत है।

छत्तीसगढ़ के कई इलाके वनाच्छादित हैं जिनमें वन्य प्राणियों का बड़े पैमाने पर विचरण होता है। विशेषकर वन क्षेत्रों में कार्यरत स्कूलों के बच्चों को न सिर्फ ऐसे स्कूलों में दिन भर रहकर पढ़ना होता है बल्कि उन्हें आन-जाना भी जंगलों से ही करना होता है। वन्य तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते चलते बच्चों की चिंता तो पालकों एवं अभिभावकों को करनी होगी लेकिन सरकार को देखना होगा कि शालाएं बच्चों के लिये पूर्णतः सुरक्षित हों। बहुत से ऐसे इलाके हैं जो हाथी, भालू, लकड़बग्घे, तेंदुए जैसी प्रजातियों के प्राकृतिक आवास हैं। सांपों का खतरा भी बराबर बना हुआ होता है। शाला परिसरों में सर्पों के निकलने की भी घटनाएं होती हैं। सर्पदंश से छात्रों के मरने की भी वारदातें हो चुकी हैं।

वन क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों के अलावा शहरी तथा अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों के बच्चे गायों तथा कुत्तों से भी परेशान रहते हैं। सड़क जाते स्कूली बच्चों को कुत्तों द्वारा काटने या गौवंशों द्वारा घायल करने की भी वारदातें अक्सर होती हैं। जिन शालाओं की चारदीवारी यदि टूटी हों तो गायों-कुत्तों के कुनबे अक्सर स्कूल परिसर में रात-दिन डेरा जमाये रहते हैं। बरामदों में ये रात भर बैठ रहते हैं। शाला लगने के पहले उनकी साफ-सफाई अनिवार्यतः करनी होती है लेकिन उसके कारण होने वाली दुर्गंध, मक्खियों-मच्छड़ों आदि से बच्चों, शिक्षकों तथा स्टाफ को जूझना पड़ता है। इसके कारण उन्हें मलेरिया, हैजा जैसी बीमारियों का खतरा भी रहता है।

राज्य सरकार शालाओं के निर्माण तथा मरम्मत पर भरपूर पैसे खर्च करती है। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसी शालाएं दिखाई पड़ती हैं जो इसलिये पूरी तरह से खुली हैं क्योंकि उनकी चारदीवारियां टूट चुकी हैं। इसका एक हिस्सा भी टूट जाये तो जानवरों के आने-जाने का मार्ग खुल जाता है। कुछ समय तक मवेशियों के आने-जाने से ये दीवारें ध्वस्त हो जाती हैं। बाद में कुत्ते भी बैठते हैं। असामाजिक तत्वों का इनमें जमावड़ा भी होता है।

# भूतेश्वर महाराज की नगर में निकली भव्य पालकी यात्रा

## चौक-चौराहों पर पालकी यात्रा का हुआ भव्य स्वागत, लोगों ने की महाकाल की पूजा







**पालकी यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक महापौर, अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य नागरिक**

**जगदलपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सावन महीने के तीसरे सोमवार पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर से पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा से पहले मंदिर में पूजा अर्चना व श्रद्धालुओं के द्वारा अभिषेक किया गया। यात्रा में नागपुर का अघोरी कलाकार आकर्षण का केंद्र रहा। नंदी बैल पर सवार शंकर पार्वती की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा। विगत 5 सालों से यह पालकी यात्रा निकाली जा रही है। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी चंदन तिवारी, रोमित राज त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, भाजपा कार्यकर्ता, समस्त श्रद्धालुगण पालकी यात्रा में शामिल हुए। स्टेट बैंक चौक में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पालकी यात्रा का स्वागत किया गया। सारा शहर महाकाल के की पूजा अर्चना में लिफ्ट नजर आया। शाम को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में महाआरती प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

# प्रतिभाओं के सम्मान से दूसरों को भी मिलती है प्रेरणा : किरण सिंह देव



**दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में वार्डरत्न सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

**जगदलपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। होनहार विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान रविवार को दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान होना चाहिये। इससे अन्य लोगों को भी अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। पंजाब सनातन भवन में आयोजित वार्ड रत्न सम्मान समारोह में दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के प्रतिभावान छात्रों व निवासियों को सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अच्छे कार्यक्रम के लिये पार्षद सुरेश गुप्ता की प्रशंसा की। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने वार्ड रत्न से सम्मानित जनों को बधाई व शुभकामनायें दी। दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पार्षद सुरेश गुप्ता ने कहा कि वार्ड वासियों के सहयोग से वार्ड क्षेत्र में निरंतर रचनात्मक कार्य होते हैं। वार्ड के गुणीजनों का सम्मान वार्ड रत्न में किया जा रहा है। वार्ड रत्न सम्मान समारोह में मुथैयाई चैम्पियनशिप छत्तीसगढ़ में स्वर्ण पदक विजेता आरती अवस्थी, युवराज सिंह, मेधावी विद्यार्थी रेखा निषाद, सौम्या झा, ललिता चाण्डक, मन्नत झा, प्रेरक झा, एवं संजय राव, महेश यादव, विजय झा, अंजू राय, श्याम बिहारी मालवीय, नरसिंह सेठिया, जगतपाल सिंह चौहान का समारोह पूर्वक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# यातायात पुलिस जुटी बस स्टैण्ड को व्यवस्थित करने में



- बेतरतीब गाड़ियों पर की गई कार्यवाही, दी गई समझाईश
- नियम पालन न करने पर की जायेगी वैधानिक कार्यवाही

**जगदलपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बस्तर, शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष जैन एवं यातायात प्रभारी मधुसूदन सिंह नाग तथा सउनि अनिल कुलदीप एवं अन्य यातायात स्टाफ के द्वारा 28 जुलाई को, नया बस स्टैण्ड जगदलपुर में कई दिनों से एक ही स्थान पर बेतरतीब खड़ी बस जिसके कारण बस स्टैण्ड एवं मार्ग में जाम की स्थिति बनी रहती थी तथा यात्रियों और आम जनता को आवागमन में असुविधा एवं परेशानी हो रही थी। ऐसे बस वाहन के चालक एवं मालक को निश्चित स्थान पर वाहन खड़ी करने समझाईश दिया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया है। बस स्टैण्ड में रैम्प वाले स्थान पर जो दोपहिया वाहन को खड़ी कर देते हैं जिसके कारण चार पहिया वाहन व्यवस्थित रूप से पार्क नहीं हो पाता था। ऐसे बेतरतीब खड़ी दोपहिया वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का आयोजन



**सुकमा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत, छत्तीसगढ़ सेक्टर सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन ने आज लाखापाल से चिंतलनार तक साइकिल रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षाकर्मियों और आम जनता के बीच फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। सीआरपीएफ के अधिकारियों और कर्मियों ने देशभक्ति की भावना और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। 74 वीं बटालियन सीआरपीएफ के सीईओ हिमांशु पांडे के निर्देशानुसार अभियान का समापन हुआ और उसे हरी झंडी दिखाई गई। युवा और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित यह पहल अनुशासित और सक्रिय जीवनशैली के हिस्से के रूप में खेल और फिटनेस के महत्व पर जोर देती है। इस तरह के आयोजन सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हैं और स्वास्थ्य एवं कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने में सुरक्षा बलों की भूमिका को उजागर करते हैं।

# जर्जर भवनों के मरम्मत पर दें विशेष ध्यान : महेश कुंजाम



**जिला पंचायत के स्थायी शिक्षा समिति की बैठक संपन्न**

**सुकमा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिला स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला शिक्षा समिति महेश कुंजाम ने की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य लीना ओयाम और सोयम भीमा भी उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा विभाग की योजनाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के द्वारा जिले के स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों, स्कूलों की दर्ज संख्या, प्राप्त विभागीय बजट, कार्यरत और रिक्त शिक्षक पद एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल में लाकर शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख व्यक्तियों के सहयोग पर भी चर्चा की गई। उन्होंने स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा बालिका सुरक्षा को लेकर *मायद नूनी* कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कर स्कूलों के संचालन के संबंध में चर्चा हुई। सदस्य सोयम भीमा ने से गगनपल्ली क्षेत्र के स्कूलों की मरम्मत की बात कही। शिक्षा समिति के सभापति महेश कुंजाम ने हॉस्टल, आश्रम को शिफ्ट करने के बारे में चर्चा की। विभाग के साथ जनप्रतिनिधि समन्वय स्थापित करते हुए छात्रहित में काम करेंगे। बैठक में डीएमसी उमा शंकर तिवारी, जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक, एडीपीओ नारायण वर्मा, समस्त एपीसी, साक्षरता नोडल, समस्त बीईओ, बीआरसी एवं एबीईओ उपस्थित रहे।

# स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित करेगा : मद्दी



**कोन्टा के भाजपा नेताओं ने बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष से मुलाकात कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की मांग रखी**

**सुकमा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन, छत्तीसगढ़ ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है, जिसमें श्रीनिवास राव मद्दी को कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति के साथ, कॉर्पोरेशन वनोपज के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने की योजना बना रहा है। नगर पंचायत कोंटा के पार्षद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी विजय नायडू एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता एम राजबाबू, जेट्टी रामाराव, भाजपा कोंटा मंडल के उपाध्यक्ष देबाशीष रॉय ने श्रीनिवास मद्दी से भेंट कर कोंटा क्षेत्र के विकास के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु मांग रखी। छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन बहुत जल्द वनोपज संग्रहण और लघु उद्योगों की शुरुआत कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर प्रदान कर आदिवासी अंचलों में रहने वाले लोगों के आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं बनाई जा रही हैं।

बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी के अनुसार कोंटा क्षेत्र में वनोपज संग्रहण और प्रसंस्करण के लिए लघु उद्योगों की स्थापना कर स्थानीय युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकेगा, आदिवासी समुदायों के लिए आय के नए स्रोत विकसित कर इन योजनाओं के माध्यम से, स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। वनोपज संग्रहण में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ का संग्रहण किया जाता है, महुआ प्रसंस्करण कर इससे निकलने वाले रस से पेय पदार्थ तैयार किया जा सकता है। इस उत्पाद को बाज़ार में अच्छा प्रतिसाद मिलने से यहाँ के लोगों को आर्थिक रूप से काफ़ी लाभ मिलेगा।

# फाइल पैड का निर्माण कर गंगा स्व सहायता समूह हो रही आर्थिक रूप से सशक्त



**जगदलपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन चबिहानज के तहत बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड स्थित कोंडालुर की गंगा महिला स्व सहायता समूह की पांच सदस्य फाइल पैड निर्माण के कार्य में जुटकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। यह समूह पूर्व में भी फाइल पैड का निर्माण कर विभिन्न शासकीय विभागों को उनकी मांग के अनुसार आपूर्ति कर रही थी। समूह को फाइल पैड बनाने के लिए आवश्यक मशीन पहले ही उपलब्ध करा दी गई थी। अब तक समूह द्वारा कुल 5000 से अधिक फाइल और पैड का निर्माण किया जा चुका है, जिनकी कुल कीमत 1 लाख 90 हजार रुपये है। इनमें से 4 हजार 500 फाइलें 1 लाख 71 हजार रुपये में बेची जा चुकी हैं। समूह प्रति फाइल 20 रुपये और प्रति पैड 18 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राज्य स्तरीय पुस्तक विमोचन में सुकमा की शिक्षिका ममता सिंह हुई सम्मानित



**सुकमा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर स्थित होटल सोलिटेयर में च्दिव्यांगताः अधिकार, अवसर और आशाज् शीर्षक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के करकमलों से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण पुस्तक का संपादन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के. शारदा द्वारा किया गया है, जिन्होंने प्रदेश के 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की टीम के सहयोग से इस ज्ञानवर्धक और जनहितकारी कृति का निर्माण किया। मुख्य अतिथि अरुण साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज तभी सम्राट बन सकता है जब हर वर्ग को समान अवसर मिले। दिव्यांग जनों की प्रतिभा और संकल्प समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है राज्य सरकार उनके सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है पुस्तक में दिव्यांगता से संबंधित समस्त जानकारी का समावेश किया गया है जैसे कि शासन से मिलने वाली सुविधाएं, इन सुविधाओं को पाने के लिए क्या करना होगा किससे संपर्क करना होगा । इस पुस्तक में समस्त जानकारी एक साथ मिल जाएगा। इस पुस्तक की विशेषता बड़ी यह है कि इसमें त्तक्र कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं। वीडियो न केवल पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं। इसके अतिरिक्त, यह पुस्तक दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें। यह संसाधन सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग (विशेष रूप से दृष्टिबाधित) विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वारा सभी सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सुकमा जिले के शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हाररास में पदस्थ सहायक शिक्षिका ममता सिंह को पुस्तक लेखन में उल्लेखनीय योगदान के लिए उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 39 नवाचारी शिक्षकों द्वारा लेखन में योगदान दिया गया जिसमें सुश्री के शारदा, धर्मानंद गोजे, वसुंधरा गोजे, प्रीति शांडिल्य, चंचला चंद्रा, महेंद्र कुमार चंद्रा मंजू पाठक, समता सोनी, अनामिका चक्रवर्ती, संतोष कुमार पटेल, सुप्रिया शर्मा, समीक्षा गायकवाड, खोमनलाल सिन्हा, अमरदीप भोगल, बिसेलाल, परवीन बेबी दिवाकर, डॉक्टर कृष्ण पाल राणा, ममता सिंह, हिमकल्याणी सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, पोषण मारकंडे ,रजनी शर्मा, प्रतिभा त्रिपाठी, शिवकुमार बंजारे, सईदा खान, रिंकल बग्गा, लक्ष्मण बांधेकर, देवेंद्र कुमार देवांगन, कुलेश्वर साहू, चानी ऐरी, संतोष कुमार कर्स, रश्मि वर्मा, संतोष कुमार तारक, बलराम नेताम, अनिल कुमार अवस्थी, बृजेश्वरी रावते, यशवंत कुमार पटेल, श्याम सोनी, ज्योति सराफ, शामिल है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों सामाजिक कार्यकर्ता दिव्यांगजन संगठनों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। समारोह में सभी वक्ताओं ने दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली एवं संवेदनशील शैली में किया गया और अंत में आयोजकों द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
एजेंसी देना है
छत्तीसगढ़ प्रदेश की सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक देशबन्धु को कांकेर, केशकाल में एजेंसी देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।
प्रबंधक
मो. 7000480650

**अनुकंपा नियुक्ति पर 31 तक दावा-आपत्ति**

*दंतेवाड़ा, 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार अनुराधा मरकाम, राधिका बरिहा, भूपेन्द्र नेताम, सोनिका सिंह एवं लोकेश बघेल को अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। इस संबंध में दावा-आपत्ति 31 जुलाई तक कार्यालय शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा में प्रस्तुत की जा सकती है।*

# पारंपरिक विरासत और हुनर को मिलेगी पहचान- चैतराम

- दंतेवाड़ा में तीन दिवसीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ
- स्थानीय उत्पादों को सुदृढ़ मंच देने का शानदार प्रयास
- माँ दंतेश्वरी मेंडका डोबरा परिसर में 30 तक आयोजन
- जिला प्रशासन और नीति आयोग की संयुक्त पहल



**दंतेवाड़ा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन एवं नीति आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आज माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित मेंडका डोबरा में तीन दिवसीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। यह आयोजन नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय शिल्पकारों, महिला स्व-सहायता समूहों और उद्यमियों को एक साझा एवं सुदृढ़ मंच प्रदान करता है, जहाँ वे अपने हस्तशिल्प, घरेलू उत्पादों और पारंपरिक सामग्रियों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री अटामी ने कहा, यह हाट हमारी पारंपरिक विरासत और स्थानीय हुनर को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन स्थानीय शिल्पकारों, महिला स्व-सहायता समूहों, उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को नई ऊंचाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। तैयार किए गए प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना तैयार किए जा रहे है, जिससे आगामी समय में इसके विक्रेताओं को सही बाजार मुल्य उपलब्ध होगा। उन्होंने आगे आमजनों से अपील किया कि दिवाली जैसे त्यौहार विशेष में दीदियों द्वारा तैयार किए दीयों का अधिक से अधिक उपयोग करें ताकि उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिले।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मुड़ामी ने कहा कि आकांक्षा हाट स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है, जिससे रोजगार और स्वावलंबन के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य, पोषण, और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही है। कलेक्टर श्री दुदावत ने इस मौके पर कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में नीति आयोग के सहयोग से एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह हाट केवल एक बाजार नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है, जो समावेशी और सतत विकास का वाहक बनेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष जिले में संपूर्णता अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग से जुड़े छह प्रमुख मानकों में से पांच को पूरी तरह संतृप्त किया गया, और छठे मानक में 90 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई। यह उपलब्धि भारत सरकार व नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है, और इसके लिए क्षेत्र के कार्यकर्ताओं हेतु 31 जुलाई को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री नाहटा ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस आकांक्षा हाट के तीन दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय उत्पादों का देखें परखें और उपयोग में लाए। लोगों का प्रतिसाद समूह की महिलाओं का मनोबल बढ़ाएगा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरणा का काम करेगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने हाट में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, नवाचार एवं महिलाओं की भागीदारी की सराहना की। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि एवं पंचायत के उप संचालक मिथलेश किसान, एपीओ श्रीमती क्रांति ध्रुव, पीएम फेलोशिप सुश्री दिव्या कुमारी, उपस्थित थे।

# वन से ही बस्तर में जीवन और खुशहाली: शकुन्तला

- कासोली के वन महोत्सव में पहुंची जनपद अध्यक्ष
- ग्रामीणों को दिया वृक्षों की देखभाल का संदेश
- वन विभाग द्वारा महोत्सव में ग्रामीणों को बांटे जा रहे पौधे



**दंतेवाड़ा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा वनमंडल अंतर्गत डीएफओ डॉक्टर जाधव सागर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा वनो के महत्व के प्रति जागरूक करने अपने-अपने विचार रखे।

इसी कड़ी में आज गीदम परिक्षेत्र के कासोली बालक आश्रम में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान बालक आश्रम कासोली में बच्चों, जन प्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा 30 से अधिक पौधे रोपे गए। साथ ही ग्रामीणों को एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत 100 से अधिक पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, कार्यक्रम अध्यक्ष- दिनेश कौशल (जनपद उपाध्यक्ष), भाजपा मंडल अध्यक्ष- सुधराम भास्कर, शैलेश अटामी (सरपंच-कासोली), दिलीप नेताम (सरपंच कासोली-2) जिला राम कोर्राम (जनपद सदस्य), वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर ने कहा कि वनों से होने वाले लाभ के प्रति जागरूकता ही वनों के बचाव का मुख्य कारण होगा। श्रीमती भास्कर ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने को कहा। उन्होंने कहा कि बस्तर के ग्रामीण, वर्षों से वृक्षों को देव तुल्य मानते आए है। वृक्ष ही हैं, जिन्होंने बस्तर को खुशहाल रखा है। अभी देखा जा रहा है कि खेत के लिए लगातार ग्रामीणों द्वारा वृक्ष काटे जा रहे हैं, जो कि बिल्कुल ग़लत है। उन्होंने कहा कि, अगर हम वृक्षों की अच्छे से देखभाल करें तो कृषि से भी ज्यादा फायदा हम वृक्षों द्वारा मिलने वाले वनोपजो से कमा सकते हैं। इन वनोपजो का उपयोग हमारे पूर्वज आदिकाल से करते आए हैं। वहीं अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी कहा कि वन महोत्सव, भारत में एक महत्वपूर्ण उत्सव है जो पर्यावरण संरक्षण और वनों के महत्व को उजागर करता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचाता है, बल्कि लोगों को प्रकृति के साथ जुड़ने और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करता है।

# सूर्या ताम्रकार को मिला भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ज्ञान श्री अवार्ड




**जगदलपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी ज़िला में संपन्न हुए च्ड्डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 2025ज्ज में प्रदेश के समाजसेवी, लेखक और सांस्कृतिक कार्यकर्ता सूर्या ताम्रकार को च्ड्डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ज्ञान श्री अवार्डज्ज से 27 जुलाई को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उन्हें समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ द्वारा यह सम्मान उनके शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष गर बंजारी वाल्मीकि बस्तर अभिनेत्री माही जस गीत गायक दुकालू यादव आकाश देवांगन व प्रदेशभर के विशिष्ट नागरिक, साहित्यकार, महिला नेतृत्वकर्ता, एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सूर्या ताम्रकार ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए एक बड़ी प्रेरणा और प्रोत्साहन की तरह है। डॉ. कलाम जैसे महान वैज्ञानिक और विचारक की स्मृति में यह सम्मान पाकर मैं स्वयं को कृतज्ञ अनुभव कर रहा हूँ। मेरा उद्देश्य है ङ्क समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता, शिक्षा और अधिकार की रोशनी पहुंचाना है। सूर्या ताम्रकार छत्तीसगढ़ अंचल के उन गिने-चुने व्यक्तित्वों में से हैं, जो लोक-संस्कृति, जन-जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और फिल्म निर्माण के माध्यम से समाज को लगातार दिशा दे रहे हैं। उनकी चर्चित फिल्में, जनगीत, और सामाजिक आंदोलनों को आमजन और प्रशासन दोनों स्तरों पर सराहना मिल चुकी है। समारोह में मौजूद आयोजकों ने कहा कि सूर्या ताम्रकार जैसे समर्पित जनसेवक को सम्मानित करना हमारे लिए भी गर्व की बात है। वे अपने कार्यों से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं।

# जिला प्रशासन से नाराज भाजपा के जनप्रतिनिधियो का सामूहिक इस्तीफे कि धमकी



**नारायणपुर** 28 जुलाई (देशबन्धु)। नारायणपुर जिले की राजनीति में इन दिनों जिला प्रशासन को लेकर असंतोष की लहर दौड़ रही है। जिले के कई भाजपा जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी दी है। नाराज प्रतिनिधियों ने पत्र में प्रशासनिक अधिकारियों पर तानाशाही और अनदेखी का आरोप लगाया है। ओर हस्ताक्षर अभियान चलाकर अन्यत्र तबादले की मांग की है

दरअसल, यह पूरा मामला केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर के तीन दिन पहले हुए नारायणपुर दौरे से जुड़ा है। मंत्री के आगमन पर सर्किट हाउस में हुए स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों और भाजपा नेताओं के बीच प्रोटोकॉल को लेकर तीखी बहस हो गई। भाजपा नेताओं का आरोप है कि प्रशासन ने न सिर्फ जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की बल्कि उनके सम्मान को भी ठेस पहुंचाई। इस विवाद से क्षुब्ध होकर नारायणपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और महामंत्री समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री केदार कश्यप और प्रभारी मंत्री टंकाराम वर्मा को पत्र भेजा है। पत्र में चेतावनी दी गई है कि अगर प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ और जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को मजबूर होंगे। नेताओं का कहना है कि भाजपा की सरकार होने के बावजूद जिला स्तर पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों की लगातार अनदेखी की जा रही है। अधिकारी जनप्रतिनिधियों के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे और राजनीतिक मर्यादा को बार-बार तोड़ा जा रहा है। इस घटनाक्रम से भाजपा की आंतरिक स्थिति को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। संगठन में असंतोष का यह स्वर मुख्यमंत्री और पार्टी नेतृत्व के लिए एक गंभीर संकेत माना जा रहा है। अब देखना होगा कि पार्टी और शासन प्रशासन इस विवाद को कैसे सुलझाते हैं और क्या नाराज प्रतिनिधियों को मनाने की कोशिश की जाती है या इस्तीफे कि धमकी



*भाजपा पदाधिकारी सहित कार्यकर्त्ताओ ने जिस उम्मीद से भाजपा सरकार बनाने मे मेहनत किया था वहां उम्मीद अब ख़त्म हो चुका है जिले का विकास कार्य ठप पड़ा है शासन प्रशासन मे चुने हुए जनप्रतिनिधियों का सुनने वाला कोई है नहीं जनता से किया हुआ वादा पूरा हो नहीं रहा है और अब भाजपा कार्यकर्त्ता भी अपने डबल इंजन सरकार से परेशान है, भाजपा जनप्रतिनिधियों ने भी जनता से दुरी बना लिया है और उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया है, आज भी ग्रामीण क्षेत्र की जनता कहती है की इस बार भाजपा को वोट देकर बहुत बड़ा गलती हो गया बड़ा बड़ा वादा करके हमसे भाजपा सरकार ने वादा खिलाफ़ी किया है, कांग्रेस सरकार था तो लगता था गरीब किसान युवा और सभी वर्ग का सरकार था!*

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न, 3841 परीक्षार्थी हुए शामिल



**कोण्डागांव,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें जिले के 18 परीक्षा केंद्रों में कुल पंजीकृत 4620 परीक्षार्थी में से 3841 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 779 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इससे पहले परीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी ढंग से परीक्षा संपन्न कराने हेतु

# ट्रिपल इंजन की सरकार में महिलाएं असुरक्षित: तुलिका

- महिला कांग्रेस ने पालनार और किरन्दुल की घटनाओं का दिया ब्यौरा
- पुलिस पर पीड़िता का एफ आई आर नहीं लिखने का आरोप
- जिपं अध्यक्ष नंदलाल को बताया संवेदनहीन
- विधायक की खामोशी पर उठाए सवाल



**दंतेवाड़ा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। महिला कांग्रेस ने दंतेवाड़ा जिले में महिलाओं की सुरक्षा में विफलता को लेकर पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े किये हैं। पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री तुलिका कर्मा, श्रीमती सुमित्रा सोरी, श्रीमती इंदिरा शर्मा, श्रीमती इंदिरा ठाकुर एवं ज्योति राव ने कहा है कि ट्रिपल इंजन की सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। पुलिस पीड़िता की एफआईआर तक नहीं लिख रही है। यह कैसी सरकार है जो बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का केवल नारा लगाती है। हकीकत में सरकार में नारी सम्मान का भाव नहीं है। पत्रवार्ता में तुलिका और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि पालनार में एक महिला की अनाचार के बाद हत्या कर दी गई। किरन्दुल के पेरपा की एक महिला के साथ अनाचार हुआ, महिला अपोलो अस्पताल में भर्ती है, लेकिन उनके परिजनों के आवेदन पर पुलिस ने एफआईआर तक नहीं की। महिला कांग्रेस की टीम अस्पताल पहुंची तो प्रबंधन ने पीड़िता के साथ अनाचार से साफ इंकार कर दिया। कांग्रेस की टीम को महिला के परिजनों ने जानकारी दी कि पीड़िता को पेड़ में बांध कर रखा गया था। इस मामले में महिला कांग्रेस यह मांग करती है कि जिला अस्पताल की टीम द्वारा पीड़िता के स्वास्थ्य की जांच हो, अपोलो अस्पताल पर भरोसा नहीं है। इसी तरह किरन्दुल में ही भाई-बहन अपने घर जा रहे थे, एस्सार के पास असामाजिक तत्वों ने छेड़खानी की कोशिश की। इस मामले में भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। एनएमडीसी में बाहरी कंपनियों के असामाजिक तत्व हावी हैं, पुलिस उनका सही ढंग से सत्यापन भी नहीं कर रही है। तुलिका ने पत्रवार्ता में आगे बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, एनएमडीसी अस्पताल के निरीक्षण पर थे, लेकिन उन्होंने अस्पताल में भर्ती पेरपा मामले की पीड़िता से मुलाकात भी नहीं की। यह कैसी संवेदनशीलता है। दंतेवाड़ा जिले में ही एक महीने पहले एकलव्य विद्यालय की नाबालिग छात्रा गर्भवती हुई थी, इस मामले में महीने भर बाद भी दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे साबित होता है कि केन्द्र व राज्य सरकार इस मामले के दोषियों को बचाने में लगी है। इसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए। महिलाओं के साथ हो रहे इन घटनाओं पर क्षेत्रीय विधायक की खामोशी भी कई संदेहों को जन्म देती है। इन मुद्दों पर महिला कांग्रेस ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# दंतेवाड़ा भाजपा की नई कार्यकारिणी घोषित

- अनुभवी और युवाओं को शानदार मौका
- 6-6 उपाध्यक्ष और मंत्री बनाए गए
- विधायक और जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को दी बधाई

**दंतेवाड़ा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी, विधायक चैतराम अटामी व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के अनुमोदन से भाजपा के जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गयी है।





नई कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें मुकेश शर्मा, पिन्टू राम उइके, कमला नाग, सत्यनारायण महापात्र, सुमित सरकार और धर्मपाल मिश्रा शामिल हैं। इसी तरह सत्यजीत चौहान एवं मुन्ना मरकाम महामंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगे। 6 मंत्री भी बनाए गए हैं। इनमें भुनेश्वर भारद्वाज, श्रीमती लता मरकाम, राजमन ठाकुर, श्रीमती राजश्री मंडावी, श्रीमती मालती मुड़ामी एवं श्रीमती अनिता वर्मा शामिल हैं। मनीष सुराना को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। दीपक बाजपेई जिला भाजपा प्रवक्ता होंगे। विधायक श्री अटामी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में नियुक्त सभी पदाधिकारियों के समर्पण और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता से निश्चित ही भाजपा को नई शक्ति प्राप्त होगी और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ेगा। जिलाध्यक्ष संतोष ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग एवं नेतृव से पार्टी को नयी ऊर्जा मिलेगी एवं शासन की योजनाओं व संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का कार्य बेहतर रूप से संचालित किया जायेगा।

## निधन

### रिज़वान हैदर (पटवा)



**रायपुर** 28 जुलाई 7 रिज़वान हैदर (पटवा) भूतपूर्व उपाध्यक्ष छ.ग.उर्दू अकादमी (51वर्ष) का निधन रविवार की रात में हो गया है। उनकी मय्यत सोमवार को दोपहर 1 बजे, उनके निवास स्थान मोमिनपारा से मौदहापारा क़ब्रस्तान ले जाई गई, जहाँ सुपुर्दे ख़ाक किया गया। रिज़वान हैदर (पटवा) भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे। मूसा होटल वाले मो. यूशा, गुलाम मुस्तफा, वसी, मोनिस रज़ा के भाई थे। उनके असामयिक निधन से उनके परिवार, समाज, मित्रों, पार्टीजनों में शोक व्याप्त है। आज दोपहर उनके जनाज़े में बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोगों के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के अनेक गणमान्य लोगों ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा



रायपुर 28 जुलाई (देशबन्धु)। वीरमाता श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा (धर्मसहायिका स्व. श्री ज्ञानचंद जी गोलछा) का निधन रविवार दिनांक 27 जुलाई 2025 को रात्रि मे हो गया है7 उनका अंतिम संस्कार सोमवार दिनांक 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे आप जिनशासन में समर्पित महासती श्री जयप्रज्ञा श्रीजी म. सा. की संसारिक माताजी थी, महावीर, अशोक गोलछा की मां, महेंद्र, मोरध्वज की काकी, पीयूष, श्रेयांश, पार्श्व, सुबाहु की दादी थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रतिभाओं के सम्मान...

सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश ठाकुर व आभार प्रदर्शन सुनील जैन ने किया। इस अवसर पर नारायण चांडक शशांक श्रीवास्तव, सूर्य भूषण सिंह, पुष्प लता सेठिया, प्रेम आचार्य, विवेक झा, आशा राव, सुनील गिरधर, गोकुल साव,कपिल सोनी, शेखर साव, मनीष निषाद, धनिता साहू, अभिषेक अवस्थी सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### फाइल पैड का निर्माण..

रुपये की दर से बेच रहा है। बनाए जा रहे इन फाइलों को शासकीय विभागों और अन्य स्थानों पर मांग के अनुरूप बेचा जाता है। फाइल निर्माण की इस गतिविधि से समूह की सदस्यों को आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन मिला है। वे घर के कामकाज के साथ-साथ कार्यालयों में उपयोग होने वाली फाइलों का निर्माण भी कर रही हैं, जिससे समूह की आय में लगातार वृद्धि हो रही है और समूह से जुड़ी सदस्यों को निरंतर रोजगार प्राप्त हो रहा है।

# जीवन बचाने का सबसे आसान काम रक्तदान- कलेक्टर

- मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में नागरिकों, जवानों और अफसरों की भागीदारी
- कलेक्टर-एसपी और सीईओ ने रक्तदान को बताया महत्वपूर्ण




**दंतेवाड़ा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, सुरक्षाबलों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित सीआरपीएफ एवं डीआरजी के जवानों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वास्थ्य विभाग के अमले ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में जिलेवासियों की सराहनीय भागीदारी देखने को मिली है। एक घंटे के भीतर 30 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो एक सकारात्मक संकेत है। जिले में दुर्घटनाओं, प्रसव एवं अन्य आपात चिकित्सा स्थितियों में रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे में इस तरह के रक्तदान शिविर अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि आगे भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और जरूरतमंदों को जीवनदान देने का सबसे सरल माध्यम है।

एसपी श्री राय ने कहा कि ब्लड डोनेशन एक स्वस्थ और नेक कार्य है। इस शिविर में सीआरपीएफ एवं डीआरजीएफ के जवानों ने भी सहभागिता दिखाई, जो यह दर्शाता है कि समाज के हर वर्ग को इस प्रकार के मानवीय कार्यों में भाग लेना चाहिए। यह न सिर्फ दूसरों के लिए लाभकारी है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है।

जिला पंचायत सीईओ श्री नाहटा ने कहा, ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता जिला अस्पताल के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होती है। विशेषकर ऐसे मरीजों के इलाज में, जिन्हें नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है, ब्लड बैंक में संग्रहित रक्त अत्यधिक उपयोगी होता है। इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में सीएमएचओ अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. अभय तोमर, डीपीएम प्रतीक सोनी, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# कोंडागांव बिहान कार्यक्रम भर्ती: 8 महीने से लटका मामला, ग्रामीण महिलाओं के भविष्य पर सवाल!

**फरसगांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में ग्रामीण महिलाओं के जीवन और आजीविका को सशक्त बनाने वाले महत्वपूर्ण बिहान कार्यक्रम में नियुक्तियों को लेकर आठ महीने से अधिक समय से गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। जिला पंचायत कोंडागांव द्वारा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, और ऑपरेटर जैसे अहम पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए हुए लंबा अरसा बीत चुका है, लेकिन राज्य से अनुमति मिलने के बावजूद जिला प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। यह उदासीनता न केवल भर्ती नियमों का उल्लंघन कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की उन सैकड़ों महत्वाकांक्षी महिलाओं के सपनों के साथ भी खिलवाड़ है, जिनकी आजीविका बिहान कार्यक्रम से सीधे जुड़ी है।



### अटकलों का बाजार गर्म: क्या दाल में कुछ काला है ?

जिला प्रशासन की इस रहस्यमयी चुप्पी ने स्थानीय हलकों में तरह-तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली अनौपचारिक जानकारियों के आधार पर, भर्ती प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं और गड़बड़ियों की आशंकाएं जोर पकड़ रही हैं। ऐसी खबरें तैर रही हैं कि कोई विकास खंड के अभ्यर्थी अपने आप को चयन का दावा करने में पीछे नहीं है तो इस संवेदनशील भर्ती प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी कर किसी खास लोगों को फायदा पहुंचाने की कोशिश तो नहीं की जा रही है? ग्रामीण विकास से जुड़े इतने बड़े कार्यक्रम में, जहाँ पारदर्शिता और ईमानदारी सर्वोपरि होनी चाहिए, वहां इस तरह का संदिग्ध मौन अपने आप में चिंता का विषय है। यह सीधे तौर पर उन हजारों ग्रामीण परिवारों के भविष्य से जुड़ा है जो बिहान कार्यक्रम के सफल संचालन पर निर्भर करते हैं।

### प्रशासन की चुप्पी और जनता का आक्रोश

*जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण या समय-सीमा जारी न होने से आवेदकों और ग्रामीण समुदाय में गहरा आक्रोश पनप रहा है। यह सवाल लाजिमी है कि आखिर क्यों एक लोक-कल्याणकारी कार्यक्रम की नियुक्तियों को जानबूझकर लटकाया जा रहा है? क्या प्रशासन किसी दबाव में है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश है? समय रहते यदि इन नियुक्तियों को पूरा नहीं किया गया, तो बिहान कार्यक्रम का उद्देश्य ही अधूरा रह जाएगा, और इसका सीधा खामियाजा जिले की मेहनती और आत्मनिर्भर बनने की चाह रखने वाली ग्रामीण महिलाओं को भुगतना पड़ेगा। स्थानीय नागरिक और सामाजिक संगठन अब प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं ताकि योग्य उम्मीदवारों को उनका हक मिल सके और बिहान कार्यक्रम अपने सही मायने में सफल हो सके।*

**जिम्मेदार अधिकारी को सुने**

इस विषय पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई से बात करने पर उन्होंने कहा कि हमारे अकाउंट ऑफिसर का तबादला होने के चलते भर्ती प्रक्रिया पेंडिंग पड़ गया था, अभी फिलहाल नए अकाउंट ऑफिसर आ गए हैं और जल्दी ही भर्ती प्रक्रिया पुरी की जाएगी।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान न्यायधीश ने ली बैठक



***कोण्डागांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान न्यायधीश द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों और पैनल अधिवक्ताओं की बैठक लिए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि 25 जुलाई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन एवं अधिकतम प्रकरणों के सौहार्दपूर्ण निपटारे हेतु प्रधान न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं पैनल अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य नेशनल लोक अदालत के सफल एवं प्रभावी संचालन हेतु न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के मध्य समन्वय स्थापित करना एवं अधिकतम प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण निपटारा सुनिश्चित करना रहा।*

*इस बैठक में 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में लंबित मामलों का निस्तारण की प्रक्रिया और पक्षकारों को अधिकतम लाभ कैसे प्रदान किया जाए तथा नेशनल लोक अदालत के आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई जिसमें विशेष रूप से मामलों की छटनी कर पक्षकारों की सहमति प्राप्त करना एवं आपसी सुलह के माध्यम से मामलों का समाधान सुनिश्चत करने के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया।*

*न्यायाधीश द्वारा अधिवक्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर के मामलों के त्वरित समाधान के लिए प्रयास करें और पक्षकारों को सुलह-समझौते के लिए प्रोत्साहित करें। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करना है ताकि न्याय प्रक्रिया सरल, सुलभ और कम खर्चीली बन सके और इससे पक्षकारों को राहत मिल सके।*

## फरसगाँव पुलिस ने कुछ ही घंटों में बलात्कार और अपहरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरसगांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। फरसगांव पुलिस ने एक नाबालिग पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर मोटरसाइकिल पर अगवा कर बलात्कार करने वाले आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने फरसगांव थाने में 17 फरवरी 2025 की घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि रात करीब 9 बजे एक नाबालिग लड़के ने पीड़िता पर दबाव डालकर उसे शादी समारोह से बाहर बुलाया। वहां गुडेश्वर मरकाम पहले से मोटरसाइकिल लेकर खड़ा था। पीड़िता और आरोपी दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे और एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते थे ।नाबालिग लड़के और गुडेश्वर मरकाम ने पीड़िता को बात करनी है कहकर जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाया और नाबालिग लड़के के घर के पीछे खेत में बनी एक झोपड़ी में ले गए। नाबालिग लड़का मोटरसाइकिल लेकर वापस आ गया, और गुडेश्वर मरकाम ने पीड़िता को नाबालिग जानते हुए भी उसे जान से मारने की धमकी देकर उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने पीड़िता को इस घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर फरसगांव थाने में अपराध क्रमांक 100/2025, धारा 137(2), 65(1), 351(3), 3(5) बीएनएस, और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।



**एक नाबालिग भी हिरासत में**

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए, कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय शिंदे के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान, आरोपी गुडेश्वर मरकाम (पिता बेसावराम मरकाम, उम्र 20 वर्ष, निवासी बेसवापारा गारे (रांधना)) और घटना में शामिल नाबालिग को पूछताछ के बाद गिरफ्तार/हिरासत में ले लिया गया। दोनों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कोंडागाँव पुलिस महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में लगातार त्वरित और कड़ी कार्रवाई कर रही है। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक संजय शिंदे थाना प्रभारी फरसगांव, निरीक्षक राजकुमारी पाण्डेय रक्षित केंद्र कोंडागांव, सउनि सुरेंद्र बघेल, पीतांबर कठार, आरक्षक अजय मरकाम, नारायण शार्दूल, और महिला आरक्षक सरस्वती यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## कांवरियों ने माकड़ी शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



### बम भोले के जयकारों से गूंजा गढ़पारा

**फरसगांव/माकड़ी**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। सावन मास के तीसरे सोमवार को माकड़ी का प्राचीन शिव मंदिर च्बम भोलेज्ज के जयकारों से गूंज उठा, जब सिहावा से जल लेकर निकले कांवरियों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवरियों का यह जत्था कली बेड़ा होते हुए गढ़पारा माकड़ी पहुंचा, जहां उनकी आस्था का सैलाब देखने लायक था। भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक यह जलाभिषेक कार्यक्रम कांवरियों और स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुभव रहा। कांवरियों ने पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ शिवलिंग पर जल अर्पित किया। इस अवसर पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया।

माकड़ी की सरपंच, श्रीमती रुक्मणी पोयाम, ने इस पवित्र अवसर पर कांवरियों और श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी और केले का वितरण कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में गढ़पारा निवासियों का सराहनीय सहयोग रहा, जिन्होंने अपनी भक्ति और सेवा भाव से इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि इसने समुदाय में एकता और सौहार्द की भावना को भी सुदृढ़ किया।

## भारत स्काउट एवं गाइड ने मनाया कारगिल विजय दिवस



### कब-बुलबुल टीम मुरारीपारा बड़ेबेंदरी ने दी कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त भीषभ देव साहू के कुशल मार्गदर्शन में एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी जिला कोंडागांव कब-बुलबुल टीम के द्वारा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारगिल के अमर शहीदों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू एवं कब-बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कब मास्टर मास्टर पवन कुमार साहू ने कारगिल के शूरवीरों की शौर्य गाथा सुनाते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु कब बुलबुल के छात्र छात्राओं द्वारा कारगिल युद्ध का झांकी भी प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं में देशभक्ति का जज्बा जगाने और देश की रक्षा हेतु जान के परवाह न करने के सीख देने के उद्देश्य से कैप्टन विक्रम बत्रा सहित अन्य शूरवीरों के अदम्य साहस, वीरता, बलिदान की शौर्य गाथा सुनाया गया तथा कारगिल युद्ध की जानकारी देते हुए कहा कि 26 जुलाई 1999 को कारगिल की बर्फीली चोटियों पर दुश्मन सेना को नेस्तनाबूद कर तिरंगा झंडा फहराकर भारतीय सेना के शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के नेतृत्व में विजय हासिल की थी। 60 दिन तक चले इस युद्ध में अनेक भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए, जिनकी याद में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

उपरोक्त कार्यक्रम की सफल आयोजन में विशेष सहयोग कब मास्टर पवन कुमार साहू, शिक्षिका श्रीमती संतोषी पटेल, श्रीमती इशिता भंडारी एवं कब-बुलबुल टीम के समस्त छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## संसाधनों की कमी पूरा करने की मांग पर अडिग तहसीलदार संघ

### 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार संघ ने शुरू किया हड़ताल



**कोण्डागांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। संसाधनों की कमी को पूरा करने की मांग पर अडिग छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ (तहसीलदार संघ) के बैनर तले तहसीलदारों द्वारा 28 जुलाई को जिले के ड़ी.एन.के. मैदान में 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल शुरू किया गया है। हड़ताल पर बैठे तहसीलदार मनोज कुमार रावटे ने बताया कि पूर्व में सरकार को ज्ञापन सौंपकर संघ द्वारा 26 जुलाई तक ठोस पहल करने की मांग किया था, लेकिन राज्य सरकार के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। जिसके कारण ही अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन चरणों में आंदोलन की रणनीति बनाई गई है। संघ की प्रमुख मांगों में तहसीलों में स्वीकृत पदों पर तत्काल पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर 50 अनुपात 50 में पदोन्नति, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने, लंबित ग्रेड पे में सुधार, शासकीय वाहन व चालक की उपलब्धता तथा बिना वैध प्रक्रिया के निलंबित अधिकारियों की शीघ्र बहाली आदि शामिल हैं। इसके साथ ही न्यायालयीन आदेशों में एफआईआर दर्ज न करने, तहसीलों में प्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर व सुरक्षा कर्मी की नियुक्ति, सड़क दुर्घटनाओं व आपदा प्रबंधन के दौरान मौके पर मुआवजा राशि की स्पष्ट गाईड लाइन बनाने और राजस्व न्यायालय को सुदृढ़ करने हेतु विशेषज्ञ समिति गठित करने जैसी मांगें भी प्रमुख हैं। संघ का कहना है कि तहसीलें राजस्व व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन न्यूनतम संसाधनों के अभाव में अधिकारियों से समय पर कार्य निष्पादन की अपेक्षा करना अनुचित है। तहसीलदारों ने साफ कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा का पालन तभी संभव है, जब शासन आवश्यक मानव संसाधन और तकनीकी सुविधाएँ उपलब्ध कराए।

कार्यक्रम के तहत आंदोलन का पहला चरण 28 जुलाई को जिला स्तर पर, दूसरा चरण 29 जुलाई को संभाग स्तर पर और तीसरा चरण 30 जुलाई को राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन के रूप में होगा। यदि तब भी मांगों पर पहल नहीं की गई तो संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। संघ ने शासन से अपील करते हुए कहा कि हमारी मांगें केवल कर्मचारियों के हित में नहीं, बल्कि आम जनता की सुविधा से भी सीधे जुड़े हैं, यदि शासन ने समय रहते सकारात्मक पहल नहीं किया, तो संघ उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा।

## मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर रसोइयों का तीन दिवसीय धरना शुरु हुआ



**कोण्डागांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के बैनर तले जिले भर के रसोइया आज से तीन दिवसीय धरना पर बैठे नजर आए। यह धरना 28 जुलाई से 30 जुलाई तक डी.एन.के. मैदान, कोण्डागांव में आयोजित किया जा रहा है।

संघ की ओर से बताया गया कि अंतिम दिन यानी 30 जुलाई को रसोइया रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे और हड़ताल समाप्ति की घोषणा करेंगे। रसोइयों की मुख्य मांगों में चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि, अंशकालिक को पूर्णकालिक दर्जा देकर कलेक्टर दर से मानदेय प्रदान करना तथा रसोइयों को काम से निकाले जाने की प्रक्रिया पर रोक लगाना शामिल है। संघ की ओर से सगराम मरकाम जिला अध्यक्ष रसोइया संघ कोण्डागांव ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक आंदोलन की राह जारी रहेगी। उधर, धरना के कारण जिले के विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन वितरण प्रभावित होने की संभावना है।

## प्रशासन की लापरवाही से एम्बुलेंस के लिए भटकते हैं लोग, खड़ी है दो-दो एम्बुलेंस सीएमएचओ ऑफिस में: नरेन्द्र देवांगन

**कोण्डागांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने सीएमएचओ ऑफिस में खड़ी एम्बुलेंस को लेकर प्रशासन पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कोंडागांव जिला अस्पताल में दूर ग्रामीण इलाकों से लोग आकर रिफर की कंडीशन में एम्बुलेंस के लिए भटकते रहते हैं, कई बार 108 उपलब्ध नहीं होने की स्थिति मे व्यवस्था के तहत पुरानी एम्बुलेंस में 5-6 हजार का डीजल डलवाकर हायर सेंटर जाने को मजबूर होते हैं।



लेकिन प्रशासन को इससे कोई लेना देना नहीं है, इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। आखिर ये सुविधा किसके लिए ? जो दो-दो एम्बुलेंस सीएमएचओ कार्यालय में खड़ा करके कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं। क्या ये नए नए एम्बुलेंस सिर्फ दिखावे के लिए हैं ? तत्कालीन विधायक मोहन मरकाम ने जन सुविधा को देखते हुए अपने विधायक निधि से एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस कोंडागांव जिला अस्पताल को दिलवाए थे, परन्तु उद्घाटन के बाद से एम्बुलेंस सिर्फ कार्यालय की शोभा बढ़ाने के काम आ रही है। जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। साथ ही रूर्बन मिशन अंतर्गत प्रदत्त एक और एम्बुलेंस वहीं बगल में खड़ी नजर आती है। यानि कहीं न कहीं दो-दो एम्बुलेंस प्रशासन की लापरवाही कहें या कमजोरी की वजह से सड़क में नहीं दौड़ पा रही है, सेवा नहीं दे पा रही है। यह दोनों एम्बुलेंस अगर जिला अस्पताल में मरीजों के लिए है तो कार्यालय में क्यों खड़ी हैं, अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग को इन एम्बुलेंस को कैसे उपयोग में लाया जाये? कैसे जनता को इन एम्बुलेंस का लाभ मिल सके? इस दिशा में ध्यान देने की आवश्यकता है। नरेन्द्र देवांगन ने आगे कहा कि मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी मांग करती है, इन एम्बुलेंस को कार्यालय की शोभा बढ़ाने खड़ी न रखकर उपयोग में लाया जाए, ताकि जिस उद्देश्य से शासकीय पैसे का उपयोग किया गया है, उसका लाभ आमजनता को मिल सके। इन एम्बुलेंस को सड़क पर उतारने में जो भी कमी है, उस कमी को दूर करने की दिशा में प्रशासन को कार्य करने की जरूरत है। हम सत्ता में रहें या विपक्ष में जनता सर्वोपरि है। जनता के लिए जो सुविधा है, उसे दिलाने के लिए हम लड़ते रहेंगे। यह कोई राजनितिक विषय नहीं है। जनता के स्वास्थ्य सुविधा की बात है, प्रशासन से उम्मीद है, जल्द ही संज्ञान में लेकर इस महत्वपूर्ण जन हितैषी कार्य को त्वरित रूप से करेगी।

## प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन गत दिवस जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभा कक्ष में किया गया। कार्यशाला में योजनान्तर्गत खाद्य पदार्थों के निर्माण हेतु चर्चा की गई एवं जिले में खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए उद्योग स्थापना हेतु हितग्राहियों को मार्गदर्शन किया गया। उक्त कार्यशाला में नगर के महिला स्व सहायता समूह एवं पीएमएफएमई योजना के तहत् लाभान्वित हितग्राही, कोण्डागांव ब्लॉक के डीआरपी अक्षत श्रीवास्तव एवं राजेन्द्र कुमार नेताम उपस्थित रहे। कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव से श्रीमती कुसुमलता नेताम, प्रबंधक, श्रीमती नम्रता एल्मा, सहायक प्रबंधक एवं लीड बैंक अधिकारी, अशोक मिंज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यव्यवसायी घनश्यम ब्रम्हे, कार्यालय परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज से कुलेश्वर वर्मा एवं जनपद पंचायत डीपीएम कोण्डागांव अखिलेश सलाम की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया।



उल्टा पुल्टा

टीचर (छात्र से)- बताओ हाथी और घोड़े में क्या फर्क होता है?
छात्र-सर घोड़े की एक तरफ दुम होती है और हाथी की दोनों तरफ।

संपादकीय

## पशुओं से स्कूली बच्चे रहें सुरक्षित

*पत्थलगांव (जशपुर जिला) के लुड़ेंग गांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार की दोपहर को एक हथिनी अपने शावक के साथ घुस आई। वहां एक शिक्षक की मोटर साइकल खड़ी थी जिसे उसने तोड़ दिया। गनीमत यही है कि उस दिन हरेली की छुट्टी थी जिसके चलते शाला में कोई विद्यार्थी नहीं था। यह स्कूल गांव के एकदम कोने में है जिससे सटा हुआ घना जंगल है। इस बात की कल्पना की जा सकती है कि यदि उस दिन अवकाश न रहता तो क्या होता। मानवीय उपस्थिति वन्य प्राणियों को अधिक आक्रामक बना देती है। बच्चों का शोर-गुल हथिनी को गुस्सा दिला सकता था। इस मामले से सबक लेते हुए शालाओं के परिसरों को केवल वन्य पशुओं से ही नहीं, पालतू तथा आवारा जानवरों से भी सुरक्षित बनाये जाने की ज़रूरत है।*

*छत्तीसगढ़ के कई इलाके वनाच्छादित हैं जिनमें वन्य प्राणियों का बड़े पैमाने पर विचरण होता है। विशेषकर वन क्षेत्रों में कार्यरत स्कूलों के बच्चों को न सिर्फ ऐसे स्कूलों में दिन भर रहकर पढ़ना होता है बल्कि उन्हें आन-जाना भी जंगलों से ही करना होता है। वन्य तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते चलते बच्चों की चिंता तो पालकों एवं अभिभावकों को करनी होगी लेकिन सरकार को देखना होगा कि शालाएं बच्चों के लिये पूर्णतः सुरक्षित हों। बहुत से ऐसे इलाके हैं जो हाथी, भालू, लकड़बग्घे, तेंदुए जैसी प्रजातियों के प्राकृतिक आवास हैं। सांपों का खतरा भी बराबर बना हुआ होता है। शाला परिसरों में सर्पों के निकलने की भी घटनाएं होती हैं। सर्पदंश से छात्रों के मरने की भी वारदातें हो चुकी हैं।*

*वन क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों के अलावा शहरी तथा अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों के बच्चे गायों तथा कुत्तों से भी परेशान रहते हैं। सड़क जाते स्कूली बच्चों को कुत्तों द्वारा काटने या गौवंशों द्वारा घायल करने की भी वारदातें अक्सर होती हैं। जिन शालाओं की चारदीवारी यदि टूटी हों तो गायों-कुत्तों के कुनबे अक्सर स्कूल परिसर में रात-दिन डेरा जमाये रहते हैं। बरामदों में ये रात भर बैठ रहते हैं। शाला लगने के पहले उनकी साफ-सफाई अनिवार्यतः करनी होती है लेकिन उसके कारण होने वाली दुर्गंध, मक्खियों-मच्छड़ों आदि से बच्चों, शिक्षकों तथा स्टाफ को जूझना पड़ता है। इसके कारण उन्हें मलेरिया, हैजा जैसी बीमारियों का खतरा भी रहता है।*

*राज्य सरकार शालाओं के निर्माण तथा मरम्मत पर भरपूर पैसे खर्च करती है। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसी शालाएं दिखाई पड़ती हैं जो इसलिये पूरी तरह से खुली हैं क्योंकि उनकी चारदीवारियां टूट चुकी हैं। इसका एक हिस्सा भी टूट जाये तो जानवरों के आने-जाने का मार्ग खुल जाता है। कुछ समय तक मवेशियों के आने-जाने से ये दीवारें ध्वस्त हो जाती हैं। बाद में कुत्ते भी बैठते हैं। असामाजिक तत्वों का इनमें जमावड़ा भी होता है।*

# तहसीलदारों की हड़ताल शुरू कार्यालयों में ताले, राजस्व सेवाएं ठप



## बुधवार तक नहीं बन पाएंगे जमीन के काम व जाति प्रमाण पत्र

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले आज से चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। च्च्संसाधन नहीं तो काम नहींज्ज के नारे के साथ किए जा रहे इस आंदोलन का आज पहला दिन है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिले के तहसीलदास और नायब तहसीलदार अवकाश लेकर प्रदर्शन कर बैठे है।

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा की यह प्रदर्शन शासन द्वारा लंबे समय से लंबित कार्यक्षमता से जुड़ी समस्याओं, संसाधनों की कमी, पदोन्नति एवं संरचनात्मक सुधार की मांगों की अनदेखी के विरोध में किया जा रहा है। इसकी आज से जिला स्तर से रूप में हुई है।आज रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल सहित सभी जिलों में किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में करीब से 550 के करीब तहसीलदार की संख्या है। कल 29 जुलाई को संभाग स्तर पर और 30 जुलाई को प्रांत स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इसके पहले तहसीलदार और नया तहसीलदारों ने राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ मुलाकात की तहसीलदारों ने कहा कि राजस्व मंत्री ने मुलाकात में सभी बातों को सुना है। उन्होंने कहा कि तहसीलदारों की मांग जायज है सरकार जल्द इस पर निर्णय लेगी.। लेकिन निर्णय लेने पर आज से निरंतर आंदोलन की शुरुवात की जा रही है।

17 सूत्रीय मांगों में सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना-सभी तहसीलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, नायब नाजिर, माल जमादार भृत्य, वाहन चालक. आदेशिका वाहक राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। यदि संभव न हो तो संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए।

सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50-50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए। नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग। इस आशय की पूर्व घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए। तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र किया जाए। शासकीय वाहन की उपलब्धता।

सभी तहसीलों में कार्यवाही, प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी हेतु शासकीय वाहन व चालक की व्यवस्था हो या वाहन भत्ता प्रदान किया जाए. बिना वैध प्रक्रिया, नियमित आदेश या अभियोजन कार्रवाई से प्रभावित तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को 15 दिवस में जांच पूर्ण कर बहाल किया जाए। न्यायालयीन मामलों को जनशिकायत/जनशिकायत प्रणाली में स्वीकार न किया जाए ।न्यायालयीन आदेशों पर एफ आई आर नहीं किया जाए। न्यायालयीन कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रोटोकॉल ड्यूटी से पृथक व्यवस्था की जाए। आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की नियुक्ति हेतु तहसीलदार को अधिकृत किया जाए ।स्वामित्व योजना, ई कोर्ट भू-अभिलेख जैसे तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर नियुक्त किए जाएं।

तहसीलदारों की पर्याप्त संख्या को देखते हुए एस एल आर को पुनः भू अभिलेखीय कार्यों हेतु बहाल किया जाए। शासकीय मोबाइल नंबर और डिवाइस प्रदान किया जाए। प्रत्येक तहसील में सुरक्षा कर्मी की तैनाती एवं फील्ड भ्रमण हेतु वाहन उपलब्ध कराया जाए। सड़क दुर्घटना में तहसीलदारों के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि 25हजार तत्काल मौके पर देने की मांग आती है। परंतु तत्काल में राशि उपलब्ध नहीं होती है उक्त राशि मौके पर दिए जाने के संबंध में शासन से स्पस्ट गाइडलाइन्स जारी हो। शासन के समक्ष मांगें प्रस्तुत करने व समाधान हेतु वार्ता एवं पत्राचार में संघ को मान्यता दी जाए। प्रदेश में राजस्व न्यायालय के संदर्भ में सलाह व अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किये जाने हेतु राजस्व न्यायालय सुदृणीकरण तहत विशेषज्ञ कमिटी/परिषद का गठन किया जाए।

## मिशन कर्मयोगी, छत्तीसगढ़ और भारत सरकार के बीच एमओयू

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष आज नवा रायपुर स्थित एक निजी होटल में भारत सरकार की क्षमता विकास आयोग और छत्तीसगढ़ शासन के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत हुए इस एमओयू पर छत्तीसगढ़ शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू तथा क्षमता विकास आयोग की ओर से सदस्य सचिव वी. ललिता लक्ष्मी ने हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री ने बताया कि मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में चार लाख शासकीय सेवकों को सतत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अब तक लगभग 50 हजार अधिकारी-कर्मचारी इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं।

## राजधानी में एक साल में बनेंगे 7 नए ओवरब्रिज

### ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, हर सड़क पर 20 मिनट बचेंगे

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर को 7 नए ओवरब्रिज की सौगात मिलने जा रही है। 25 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर में एक साल के भीतर लोक निर्माण विभाग इन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लेगा इन प्रोजेक्ट्स के लिए बजट भी मंजूर कर दिया है। ओवरब्रिज बनाने के लिए उन सड़कों की पहचान की गई है, जहां सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम और हादसे होते हैं पीडब्ल्यूडी ने इसी सर्वे के आधार पर तय किया गया कि किस सड़क पर नया ओवरब्रिज बनना है। नए ओवरब्रिज के निर्माण से ट्रैफिक जाम-हादसों में कमी आएगी और हर सड़क पर जनता के 20 मिनट बचेंगे।

लोक निर्माण विभाग के मुताबिक, राजधानी में सबसे पहले ओवरब्रिज कालीबाड़ी चौक से पुलिस लाइन गेट और अमलीडीह चौक, केनाल लिंकिंग रोड पर द्रोणाचार्य स्कूल के पास बनेगा। अधिकारियों की योजना है कि इस ब्रिज के साथ ही गुढ़ियारी स्थित शुक्रवारी बाजार से स्टेशन की तरफ आने वाली सड़क पर भी ओवरब्रिज बनाने पर काम किया जा रहा है। इसके कारण इस इलाके को सीधे एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा सकेगा। लोक निर्माण के अफसरों का दावा है कि नए ओवरब्रिज के लिए मुख्यालय से भी सहमति बन गई है। इस वजह से इन सभी ओवरब्रिज का निर्माण होना तय है



**कहां-कहां बनाए जाएंगे नए ओवरब्रिज**

**कालीबाड़ी से पुलिस लाइन गेट तक**-कालीबाड़ी चौक से पुलिस लाइन गेट तक 50 करोड़ रुपये की लागत से डेढ़ किलोमीटर लंबा ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इस परियोजना को बजट में स्वीकृति मिल चुकी है। इस मार्ग पर सुबह 9:30 से 11:30 और शाम 5:30 से 7:30 बजे तक भारी ट्रैफिक जाम रहता है ।यहां से प्रतिदिन 35 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है और जल्द ही बजट जारी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**फुंडहर चौक से टेमरी तक**-फुंडहर चौक पर ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए 30 करोड़ रुपये की लागत से एक फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है. यह फ्लाईओवर लगभग 700 मीटर लंबा और 17 मीटर चौड़ा होगा. इसके बन जाने से एयरपोर्ट की ओर जाने वाले यात्रियों को फुंडहर चौक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी, और उनका सफर लगभग 10 मिनट कम हो सकेगा। यहां प्रतिदिन 25 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं ।इस परियोजना के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा चुका है।

**अमलीडीह चौक से द्रोणाचार्य स्कूल तक**-केनाल लिंकिंग रोड के ऊपर अमलीडीह चौक से द्रोणाचार्य स्कूल तक 40 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण होगा ।एमएमआई चौक से द्रोणाचार्य चौक तक इसका निर्माण किया जाएगा। यहां सुबह-शाम जाम लग रहा है. लगभग 25 हजार गाड़ियां रोजाना गुजरती हैं प्रारंभिक सर्वे पूरा कर लिया गया है बजट के लिए डीपीआर बना है।

**गुढ़ियारी-एक्सप्रेस-वे को जोड़ने फ्लाईओवर**

गुढ़ियारी स्थित शुक्रवारी बाजार से एक्सप्रेस-वे को जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। पीडब्ल्यूडी यहां एक फ्लाईओवर के निर्माण की योजना पर काम कर रहा है, जो सीधे एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा ।इस परियोजना से ट्रैफिक की भीड़भाड़ से राहत मिलेगी, क्योंकि यहां से प्रतिदिन लगभग 30 हजार वाहन गुजरते हैं। फिलहाल फ्लाईओवर के लिए प्रारंभिक योजना तैयार की जा रही है।

**इन क्षेत्रों में भी होगा ओवरब्रिज का निर्माण**

**मोवा:** खालसा स्कूल से मोवा रिलायंस मार्ट तक ओवरब्रिज बनाने पर काम चल रहा है ।इसकी अनुमानित लागत करीब 135 करोड़ है ।अभी ट्रैफिक का दबाव बहुत ज्यादा है।

**भनपुरी चौक:** भनपुरी चौक पर ओवरब्रिज बनेगा। इस पर करीब 40 करोड़ खर्च होने का अनुमान है. रोजाना 50 हजार से ज्यादा वाहनों को यहां रुकना नहीं पड़ेगा।

**खारुन नदी:** यह ओवरब्रिज रायपुर और पाटन को जोड़ेगा ।इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया है इसकी लागत करीब 60 करोड़ है। इससे रोजाना औसतन 80 हजार वाहनों का सफर आसान होगा।

## मंत्रिमंडल विस्तार, 'किसी को छटपटाने की जरूरत नहीं तोमर बंधुओं के खिलाफ आगे और भी कार्रवाई : शर्मा

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही अटकलों पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सधे हुए अंदाज़ में प्रतिक्रिया दी है। रायपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कुछ ना कुछ पद तो खाली होते ही हैं, जब ज़रूरत होगी, मुख्यमंत्री तय करेंगे। डिप्टी सीएम शर्मा ने आगे कहा मंत्रिमंडल बना है और कामकाज सुचारू रूप से चल रहा है। इसमें इतनी छटपटाहट क्यों है? किसी को छटपटाने की आवश्यकता नहीं है।



**घुसपैठ रोकने के लिए पंचायतों में 'पलायन पंजी' की तैयारी**-गृहमंत्री विजय शर्मा ने यह भी बताया कि राज्य सरकार पंचायत स्तर पर घुसपैठ पर अंकुश लगाने के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि च्चफिलहाल निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन इस पर गंभीर चर्चा चल रही है ।ज्ज पंचायतों में पहले से 16 प्रकार की पंजियां (रिकॉर्ड रजिस्टर) रखी जाती हैं। अब एक नई पंजी जिसे 'पलायन पंजी' या 'श्रमवीर पंजी' कहा जा सकता है लाने की योजना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पंजी के माध्यम से गांव में पहले से रहने वालों की एक सूची तैयार की जाएगी और जो लोग बाद में आकर बसेंगे, उनकी अलग सूची बनेगी। उन्होंने कहा गांवों में भी बड़ी संख्या में बाहरी लोग घुसपैठ कर रहे हैं, इसलिए उन्हें चिन्हित करने के लिए यह व्यवस्था जरूरी है।

**अधिकारियों के गलत व्यवहार पर होगी सख्त कार्रवाई**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा नारायणपुर में अधिकारियों पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो टूक कहा, अगर कोई अधिकारी जनप्रतिनिधियों या आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सामान्य जन के साथ भी यदि कोई अधिकारी अनुचित व्यवहार करता है तो सरकार उसे गंभीरता से लेगी और निर्णय लेकर कार्रवाई करेगी।

**तोमर बंधुओं पर कार्रवाई जारी**

तोमर बंधुओं के दफ्तर पर हुई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कार्रवाई अभी पूरी नहीं हुई है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, तोमर बंधुओं के खिलाफ आगे और भी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा तय किए गए मापदंडों का पूरी तरह पालन किया जाएगा और उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई होगी।

## गास मेमोरियल मैदान को रायपुर नगर निगम ने लिया कब्जे में



**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। राजस्व न्यायालय के फैसले के बाद नगर निगम ने आकाशवाणी के सामने स्थित गास मेमोरियल मैदान को अपने कब्जे में ले लिया है। 5.30 एकड़ जमीन की लीज खत्म होने के बाद भी सीएनआई (चर्चेस आफ नार्थ इंडिया) के कब्जे में था। इसे सौ वर्ष पहले 1922 में सीएनआई ट्रस्ट को लीज पर दिया गया था। लीज अवधि 2022 में खत्म हो गई थी। इस जमीन में गास मेमोरियल मैदान के साथ लगा बाबर बंगला भी है। इसका बाजार मूल्य 350 करोड़ से अधिक का आंका गया है।

लीज खत्म होने के बाद शासन की जमीन को निगम को सौंपने हिंदू स्वाभिमान संगठन और अन्य हिंदू संगठनों ने राजस्व न्यायालय में याचिका दायर की थी। लंबी सुनवाई के बाद राजस्व न्यायालय ने पिछले सप्ताह सीएनआई को कब्जा छोडने और निगम को कब्जा लेने का आदेश दिया था।

इसके तहत निगम अमले ने सोमवार को जमीन का कब्जा लेने की कार्रवाई की। निगम अमले ने चारदीवारी बना कर नोटिस भी लगा दिया है।

## चार दिनों की बारिश से बांधों में 10 फीसदी बढ़ा जल स्तर



**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में बीते चार दिनों में हुई जोरदार बारिश से कई बड़े, मध्यम और लघु जलाशय आधे से ज्यादा भर गए हैं. वहीं दो बड़े बांध 100 फीसदी के स्तर पर पहुंच गए हैं. वहीं सात मध्यम और छोटे बांधों में भी सौ फीसदी तक भंडारण हो गया है. एक दर्जन से ज्यादा अन्य बांध भी सौ फीसदी तक पहुंचने से कुछ ही पीछे हैं. बीते सप्ताह के अंतिम चार दिनों में हुई बारिश में ही औसत भंडारण दस फीसदी तक बढ़ गया है।

इधर रविशंकर जलाशय में भराव का स्तर बढ़ने की वजह से लिंकिंग बांधों में भंडारण कम नजर आ रहा है. कई बांधों में जल स्तर बढ़ने के साथ पानी छोड़ने की भी कवायद हो रही है. प्रदेश में बीते लगभग बीस दिनों की बारिश में औसत जल भराव पर नजर डालें तो बांधों में करीब 30 फीसदी का इजाफा हुआ है. जल संसाधन विभाग के विशेषज्ञ इसे अच्छी स्थिति मान रहे हैं. बीते साल 27 जुलाई की अवधि में बांधों में जल भंडारण बेहतर स्थिति में नहीं था. इधर बिलासपुर का खारंग और मुंगेली जिले का मनियारी जलाशय सौ फीसदी के स्तर पर है. राज्य का बिलासपुर स्थित खारंग जलाशय 100 फीसदी भर चुका है. वहीं मुंगेली जिले का मनियारी जलाशय भी सौ फीसदी पहुंचने की कगार पर है. हालांकि धमतरी जिला स्थित रविशंकर जलाशय अभी अपनी क्षमता का आधा ही भर पाया है. यहां अभी औसत जल भराव 54 फीसदी तक पहुंच गया है. अब यहां से पानी छोड़े जाने की स्थिति है. गंगरेल जलाशय के केचमेंट क्षेत्र में भी इस साल अच्छी बारिश दर्ज की गई है. हालांकि बिलासपुर के अरपा भैंसाझार में जल भराव की स्थिति काफी धीमी है. यहां भंडारण कम भी हुआ है. विभागीय अफसरों की मानें तो जल स्तर बढ़ने के साथ पानी छोड़ने की वजह से ऐसा हो रहा है. चार दिनों में तांदुला में 13 प्रतिशत और सिकासार में 14 प्रतिशत और सोंदूर में 17 प्रतिशत का इजाफा हुआ है लेकिन गंगरेल फीडर में पानी छोड़ने की वजह से दुधावा में 13 फीसदी की गिरावट आई है।

बीते दो वर्षों की तुलना में इस साल जल भंडारण 27 जुलाई की अवधि में बेहतर माना जा रहा है. वर्ष 2024 में इस अवधि में राज्य के बांधों में औसत भंडारण सिर्फ 50 फीसदी के स्तर पर था. बीते चार दिनों की बारिश के बाद अब औसत भंडारण 62 फीसदी तक पहुंच गया है।

**बांध/जलाशय भंडारण**

| | 23 जुलाई | 27 जुलाई |
|---|---|---|
| मिनीमाता बांगो- | 55.29 | 70.10 |
| रविशंकर सागर- | 54.98 | 62.87 |
| तांदुला जलाशय- | 34.84 | 47.07 |
| दुधावा जलाशय- | 22.46 | 09.26 |
| सिकासार बांध- | 7.75 | 61.10 |
| खारंग जलाशय- | 100.00 | 100.00 |
| सोंदूर जलाशय- | 26.17 | 33.06 |
| मुरूमसिल्ली - | 24.37 | 35.23 |
| कोडार जलाशय- | 39.13 | 50.62 |
| मनियारी जलाशय- | 95.66 | 100.00 |
| केलो जलाशय- | 29.60 | 45.62 |
| अरपा भैंसाझार - | 35.10 | 21.40 |

# राजधानी में मुक्कड़ नहीं दिखना चाहिए

## अपर आयुक्त ने की सफाई व्यवस्था की समीक्षा

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय नगर निगम के जोन कार्यालयों में जाकर जोन कमिश्नर, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री रघुमणि प्रधान, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षकों, वार्ड सफाई सुपरवाइजरों, रामकी कम्पनी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जोन क्षेत्र अंतर्गत वार्डों के सफाई कार्य की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जोन कमिश्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, रामकी कम्पनी के प्रतिनिधियों को दे रहे हैं. नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय ने जोन 2, 3, 5 में बैठक लेकर वार्डों के अनुबंधित सफाई ठेकेदारों के कार्यों, सफाई ठेका कामगारों की वार्डवार निर्धारित संख्या, दैनिक उपस्थिति की जानकारी लेकर प्रतिदिन शत- प्रतिशत संख्या में सफाई ठेका कामगारों की कार्य पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.



अपर आयुक्त स्वास्थ्य ने निर्देश दिए हैं कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कहीं पर भी कोई मुक्कड़ नहीं दिखना चाहिए. रायपुर शहर गार्बेज फ्री सिटी में छत्तीसगढ़ राज्य का पहला 7 स्टार शहर है. रामकी कम्पनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए हैं कि रायपुर नगर निगम के तहत समस्त 10 जोनों के तहत सभी 70 वार्डों में समस्त घरों से प्रतिदिन नियमित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाये. अपर आयुक्त स्वास्थ्य ने निर्देश दिए हैं कि रामकी कम्पनी के सफाई सुपरवाइजर प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की मॉनिटरिंग करके सभी घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाना सुनिश्चित करें और सम्बंधित जोन के वार्ड सफाई सुपर वाइजर नियमित मॉनिटरिंग करें कि रामकी कम्पनी द्वारा सभी घरों से प्रतिदिन नियमित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है अथवा नहीं. यदि रामकी कम्पनी प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करती है, तो सड़कों पर प्रतिदिन कचरा क्यों दिख रहा है. यदि घरों और परिसरों को छोड़कर कचरा कलेक्शन हो रहा है, तो सभी घरों से कचरा कलेक्शन का कार्य सुनिश्चित करवाया जाये.

### समृद्धि महिला स्व सहायता समूह ने किया वृक्षारोपण

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। हमारे समूह की महिलाओं द्वारा आज सामूहिक वृक्षारोपण एवं सावन मिलन का कार्यक्रम शाहिद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 के कारी तालाब (एकलव्य सरोवर) में रखा गया इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे मुख्य अतिथि हमारे वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी मेंबर श्री दीपक जायसवाल जी तात्यापारा वार्ड की पार्षद एवं जोन 7 की अध्यक्षा श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा जी वरिष्ठ नेता श्री निर्मल ठाकुर जी तात्यापारा मंडल के उपाध्यक्ष श्री केवल अग्रवाल जी , समूह की (अध्यक्ष) श्रीमती गुड्डन ठाकुर, श्रीमती मीरा साहू श्रीमती सरस्वती साहू, श्रीमती हेमलता जंघेल, श्रीमती टिकेश्वरी साहू,श्रीमती अनीता निषाद श्रीमती सुखिया जंघेल श्रीमती उषा साहू श्रीमती रानी जंघेल श्रीमती जानकी साहू श्रीमती नूतन वर्मा श्रीमती पुष्पा वर्मा श्रीमती सुनीता साहू श्रीमती कुंती साहू श्रीमती शशि यादव श्रीमती तुलसी जंघेल श्रीमती नीता जंघेल, श्रीमती सुषमा विश्वकर्मा, श्रीमती लक्ष्मी भारद्वाज सभी की उपस्थिति में सामूहिक वृक्षारोपण एवं सावन मिलन समारोह संपन्न हुआ

# शिक्षा सचिव के आश्वासन पर स्कूल सफाई कर्मियों ने जताया भरोसा

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। स्कूल सफाई कर्मचारी संघ प्रांतीय आह्वान पर संघ की मांगों को लेकर 15 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। 2 जून को छत्तीसगढ़ के समस्त ब्लॉक मुख्यालय, 6 जून को जिला मुख्यालय और 10 जून को प्रदेश स्तरीय हड़ताल नया रायपुर तूता धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों के नाम पर ज्ञापन सौपा गया है मांगे पूरी नहीं होने पर 16 जुलाई को प्रदेश भर के कर्मचारी मुख्यमंत्री निवास घेराव करने निकले थे। पुलिस प्रशासन के द्वारा बेरिकेट लगाकर कर्मचारियों को रोका गया था देर रात तक प्रमुख सचिव जी से वार्ता होने और 17 जुलाई को स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी जी से संघ के प्रतिनिधिमंडल मंत्रालय में बैठक बुलाई जाने की सूचना मिलने पर घेराव कार्यक्रम को विराम लगा दिया गया। 17 जुलाई को स्कूल शिक्षा सचिव के साथ मंत्रालय बैठक में सचिव जी के द्वारा संघ की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया जिसके कारण संघ के द्वारा प्रदेश स्तर मे किसी प्रकार का रैली,घेराव,विरोध प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है। संघ को आशा और उम्मीद है कि स्कूल शिक्षा सचिव के पहल से संघ की मांगों को 30 जुलाई के कैबिनेट बैठक में शामिल करने की आश मे है। संघ के प्रदेश मीडिया प्रदीप वर्मा का कहना है। 43301 कर्मचारी स्कूल साफ सफाई पूरी ईमानदारी से करते आ रहे हैं अधिकांश स्कूलों में भृत्य, चपरासी नहीं होने के कारण उनके सभी काम को सफाई कर्मचारी सदस्य करते हैं जिसके कारण पूरा दिन स्कूलों में व्यतीत हो जाता है। पूरा दिन स्कूलों में काम करने के पश्चात3000-3500रू प्रति माह मानदेय भुगतान किया जाता है। जो कि इस महंगाई भरे दौर में इतने कम रुपए में अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पाते है। 30 जुलाई के कैबिनेट बैठक में संघ की मांग को शामिल नहीं किए जाने पर, 3 अगस्त को अंबिकापुर पर से कावड़ पदयात्रा करते हुए 6 अगस्त को जशपुर मुख्यमंत्री के बगिया निवास पहुंचेंगे। 15 अगस्त से पहले मंत्रियों के निवास का घेराव किया जाएगा अथवा केशकाल घाटी का चक्का जाम किया जाएगा उसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर मोदी गारंटी और संघ की मांगों को पूरा कराने को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर में जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे। संघ की मांग- पूर्णकालिक कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाए और युक्ति युक्तकरण के तहत कर्मचारियों को यथावत काम पर रखा जाए ।

**30 जुलाई के कैबिनेट बैठक में मांग को शामिल करें सरकार**

## निधन

### रिज़वान हैदर (पटवा)



**रायपुर** 28 जुलाई 7 रिज़वान हैदर (पटवा) भूतपूर्व उपाध्यक्ष छ.ग.उर्दू अकादमी (51वर्ष) का निधन रविवार की रात में हो गया है । उनकी मय्यत सोमवार को दोपहर 1 बजे , उनके निवास स्थान मोमिनपारा से मौदहापारा क़ब्रस्तान ले जाई गई, जहाँ सुपुर्दे ख़ाक किया गया । रिज़वान हैदर (पटवा) भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे । मूसा होटल वाले मो. यूशा, गुलाम मुस्तफा, वसी, मोनिस रज़ा के भाई थे । उनके असामयिक निधन से उनके परिवार, समाज, मित्रों, पार्टीजनों में शोक व्याप्त है । आज दोपहर उनके जनाज़े में बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोगों के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के अनेक गणमान्य लोगों ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा



**रायपुर** 28 जुलाई (देशबन्धु)। वीरमाता श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा (धर्मसहायिका स्व. श्री ज्ञानचंद जी गोलछा) का निधन रविवार दिनांक 27 जुलाई 2025 को रात्रि मे हो गया है7 उनका अंतिम संस्कार सोमवार दिनांक 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया । वे आप जिनशासन में समर्पित महासती श्री जयप्रज्ञा श्रीजी म. सा. की संसारिक माताजी थी, महावीर, अशोक गोलछा की मां, महेंद्र, मोरध्वज की काकी, पीयूष, श्रेयांश, पार्श्व, सुबाहु की दादी थी ।

### नंदलाल राठौड़



**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। दुखद निधन श्री नंदलाल राठौड़ 79 वर्षीय पिता श्री मोहनलाल चांपसी भाई राठौड़, नहरपारा निवासी का निधन 27.07.2025 की रात्रि को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार दिनांक 28.07.2025 को दोपहर 2 बजे देवेन्द्र नगर मुक्ति धाम में किया गया। वे कुंदन राठौड़ एवम् लक्ष्मण राठौड़ के बड़े भाई और मनीष राठौड़ के पिता थे।

### ह्रदेश चौहान



**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि डीए न्यूज प्लस के मार्केटिंग डिपार्टमेंट के प्रमुख एवं जेसीआई रायपुर कैपिटल के फाउंडर प्रेसिडेंट, जेसीआई सीनेटर श्री ह्रदेश चौहान का आज प्रात: आकस्मिक निधन हो गया। ह्रदेश चौहान एक समाजसेवी, कुशल नेतृत्वकर्ता एवं सकारात्मक व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने व्यवहार, कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनके असमय निधन से समाज, पत्रकारिता और जेसीआई परिवार को अपूरणीय क्षति पहुँची है। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम 5 बजे उनके निवास स्थान 41ए, फेज 1, हर्ष विहार, दलदल सिवनी रोड, मोवा, रायपुर से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई

# सेंट जोसेफ स्कूल, अमलीडीह में ग्रीन डे उत्सव मनाया गया

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। सेंट जोसेफ सीनियर सेकेण्डरी स्कूल अमलीडीह में 23 जुलाई को ग्रीन डे उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण तथा संतुलित आहार के प्रति जागरूक बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में अमलीडीह क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 52 के पार्षद आदरणीय श्री विनय निर्मलकर, वार्ड क्रमांक 50 के पार्षद श्रीमती गायत्री नौरंगे, वार्ड क्रमांक 49 की पार्षद डॉ. श्रीमती अनामिका सिंह, मंडल अध्यक्ष भीमवंत, और पूर्व पार्षद विवेकानन्द वर्धन एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



इस कार्यक्रम का आयोजन रेव्ह. फादर जॉन पोन्नोर स्कूल प्रबंधक, रेव्ह. फादर थैनीस राज प्रिंसिपल के मार्गदर्शन में हुआ। इस दिन के कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के मुख्य द्वार के उद्घाटन के साथ हुई। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करने के लिए मुख्य द्वार पर स्कूल प्रबंधक, प्रिंसिपल, शिक्षिकाएँ तथा स्कूल नायक-नायिकाएँ मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत टीका लगाकर किया गया। तत्पश्चात् स्काउट के विद्यार्थियों द्वारा परेड करते हुए अतिथियों को मंच तक पहुंचाया गया। स्कूल के मुख्य द्वार से मंच तक प्रायमरी स्तर के बच्चे हरे रंग के वेशभूषा में, हाथ में गुलाब फूल और पोस्टर लिये स्वागत के लिए खड़े थे और उन्होंने ग्रीन डे की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात् मंच पर प्रबंधक तथा प्रिंसिपल द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बीच में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरणादायक बातों से पर्यावरण संरक्षण तथा हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल प्रबंधक, प्रिंसिपल, श्रीमती उमा जैन, श्रीमती ललिता लुईस एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्रों का विशेष सहयोग रहा।

# डिंपल यादव के अपमान पर अखिलेश, राहुल, प्रियंका की चुप्पी पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हर्षिता पाण्डेय हमलावर

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय ने कहा है कि आज जिस तरह की टिप्पणी समाजवादी पार्टी की सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पर की गई है, जो अमर्यादित बयान उन पर किया गया है, उससे भारत की करोड़ों महिलाओं को अंदर से झकझोर कर रख दिया है। श्रीमती पाण्डेय ने इस बात पर हैरानी जताई कि इस मामले में पूरा विपक्ष तो मौन है ही, समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष व डिंपल यादव के पति अखिलेश यादव तक मौन हैं।

**महिलाओं के अपमान पर चुप है सपा,कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि इस पूरे प्रकरण पर समाजवादी पार्टी और स्वयं अखिलेश यादव की चुप्पी बेहद सवालों के घेरे में है। जब एक महिला सांसद, जनप्रतिनिधि और स्वयं उनकी पत्नी डिंपल यादव का सार्वजनिक रूप से अपमान किया जा रहा है, तब अखिलेश यादव मौन क्यों हैं? क्या उनके लिए एक महिला की गरिमा से बढ़कर वोट बैंक की सियासत अधिक महत्वपूर्ण है? श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि अखिलेश यादव की चुप्पी से प्रतीत होता है कि उन्हें डर है कि अगर उन्होंने इन मौलानाओं के बयानों का विरोध किया तो उनका परंपरागत वोटबैंक नाराज़ हो जाएगा। लेकिन इससे भी अधिक शर्मनाक तो यह है कि उत्तरप्रदेश में साइकिल की सवारी कर चुके कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी तक मौन हैं ,और च्लड़की हूं, लड़ सकती हूँज् का नारा देने वाली कांग्रेस की महासचिव प्रियंका वाड्रा भी मौन हैं! भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डेय ने सवाल दागा कि क्या महिलाओं की अस्मिता पर भी कांग्रेस सिलेक्टिव राजनीति करती रहेगी? तुष्टिकरण की राजनीति और एक विशेष संप्रदाय के वोट बैंक के लिए क्या महिलाओं की अस्मिता को इस तरह के नफरती बोल से लहूलुहान होते कांग्रेस चुप्पी साधे देखती रहेगी या फिर कोई प्रतिक्रिया देगी? श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि एक तरफ जहाँ सम्प्रदाय विशेष के धार्मिक संगठन डिंपल यादव के पहनावे को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अखिलेश यादव की चुप्पी यह साबित करती है कि तुष्टीकरण की राजनीति के सामने वे परिवार की भी प्रतिष्ठा और महिला सम्मान की रक्षा करने को तैयार नहीं हैं। भाजपा और एनडीए इस अपमान के विरोध में खड़ी है। महिलाओं के खिलाफ इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी भारत के लोकतंत्र में स्वीकार नहीं की जा सकती।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि 23 जुलाई को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा नेताओं के साथ अपने वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए नई दिल्ली की एक मस्जिद में एक राजनीतिक बैठक की, जिसमें उनकी पत्नी और मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिंपल यादव, उनकी ही पार्टी के अन्य सांसद जैसे जिया उर रहमान बर्क और इकरा हसन भी शामिल थे। इस पर कई मुस्लिम संगठनों ने आपत्ति जताई है। श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि इसी बैठक में डिंपल यादव के पहनावे को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी ने आपत्तिजनक बयान दिया और मौलाना मोहिबुल्ला नदवी पर भी निशाना साधा और कहा कि मस्जिद में राजनीतिक बैठक बुलाना शर्मनाक है। श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि इसके बाद मौलाना साजिद रशीदी ने लाइव टीवी पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए कहा मस्जिद में डिंपल यादव की पीठ देख लीजिए, (इसके बाद उन्होंने बेहद आपत्तिजनक शब्द का उपयोग किया) मौलाना साजिद रशीदी और मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी दोनों ने ही अखिलेश यादव और डिंपल यादव से माफी की मांग की है। सपा और कांग्रेस को इस पर अपना तर्क स्पष्ट करना चाहिए।

# निगम ने आवारा पशुओं को धरपकड़ कर गौठानो में भेजा



**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी जोनो की टीमो द्वारा अभियान चलाकर जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गो में मॉनिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओ की धरपकड़ कर उन्हें गौठानो में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है। नगर निगम द्वारा बोरियाखुर्द सड़क मार्ग से 9 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर काऊकैचर वाहन की सहायता से गौठान भेजा गया. जोन 4 द्वारा वार्ड 45 में बिजली ऑफिस बूढ़ापारा मार्ग, माधव राव सप्रे मार्ग, वार्ड 46 में कालीबाड़ी मार्ग, महिला पुलिस थाना के सामने मुख्य सड़क मार्ग से 1-1 आवारा पशु कुल 4ज्आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठान भेजा गया। आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# धरदेही में प्रदेश का पांचवां 400 केवी ग्रिड उपकेंद्र ऊर्जीकृत

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा धरदेही में प्रदेश के पांचवे 400 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना का कार्य पूर्ण कर, प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के हाथों ऊर्जीकृत कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, प्रमुख सचिव तथा पारेषण कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह तथा ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने ट्रांसमिशन कंपनी को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के समय 400 केवी का सिर्फ एक उपकेंद्र था, अब इनकी संख्या 5 हो गई है । छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 400 केवी क्षमता के अत्याधुनिक एवं उच्च तकनीक से सुसज्जित स्वचालित उपकेंद्र संचालन प्रणाली पर आधारित ग्रिड सबस्टेशन, धरदेही (बिलासपुर) जिला मुंगेली, में 26 जुलाई 2025 को ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र में स्थापित 400/220 केवी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 2म315 (630) एमवीए, 220/132 केवी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 2म160 (320) एमवीए तथा वोल्टेज नियंत्रक 400 केवी लाइन रिएक्टर की क्षमता 2म50 एमवीएआर है। प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि यह परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी। यह उपकेंद्र प्रदेश के बिजली ढांचे को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके चार्ज होने से बिलासपुर, भाटापारा, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, बलौदा बाज़ार एवं आसपास के क्षेत्रों को उच्च गुणवत्ता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही औद्योगिक इकाइयों, कृषि क्षेत्र



# टीबी मुक्त छग की ओर कदम मरीजों को मुफ्त इलाज और पोषण सहायता

**रायपुर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार टीबी (तपेदिक) के मरीजों के लिए मुफ्त इलाज, जांच और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करती है। शासन ने वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसी कड़ी में ज़िले की खरोरा निवासी सुश्री पूजा धीवर ने बताया मैं टीबी मरीज हूं और मेरा इलाज सरकारी दवाई के माध्यम से हो रहा है साथ ही दवाई लेने के बाद मेरे सेहत में सुधार हो रहा है । इस लाभकारी योजना के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूँ ।




टीबी मरीजों को सरकार द्वारा 6 माह में 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से दी जाती है एवं 6 माह का प्रोटीनयुक्त पोषण आहार भी प्रदान किया जाता है।टीबी के यह लक्षण हो सकते है ८- खांसी, बुखार, पसीने आना, सीने में दर्द, बलगम में खून और शरीर में गांठे आदि । रायपुर में जिला क्षय रोग केंद्र कालीबाड़ी में स्थित है, यहाँ मरीज अधिक जानकारी के लिए संपर्क कर सकते है ।

# नाली निर्माण में अनियमितता, काम रोक कर जांच की मांग

### ◆ उजागर - नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही, नाली के बीचों बीच आए कई विद्युत पोल

**देवकर** , 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 03 गौरव पथ के एक किनारे करीब 975 मीटर की दूरी तक लगभग 39.75 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य विगत माह भर से प्रारम्भ होकर करीब 300 मीटर तक पूर्ण निर्माण किया जा चुका है जिसमें नाली के अंदर बीचों बीच 03 बिजली पोल आए है जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है साथ ही नगरीय प्रशासन की नाकामी और भ्रष्टाचार में संलिप्तता का पूर्ण उदाहरण है हैरत की बात यह है कि बिजली विभाग से बगैर एन.ओ.सी. के कार्य का ले - आउट ठेकेदार को जारी किया गया जिससे 11 किलो वॉट के 03 नग विद्युत पोल नाली अभी बीचों बीच आ रहा है साथ ही आगे भी लगभग 10 पोल आने की संभावना बनी हुई है बिजली पोल के निर्माणधीन नाली के अंदर होने से आगे भविष्य में दुर्घटना का कारण बन सकता है।




### ठेकेदार ने स्थानीय प्रशासन को मौखिक सूचना देने की बात कही

इस संबंध में ठेकेदार किशन यादव से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि सी. एम. ओ. और इंजीनियर को पोल के आने की समस्या से मौखिक रूप से अवगत कराया गया है। मौके पर मिले हुए लेआउट के आधार पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। बाकी जानकारी आपको सीएमओ दे पाएंगे।।

### ऐई बंजारे ने बड़ी दुर्घटना होने की संभावना जताई

सहायक अभियंता विद्युत विभाग परिक्षेत्र देवकर गंगाधर बंजारे ने बताया कि उक्त कार्य के लिए हमारे विभाग से एन.ओ.सी. नही ली गई है वहीं संभावित दुर्घटना पर जानकारी दी कि पोल केबल वायर से कवर है, करंट का खतरा नहीं है वही तकनीकी पहलू पर कहा कि पोल का नाली के जमा पानी एवं नमी के संपर्क में रहने से फाउंडेशन कमज़ोर हो सकता है इस स्थिति में एक भी पोल यदि टूटता या गिरता है तो पूरी लाइन का पोल डिस्टर्ब हो सकता है।

# धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सुनाई 10 साल की सजा

**गुरुर** , 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में नामकरण कार्यक्रम के दौरान मामूली बात को लेकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। यह घटना 3 जुलाई 2023 को गुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नाहदा की है।



जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्ज शीट पेश किया था, इसके आधार पर अब फैसला सुनाया गया है। घटना दिनांक को नरसिंह मंडावी के घर में नामकरण कार्यक्रम चल रहा था, जहां रात्रि में घर के बाहर दुर्गेश मंडावी खड़े होकर रवि से विवाद कर धमकी दे रहा था। रवि मंडावी के मुताबिक दुर्गेश मंडावी उसे कॉल करके बाहर आने के लिए बोल रहा था, लेकिन वह बाहर नहीं आया, इसी बात को लेकर दुर्गेश ने विवाद किया तथा कुछ देर बाद दुर्गेश मंडावी ने धारदार हथियार से रवि के पीठ में तथा पेट में जानलेवा हमला कर दिया।

घटना के बाद घायल को तत्काल निजी गाड़ी से धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, वही मामले की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा धारा 294, 506 बी, 323 एवं 307 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिला न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े ने युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी दुर्गेश मंडावी को धारा 307 के अपराध में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# समग्र शिक्षा विभाग का घेराव भाराछासं ने किया



भर्ती रद्द कर सीबीआई से जाँच कराए : अमित

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित होने वाले समग्र शिक्षा विभाग का घेराव किया। इस दौरान कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे। जिसका नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने किया।

घेराव का मुख्य उद्देश्य विगत 18 जुलाई को हुए च्व्यावसायिक शिक्षा भर्तीज्परीक्षा को निरस्त करने का माँग किया गया। अमित शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता और पीड़ित छात्रों ने घेराव में संचालक और विभागीय अधिकारियों के इस्तीफा की मांग किया गया। चेतावनी दी गई कि अगर 3 दिवस के अंदर दोषी कंपनियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो पूरे प्रदेश भर में छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

एनएसयूआई की प्रमुख माँग है कि हाल ही में की गई समग्र शिक्षा विभाग की संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, कोविड महामारी के दौरान सेवा देने वाले कोरोना योद्धाओं को सरकार द्वारा घोषित 10 फीसदी छूट और पहली प्राथमिकता दी जाए। एनएसयूआई यह भी मांग करती है कि सभी 40हजार परीक्षार्थियों की मेरिट सूची को सार्वजनिक किया जाए, जिससे चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता स्पष्ट हो सके। भर्ती में प्रयुक्त फर्जी दस्तावेजों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए, और पैसों के बदले दी गई नियुक्तियों की जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराई जाए, ताकि इस व्यापक भ्रष्टाचार में संलिप्त सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जा सके।

प्रदर्शन के दौरान उपसंचालक ने यह कबूला की परीक्षा में गड़बड़ी हुई है और इसकी जाँच भी 3 दिवस के अंदर करने की बात कही है ।

इस घेराव में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी, नर्सिंग यूनियन अजय त्रिपाठी, योगराज देवांगन, मेहताब हुसैन, हरिओम तिवारी, वैभव मुजेवार, अंकित शर्मा, शिवांक सिंह, प्रियांशु ठाकुर, आलोक सिंह, नजीब अशरफी, सेवा साहू, दिव्यांश श्रीवास्तव, लक्की साहू, विनायक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस की मंडल कार्यकारिणी में 50 फीसदी 50 की उम्र से कम वाले होंगे



मंडल कमेटी गठन को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक में दिए गए निर्देश

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। मंडल कमेटी गठन को लेकर आज जिला कांग्रेस रायपुर की महत्वपूर्ण बैठक विजय जागिड़ की उपस्थित में जिला प्रभारी पूर्व मंत्री डहरिया की मौजूदगी में हुई मंडल कमेटी की गठन की महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के अध्यक्षता में हुआ।

मंडल कमेटी का महत्व इसी बात से गंभीरता दिखती है कि प्रदेश सह प्रभारी स्वयं बैठक में उपस्थित होकर अखिल भारतीय राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मशा अनुरूप बने सभी को साथ लेकर काम करने वाले को बनाने निर्देशित किए रायपुर जिले के मंडल सृजन प्रभारी पूर्व मंत्री डॉ शिव डहरिया ने सभी ब्लॉकों एवं मंडल स्तर पर बैठक कर उदयपुर घोषणा अनुरूप 50 प्रतिशत मंडल के पदाधिकारी एस टी, पिछड़ा वर्ग, महिला, अल्प संख्यक होना चाहिए ।साथ ही 50 फीसदी कार्यकारिणी 50वर्ष से कम उम्र के हो। समय सीमा में मंडल कमेटी गठन करने की बात कही बैठक में, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अनीता शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रमोद शर्मा, दीपक दुबे, पंकज शर्मा, रामधनी वर्मा, सुनील माहेश्वरी, केशव चंद्राकर, ब्रह्मानंद ठाकुर, शिव ठाकुर, प्रमोद तिवारी, हितेंद्र ठाकुर, योगेंद्र सोलंकी, पप्पू राजेंद्र बंजारे, दुर्गेश वर्मा, कोमल साहू, सौरभ मिश्रा, बलदाऊ साहू, केशरी साहू, हरिशंकर निषाद सहित अन्य कांग्रेस जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक साहू ने किया मंत्रिप्त संधु का सम्मान



**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, रायपुर विकास प्राधिकार के अध्यक्ष नंद कुमार साहू वार्ड क्रमांक 49 की पार्षद तथा जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी ने आज रोवर रेंजर राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त मंत्रिप्त कौर संधू का सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। पार्षद अनामिका ठाकुर ने ह्रदय से आभार माना। सभी ने फूल माला तथा गुलदस्ता देकर सम्मान किया।

# करोड़ों की ठगी, पुलिस ने 5 लोगों को यूपी से किया गिरफ्तार



रायपुर की महिला से की थी 2.83 करोड़ की ठगी

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। देशभर में साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को छत्तीसगढ़ पुलिस ने उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने रायपुर की आमासिवनी निवासी सोनिया हंसपाल को डिजिटल अरेस्ट कर 2.83 करोड़ रुपए की ठगी की थी। आरोपियों के कब्जे से कई बैंक खाते, चेक बुक, सिम कार्ड और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। साथ ही 43 लाख रुपए की ठगी की रकम खातों में होल्ड कराई गई है।

आरोपियों ने खुद को दिल्ली साइबर सेल का अधिकारी बताते हुए महिला को डराया कि उसके नाम से कई बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही है। इसके बाद उसे व्हाट्सएप में वीडियो कॉल पर बनाए रखा और लगातार धमकाकर करोड़ों रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

पीड़िता की शिकायत पर घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में रेंज साइबर थाना, एंटी क्राइम और थाना विधानसभा की टीम बनाई गई। तकनीकी विश्लेषण और बैंक खातों की जानकारी के आधार पर पुलिस की 4 सदस्यीय टीम उत्तरप्रदेश भेजी गई। रायपुर पुलिस की टीम ने गोरखपुर से आकाश साहू और शेर बहादुर सिंह उर्फ मोनू को और लखनऊ से अनूप मिश्रा, नवीन मिश्रा और आनंद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सभी ने ठगी की वारदात कबूल की।

**40 से ज्यादा फर्जी कंपनियों का बिछाया है जाल:** आरोपी अनुप, नवीन और आनंद सिंह श्री नारायणी इंफ्रा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड, श्री गणेशा डेवलपर्स, अर्बन एज इंफ्रा बिल्डकॉम प्राइवेट लिमिटेड, पावन धरा इंफ्रा बिल्डकॉम, स्नो हाइट्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एवं आनंद ट्रेडर्स नामक फर्जी कंपनी बनाकर अलग-अलग बैंकों में खाता खुलवाकर ठगी से प्राप्त रकम को इधर-उधर करने और नगद आहरण करने का काम करते थे। आरोपी आनंद सिंह देवरिया उत्तर प्रदेश में पंजाब नेशनल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता था। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने देशभर में 40 से अधिक फर्जी कंपनियां बनाकर अलग-अलग राज्यों में ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस अब आरोपियों की संपत्ति की जानकारी जुटाकर उसे जब्त करने की तैयारी में है। इस मामले से जुड़े अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है और जल्द गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

**ये हैं गिरफ्तार आरोपी:** आकाश साहू (24), उंचेर, गोरखपुर, शेर बहादुर सिंह उर्फ मोनू (29), उंचेर, गोरखपुर, अनूप मिश्रा (48), आलमबाग, लखनऊ, नवीन मिश्रा (41), नीलमत्था, लखनऊ, आनंद कुमार सिंह (35), रुद्रपुर, देवरिया उत्तरप्रदेश।

# स्वदेशी उत्पादों का ही क्रय-विक्रय करेंगे : कैट




'वोकल फॉर लोकल' के अंतर्गत पोस्टर का विमोचन

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। कैट युवा टीम द्वारा च्वोकल फॉर लोकलज्ज अभियान के अंतर्गत पोस्टर का विमोचन किया गया ।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि कैट युवा टीम द्वारा च्वोकल फॉर लोकलज्ज अभियान के तहत यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम सभी देशवासी संकल्पित हैं। यह केवल हमारा दायित्व ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। हम सभी ने यह शपथ ली है कि हम च्वोकल फॉर लोकलज्ज के उद्देश्य को लेकर हमेशा आगे बढ़ेंगे और स्थानीय दुकानदारों, कारीगरों, कुटीर उद्योगों, बुनकरों एवं शिल्पकारों को बढ़ावा देंगे। हम भारत में बने स्वदेशी उत्पादों का ही क्रय-विक्रय करेंगे तथा त्योहारों के समय बाजार जाकर सामानों की खरीदी करेंगे ताकि बाजार की रौनक बनी रहे। साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विदेशी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से खरीदारी न करके दुश्मन देशों को किसी भी प्रकार का आर्थिक लाभ न पहुंचने दें।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक एवं स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक जगदीश पटेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की सामरिक शक्ति पूरे विश्व ने देखी स्वदेशी शस्त्रों से हमने लड़ाई जीती आज आवश्यकता है प्रत्येक नागरिक स्थानीय एवं स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर आर्थिक लड़ाई में अपना योगदान देकर भारत को विश्व गुरू बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

कैट प्रदेश सहित देश के सभी नागरिकों से अपील करता है कि भारत को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के इस संकल्प में सहभागी बनें और च्वोकल फॉर लोकलज्ज को अपनाएं।

विमोचन में कैट, युवा कैट, महिला कैट एवं ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से अमर पारवानी, जगदीश पटेल, विक्रम सिंहदेव, जितेन्द्र दोशी, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल, वासु माखीजा, कैलाश खेमानी, राकेश ओचवानी, अवनीत सिंह, नरेश गंगवानी, प्रीतपाल बग्गा, कान्ति पटेल, रतनदीप सिंह, भरत भूषण गुप्ता, मधु अरोरा, प्रेरणा भट्ट, आभा मिश्रा, शंकर बजाज, नागेन्द्र तिवारी, विजय पटेल, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, सुशील लालवानी, अमर धिंगानी, प्रकाश माखीजा, मनीष सोनी, नितिन नागदेव, बी.एस. परिहार एवं शैलेन्द्र शुक्ला मौजूद रहे।

# एसआईबी आरक्षक से 20 लाख की ठगी

आरोपियों ने निवेश करने पर अधिक लाभ का लालच दिया

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। एसआईबी पीएचक्यू में आरक्षक के पद पर कार्यरत पृथ्वीराज सिंह (36) के साथ टेलीग्राम के माध्यम से 20,04,285 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है ।पीड़ित ने खम्हारडीह थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें राजेश विश्वकर्मा, आयूशी यशवंत राय, और चेतन प्रकाश पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है।

पुलिस के मुताबिक पृथ्वीराज सिंह, जो जी.ए.डी. कॉलोनी, कचना, खम्हारडीह, रायपुर के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि 22 जून से 26 जून 2025 के बीच टेलीग्राम चैनल 'SYSTEM GROUP – 6188' के जरिए उन्हें निवेश पर अधिक लाभ का लालच दिया गया। आरोपियों ने क्लाइंट आईडी बनवाकर विभिन्न बैंक खातों में 17,51,371 रुपये RTGS/NEFT और 2,52,914 रुपये फोन-पे के जरिए जमा करवाए। जब राशि निकालने का समय आया, तो खाता सत्यापन के नाम पर अतिरिक्त 13,06,414 रुपये जमा करने का दबाव बनाया गया।

ठगी का अहसास होने पर पृथ्वीराज ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज की। शिकायत के साथ जमा राशि का विवरण भी दिया गया है, जिसमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सिटी यूनियन बैंक, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, कर्नाटक बैंक, और कोटक महिंद्रा बैंक के खातों में राशि ट्रांसफर की गई।

पीड़ित ने बैंक स्टेटमेंट, टेलीग्राम यूजर आईडी, और साइबर क्राइम पोर्टल की शिकायत की कॉपी भी पुलिस को सौंपी है ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निसार अहमद 750 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मेन एवं संजना सिंह 302.5 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग वूमेन का खिताब जीती



**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं टी गोल्ड जिम के तत्वाधान मे स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन लाखेनगर में किया था जिसमें स्ट्रांग मेन छग बिलासपुर के निशार अहमद 750 किलो वजन उठाकर बने स्ट्रांग वूमेन का खिताब दल्ली राजहरा संजना सिंह 302.5 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग वूमेन बनी उसी प्रकार स्ट्रांग मेन जूनियर का खिताब दल्ली राजहरा के सागर सिंह 510 किलो वजन उठाकर बने दल्ली राजहरा की प्रिया को जूनियर स्ट्रांग वूमेन सब जूनियर में रायपुर की देव श्री पैकरा स्ट्रांग वूमेन बनी छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता का उदघाटन महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड के पार्षद एवं जोन 5 के अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल किए जबकि पुरस्कार वितरण रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी एवं नगर निगम के पार्षद श्री मति सुमन अशोक पांडेय सभी महिला पुरुष विजयी खिलाड़ी को 21000 नगद पुरस्कार आकर्षक कप प्रदान किए प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पिंटू वर्मा पूजा नायक प्रदीप क्षत्रिय मातासरण साहू संजू कुमार थे विजयी खिलाड़ी इस प्रकार है महिला वर्ग मे देव श्री पैकरा मानवी नन्हेट रागिनी राघव सांची शर्मा अंशिका शर्मा प्रेरणा साहू प्रिया आस्था झा भावना हेड़ाऊ अंजना सिंह मोहिनी कौर मधु अहीर ललिता नायक ये सभी अपने अपने ग्रुप में तीन तीन गोल्ड मेडल लिए है ।

# विद्या वही जो दु:खों का नाश करे : मनीष सागर



**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में सोमवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर महाराज ने कहा कि जीवन में ज्ञान केवल धन कमाने के लिए अर्जित नहीं करना चाहिए। आज सभी को ऐसा लगता है कि ज्ञान के बल पर जीवन में सब कर लेंगे। अपने पैर पर खड़े होने के लिए शिक्षा आवश्यक है लेकिन रोटी, कपड़ा और मकान के साथ चौथी अनिवार्य आवश्यकता ज्ञान है। आज का युग ज्ञान का है। ज्ञान के महत्व को सभी ने माना है। हमारे गुरु भगवंतो ने भी कहा है विद्या वही है, जिससे दुखों का नाश होता है। यह कभी नहीं कहा कि विद्या वह है जिससे गरीबी व अभाव का नाश हो।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन है इसलिए ज्ञान की आवश्यकता है। जीवन में समस्या आती ही रहती है। ज्ञान वही है जिससे हम अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। समस्या जीवन में आएगी ही लेकिन ज्ञान होगा तो ही हम अपनी समस्याओं का समाधान कर पाएंगे। हमने अपने जीवन की बस एक समस्या गरीबी का समाधान करने स्कूल व कॉलेज की लाइफ को मान लिया है। हमने ये मान लिया है कि केवल पैसा चाहिए तो सब ठीक हो जाएगा और यही मान कर ज्ञान अर्जित करना शुरू किया। ज्ञान को केवल धन कमाने लायक बना लिए लेकिन जीवन में दूसरी समस्या आए तो उसे सुलझाने उस ज्ञान को नहीं सीख पाए जो आवश्यक है। इसलिए ज्ञान को सिर्फ धन कमाने तक सीमित नहीं रखना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन ऐसा जीना चाहिए जिसमें धर्म, अर्थ और काम में बाधा नहीं आए। अर्थोपार्जन आपके धर्म के पुरुषार्थ को कम ना कर दे। काम और भोग आपके अर्थ को उजाड़ ना दे। इन तीनों में संतुलन जरूरी है। इन तीनों में सबसे अधिक मुख्य क्या है ? सबसे पहले किसे महत्व देना होगा ? ये समझ आ जाए और कभी भी ऐसी स्थिति बने तो धर्म को बचाना सबसे पहले प्राथमिकता होनी चाहिए। जीवन में धर्म नहीं तो सदाचार, सात्विकता व पवित्रता नहीं होगी।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्यक्ति केवल धन के पीछे भागेगा तो जीवन में गलत मार्ग पर ही जाएगा। गलत मार्ग व्यक्ति को जेल की ओर ले जाएगा। जीवन को तबाह करने में गलत मार्ग से कमाया धन ही काम आता है। जीवन में धर्म नहीं होगा तो अर्थ नहीं बचेगा, अर्थ नहीं बचेगा तो भोग के सपने भी अधूरे रहेंगे। भोग फिर अमर्यादित हो जाएगा। आपके पास धन है लेकिन धर्म नहीं तो भोग अमर्यादित ही होंगे।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अर्थ व भोग घोड़े हैं और लगाम धर्म है। धर्म को बंधन मत मानो, धर्म को बाधक नहीं मानो, धर्म ही अमर्यादित धन व भोग को कंट्रोल करता है। धर्म हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। धर्म रहेगा तभी जीवन का हर समाधान निकल पाएगा। हमारे अच्छे स्वभाव, बर्ताव, हमारी नैतिकता, हमारे व्यवहार, हमारी प्रमाणिकता, हमारी ईमानदारी को देखकर बेहतर करियर मिलेगा और धन कमाने का रास्ता भी सही मिलेगा। विकास भी होगा और व्यवस्था मिलेगी, ये सभी केवल धर्म के कारण ही संभव होगा।

# आधा दर्जन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

रावतपुरा मेडिकल कॉलेज घोटाला

**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में 36 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है जिसमें कॉलेज के अधिकारी और कुछ डॉक्टर शामिल हैं। आरोप है कि कॉलेज को मान्यता दिलाने के लिए रिश्वत देकर नियमों की अनदेखी की गई। सीबीआई ने बेंगलुरु में 55 लाख रुपये की रिश्वत के लेनदेन के दौरान कई लोगों को पकड़ा ।जांच में पता चला कि रावतपुरा कॉलेज के अधिकारी, निरीक्षण करने वाले डॉक्टरों को रिश्वत देकर फर्जी रिपोर्ट बनवा रहे थे ताकि कॉलेज को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (ह्स्न्ष्ट) से मान्यता मिल जाए।

सीबीआई ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें कॉलेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी और तीन डॉक्टर शामिल हैं। 27 जुलाई को रायपुर की विशेष अदालत ने इनकी जमानत याचिका ठुकरा दी। इस घोटाले ने रावतपुरा सरकार समूह और इसके चेयरमैन रविशंकर महाराज के संस्थानों पर सवाल उठाए हैं। सीबीआई का कहना है कि यह घोटाला सिर्फ एक कॉलेज तक सीमित नहीं है, बल्कि मेडिकल शिक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का हिस्सा हो सकता है। जांच में रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (ऋश्वक्र) के पूर्व चेयरमैन संजय शुक्ला का नाम भी सामने आया है। सीबीआई ने 1 जुलाई 2025 से इस मामले की जांच शुरू की थी और अब तक कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसी अन्य संदिग्ध संस्थानों पर भी नजर रख रही है।

# सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसाय करने वालों का सामान जब्त



**रायपुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत मालवीय मार्ग में जयस्तम्भ चौक से जवाहर बाजार होकर सिटी कोतवाली चौक (महावीर चौक) तक मार्ग के दोनों ओर मुख्य बाजार क्षेत्र में सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसायरत फेरी वालों की सड़क पर विक्रय करने कब्जा कर रखी गयी कई दर्जनों की संख्या में चादरों और अन्य सामानों की जप्ती कर जनहित में जन सुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित सड़क यातायात उपलब्ध करवाते हुए त्वरित राहत मुख्य बाजार के मार्ग में नागरिकों और वाहन चालकों को दिलवाई गयी.

उल्टा पुल्टा

टीचर (छात्र से)- बताओ हाथी और घोड़े में क्या फर्क होता है?
छात्र-सर घोड़े की एक तरफ दुम होती है और हाथी की दोनों तरफ।

संपादकीय

## पशुओं से स्कूली बच्चे रहें सुरक्षित

*पत्थलगांव (जशपुर जिला) के लुड़ेंग गांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार की दोपहर को एक हथिनी अपने शावक के साथ घुस आई। वहां एक शिक्षक की मोटर साइकल खड़ी थी जिसे उसने तोड़ दिया। गनीमत यही है कि उस दिन हरेली की छुट्टी थी जिसके चलते शाला में कोई विद्यार्थी नहीं था। यह स्कूल गांव के एकदम कोने में है जिससे सटा हुआ घना जंगल है। इस बात की कल्पना की जा सकती है कि यदि उस दिन अवकाश न रहता तो क्या होता। मानवीय उपस्थिति वन्य प्राणियों को अधिक आक्रामक बना देती है। बच्चों का शोर-गुल हथिनी को गुस्सा दिला सकता था। इस मामले से सबक लेते हुए शालाओं के परिसरों को केवल वन्य पशुओं से ही नहीं, पालतू तथा आवारा जानवरों से भी सुरक्षित बनाये जाने की ज़रूरत है।*

*छत्तीसगढ़ के कई इलाके वनाच्छादित हैं जिनमें वन्य प्राणियों का बड़े पैमाने पर विचरण होता है। विशेषकर वन क्षेत्रों में कार्यरत स्कूलों के बच्चों को न सिर्फ ऐसे स्कूलों में दिन भर रहकर पढ़ना होता है बल्कि उन्हें आन-जाना भी जंगलों से ही करना होता है। वन्य तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते चलते बच्चों की चिंता तो पालकों एवं अभिभावकों को करनी होगी लेकिन सरकार को देखना होगा कि शालाएं बच्चों के लिये पूर्णत: सुरक्षित हों। बहुत से ऐसे इलाके हैं जो हाथी, भालू, लकड़बग्घे, तेंदुए जैसी प्रजातियों के प्राकृतिक आवास हैं। सांपों का खतरा भी बराबर बना हुआ होता है। शाला परिसरों में सर्पों के निकलने की भी घटनाएं होती हैं। सर्पदंश से छात्रों के मरने की भी वारदातें हो चुकी हैं।*

*वन क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों के अलावा शहरी तथा अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों के बच्चे गायों तथा कुत्तों से भी परेशान रहते हैं। सड़क जाते स्कूली बच्चों को कुत्तों द्वारा काटने या गौवंशों द्वारा घायल करने की भी वारदातें अक्सर होती हैं। जिन शालाओं की चारदीवारी यदि टूटी हों तो गायों-कुत्तों के कुनबे अक्सर स्कूल परिसर में रात-दिन डेरा जमाये रहते हैं। बरामदों में ये रात भर बैठ रहते हैं। शाला लगने के पहले उनकी साफ-सफाई अनिवार्यत: करनी होती है लेकिन उसके कारण होने वाली दुर्गंध, मक्खियों-मच्छड़ों आदि से बच्चों, शिक्षकों तथा स्टाफ को जूझना पड़ता है। इसके कारण उन्हें मलेरिया, हैजा जैसी बीमारियों का खतरा भी रहता है।*

*राज्य सरकार शालाओं के निर्माण तथा मरम्मत पर भरपूर पैसे खर्च करती है। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसी शालाएं दिखाई पड़ती हैं जो इसलिये पूरी तरह से खुली हैं क्योंकि उनकी चारदीवारियां टूट चुकी हैं। इसका एक हिस्सा भी टूट जाये तो जानवरों के आने-जाने का मार्ग खुल जाता है। कुछ समय तक मवेशियों के आने-जाने से ये दीवारें ध्वस्त हो जाती हैं। बाद में कुत्ते भी बैठते हैं। असामाजिक तत्वों का इनमें जमावड़ा भी होता है।*

# भाराछासं ने ईडी की शवयात्रा निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

■ ईडी के राजनीतिक दुरूपयोग का आरोप

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। ईडी पर भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर विपक्ष के नेताओं को दबाने का आरोप लगाते हुए आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की शवयात्रा निकाली। पटेल चौक में भारछासं कार्यकर्ताओं ने इसका पुतला दहन का प्रयास किया किंतु पुलिस ने पुतला दहन नहीं करने दिया व कार्यकर्ताओं से पुतला छिन लिया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भाराछासं के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू ने पुतला दहन करने लेने का दावा किया है। इस अवसर पर सोनू साहू सहित भाराछासं नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को राजनीतिक द्वेष से की गई कार्रवाई बताते हुए इसे विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास बताया है।




उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर की गई गिरफ्तारी के बाद से ही कांग्रेसजन काफी आक्रोशित है। लगातार धरना प्रदर्शन का विरोध जता रहे है। इसी कड़ी में आज भारछसं कार्यकर्ताओं ने हिन्दी भवन के सामने गांधी प्रतिमा से ईडी री शवयात्रा निकाली और रामनाम सत्य सहित तरह तरह की नारेबाजी करते हुए पटेल चौक तक गये।

पटेल चौक में ईडी के पुतले का शवदाह करने की चेष्टा की किंतु पुलिसबल ने मुस्तैदी दिखाते हुए पुतला कार्यकर्ताओं से छीन लिया। कार्यकर्ताओं ने कंधे पर ईडी का कथित शव रखा व बैनर के साथ शवयात्रा पटेल चौक तक ले गये। वहां शवदहन का प्रयास किया गया मगर भारी झूमाझटकी के बीच पुलिस ने भारछसं कार्यकर्ताओं से पुतला छीन लिया।

इस प्रदर्शन में मुख्यरूप से भारछसं कार्यकर्ताओं में गोल्डी कोसरे, तुषार कुमार, देवेश राजपूत, अहमद, आयुष शर्मा, आर्य, रमेश दास, लक्ष्य शर्मा, यश सोनी, आयुष चंद्रा, दिव्य रोशन युवराज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तहसीलदारों की 3 दिवसीय हड़ताल शुरू




■ राजस्व कार्यालय में कामकाज ठप्प

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आज हिन्दी भवन के सामने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया। कल 29 अगस्त को इसी स्थान पर संभाग स्तरीय तथा परसों 30 जुलाई को प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन रायपुर में किया जायेगा। आज के धरना प्रदर्शन में दुर्ग जिले के सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार के अलावा अन्य कर्मचारी भी शामिल थे। इस हड़ताल के कारण आज पहले दिन ही तहसील कार्यालयों से संबंधित कामकाज ठप्प रहें। गांव गांव से आये लोग अपने काम को लेकर भटकतें रहे।

संघ की 17 सूत्रीय मांगों में प्रमुख तौर पर सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप के तहत पदस्थापना की जाये। कम्प्यूटर आपरेटर, चपरासी, डब्ल्यूबीएन केजीओ नायब नाजिर माल जमादार भृत्य वाहन चालक राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाये। यदि यह संभव न हो तो संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा की बाध्यता से मुक्त रखा जाये। पदोन्नति 50 प्रतिशत पदों पर करते हुए 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जायें। नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित पद घोषित किया जायेगा। ग्रेड पे भी सुधार की मांग की गई है।

तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को शासकीय वाहन उपलब्ध कराया जाये। बिना वैध प्रक्रिया, नियमित आदेश या अभियोजन कार्रवाई से प्रभावित तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर उन्हें बहाल किया जाये। इसके अलावा न्यायालयीन प्रकरणों में आदेशों का पालन, न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर न की जाये, न्यायाधीश संरक्षण अधिनियम के तहत स्पष्ट निर्देश जारी किये जाये। आउट सोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की नियुक्ति के लिये तहसीलदार को अधीकृत किया जाये। तकनीकी कारणों को देखते हुए तहसीलों में प्रशिक्षित आपरेटर की नियुक्ति की जाये। एसएलआर या एएसएलआर की बहाली की जाये। सड़क दुर्घटना या ऐसे ही किसी मौके पर पीड़ितों को मुआवजा के लिये स्पष्ट गाईड लाईन जारी की जाये। इसी तरह राजस्व न्यायालय सुदृढ़ीकरण के लिये एक विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया जाये। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ को मान्यता देने की भी मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि आज की इस हड़ताल के कारण गांव गांव से आये लोग जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र मतदाता सूची में नाम जोड़ने के अलावा राजस्व न्यायालय से संबंधित विवादित व अविवादित प्रकरण से संबंधित कार्य पूरी तरह प्रभावित रहे। गांव गांव तथा शहर के भी बहुत से लोग अपने कार्यो को लेकर भटकते रहें। आज के धरना प्रदर्शन में संघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यान्ह भोजन के रसोईयों ने किया धरना प्रदर्शन



**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिला दुर्ग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइयां संघ द्वारा आज मोदी की गारंटी लागू करने सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आज हिन्दी भवन के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। धरना प्रदर्शन के बाद शाम को संगठन के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में रसोइयों ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जारी जनघोषणा पत्र में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के सौ दिनों के बाद मोदी की गारंटी के तहत रसोईयों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की गई थी। यह घोषणा आज सरकार बनने के 17 दिनों बाद भी लागू नहीं की गई है। रसोइयों ने कलेक्टर दर पर मानदेय देने की मांग की है। अंशकालीन रसोईयों को पूर्णकालीन किया जाये। स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या कम होने के कारण कार्य से न निकाला जाये। आज के धरना प्रदर्शन में संघ के प्रांतीय सचिव एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष दुर्ग राजेन्द्र जोगी, ब्लाक अध्यक्ष दुर्ग शकुन साहू, ब्लाक अध्यक्ष पाटन भुनेश्वर वैष्णव, ब्लाक अध्यक्ष धमधा कृष्णा धीवर, हलधर साहू, उमा ठाकुर, सोन बाई यादव, सावित्री त्रिवेणी,, कांति बाई, दामिन बाई, आत्माराम, कु. खिलेश्वरी, रेमन साहू, प्रेमिन सिन्हा, द्वारिका साहू, लता राजिन व अन्य रसोइयां शामिल थे।

# नगपुरा में 13 लाख के कार्यों के लिये विधायक ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम नगपुरा में 13 लाख 62 हजार रूपयों के प्रस्तावित विकास कार्यो के लिये आधारशिला रखी। इसके अंतर्गत अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र भवन के लिये 5 लाख 62 हजार तथा गली सीमेंटीकरण कार्य प्रस्तावित लागत 5 लाख, एवं 3 लाख 62 हजार रूपयों की प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य के लिये भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने प्रदेश सरकार द्वारा कराये



जा रहे कार्यो का विवरण देते हुए कहा कि विकास कार्यो के लिये किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। सरकार ने 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का जो स्वप्न देखा है वह हर हाल में पूरा किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू उपसरपंच नरेन्द्र निषाद ओंकार देवांगन सोसाइटी अध्यक्ष मुकेश मंडाले स्टार क्लब अध्यक्ष आकाश सेन उपाध्यक्ष इलेश्वर गायकवाड़, ममता देवांगन, आशा बाई साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# संभाग आयुक्त ने किया केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी और एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव भी साथ मौजूद थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने जेल परिसर अंदर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए संचालित सिलाई केन्द्र, प्रिंटिंग प्रेस कक्ष, फोल्डर बाइंडिंग कक्ष, कारपेन्टर कक्ष, वेल्डिंग कक्ष, हैण्डलुम कक्ष का अवलोकन किया। जेल अधीक्षक मनीष शांभकर ने अवगत कराया कि जेल में आने वाले बंदी जो उक्त कार्यों में रूचि रखते है, उन्हें रोटेशन अनुसार कार्य करने




जेल में चल रहे रोजगारन्मुखी सिलाई केन्द्र, प्रिटींग प्रेस, वेल्डींग, कारपेंटरी कार्य को सराहा

का अवसर दिया जाता है। बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को जेल प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यालयों में मांग के अनुसार आपूर्ति की जाती है। संभाग आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान परिसर स्थित जेल अस्पताल का भी अवलोकन किया और भर्ती मरीजों के बीमारी एवं उपचार आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों द्वारा संचालित कम्प्यूटर कक्ष तथा जेल परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, कार्यालय जेल अधीक्षक व नियंत्रण कक्ष का अवलोकन कर जेल में बंदियों की निगरानी की जानकारी ली। संभाग आयुक्त ने सामान्य बंदी बैरक का भी अवलोकन किया और बंदियों से पेयजल एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में रू.ब.रू चर्चा कर जानकारी ली। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय जेल दुर्ग में विभिन्न सजा व्याप्त 1069 बंदी है। जिसमें 40 महिला बंदी भी शामिल है।

# अष्टान्हिका महोत्सव का भव्य शुभारंभ गिरनार तीर्थ की महिमा पर प्रवचन




**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में 22वें तीर्थंकर भगवान श्री नेमिनाथ प्रभु के जन्म.दीक्षा कल्याणक एवं महान जैनाचार्य श्रीमद् विजय लब्धि सूरीश्वर जी की 64 वीं पुण्यतिथि के पावन उपलक्ष्य में श्रावण सुदी तृतीया से श्री नेम.लब्धि अष्टान्हिका महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह आठ दिवसीय आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहेगा।

महोत्सव के प्रथम दिवस रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्री गिरनार महातीर्थ की भावयात्रा का आयोजन हुआ। पूज्य साध्वी लब्धियशा जी ने इस अवसर पर गिरनार पर्वत की महिमाए तीर्थपति की प्राप्ति एवं तलेटी से शिखर तक की यात्रा का हृदयस्पर्शी विवेचना प्रस्तुत की। उन्होंने गिरनार को सिद्ध भूमि बताते हुए कहा कि यह तीर्थ न केवल जैन धर्मावलंबियों बल्कि अन्य ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# गणेश मूर्तियों को लेकर नगर निगम ने जारी की गाईड लाईन

केवल मिट्टी की मूर्तियां ही स्थापित करें, पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। अगस्त से त्यौहारी सीजन शुरू होने जा रहा है और इसके लिये बाजार सजने शुरू हो गये है। जगह जगह गणेश मूर्तियों के लिये पंडाल लगने के साथ ही उससे पूर्व 9-10 अगस्त को रक्षा बंधन है। इन दोनों पर्वो को ध्यान में रखते हुए लोगों ने बिक्री के लिये स्टाल लगाने शुरू कर दिये है। महिला समृद्धि बाजार, गौरव पथ सहित कसारीडीह, केलाबाड़ी, इंदिरा मार्केट दुर्ग में राखियों का बाजार लगना शुरू हो गया है। इसके तुरंत बाद ही इन्ही स्टालों में गणेशजी की मूतियां स्थापित कर दी जायेगी। इधर नगर निगम द्वारा गणेश जी की मूर्तियों को लेकर गाईड लाईन जारी कर दी है। इसके तहत पीओपी से बनी मूर्तियों पर प्रतिबंध जारी रहेगा। केवल मिट्टी से बनी मूर्तियों की स्थापना की अपील महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से की है।

उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त से गणेश पर्व शुरू हो रहा है। इसकी तैयारियां भी गणेशोत्सव का आयोजन करने वाली समितियों ने शुरू कर दी है। मूर्ति विक्रेता भी जहां तहां स्टाल लगाने की तैयारियां करने लगे है। इस मामले में अभी तक नगर निगम की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। गत वर्ष महापौर ने नगर निगम अमला को निर्देशित किया था कि इन व्यवसाइयों को सड़कें घेरने न दिया जाये।

आज महापौर अलका बाघमार व निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से पर्यावरण के अनुरूप मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करने का आग्रह करते हुए प्लास्टर आफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों के विक्रय और स्थापना करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि विगत अनेक वर्षो से पीओपी की मूर्तियों पर कड़ाई होने से अब पीओपी की मूर्तियां नहीं बिक रही है। नगर निगम ने इस मामले में सतत निगरानी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के लिए जिले में तैयारी जोरों पर, अब तक 30 हजार नागरिक फीडबैक दर्ज

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आयोजन पेयजल एवं स्वच्छता विभागए भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। सर्वेक्षण कार्य के लिए केंद्र सरकार ने एकेडमी ऑफमैनेजमेंट स्टडीज, एएमएस लखनऊ को स्वतंत्र एजेंसी के रूप में चयनित किया है, जो अगस्त माह से दुर्ग जिले में फील्ड सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करेगी।

इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और साफसफाई का मूल्यांकन कर रैंकिंग तय की जाएगी, जो न केवल जिले की बल्कि राज्य और देश की रैंकिंग को भी प्रभावित करेगी। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है ताकि आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और जिले को बेहतर रैंक प्राप्त हो।

कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक शौचालयों एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में एसएसजी.2025 का लोगो एवं स्वच्छता संदेशों का दीवार लेखन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रत्येक पंचायत में 5 से 10 प्रकार के दीवार लेखन कराए गए हैं।

फीडबैक में जनता की भागीदारी : स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत अब तक जिले में लगभग 30 हजार नागरिक फीडबैक दर्ज किए जा चुके हैं। इसमें जनपद पंचायत धमधा ने सबसे अधिक 13 हजार फीडबैक, पाटन से 10 हजार और दुर्ग जनपद से 7 हजार फीडबैक शामिल हैं। यह फीड बैक स्वच्छाग्रही, स्वच्छता समूह और बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं के सक्रिय सहयोग से एकत्रित किए जा रहे हैं।

# रजिस्ट्रेशन में अड़चन किसानों को धान बेचने में आ रही परेशानी

## बघेरा-कोटनी रोड की अधूरी नाली बनी किसानों की मुसीबत, 100 एकड़ फसल डूबी पानी में

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। जला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए।

भिलाई पार्षद वार्ड.03 निवासी ने पुराने विद्युत पोल को बदलने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भिलाई माडल टाऊन वार्ड.03 की



जनदर्शन में 107 आवेदन प्राप्त

श्रमिक बाहुल्य बस्तियाँ में 30 साल पुराने, जर्जर व झुके हुए बिजली के खंभों में दरारें, तारों का जाल और झुकाव बच्चों व राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास और सड़क निर्माण के बाद खंभों की ऊँचाई कम हो गई है, जिससे तार और ज्यादा नीचे लटकने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में विद्युत विभाग को भी आवेदन दिया गया है। उन्होंने पुराने खंभों को हटाकर ऊँचे लोहे के खंभे लगाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 54 पोटियाकला के किसानों ने एग्रीस्टेक कृषक रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या के चलते किसान पंजीयन नही होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# विधायक ने परिवार सहित सुनी मन की बात

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने गया नगर एवं तमेर पारा में भाजपा परिवार के सदस्यों के साथ रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी।



इसके बाद उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन की समीक्षा करते हुए उस पर अमल के लिये प्रेरित किया।

इस मौके पर पार्षद गोविंद देवांगन, ममता देवांगन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, आसिफ अली, विक्रम सिंह ठाकुर, तुषार देवांगन, दया साहू, पंकज राठी, अनूप यादव, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भाजपा कुम्हारी मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले पाटन विधानसभा के कुम्हरी मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश भाजपा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अनुमोदन से कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा द्वारा घोषणा की गई है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू, इमरान रिजवी, द्वारिका साहू, इंदिरा कोसरिया, महामंत्री दीपक चतुर्वेदी, नारायण सोनकर, मंत्री योगिता वर्मा, गीता निर्मलकर, सुजीत यादव, सरस्वती डांडे, कोषाध्यक्ष जेपी बैस, सह कोषाध्यक्ष कैलाश डोडवानी, कार्यालय मंत्री विनोद वर्मा, सह कार्यालय मंत्री रामप्रकाश गुप्ता, मीडिया प्रभारी होमेन्द्र साहू, मीडिया सह प्रभारी गोविंद बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी हीरा सिन्हा, सोशल मीडिया सह प्रभारी मुकेश कुमार पठारी, आईटी सेल प्रभारी उमाकांत साहू आईटी सेल सह प्रभारी गौरव पटेल सहित 25 कार्य समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

# कोतवाली थाना क्षेत्र ठगी का मामला, पुलिस ने जांच शुरु की

**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी का मामले में सेक्टर-8 में रहने वाले एक शख्स ने टीवी के एक शो में आए एक एड के झांसे में आकर फसा और 35 लाख से ज्यादा की रकम गवां ली। इस मामले में शिकायत के बाद भिलाई नगर पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। इस संबंध में सडक नं 35 सेक्टर 8 निवासी आर रूपेश ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 7 अप्रैल 2025 को फेसबुक पर वे एक शो देख रहे थे, तभी एक विज्ञापन आने के बाद रूपेश ने गूगल पर इसे सर्च किया। सर्च करने के कुछ ही देर में क्वांटम राधिका ने रूपेश से संपर्क किया और शेयर ट्रेडिंग को लेकर पूछा। इच्छा जाहिर करने पर नियम और टर्म बताया गया। कालर द्वारा बताया गया कि यूएसडीटी पर ट्रेडिंग प्रारंभ करना चाहते हैं तो 26000 लागत लगाकर ट्रेडिंग व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं। इसके बाद कहा गया कि आप अपना फायनेंसियल एडवाइजर रख सकते हैं या कंपनी आपको फायनेंसियल एडवाइजर दे सकती है। इसके बाद आवेदक द्वारा रकम 25704 रुपए एचडीएफसी बैंक के खाते से मुकुल कंपनी ज्वाइन किया। रूपेश कहा गया कि उक्त रकम में बढ़ोतरी होते रहेगी। पहला निवेश के बाद अब रूपेश को लगातार निवेश के लिए कहा गया। रूपेश ने 12 मई 2025 को यूपीआई के माध्यम से 50 हजार रुपए पुरका नाम के व्यक्ति के बैंक खाता एयू स्मॉल फायनेंस बैंक जमा कराया। इसके बाद इसी खाते में लगातार रुपए जमा करता रहा। 12 मई से 4 जुलाई 2025 तथा 24 जुलाई से 25 जुलाई 2025 के बीच अलग किश्तों में रकम जमा करता रहा। कभी 50 हजार तो कभी एक लाख और बाद में यह रकम लाखों में पहुंच गई। इस प्रकार रूपेश से कुल 35,90880 रुपए जमा करा दिए। जब रूपेश ने रुपए निकालने की इच्छा जताई तो कंपनी ने कमीशन मांगा। जब कम्पनी के लोगों ने अभद्र व्यवहार किया तो ठगी का अहसास हुआ और उसने पूरे ट्रांजेक्शन रिकार्ड के साथ भिलाई नगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल इस मामले में भिलाई नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# बड़े आवासों को खाली करने उठने लगी मांग

## आफिसर एसोसिएशन व सीटू नेताओं ने अपने अपने स्तर पर किया विरोध



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के बड़े आवासों को कब्जा करने एवं उसे खाली कराने को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र के आफिसर एसोसिएशन व सीटू यूनियम अपने स्तर पर बयानबाजी कर रही है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के आभिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष एन.के. बंछोर ने भिलाई इस्पात संयंत्र के बड़े आवासों को कब्जा मुक्त करने के लिये प्रधानमंत्री व केन्द्रीय इस्पात मंत्री को पत्र प्रेषित किया है। वही अब भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनियन सीटू ने भी इस मामले को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ज्ञात हो कि सीटू यूनियन ने कहा कि क्या भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रबंधन वाकई कब्जे को खाली कराने के लिए ईमानदारी से काम कर रहा है, यदि ऐसा है तो यह स्वागत योग्य है किंतु संयंत्र के कर्मियों अथवा अधिकारियों के रिटेंशन आवास को खाली करवा कर उन आवासों को यदि उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को सौपने की तैयारी है तो यह बात कई प्रश्नों को जन्म देता है क्योंकि बीएसपी कर्मियों अथवा अधिकारियों के कब्जे में रहने वाला आवास अस्थाई कब्जे के दायरे में आता है। सीटू नेताओं ने कहा कि यदि प्रबंधन इस सूची को सार्वजनिक कर दे कि प्रशासनिक अधिकारियों के नाम से बी एस पी के कितने आवास आवंटित है एवं कितने समय से आवंटित है तो बात अपने आप स्पष्ट हो जाएगी। यह बात संज्ञान में है कि बाहर से स्थानांतरित होकर आने वाले मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी को वक्त पर आवास उपलब्ध न होने के कारण भिलाई निवास के शरण में जाना पड़ता है उसके बाद वे सी-3 टाइप के मकान आवंटित करवा कर उसमें रहने लगते हैं किंतु उनको बेहतर आवास देने के लिए कभी भी बीएसपी नगर सेवाएं विभाग की ओर से कोई प्रयास नहीं दिखता है किंतु आज एक प्रशासनिक अधिकारी को आवास देने के नाम पर अपने ही संयंत्र में लंबे समय तक सेवा करके सेवानिवृत हुए अधिकारी के रिटेंशन आवास को दलबल के साथ जाकर खाली करवाकर शेखी बघारा जा रहा है। तालपुरी डायरेक्टर बंगला के बाद भिलाई में कोई सबसे बड़े आवास है तो वह 32 बंगले है, जहां पर 32 बंगले बने हुए हैं कभी यह सब बंगले बीएसपी के हुआ करते थे अब इनमें से एक बंगला छोड़कर बाकी सभी शासन प्रशासन अथवा नेताओं के कब्जे में है। सीटू नेताओं ने लिखित जारी बयान में नगर सेवाएं विभाग कभी इन बंगलो को खाली करवा कर अपने कब्जे में ले पाएगा। यह बंगले जिन भी अधिकारियों नेताओं अथवा कार्यालय के अधीन है क्या नगर सेवाएं विभाग ने उनको आबंटित किया है यदि किया है तो किन नियमों के तहत यह सब संभव हो सका है सार्वजनिक करना चाहिए अन्यथा उन कब्जे वाले बंगलो को खाली करा कर प्रबंधन इन बंगलो का सही उपयोग करना चाहिए। बाहरी तत्वों से जब भी टाउनशिप के अधिकारियों के साथ टकराहट की स्थिति आई और यही एनफोर्समेंट के अधिकारी जब जब यूनियन प्रतिनिधियों से रात बे रात सहयोग की अपील किए हैं तब तब सीटू एवं अन्य यूनियनें हमेशा उनके साथ दिया है और हम प्रबंधन के विरोधी नहीं है इसीलिए आज प्रबंधन पर? सीटू के द्वारा उठाए गए सवालों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए क्योंकि संयंत्र में अपने 35-40 वर्ष सेवा देने वाले कर्मचारी एवं अधिकारियों के प्रति इस तरह का रवैया? उनके समर्पण एवं ईमानदारी को ठेस पहुंचा रहा है और आज की इस घटना ने संयंत्र कर्मियों के मन में दहशत पैदा करने का काम किया है। इस पूरी घटनाक्रम पर संयंत्र में चर्चा का विषय है कि आखिर टाउनशिप के अधिकारी जो कभी उनके साथ काम किया है उनके प्रति इस तरह का व्यवहार करना क्या उचित है, क्या अगर ऐसा नहीं है तो कई कर्मियों ने कई ऐसे आवास के पते बताते हुए कहा है कि वर्षों से अवैध रूप से बड़े क्वार्टर में कई लोग निवास कर रहे है तो उन लोगों के आवास क्यों खाली नहीं कराये जा रहे हैं। इस तरह की नीति से कई प्रश्न उठ रहे है।

# कारगील के शहीदों को किया याद



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी में आज कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो वीर सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति भाषण कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुति दी गयी। जिसमें पुलवामा हमला और ऑपरेशन कारगिल की विजय यात्रा को दर्शाया गया। मुख्य अतिथि कर्नल ई जे जयक्कन्नन सिग्नल्स वेटरन ने अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा किए और कारगिल युद्ध के समय की परिस्थितियों के बारे में बताया। उन्होंने सैनिकों के बलिदान और सीमाओं पर जीवन की कठिनाइयों को साझा करते हुए छात्रों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि देश दीपक सिंह जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के प्रांत सचिव ने जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के कार्यों और देश की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला। पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। रोहित वमा सेवानिवृत्ति सूबेदार एवं श्रीमती आशा वर्मा के पुत्र कैप्टन अमन वर्मा जो वर्तमान में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र हैं। इसी प्रकार बीजू प्रसाद कैप्टन एवं श्रीमती पूनम बराल की पुत्री प्रतिभा बराल महाविद्यालय की छात्रा हैं और एनसीसी में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इन वीर परिवारों के योगदान और देशभक्ति को महाविद्यालय ने नमन करते हुए उन्हें शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह पौधे और गाय के गोबर से बने विशेष मोबाइल स्टैंड भेंट किए गए। प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। डीन अकादमिक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन सी सी प्रभारी कैप्टन डॉ कृष्ण मंडल, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ शिल्पा कुलकर्णी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार सिंह ठाकुर, देवराज सिंह ठाकुर, रंजीत सिंह, लेफ्टिनेंट उज्ज्वला भोंसले उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ सुषमा दुबे द्वारा किया गया।

# मादक पदार्थ सहित दो गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। श्रीकांत निवासी एसीसी लेबर केम्प जामुल द्वारा थाना जामुल रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 जुलाई के दोपहर 3 बजे प्रार्थी अपने साथी के साथ जामुल शराब भट्टी गया हुआ था। भीड़ में अजय यादव द्वारा प्रार्थी को धक्का देने लगा प्रार्थी शराब लेने के लिए पैसा निकाला तो अजय यादव 4500 रूपये लूट लिया। प्रार्थी द्वारा अपनी पैसे वापस मांगने पर अजय यादव एवं उसके साथी ब्रिजेश कुमार सिंह एवं मनोज राम तीनो मिलकर मारपीट करते हुए मोबाईल भी लूट लिये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जामुल पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर सूचना मिलते ही संदेहियों के तलाश में जुट गई। संदेही अजय यादव को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि अपने साथी ब्रिजेश कुमार सिंह एवं मनोज राम तीनो मिलकर प्रार्थी एवं उसके दोस्त के साथ नगदी 4500 रूपये एवं 02 मोबाईल लूट करना स्वीकार किये। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि राजेन्द्र देशमुख, सउनि महफुज खान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, दीपक सिंह, राधे यादव, प्रदीप सिंह तिरथ बंजारे का विशेष योगदान रहा।

**मादक पदार्थ सहित दो गिरफ्तार**

भिलाईनगर। अलग.अलग स्थानों अहिवारा रेल्वे कॉलोनी तथा ग्राम ओखरा नंदनी नगर क्षेत्र में दो व्यक्तियों द्वारा मादक प्रदार्थ गांजा छिपाकर रखा है । इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम व्दारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ पर अपना नाम मेरी उम्र 55 साल रेल्वे कॉलोनी अहिवारा व पोप चंद 30 साल के पास से मादक पदार्थ गांजा जप्त कर धारा 20(ख), 27(ए), के अन्तर्गत गिरफ्तार किया

# हेरोइन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। जामुल पुलिस ने धारदार हथियार बटनदार चाकू से डराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को रात्रि लगभग 8 बजे एक व्यक्ति बोगदा पुलिया जामुल के पास धारदार हथियार बटनदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने एवं रात्रि लगभग 10 बजे एक व्यक्ति बोगदा पुलिया के आगे जामुल के पास धारदार हथियार स्टील का चापड़ लेकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर तत्काल जामुल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम सागर जायसवाल निवासी छावनी एवं आदित्य यादव निवासी संग्राम चौक छावनी का रहने वाला बताए। आरोपी सागर जायसवाल के कब्जे से एक लोहे का धारदार बटन चाकू एवं आदित्य यादव के कब्जे से स्टील का धारदार चापड़ विधिवत जप्त किया गया। आरोपी सागर जायसवाल निवासी छावनी को थाना जामुल धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं आरोपी आदित्य यादव पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि महफुज खान, आरक्षक दीपक सिंह, राधे यादव, प्रदीप सिंह एवं तीरथ बंजारे का विशेष योगदान रहा।

# आंध्र स्वाभिमान एसोसिएश की बैठक सम्पन्न



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन की आवश्यक बैठक आंबेडकर पार्क सेक्टर 1 में सम्पन्न हुआ। पूर्व अध्यक्ष के.उमाशंकर राव द्वारा नव निर्वाचित समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई। आय व्यय का संपूर्ण जानकारी पूर्व कोषाधिकारी एम.ईश्वर राव द्वारा दी गई। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनावी कार्य के आय व्यय की सम्पूर्ण जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से नव निर्वाचित अध्यक्ष ए. दुर्योधन राव, महासचिव के प्रसाद राव, कोषाधिकारी एम ईश्वर राव, उपाध्यक्ष एम वेंकट राव, उप महासचिव पी जगदीश राव, कार्य समिति सदस्य डी शंकर राव, सी एच अप्पलस्वामी, के शिवकुमार रायुडू, जे श्रीनिवास राव, ने एसोसिएशन के द्वारा जन उपयोगी तथा सेवा कार्य करने के संकल्प लिया गया। वरिष्ठ सदस्य वी सुर्यनारायण, के पापा राव, यू लक्ष्मण मूर्ति, पी चंद्रशेखर, डी राजू, ए जगन्नाथ, एम कृष्णा एवं गणमान्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सामाजिक सेवा भावना से निरन्तर जनहित कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# सावन तीज पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर 1 में महिलाओं के द्वारा सावन तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सनातनी वेशभूषा लंहगा, चुनरी, हरे कांच की चूड़ियां जो कि सावन पर्व की हरियाली का प्रतीक है को धारण किया। स्वागत श्रीमती ममता अवस्थी, श्रीमती वंदना पाण्डेय, श्रीमती ज्योति तिवारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुशीला दीक्षित ने करते हुए पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें रखीं गई। कार्यक्रम में बहुमुखीय प्रतिभाओं से सुसज्जित नारीशक्ति की प्रतिक मुख्य अतिथि श्रीमती शुभ्रा शुक्ला मिश्रा हयूमेंस केयर डेवलपमेंट हाउसिंग के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एवं पूर्व उद्घोषक, नीति आयोग भारत सरकार के अंतर्गत संबद्ध योजना प्रतिभा सम्मान योजना की मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ व प्रभारी मध्यप्रदेश ने समस्त नारी शक्तियों से आव्हान किया कि वर्तमान समय में विशेषकर माता-पिता का वर्तमान पीढ़ी के साथ ही साथ भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में भी अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करना होगा। कार्यक्रम में निर्णायक श्रीमती शिखा मिश्रा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उपस्थित थे। अध्यक्ष उमाकांत दीक्षित ने कहा कि नारी शक्ति ही समाज को शक्तिशाली, उन्नत, बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न समाज का निर्माण कर सकती है। महासचिव रविन्द्र मिश्रा ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि महिलाएं हर क्षेत्र में निरंतर अग्रसर हैं। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का समावेश किया गया। सावन के गीतों में प्रथम श्रीमती मुक्ता मिश्रा, द्वितीय श्रीमती समता शुक्ला, श्रीमती अनुपमा मिश्रा, नृत्य में प्रथम श्रीमती नम्रता दीक्षित, द्वितीय श्रीमती पूजा मिश्रा, तृतीय श्रीमती रोली शुक्ला, श्रीमती दिव्या शुक्ला, श्रीमती अल्पना त्रिपाठी, श्रीमती श्रुति तिवारी, श्रीमती विभा मिश्रा, सावन के गीत में प्रथम श्रीमती मुक्ता मिश्रा, द्वितीय श्रीमती समता शुक्ला, श्रीमती अनुपमा मिश्रा, श्रीमती प्रिया तिवारी, श्रीमती सुशीला तिवारी, श्रीमती सुषमा तिवारी, प्रथम डाक्टर आयुषी शुक्ला, श्रीमती शांता पांडे, द्वितीय श्रीमती वंदना शुक्ला, श्रीमती नीलिमा शुक्ला, तृतीय श्रीमती गीता शुक्ला, श्रीमती स्नेहा अप्रत्याशित प्रतियोगिता में सावन सुंदरी बनी श्रीमती कल्पना शुक्ला, खूबसूरत आंखें श्रीमती मीतू तिवारी, सादगी खूबसूरती दीक्षा बाजपेइ, एवरग्रीन सदाबहार सर्व प्रथम सावन क्वीन से सम्मानित श्रीमती रानी शुक्ला, पारंपरिक गीत में श्रीमती अनुभा तिवारी, राजश्री अवस्थी,समूह के द्वारा किया गया। सामूहिक नृत्य कल्पना शुक्ला की महिला समूह ने प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों को सम्मान पूर्वक श्रीमती सुशीला दीक्षित, श्रीमती शुभ्रा शुक्ला मिश्रा, श्रीमती शिखा मिश्रा, श्रीमती सरोज मिश्रा के द्वारा पुरस्कृत किया। संचालन श्रीमती रश्मि त्रिवेदी, श्रीमती मीतू तिवारी, श्रीमती रमा अग्निहोत्री ने किया। श्रीमती रमा अग्निहोत्री, श्रीमती ममता अवस्थी, श्रीमती वंदना पाण्डेय, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती रत्नमाला तिवारी, राकेश शुक्ला का सहयोग रहा। आभार व्यक्त श्रीमती ज्योति तिवारी ने किया।

# गौठान एवं निर्माणाधीन नाला का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। निगम भिलाई नेहरू नगर अंतर्गत कोसा नाला स्थित गौठान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। सड़को में बैठकर आवागमन को बाधित करने वाले आवारा पशुओ को पकड़कर गौठान में रखा गया है, जहां उनके खान पान, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही इच्छुक गौ सेवकों से संपर्क कर गौठान परिसर में रेलिंग लगाकर वृक्षारोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। सुपेला मुख्य मार्ग से लगा हुआ निर्माणाधीन नाला का अवलोकन किया गया। निर्माण कार्य अविलंब एवं गुणवत्ता युक्त कराने कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर निर्देशित किया गया है। नेहरू नगर स्थित बाल उद्यान में अटल परिसर का निर्माण किया जाना है, जिस हेतु मूर्तिकार वीवीएन विन्सेंट नेल्शन से मिलकर नमूना प्रतिमा का अवलोकन कर अविलम्ब निर्माण हेतु चर्चा किए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, अंकित सक्सेना, संजय उपाध्याय उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक महासंघ के घनश्याम बने अध्यक्ष



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की आमसभा एवं प्रबंधकारिणी का त्रैवार्षिक चुनाव सियान सदन शांति नगर में संपन्न हुआ। महासंघ के अध्यक्ष पद पर घनश्याम कुमार देवांगन आमसहमति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रबंधकारिणी के अन्य पदों पर गजानंद साहू महासचिव, श्रीमती अर्चना मूले एवं बलबीर सिंह सहगल उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, महेन्द्र कुमार सोनवानी संयुक्त सचिव तथा बाबूलाल साहू, हुकुमचंद देवांगन, जियालाल चौधरी, माखनलाल टंडन, भरतलाल साहू एवं सुखी राम जांगड़े कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। सभी 12 पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। घनश्याम देवांगन ने कहा कि वे सबका सहयोग लेकर वरिष्ठ नागरिकों की खुशहाली एवं उनकी समस्याओं के निराकरण लिए योजनाबद्ध ढंग से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठजनों के अनुभवों का लाभ लेकर युवाओं एवं बच्चों में अच्छे संस्कार डालने हेतु प्रयास करेंगे, ताकि आगे चलकर वे अच्छे नागरिक बनें। उन्होंने जोर देकर कहा कि महासंघ के लिए शासन से भूमि आवंटन की लंबित मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने एवं वरिष्ठ नागरिकों के हित में सियान आयोग के गठन की मांग शासन से करेंगे। चुनाव अधिकारी अमोलदास साहू एवं पर्यवेक्षक महेश वर्मा थे। सभा में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने नई प्रबंधकारिणी को बधाई देते हुए अपने कार्यकाल में सहयोग करने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त महासचिव गजानंद साहू ने प्रतिवेदन एवं कोषाध्यक्ष एम.एल. कश्यप ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

# बैंक लॉकर में रखा सोना नही मिलने पर मामला पहुंचा थाने

**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। सिविक सेंटर बैंक ऑफ बड़ौदा के लॉकर से खाता धारक का लगभग 50 लाख रुपए का सोना गायब होने की शिकायत बैंक प्रबंधन से की। खाताधारक का कहना है कि उसने या उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने सोना नहीं निकाला। खाताधारक ने इसकी शिकायत भिलाई नगर थाना में की। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधन के खिलाफ धारा 316(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले में सेक्टर-5 निवासी दरोगा सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा में उसे 1991 से लॉकर न 697 आवंटित हुआ था। लॉकर में अपने परिवार का 40 तोला सोना तीन अलग अलग पोटलियां बनाकर रखा था। लॉकर रूम में सीपेज के कारण लॉकर खोलने में परेशानी होना बताया और इसकी शिकायत करने पर लॉकर की देखरेख करने वाले से की तो एक अस्थाई लॉकर नंबर 547 दिया। इस दौरान पुराना लॉकर ठीक करने के लिए चाबी अपने पास रख लिया। दरोगा सिंह ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को फोन पर बताया कि पुराने लॉकर का सामान अस्थाई लॉकर में रख दिया गया है। पुराना लॉकर ठीक होने के बाद फिर से उसे दे दिया जाएगा। इसके बाद दरोगा सिहं ने 22 अप्रैल 2025 को जब लॉकर खोला तो उसमें से दो पोटली में रखा समान गायब पाया। केवल एक पोटली जो उसकी बहु की थी वही लॉकर में पाया गया। दारोगा सिंह ने बताया कि लॉकर का संचालन वे स्वयं करते हैं और उनके साथ उनकी पत्नी श्यामा सिंह जाती है। इस मामले में दरोगा सिंह ने बैंक प्रबंधन से शिकायत की तो सिनियर मैनेजर ने कहा कि लॉकर को दरोगा सिंह ने अपनी बेटी के साथ ऑपरेट किया है जबकि पुलिस को दिए बयान में दरोगा सिंह की बेटी ने कहा था उन्होंने कभी भी लॉकर ऑपरेट नहीं किया।

# संडे ऑन साइकिलिंग का आयोजन



**भिलाईनगर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। बीएसपी साइकिलिंग क्लब और छत्तीसगढ़ साइकिलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में संडे ऑन साइकिलिंग का आयोजन लगातार 24वें सप्ताह प्रात: 8 बजे से प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए ओए बीएसपी के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने भिलाई शहर के खेल की संस्कृति को आगे बढ़ाने और बच्चों को भविष्य में स्वस्थ बने रहने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। भिलाइ प्रगति भवन से प्रारंभ यह साइकिल यात्रा शहीद उद्यान होते हुए परिवार चौक के रास्ते रेल चौक से गुजर कर सीए चौक होते हुए प्रगति भवन पहुंच कर समाप्त हुई। इस आयोजन के दौरान 100 से अधिक बच्चों ने बीएसपी साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिलिंग पोलो क्लब एवं ओए.बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह एवं महासचिव साइकिलिंग एसोसिएशन, छत्तीसगढ़, विनायक चन्नावर के साथ साइकिलिंग की। सांसद विजय बघेल ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस कार्यक्रम में नंदनवार, साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ए एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, कोच विकास कुमार, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, राजेन्द्र जोशी, विजय पांडेय एवं गौतम तथा बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

**डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित**

*बिलाईगढ़, 28 जुलाई (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु योग्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार हेतु इच्छुक कृषक आवेदन पत्र उप संचालक कृषि जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कार्यालय रानीसागर सारंगढ़ से नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरकर संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के माध्यम से जमा कराना होगा। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीपोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है।*



# जनपद डौण्डी में मूल्यांकन सत्यापन की आड़ मे कमिशन खोरी का चल रहा खेल

## एसडीओ,इंजिनियर निर्माण कार्यों,बिना कमिशन लिए नही करते मूल्यांकन सत्यापन




**डौण्डी**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर व वर्तमान सरपंचों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया की जनपद पंचायत डौण्डी भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है। पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य के आड़ में जनपद सीईओ एसडीओ इंजिनियर तकनीकि सहायक यहां तक मनरेगा के प्रभारी व बाबू व्दारा खुले आम कमिशन खोरी का खेल चला रहे है। उन्होंने कहा की दुर्भाग्य जनक है कि कमिशन खोरी का यह खेल आला अधिकारियों के संरक्षण में खेला जा रहा है, जिसका हम सरपंच लोग पद रहने व नहीं रहने के बाद भी इसका खमियाजा भूगत रहे हैं।ग्राम कोटागांव की पूर्व सरपंच जामबाई चुरेन्द्र लिखित शिकायत दे कर कहा की जनपद डौण्डी के एस डी ओ,जे पी चन्द्राकर पंचायत के निर्माण कार्यों का सत्यापन बिना कमिशन लिए नही करते है। सीधा हम सरपंचों से हरे हरे नोट की व्यवस्था करिये कहते हैं, फिर निर्माण कार्य का सत्यापन होगा। जो सरपंच कमिशन में देरी करते हैं उनके कार्य में रोड़ा अटकाने का कार्य एस डी ओ व्दारा करने लग जाते हैं। 62 ग्राम पंचायत में ऐसे कई निर्माण कार्य पूर्ण हुए छै माह एक साल से उपर हो गये है,जिसका मूल्यांकन व सत्यापन के बिना पेमेंट अटका पड़ा है। जिसका खामियाजा वर्तमान सरपंच के साथ पूर्व सरपंच उठा रहे हैं। कमिशन खोरी के चक्कर में एस डी ओ चन्द्राकर व इंजिनियर निर्माण कार्यों का फाइल को दबा कर रख लेते हैं और दिखावे के लिए सचिव सरपंचों से कहते हैं की फाइल नहीं मिला रहा है, दिखावे के लिए फाइल को खोजवाने का कार्य भी करवाते है। यही हाल इंजिनियरों मनरेगा के तकनीकि सहायकों का है मनरेगा जैसे कार्यों में भी जो केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में एक है,मनरेगा प्रभारी द्वारा पंचायत में हुए निर्माण कार्यों के बिल को जिले में एफटीओ करने का कमिशन मांगते हैं मनरेगा प्रभारी के पास तो बकायदा सभी पंचायतों के कमिशन का लेखा जोखा का हिसाब भी लिखित में रखते हैं। यहां तक इंजिनियर व तकनीकि सहायक पंचायत के निर्माण कार्यों का खुद ठेकेदार बन जाते हैं। सरपंच सिर्फ नाम के निर्माण एजेंसी बन कर रहते हैं क्योंकी निर्माण कार्य कि मूल्याकन से लेकर सत्यापन पंचायतों में पेमेंट भेजने का अधिकार इन्हीं लोगों के पास रहता है जिसका भरपुर फायदा उठाते हैं। जब इसकी शिकायत जनपद सीईओ से हमारे द्वारा किया जाता है की पंचायत में शासन द्वारा आये हुए निर्माण कार्य छै माह से उपर हो गये है इंजिनियर एसडीओ द्वारा अभी तक मूल्यांकन व सत्यापन नहीं किया गया है। मटेरियल वाले हम पर पैसे के लिए दबाव आ रहा है,तब जनपद सीईओ व्दारा पहले तो हम महिला सरपंचों से अशोभनिय भाषा में बात करते हैं। उसके बाद पंचायत में पूर्ण हुए निर्माण कार्यों का खुद निरक्षण करने पहुंच जाते हैं,और कहते हैं इंजिनियर व एस डी ओ का कमिशन दे दिया करो जो व्यवस्था है उसे पूर्ण कर दिया करें। आप के सब कार्य समय पर हो जाएगा। जिनकी जिम्मेदारी इस गफलतबाजी को रोकने की है वे खुद ही इस गुनाह में शामिल हैं। ब्लाक के सरपंचों ने निर्माण कार्यों में कमिशन की मांग और मांग पूरी नहीं करने पर काम में रोड़ा अटकाने के खिलाफ सीईओ एसडीओ इंजिनियर मनरेगा अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दी है। इस संबध में जनपद सी ई ओ को फोन करने पर उनकी फोन की घंटी बजते रही उन्होंने फोन नहीं उठाया।

सरपंचों ने मुझे भी इस मामले में शिकायत की है।जनपद पंचायत से बहुत से कार्यों में अनियमितता की मेरे व्दारा जानकारी मांगी गई है। पंचायती राज व्यवस्था में अधिकार तो पंचायत प्रतिनिधि के पास है,लेकिन उन अधिकारों का प्रयोग किस तरह होगा ये अधिकारी तय कर रहे है।

विधायक
अनिला भेडिया
डौण्डी लोहारा विधान सभा क्षेत्र

जनपद डौण्डी सीईओ,एसडीओ, इंजिनियर मनरेगा विभाग द्वारा पंचायतों के निर्माण कार्यों में अनियमितता गंभीर विषय है, इसे में संज्ञान में लेकर जांच करवाता हूं।

सी के कौशिक
सी ई ओ
जिला जनपद पंचायत
बालोद

# छग से गौवंश की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा

- 2 आरोपियो को महाराष्ट्र से गिया गया गिरफ्तार
- 6 आरोपियो को भेजा गया ज्युडिशियल रिमाण्ड पर

**बालोद**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, दिनांक 17.06.2025 को मुखबिर से सूचना मिला था कि ग्राम डुडिया के पास रोड किनारे एक मारूति सुजुकी कार रिट्ज क्रमांक एमएच 02 बीआर 4917 मे दो नग गाय को ठुंसकर भरा गया है, जिसे देखने से प्रतित हो रहा है कि किसी अज्ञात5 व्यक्ति के द्वारा गौवंश को कत्लखाना ले जाया जा रहा था। सूचना पर थाना अर्जुन्दा पुलिस द्वारा तस्दिक हेतु घटना स्थल डुडिया जाकर देखा तो 02 नग गाय कार के अंदर ठुंसकर,पैरो को बांधकर भरा गया था। वाहन चालक मौके से कार खराब होने के कारण फरार हो गया था। थाना अर्जुन्दा मे अज्ञात अरोपियो के विरूद्व अपराध क्रमांक 98/2025 धारा छ0ग0 कृषिक पशु परि0अधि0 4, 6, 10, पशु क्ररुता निवारण अधिनियम 11 (डी) पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया। 02 नग गौवंश का स्वास्थय परीक्षण कराकर सुरक्षार्थ महावीर गौशाला बालोद मे दाखिल किया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती मोनिका ठाकुर के निर्देशन व पुलिस अनुविभागीय अधीकारी गुण्डरदेही राजेश बागडे के पर्यवेक्षण मे उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू थाना प्रभारी अर्जुन्दा के नेतृत्व मे आरोपी पतासाजी हेतु सायबर एवं थाने की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्रिनयन एप की सहायता से बालोद जिले के सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने से आरोपियो का सुराग मिला जिसका पिछा करते हुए राजनांदगांव, नागपुर मार्ग मे लगे करीब 50 सीसीटीव्ही कैमरा के फुटेज का अवलोकन किया गया, सर्वप्रथम साकोली नागपुर टोल प्लाजा मे आरोपी वाहन को घटना दिनांक के दिन राजनांदगांव मार्ग मे आने का फुटेज प्राप्त हुआ, साकोली टोल प्लाजा से भी उक्त रिट्ज वाहन के क्रास करने के फुटेज मिले। पुलिस टीम के द्वारा महाराष्ट्र नागपुर मे थाना कलमना पुलिस की मदद से आरोपियो कि पहचान आबिद अंसारी एवं विकास सिक्रेट डिसोजा दोनो निवासी बेलेनगर थाना कलमना जिला नागपुर के रूप मे हुई। तब दोनो आरोपियो के घर देर रात्रि दबिश देकर दोनो को हिरासत मे लेकर पुछताछ किया गया जिन्होने अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना मे शामिल अन्य 04 आरोपीगणो के बारे मे जानकारी दिया। अन्य आरोपिगण छ0ग0 के होने से वापस छ0ग0 आकर घटना मे शामिल चारो आरोपी क्रमश: 01. विकास गिरी गोस्वामी निवासी उतई 02.फगुआ धनकर निवास ग्राम नाहंदा थाना गुण्डरदेही 03. हिमांचल यादव निवासी गुरेदा थाना गुण्डरदेही 04. खेमलाल देवांगन निवासी गुरेदा को हिरासत मे लिया गया पुछताछ मे सभी ने घटना मे शामिल होना स्वीकार किया जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू थाना प्रभारी अर्जुन्दा, प्र0आर0 छत्रपाल डहरिया, आर0 दमन वर्मा, आर0 पंकज तारम, सायबर सेल बालोद से आर0 विपीन गुप्ता, आर0 भोपसिंग साहू की विशेष भुमिका रही।

# 14 गांव के किसान सोसायटी में खाद न मिलने से राष्ट्रीय मार्ग पर किया चक्काजाम

## शासन की ढुलमुल कृषि नीति चलते सोसायटी से किसान खाद से वंचित : मिथलेश निरोटी

## किसानों को खाद के लिए सड़क पर उतरना पड़,तब जागा शासन प्रशासन :अनिल सुथार



**डौण्डी/कुसुमकसा**,28 जुलाई (देशबन्धु)।आदिमजाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा में समुचित खाद ना मिलने नाराज किसानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 930 बस स्टैंड चौक कुसुमकसा पर सुबह लगभग 10.बजे से चक्काजाम कर दिया ,किसान खाद ना मिलने से आक्रोशित थे ,सुबह 9 बजे से किसान सोसायटी परिसर के पास एकत्रित होने लगे और शासन प्रशासन के किसी भी अधिकारी के चर्चा के लिए ना पहुंचने पर सोसायटी परिसर से मुख्य मार्ग तक खाद की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड चौक पहुंचकर मुख्य मार्ग पर बैठकर लगभग दो घंटा चक्काजाम कर दिया ,किसानों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन को खाद की कमी के बारे में अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार अनदेखी से नाराज होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा ,शासन प्रशासन के किसान विरोधी होने को लेकर जमकर नारेबाजी होती रही चक्काजाम के दरम्यान एंबुलेंस को आंदोलनरत किसान मुख्य मार्ग से हटकर जाने दिया साथ ही स्कूली बच्चों को आने जाने में छूट दे रखी थी किसानों से चर्चा करने प्रशासन की ओर से सुरेश साहू अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) डोंडी, परमेश्वर यदु कृषि अधिकारी विकासखंड डोंडी पहुंचकर डी एम ओ बालोद के द्वारा दो गाड़ी यूरिया भेजने की जानकारी दी तो किसान आक्रोशित हो गए की 23 जुलाई से किसान सोसायटी परिसर में धरना प्रदर्शन किए किंतु किसानों की पीड़ा सुनने शासन प्रशासन का कोई अधिकारी नहीं पहुंचे आज चक्काजाम करने खाद आने की जानकारी दे रहे है ,किसान डी एम ओ बालोद को चक्काजाम स्थल पर किसानों को संतुष्टी पूर्ण जवाब लिखित में देने की मांग पर अड़े रहे लगभग 12 बजे सौरभ भारद्वाज डी एम ओ बालोद ,सुरेश साहू अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी,पुलिस के अधिकारी किसानों से चर्चा करने पहुंचे , डी एम ओ ने किसानों को जानकारी दी की दो ट्रक यूरिया और एक ट्रक सुपर फास्फेट आज पहुंचने की जानकारी गाड़ी नंबर के साथ दी,किसान यूरिया के साथ डी ए पी खाद की मांग पर अड़े रहे, जिसके बाद दो ट्रक डी ए पी खाद कल भेजने की लिखित दी , तब किसान चक्काजाम आंदोलन लगभग दोपहर 12.30 बजे समाप्त करने की घोषणा की ,तब तक एक ट्रक यूरिया खाद चक्काजाम स्थल पर पहुंच गया था, आंदोलन समाप्त होते ही खाद पहुंचने से किसान सोसायटी से क्रमानुसार जमा किए ऋण पुस्तिका के हिसाब से खाद लेकर जाते रहे।मिथलेश निरोटी जिला पंचायत सदस्य ने आंदोलनरत किसानों से कहा की सरकार की कृषि नीति की असफलता के चलते सोसायटी में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है जिसको देखकर लगता है की भाजपा शासन की योजना है कीधान का उत्पादन कम होगा और समर्थन मूल्य में धान कम खरीदना पड़ेगाअनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की शासन प्रशासन को किसानों की खाद की मांग को लेकर दिए गए आवेदन पर कोई चर्चा करने भी नही पहुंचा आज किसानों को खाद के लिए सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ी तब जाकर उनको खाद मिल पाया,जो सोचनीय विषय है। आंदोलन में 14 गांवों के सैकड़ों महिला पुरुष किसान उपस्थित रहे।

# भूपेन्द्र कुमार साहू को मिली डॉक्टोरेट की उपाधि

**गुरूर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)।गुरूर विकासखंड के ग्राम पिकरीपार निवासी भूपेंद्र कुमार साहू को डॉक्टोरेट की उपाधि मिली है, यह गांव गुरुर विकासखंड के सबसे अंतिम क्षेत्र में स्थित है, छोटे से गांव में इस तरह प्रतिभा निखरकर सामने आने के बाद क्षेत्रवासियों ने भूपेंद्र कुमार साहू को बधाई दी है। जानकारी के मुताबिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए वाणिज्य संकाय के अंतर्गत भूपेन्द्र कुमार साहू को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा डॉक्टोरेट की उपाधि प्रदान की गई है।



### सामाजिक व अकादमिक दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी शोध

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव जैसे विषय पर यह शोध सामाजिक एवं अकादमिक दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी एवं प्रासंगिक माना जा रहा है। डॉ. साहू ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक प्रोफेसर डॉ अंजु कुमारी, सहा. प्राध्यापक साईं महाविद्यालय, भिलाई नगर एवं सह शोध निर्देशक डॉ. रवीश कुमार सोनी, सहा. प्राध्यापक, कल्याण महाविद्यालय, भिलाई नगर, अपने परिवार एवं सहयोगियों को दिया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, आने वाले समय में समाज और शिक्षा जगत के हित में कार्य करते रहेंगे।

### माता-पिता समाज की सेवा में सक्रिय

बता दे कि भूपेंद्र कुमार साहू के पिता हरिश्चंद्र साहू एवं माता अमृता साहू सदैव समाजसेवा में सक्रिय हैं। इस शोध अध्ययन मे पत्नि चांदनी साहू का भी निरंतर सहयोग रहा है, सुपुत्री यशिका साहू भी मेधावी छात्रा है। जानकारी के मुताबिक भूपेंद्र कुमार साहू की प्राथमिक शिक्षा गांव के छोटे से स्कूल प्राथमिक शाला पिकरीपार से ग्रहण की है, तत्पश्चात माध्यमिक व हायर सेकेंडरी स्कूल अरमरीकला से पूर्णकर उच्च शिक्षा दुर्ग भिलाई से ग्रहण किये है। भूपेंद्र कुमार साहू वर्तमान में माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोंडागांव में मक्का उपार्जन अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं. उनके इस उपलब्धि पर परिवार, मित्र सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएँ दी हैं।

## निधन

### रिज़वान हैदर (पटवा)



**रायपुर** 28 जुलाई 7 रिज़वान हैदर (पटवा) भूतपूर्व उपाध्यक्ष छ.ग.उर्दू अकादमी (51वर्ष) का निधन रविवार की रात में हो गया है । उनकी मय्यत सोमवार को दोपहर 1 बजे , उनके निवास स्थान मोमिनपारा से मौदहापारा क़ब्रस्तान ले जाई गई, जहाँ सुपुर्दे ख़ाक किया गया । रिज़वान हैदर (पटवा) भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे । मूसा होटल वाले मो. यूशा, गुलाम मुस्तफा, वसी, मोनिस रज़ा के भाई थे । उनके असामयिक निधन से उनके परिवार, समाज, मित्रों, पार्टीजनों में शोक व्याप्त है । आज दोपहर उनके जनाज़े में बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोगों के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के अनेक गणमान्य लोगों ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा

**रायपुर** 28 जुलाई (देशबन्धु)। वीरमाता श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा (धर्मसहायिका स्व. श्री ज्ञानचंद जी गोलछा) का निधन रविवार दिनांक 27 जुलाई 2025 को रात्रि मे हो गया है7 उनका अंतिम संस्कार सोमवार दिनांक 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे आप जिनशासन में समर्पित महासती श्री जयप्रज्ञा श्रीजी म. सा. की संसारिक माताजी थी, महावीर, अशोक गोलछा की मां, महेंद्र, मोरध्वज की काकी, पीयूष, श्रेयांश, पार्श्व, सुबाहु की दादी थी ।



### श्रीमती मीना देवी यादव



**भिलाई**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। शास्त्री नगर कैंप 01 निवासी यदुवंशी कल्याण संघ के सदस्य हीरालाल यादव (शिक्षक) की पत्नी मीना देवी यादव का 28 जुलाई को एम्स में निधन हो गया है। वे शासकीय विद्यालय में शिक्षिका थी और लंबे समय से कैंसर के रोग से पीड़ित थी। उनका इलाज रायपुर एम्स में चल रहा था। इनकी अंतिम यात्रा दिनांक 29 जुलाई को समय दोपहर 1बजे राम नगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।

# महाराष्ट्र वाली के साथ! देसी प्रेम में आरोपी गिरफ्तार



**खैरागढ़** , 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिला केसीजी के आबकारी वृत्त खैरागढ़ की टीम ने अवैध मदिरा तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब जब्त की है। विभागीय जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई फत्तेपुर गांव में की गई जहां आरोपी के कब्जे से दो कार्टून में कुल 188 पाव अवैध मदिरा बरामद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक भूरे रंग के कार्टून में 100 पाव रंगीन देशी शराब तथा दूसरे कार्टून में 88 पाव संत्री देशी मदिरा (दोनों महाराष्ट्र राज्य निर्मित) रखी गई थी। जप्त शराब की कुल मात्रा 16.920 बल्क लीटर पाई गई। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59(क) 36 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लक्ष्मण जांगड़े पिता एनी प्रसाद जांगड़े उम्र 49 वर्ष जाति सतनामी निवासी फत्तेपुर थाना ठेलकाडीह जिला के.सी.जी. के रूप में हुई है। बताया गया है कि आरोपी अवैध रूप से महाराष्ट्र राज्य निर्मित मदिरा का परिवहन एवं भंडारण कर रहा था। सूचना मिलते ही आबकारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब जब्त की और आरोपी को हिरासत में लिया। विभाग द्वारा बताया गया कि आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम ओरमा के शिव मंदिर में हुए तोड़फोड़ के आरोपी को पकड़ने में बालोद पुलिस को मिली सफलता

**बालोद**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। मामले की विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी नेमलाल साहू पिता बुध्दलाल साहू उम्र 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम ओरमा वार्ड क्रमांक 01 में स्थिति तालाब के पास शिवलिंग व नंदी की मूर्ति गांव के सहयोग स्थापित किया गया था जिसमें गांव के लोग पूजा अर्चना करते हैं, दिनांक 23.07.2025 के करीबन रात्रि 11:00 बजे तक गांव के लोग वहां पर बैठे थे, तब तक मंदिर में स्थित शिवलिंग एवं नंदी का मूर्ति सही था, किन्तु दिनांक 24.07.2025 के प्रात: 05:00 बजे गांव के लोग पुजा करने गये तो देखे कि मंदिर में तोड़ फोड कर क्षति पहुंचाया गया है कि रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 301/2025 धारा 298 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । मामला को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद श्री योगेश पटले के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद श्रीमती मोनिका ठाकुर के पर्यवेक्षण में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर एव थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में थाना एवं सायबर सेल बालोद की टीम गठित किया गया था। सूचना मिलते ही एसडीओपी बालोद, थाना प्रभारी बालोद एवं सायबर के स्टाफ घटना स्थल पहुंचे द्य घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी ली गई एवं ग्रामीणों को आरोपी की गिरफ्तारी जल्द से जल्द गिरफ्तार करने आश्वासन देकर किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर पुलिस को अवगत कराने के संबंध में समझाइश दी गई। पुलिस द्वारा लगातार आरोपी की पतासाजी करने के बाद संदेही नरेन्द्र निषाद उर्फ लल्लू पिता रामलाल निषाद उम्र 38 वर्ष निवासी शीतला पारा ग्राम ओरमा थाना व जिला बालोद को पुछताछ किया जो गोल मोल जवाब दे रहा था जिसे बारीकी से पुछताछ करने पर अंतत: टूटकर बताया कि दिनांक 23.07.2025 को यह राज मिस्त्री काम कर शराब पीकर अपने ग्राम ओरमा गया, ग्राम ओरमा में भी शराब पीया और घर में खाना खाकर आराम करते सोचने लगा कि मेरी शादी एवं मेरी दो बहनों की शादी नहीं हो रही है इस बात के लिए भगवान दोषी है सोचकर गुस्से में करीबन 12:00 बजे ग्राम ओरमा के शिव मंदिर में मूर्ति खंडित कर तालाब में फेंक दिया एवं मनोज निषाद के साथ पूर्व में हुए विवाद की गुस्सा से मनोज निषाद के चार नग सायकल को तालाब में फेंक दिया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर विधिवत् गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जाता है। उक्त गठित टीमो द्वारा तत्परता से आरोपी को पकड़ने में थाना बालोद पुलिस एवं सायबर सेल बालोद स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# विदेशियों के खिलाफ छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का मोर्चा, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**खैरागढ़** , 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अब छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने सोमवार को जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा और इन विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने दावा किया कि मीडिया रिपोर्ट और दस्तावेजी साक्ष्यों के अनुसार राज्य में हजारों की संख्या में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। संगठन ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इनकी निरंतर बसाहट से कई जिलों में मूल निवासियों और विदेशियों के बीच संघर्ष की आशंका है। साथ ही, इससे जनसंख्या असंतुलन और सामाजिक समरसता पर भी खतरा मंडरा रहा है। संगठन ने ज्ञापन में स्पष्ट कहा कि जो मकान मालिक रिश्तेदार या स्थानीय लोग इन अवैध विदेशी नागरिकों को घर किराए पर दे रहे हैं या किसी भी प्रकार की पनाह दे रहे हैं उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। संगठन का कहना है कि यदि जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेता तो वे लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष टेकराम वर्मा ने कहा कि यह अब सिर्फ जनसंख्या का मुद्दा नहीं रहा बल्कि राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना पर सीधा हमला है। अवैध नागरिकों को तुरंत देश से बाहर किया जाना चाहिए। संयोजक राकेश साहू ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगा। ज्ञापन सौंपते समय विनोद वर्मा, ओमकार, संदीप, लीलाधर, गौतम सहित संगठन के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रोफेसर रेशमा लाकेश ...

जर्नल में सम्पादक मण्डल की सदस्य है साथ ही उनके निर्देशन में अनेक सम-सामयिक विषयों पर शोध कार्य सम्पन्न हो रहे है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत ...

ब्रिज की ऊंचाई छोटी होने से अनाज इत्यादि की भी ट्रांसपोर्टिंग संभव नहीं होगी अत: इसकी ऊंचाई 6 मीटर की जाये। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जलभराव की स्थिति में किसानों को होने वाले नुकसान के एवज में मुआवजा देने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन हरमुख, सरपंच अंजोरा ख संतोष सारथी, सरपंच थनौद मेनका देशमुख, तथा ग्राम पंचायत बिरेझर, चंगोरी के अलावा धनराज देवांगन, भोजराम सिन्हा, सहित अनेक ग्रामवासी शामिल थे।

# धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सुनाई 10 साल की सजा

**गुरुर** , 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में नामकरण कार्यक्रम के दौरान मामूली बात को लेकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। यह घटना 3 जुलाई 2023 को गुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नाहदा की है।



जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्ज शीट पेश किया था, इसके आधार पर अब फैसला सुनाया गया है। घटना दिनांक को नरसिंह मंडावी के घर में नामकरण कार्यक्रम चल रहा था, जहां रात्रि में घर के बाहर दुर्गेश मंडावी खड़े होकर रवि से विवाद कर धमकी दे रहा था। रवि मंडावी के मुताबिक दुर्गेश मंडावी उसे कॉल करके बाहर आने के लिए बोल रहा था, लेकिन वह बाहर नहीं आया, इसी बात को लेकर दुर्गेश ने विवाद किया तथा कुछ देर बाद दुर्गेश मंडावी ने धारदार हथियार से रवि के पीठ में तथा पेट में जानलेवा हमला कर दिया।

घटना के बाद घायल को तत्काल निजी गाड़ी से धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, वही मामले की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा धारा 294, 506 बी, 323 एवं 307 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिला न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े ने युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी दुर्गेश मंडावी को धारा 307 के अपराध में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# नाली निर्माण में भारी अनियमितता कार्य रोक जांच की मांग

- उजागर - नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही, नाली के बीचों बीच आए कई विद्युत पोल

**देवकर** , 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 03 गौरव पथ के एक किनारे करीब 975 मीटर की दूरी तक लगभग 39.75 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य विगत माह भर से प्रारम्भ होकर करीब 300 मीटर तक पूर्ण निर्माण किया जा चुका है जिसमें नाली के अंदर बीचों बीच 03 बिजली पोल आए है जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है साथ ही नगरीय प्रशासन की नाकामी और भ्रष्टाचार में संलिप्तता का पूर्ण उदाहरण है हैरत की बात यह है कि बिजली विभाग से बगैर एन.ओ.सी. के कार्य का ले - आउट ठेकेदार को जारी किया गया जिससे 11 किलो वॉट के 03 नग विद्युत पोल नाली अभी बीचों बीच आ रहा है साथ ही आगे भी लगभग 10 पोल आने की संभावना बनी हुई है बिजली पोल के निर्माणधीन नाली के अंदर होने से आगे भविष्य में दुर्घटना का कारण बन सकता है।

**ठेकेदार ने स्थानीय प्रशासन को मौखिक सूचना देने की बात कही**

इस संबंध में ठेकेदार किशन यादव से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि सी. एम. ओ. और इंजीनियर को पोल के आने की समस्या से मौखिक रूप से अवगत कराया गया है। मौके पर मिले हुए लेआउट के आधार पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। बाकी जानकारी आपको सीएमओ दे पाएंगे।।




**ऐई बंजारे ने बड़ी दुर्घटना होने की संभावना जताई**

सहायक अभियंता विद्युत विभाग परिक्षेत्र देवकर गंगाधर बंजारे ने बताया कि उक्त कार्य के लिए हमारे विभाग से एन.ओ.सी. नही ली गई है वहीं संभावित दुर्घटना पर जानकारी दी कि पोल केबल वायर से कवर है, करंट का खतरा नहीं है वही तकनीकी पहलू पर कहा कि पोल का नाली के जमा पानी एवं नमी के संपर्क में रहने से फाउंडेशन कमज़ोर हो सकता है इस स्थिति में एक भी पोल यदि टूटता या गिरता है तो पूरी लाइन का पोल डिस्टर्ब हो सकता है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है मैं कल ही नगर पंचायत प्रशासन को नोटिस जारी करूंगा।।

**अध्यक्ष , वार्ड पार्षद सहित अन्य पार्षदों व आम जनता ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप**

निर्माणाधीन नाली में सस्ती सीमेंट व लोकल रेत के उपयोग की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने उच्च गुणवत्ता की सीमेंट और रेत का इस्तेमाल करने की सख्त हिदायत ठेकेदार को दी। निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए वार्ड पार्षद पुत्र सोनू यादव ने सी एम ओ और ठेकेदार के गठजोड़ से भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि पतला सरिया से एक एक फीट की दूरी पर जाली की संरचना कर नाली की ऊंचाई किया जा रहा है। भ्रष्टाचार का आलम चरम पर है तत्काल निर्माण कार्य में रोक लगाई जाए। साथ ही अन्य पार्षदों मोहन सिन्हा , देवेश गुप्ता , तारा चक्रधारी ने कहा कि लोकल घाट की मिट्टी मिली रेत, तेल नुमा काली गिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है वही नाली के बीचों बीच बिजली खंभा आने से भविष्य में अनिष्ट घटना घट सकती है। इसी के संबंध में अमानक सामग्री का नाली निर्माण में इस्तेमाल पर कार्य को तत्काल रोक कर उच्च कार्यालय से जांच कर ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्यवाही एवं पोल के नाली में आ जाने से भविष्य में दुर्घटना के संबन्ध में सीएमओ को पार्षद दल ने विगत दो रोज पहले शुक्रवार को शिकायत पत्र सौंपा गया। नगरीय निकाय एवं प्रभारी मंत्री, विधायक साजा, कलेक्टर बेमेतरा को भी शिकायत पत्र की हस्ताक्षर युक्त पार्षद मोहन सिन्हा, देवेश गुप्ता, माखन निषाद, बीरेंद्र कुंजाम, नीरा निषाद,धनीराम देवांगन, सलमा बी ने प्रतिलिपि दी गई।

# मुख्यमंत्री ने बेमेतरा जिले को दी 10267.87 लाख की विकास परियोजनाओं की सौगात



**बेमेतरा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज अपने एक दिवसीय बेमेतरा विकासखंड के नगर पंचायत दाढ़ी प्रवास के दौरान जिलेवासियों को ?10267.87 लाख लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कुल 48 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने ?10267.87 लाख लागत के 48 कार्यों में से 26 कार्यों का भूमिपूजन तथा 22 कार्यों का लोकार्पण कर जिले के समग्र विकास की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में अधोसंरचना, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली और अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विभागों के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**लोक निर्माण विभाग के 12 कार्यों पर 4188.73 लाख व्यय**

लोक निर्माण विभाग, संभाग बेमेतरा के अंतर्गत 11 कार्यों का भूमिपूजन एवं 1 कार्य का लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 4188.73 लाख रही। यह जिले में अधोसंरचना विकास को गति देगा।

**जल संसाधन विभाग की परियोजनाएं- किसानों को मिलेगा लाभ**

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत ?1946.15 लाख की लागत से 1 कार्य का भूमिपूजन एवं 6 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं से जिले में सिंचाई सुविधा सशक्त होगी।

**लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा 566.79 लाख के 3 कार्यों का लोकार्पण**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत 3 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, जिनकी कुल लागत ?566.79 लाख रही। ये कार्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ जल आपूर्ति को सुनिश्चित करेंगे।

**ग्रामीण यंत्रिकी सेवा में होगा सुधार**

जिला बेमेतरा की ग्रामीण यातायात सेवा के अंतर्गत 01 कार्य का भूमिपूजन एवं 01 का लोकार्पण हुआ। इन दोनों कार्यों की संयुक्त लागत 64.22 लाख रही।

**जनपद पंचायत साजा को मिली 9 विकास योजनाएं**

जनपद पंचायत साजा के अंतर्गत कुल 9 कार्य (4 भूमिपूजन, 5 लोकार्पण) किए गए, जिनकी कुल लागत 385.45 लाख रही। इसमें नगर पंचायत साजा के 2 कार्य के 20 लाख रूपये शामिल है।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3 सड़कों का लोकार्पण**

बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 347.85 लाख लागत के 3 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी।

**नवागढ़ और बेमेतरा जनपद पंचायत को भी मिली परियोजनाएं**

जनपद नवागढ़ और बेमेतरा में क्रमश 220 लाख और 50 लाख की लागत से कुल 6 कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

**सेतु निर्माण कार्यों पर 2398.40 लाख का निवेश**

सेतु निर्माण उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत 1 कार्य का भूमिपूजन एवं 2 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस खंड में कुल ?2398.40 लाख व्यय किए जाएंगे।

**दाढ़ी नगर पंचायत में भी हुए विकास कार्य**

दाढ़ी नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 2 कार्यों का भूमिपूजन किया गया जिनकी लागत 80.28 लाख रही।

**कुल 48 विकास कार्यों की घोषणा- एक नया विकास अध्याय**

इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री साय ने बेमेतरा जिले को कुल 48 विकास कार्यों की सौगात दी, जिनकी संयुक्त लागत ?10267.87 लाख है। इनमें से 26 कार्यों का भूमिपूजन और 22 कार्यों का लोकार्पण हुआ। यह जिला बेमेतरा के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने किया शासकीय स्टॉल का निरीक्षण, योजनाओं की सराहना की



## विकास कार्यक्रम में लगे विभागीय स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र, हितग्राहियों को मिला सीधा लाभ

**बेमेतरा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत दाढ़ी में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल लगाए गए, जिनका अवलोकन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सहित विधायक् गण, जिला अध्यक्ष भाजपा, स्थानीय व जिले के जनप्रतिनिधियों ने किया। इन स्टॉलों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किया गया।

उद्यानिकी विभाग ने अपने स्टॉल में फलदार पौधों, सब्जी उत्पादन और ग्रीन हाउस जैसी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही विभागीय योजनाओं के तहत लाभान्वित कृषकों की प्रदर्शन सामग्री भी प्रदर्शित की गई, जिससे अन्य किसान प्रेरित हो सकें।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल पर पात्र हितग्राहियों को उनके स्वीकृत आवासों के स्वीकृति पत्र और चेक भी वितरित किए गए।

कृषि विभाग ने खाद-बीज, कीट नियंत्रण, जैविक खेती, सॉयल हेल्थ कार्ड और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की जानकारी दी। विभाग ने उन कृषकों की सफलता की कहानियों को भी प्रदर्शित किया जो इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं।

मत्स्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में मछुआरों के लिए योजनाएं प्रदर्शित की गईं। हितग्राहियों को आइस बॉक्स और मछली पकड़ने के जाल का वितरण भी किया गया, जिससे उनकी आजीविका में सुधार हो सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण अभियान, सूपोषण केंद्र, किशोरी स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी सेवाएं जैसी योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाए। विभाग ने महिला स्व-सहायता समूहों और हितग्राहियों को चेक और पोषण किट प्रदान किए। इस अवसर पर आमजन ने स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और विभागीय अधिकारियों से मार्गदर्शन भी लिया। कार्यक्रम में विभागीय समन्वय, जनसहभागिता और पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया।

# समाज सेविका लता व संगीत कला प्रेमी कलाकार लाईन इंस्पेक्टर बंशी मारकण्डे हुए सम्मानित




**बेमेतरा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। शास. नत्थूजी जगताप न. पा. नि. उ. मा. विद्यालय धमतरी के कक्ष में 27 जुलाई को समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य की विनम्र काव्याँजली डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की सुनहरी यादें प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती सुनिता पँद्रो म. प्र. भोपाल, विशिष्ट अतिथि अँतर्राष्टीय सुफी गायक सुरेश ठाकुर रायपुर, बिशालसिंह धुर्वे नेशनल अवार्ड प्राप्त कलाकार कवि बालोद, महेंद्र दास मानिकपुरी, भजन गायक दुकालु यादव व सुशीला देवी बाल्मीकि सँरक्षक, तथा प्रदेशाध्क्ष जी. आर. बँजारे ज्वाला मँच पर विराजमान रहे।इस अवसर पर देश के पूर्व महामहिम राष्टपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी को याद करते हुए उपस्थित कवियों ने काव्य पाठ व नमन कर श्रद्धांजलि दी । वहीं प्रदेश के उत्कृष्ट चालीस विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों हेतु अवार्ड 2025 राज्य अलँकरण से अलँकृत किया गया है। जिसमें बेमेतरा जिला से ग्राम सुरकी हेमाबँद निवासी लता बाई मारकण्डे को समाज सेवा के क्षेत्र में मिनी माता सम्मान से अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। व बाबा साहब डा.भीम राव अँबेडकर स्वाभिमान अवार्ड 2025 बँशी लाल मारकण्डे सेवानिवृत लाईन इँस्पेक्टर ग्राम सुरकी हेमाबँद को राज्य अलँकरण प्रदान कर अलँकृत किया गया है।

इस अवसर पर सचिव प्रेम सायमन, लक्ष्मी डहरिया, राजमहँत कुँवर दास डहरिया, डा. गोकुल बँजारे चँदन सहित प्रदेश के कवि साहित्यकार, कलाकार, गायक, वादक व अन्य प्रतिभा वान लोग उपस्थित रहे।

## डड़सेना कलार समाज द्वारा शिवमंदिर घोघरा कला धाम में रुद्राभिषेक

**कवर्धा** 28 जुलाई (देशबन्धु)। डड़सेना कलार समाज द्वारा निर्मित शिवमंदिर घोघरा कला धाम में आज रुद्राभिषेक का कार्यक्रम मुख्य यजमान श्री नारायण जायसवाल के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। पूजन पश्चात स्वर्गीय नंदकुमार जायसवाल के दिवंगत आत्मा के शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया तत्पश्चात प्रसाद एवम् भोजन प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल एवम् मंदिर समिति के अध्यक्ष ठाकुर राम जायसवाल (अध्यक्षता),अति विशिष्ट अतिथि सनत जायसवाल,जिला संरक्षक गुलाब जायसवाल, धनीराम जायसवाल, सालिकराम जायसवाल,विशिष्ट अतिथि महामंत्री उमराव डड़सेना,उपाध्यक्ष आत्माराम जायसवाल, अवधराम जायसवाल एवम् जिला के अन्य पदाधिकारी,पंडरिया एवम् बोड़ला परिक्षेत्र के पदाधिकारी,मंदिर समिति के पदाधिकारी,अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,अन्य जिला से भी अतिथि समेत कबीरधाम जिला के स्वजाति बंधु एवम् मातृशक्ति माताएं शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण हरियाली के संदेश के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बेमेतरा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत दाढ़ी में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विभिन्न छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर जनता को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। इस अवसर पर आईजीपी दुर्ग रेंग राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, वन मण्डलाधिकारी दुर्ग रेंज विश्वेस कुमार और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाएं और ग्रामीणजन उपस्थित रहे

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पीपल के पौधे का रोपण किया, जिसे भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र और जीवनदायिनी माना जाता है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। वृक्षारोपण एक दीर्घकालिक निवेश है जो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और बेहतर वातावरण प्रदान करेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बरगद का पौधा रोपा और कहा कि बरगद भारतीय परंपरा में ज्ञान, दीर्घायु और सामूहिकता का प्रतीक है। यह वृक्ष शीतल छाया देने के साथ-साथ जैव विविधता को भी बढ़ावा देता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मौलश्री के पौधे का वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि मौलश्री एक सुंदर एवं सुगंधित वृक्ष है, जो पर्यावरण को शुद्ध करता है और स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाएं । कार्यक्रम में वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिलेगा।

# सिंगारपुर मोड़ पर दर्दनाक सड़क हादसा - दो की मौत, हेलमेट ने एक की जान बचाई

**खैरागढ़,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। रविवार रात करीब 9 बजे थाना ठेलकाडीह क्षेत्र के अंतर्गत सिंगारपुर मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक महज हेलमेट पहनने की वजह से बच गया।मिली जानकारी के अनुसार, ठेलकाडीह थाना क्षेत्र के जोगी दल्ली निवासी दुलेश यादव 26 पिता कृष्णा यादव, जुमनलाल निर्मलकर 27 पिता भीखमलाल और तरुण वर्मा तीनों एक ही



बाइक से ठेलकाडीह से अपने घर लौट रहे थे। सिंगारपुर मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे बैठे दुलेश और जुमनलाल सड़क पर उछलकर दूर जा गिरे। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे तरुण वर्मा ने हेलमेट पहन रखा था जिससे उसे केवल मामूली चोटें आईं।

# पंचवटी शिव सरोवर में किया गया भव्य रुद्राभिषेक

**थान खम्हरिया,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के पंचवटी शिव सरोवर में 28 जुलाई श्रावण सोमवार को भव्य रूद्रभिषेक किया गया। आचार्य पं. भुवनेश्वर प्रसाद तिवारी व पं. आदेश तिवारी द्वारा मंत्रोच्चार कर विधिपूर्वक पूजा, अर्चना, अभिषेक कराया गया। प्रतिवर्ष सावन महिने में सोमवार को रूद्राभिषेक का आयोजन पंचवटी शिव सरोवर में किया जाता है। आयोजन में ओंकार सिन्हा, अनिल अग्रवाल, बलीराम देवांगन, टीकम अग्रवाल, संतोष देवांगन, शरद देवांगन, मिलन शर्मा, बाली देवांगन, मुकेश तिवारी, सालिक देवांगन, सन्नी शर्मा तथा बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, और दोनों उप मुख्यमंत्री ने भोरमदेव में हजारों कावड़ियों और शिव भक्तों का हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, अभिनंदन









**मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की**

**कवर्धा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने सावन माह के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्राचीन, पुरातात्विक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में पवित्र सावन मास में सैकड़ों किलो मीटर पदयात्रा कर जलाभिषेक करने आने वाले हजारों कावड़ियों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं और हजारों पदयात्री कावड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए भोरमदेव परिसर में आत्मीयता से मुलाकात की। बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति के अद्भुत दृश्य ने श्रद्धालुओं को उत्साहित किया और पूरा परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव और श्रीमती भावना बोहरा ने भी कावड़ियों का स्वागत अभिनंदन किया। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा के माध्यम से स्वागत कर रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और श्री साव के साथ भोरमदेव बाबा भगवान शिव जी का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात कर हाल चाल जाना और मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शिव भक्त कावड़ियो और श्रद्धालुओं से कहा कि आज सावन मास के तीसरे सोमवार को बाबा भोरमदेव की पावन धरती पर आकर शिवभक्तों के साथ जुड़ना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य और गर्व का विषय है। हजारों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने यहां पहुंचे हैं, यह हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत मिसाल है। यहां पहुंचकर मैं भगवान भोलेनाथ से प्रदेश के सभी लोगो की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया हूं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अमरकंटक से 151 किलोमीटर पदयात्रा कर भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव कॉरिडोर विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना न सिर्फ मंदिर परिसर का कायाकल्प करेगी, बल्कि आसपास के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को भी जोड़कर एक समग्र आध्यात्मिक अनुभव देगी। इसमें पुरातत्व महत्व के स्थल मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा से लेकर सरोदा जलाशय तक पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से अमरकंटक जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश के अनुपपुर में 5 एकड़ भूमि आबंटित की प्रक्रिया जारी है, जहाँ एक भव्य श्रद्धालु के लिए भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर में पुष्पवर्षा भी किए है। उन्होंने सावन मास के लिए सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं दी।

# संगठन की मजबूती हमारा मूल उद्देश्य: अनिला

■ संगठन सृजन के तहत मंडल, सेक्टर प्रभारी पुनर्गठन 2025 को लेकर जिला प्रभारी पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने ली बैठक

**राजनांदगांव,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। संगठन को मजबूत करना और संगठन के प्रति समर्पित रहना हमारा मूल उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ''2025 सृजन संगठन के तहत संगठन की मजबूती के लिए मंडल और सेक्टर समितियों का पुनर्गठन के संबंध में आवश्यक बैठक सोमवार 28 जुलाई को शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक आयोजित की। बैठक को जिला प्रभारी अनीला भेड़िया की अध्यक्षता की आयोजित की गई।

बैठक की जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर में आयोजित संकल्प शिविर में पारित अध्यायदेश के तहत संगठन को जमीन स्तर पर मजबूती प्रदान करने ''वर्ष 2025 सृजन संगठन'' को मूल उद्देश्य बनाते हुए मंडल और सेक्टर समितियों का पुनर्गठन करना है। जिसके तहत 28 जुलाई सोमवार को सतनाम भवन में बैठक आयोजित कर कांग्रेसजनों में नई उर्जा का संचार करने व बूथों को मजबूती प्रदान करने पूर्व मंत्री व जिला प्रभारी अनीला भेड़िया उपस्थित रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा राजनांदगांव जिले में 08 मंडल प्रभारी की नियुक्त की है। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायकगण दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक प्रत्याशी गिरीश देवांगन, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव शाहिद खान ने कई अहम सुझाव बैठक में रखे।



कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व जिला प्रभारी अनीला भेड़िया ने कहा कि यह वर्ष सृजन संगठन के तहत मनाया जा रहा है जिसमें संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाना और मंडल व सेक्टर कमेटी का गठन करना जिसके लिए वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन व संगठन के लिए समर्पित जमीन कार्यकर्ता को आगे लाना और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना है और बूथों में बैठक लेकर भाजपा सरकार की करनी और कथनी को उजागर करना है।

इससे पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि विगत दिवस उदयपुर में आयोजित संकल्प शिविर में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मंडल व सेक्टर समितियों का पुर्नगठन करना है। जल्द ही मंडल व सेक्टर प्रभारियों की नियुक्त की जाएगी। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि पीसीसी के आदेशानुसार राजनांदगांव जिला ग्रामीण वरिष्ठजनों के साथ जल्द ही मंडल व सेक्टर प्रभारियों की नियुक्त की जाएगी। बैठक में पीसीसी से मंडल प्रभारी नियुक्त किए है जिसमें उत्तर ब्लॉक नीता लोधी, दक्षिण ब्लॉक हनी ग्रेवाल, राजनांदगांव ग्रामीण महेन्द्र यादव, डोंगरगांव नगर चुम्मन साहू, डोंगरगांव ग्रामीण रमेश खंडेलवाल, छुरिया प्रभारी वीरेन्द बोरकर, डोंगरगढ़ नगर मेहुल मारू, घुमका शाहिद खान, कुमर्दा श्रीमती संध्या साहू, लालबहादुर नगर विपिन यादव को प्रभारी नियुक्त किया है। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी पदम कोठारी, रमेश डाकलिया, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रूपेश दुबे, क्रांति बंजारे, पंकज बांधव, विवेक वासनिक, मन्ना यादव, नरेन्द साहू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, सविता ठाकुर, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, इकरामुद्दीन सोलंकी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, ब्लॉक अध्यक्ष विजय राज सिंह, घनश्याम देवांगन, सुरेश सिन्हा, शरद खंडेलवाल, मोहनी सिन्हा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, योगेन्द्र वैष्णव, खैरूनिशा, रज्जू जान, अंगेश्वर देशमुख, नरेश साहू, प्रवीण मेश्राम, प्रतिमा बंजारे, मामराज अग्रवाल, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शकील रिजवी, अशोक फडनवीस, आफताब अहमद, हर्ष खोब्रागढ़े, अवधेश प्रजापति, अभिमन्यु मिश्रा, ऋषि शास्त्री, संदीप सोनी, अनिल ठाकुर, शेषनाथ, सुरेन्द्र देवांगन, चंद्रकला देवांगन, पिंकू खान, अब्बास खान, बबलू कसार, संदीप जायसवाल, हिम्मत पवार, मनीष साहू, जगत चिन्टू शर्मा, कुलदीप कुरंजेकर, मुजीब अहमद, सागर ताम्रकार, भोला यादव, प्रभा साहू, पूरन नेताम, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# स्कूलों की सुरक्षा को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**राजनांदगांव,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। राजस्थान में हाल ही में एक स्कूल में हुई दुखद दुर्घटना की पृष्ठभूमि में एनएसयूआई (हस्ङ्क) के प्रतिनिधि मंडल ने स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है। युवा नेता ऋषि शास्त्री के मार्गदर्शन में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षा विभाग को सतर्क और सजग रहने की मांग की है, ताकि राजनांदगांव जिले में ऐसी कोई घटना दोहराई न जाए।



प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि स्कूलों में मूलभूत सुरक्षा संसाधनों, भवन की स्थायित्व जांच, आपातकालीन निकास व्यवस्था, परिवहन की व्यवस्था और बच्चों की निगरानी व्यवस्था को लेकर तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं।

ज्ञापन सौंपने वालों में अभिमन्यु मिश्रा, राजा यादव, नेहा वैष्णव, उज्ज्वल निर्मलकर, आदित्य वैष्णव, ऋषभ निर्मलकर और रोहित उत्कल शामिल रहे। इन सभी ने एक स्वर में कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, और सरकार को बिना देरी के सभी स्कूलों की सुरक्षा ऑडिट करवानी चाहिए।

प्रदेश सचिव राजा यादव और नेहा वैष्णव ने बताया कि आंकड़ों की माने तो केवल राजनांदगांव जिले में 530 स्कूलों में मरम्मत कार्य के प्रस्ताव भेजे गए परंतु राशि स्वीकृत नहीं हो पाई है साथ ही 30 से अधिक स्कूल भवन डिस्मेंटल करने की जरूरत है, 90 फीसदी स्कूलों में कक्ष की कमी है साथ ही लगभग 400 स्कूल इस सत्र के

### राजस्थान जैसी दुर्घटना न हो दोहराव: ऋषि शास्त्री

शुरुआत होते ही बंद हो गई उन्हें दूसरी नजदीकी स्कूलों में मर्ज किया जा रहा है बच्चों की किताबें भी माह भर बाद पहुंच पाई यह शिक्षा जैसे गंभीर विषय में बड़ी लापरवाही है।

ऋषि शास्त्री ने कहा कि शिक्षा सिर्फ पठन-पाठन तक सीमित नहीं है, बच्चों का सुरक्षित वातावरण में विकास सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो एनएसयूआई बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगी।

## आम आदमी पार्टी की विशेष बैठक आज, प्रदेश पदाधिकारी होंगे शामिल

**राजनांदगांव,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेन्द्र तिवारी ने बताया कि आगामी 29 जुलाई को एक विशेष संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक प्रात: 11 बजे सतनाम भवन, नया बस स्टैंड के समीप आयोजित होगी, जिसमें पार्टी के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। श्री तिवारी ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती, कार्य विस्तार और आगामी रणनीति को लेकर गहन मंथन किया जाएगा। यह बैठक पार्टी की एकता और भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित होगी। श्री तिवारी ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं आमंत्रित जनों के लिए भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

# भारतीय सैनिकों को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा 7000 राखियां भेजी गई

**राजनांदगांव,** 28 जुलाई । ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र के आयोजन के तहत तिरंगा सिपाही और मेरा देश की भावना को मजबूत करने के लिए पूर्व सैनिक संगठन सिपाही एवं पूर्व सैनिक महासभा द्वारा 21 लाख रक्षा सूत्र भारत की तीनों सेना और सीमा रक्षको को भेजने की महत्वाकांक्षी योजना को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने सहयोग करने के निर्णय के तहत आज राजनांदगांव नगर निगम टाउन हॉल के पास देश के जवान, सैनिकों को भाजपा महिला मोर्चा की देवकुमारी साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में 7000 राखियां भेजी गई।



भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि भारत की मिट्टी को गौरवन्वित करने वाला यह अभियान भारत के लोगों में देश प्रेम और सैनिकों को मार्मिक भावनाओं से जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय सैनिकों के शौर्य ऑपरेशन सिंदूर को नमन करते हुए भारत के तीनों सेना और सीमा रक्षको को 21 लाख सिपाही रक्षा सूत्र समर्पित कर, भारत की मिट्टी से तिलक करने के लक्ष्य को लेकर देश प्रेमी निकल पड़े हैं, और उनके इस अभियान में छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा भी सहयोग कर रही है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार टाउन हॉल में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष वीर जवानों को 7000 रक्षाबंधन सूत्र सोपा गया । भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिला मोर्चा महामंत्री साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से पुष्पा गायकवाड जी, पुष्पा उसके, उषा साहू,प्रखर श्रीवास्तव, कमलेश शाश्वत भगवनतीन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिला कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# श्री देवानंद जैन शिक्षण संस्था के चुनाव संपन्न

### अमरचंद बाफना एवं भागचंद गीड़िया की ऐतिहासिक विजय

**राजनांदगांव,** 28 जुलाई । शहर की सबसे पुरानी शैक्षणिक संस्था श्री देव आनंद जैन शिक्षण संस्था के चुनाव में अमरचंद बाफना अध्यक्ष के रूप में एवं भागचंद गीड़िया सचिव के रूप में ऐतिहासिक मतों से विजय घोषित किए गए।



अमरचंद बाफना एवं भागचंद गीड़िया के ऐतिहासिक जीत से उत्साहित होकर आज श्री देवानंद जैन शिक्षण संस्था के प्रमुख ट्रस्टी एवं सदस्यगण ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से सौजन्य भेंट की और इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भागचंद गीड़िया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैंद्य, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड़ा, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी, अमर लालवानी, मंडल अध्यक्ष गोलु गुप्ता, सुमित भाटिया, रवि सिंहा, अकरम कुरैशी सहित श्री देवानंद जैन स्कूल के ट्रस्टी मनीष गोलछा, मिश्रीलाल पारख, प्रभात कांकरिया, सम्मानित सदस्य विनोद बोहरा, राजेश बाफना, राजेश गोलछा, मनोज पिंचा, मनोज ओस्तवाल, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ईष्टदेव लिंगों बाबा की पूजा महोत्सव मे ग्रामीणों द्वारा की गई मंगल कामना

**गुरुर,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। गांव में वर्षों पुरानी परंपरा का ग्रामीण आज भी निर्वहन करते आ रहे हैं। लिंगो पूजा महोत्सव में मान्यता है कि इससे गांव सहित क्षेत्र भर में सुख शांति एवं समृद्धि कायम रहती है। यह पूजा गांव में सन 1964-65 से जारी है। पूरा मामला गुरुर विकासखंड के ग्राम छेड़िया की है, जंहा दो दिवसीय ईष्टदेव लिंगो बाबा की पूजा महोत्सव कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ, जहां ग्रामीण सहित क्षेत्रवासी भी बड़ी संख्या में शामिल होकर मंगल कामना की, इसके अलावा शोभायात्रा व विसर्जन में भी ग्रामीण बड़ी संख्या में तालाब तक पहुंचे थे। दो दिनों तक चले इस आयोजन में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा, बता दे कि गांव में ईष्टदेव लिंगो बाबा की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है, जहां प्रतिवर्ष इस तरह पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाता है, इसके लिए गांव में कामकाज पूरी तरह से बंद रखा जाता है। ग्रामीण इस पूजा महोत्सव को वृहद स्तर पर एवं धार्मिक आस्था के साथ शांतिपूर्वक मनाते हैं। शाम 5 बजे विभिन्न देवी देवता के प्रतीक डांग डोरी को भी बाजे गाजे के साथ मुख्य मार्ग से भ्रमण कराया गया, जहां ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर मंगल कामना की।



## महिलाओं ने करंज के 400 पौधे रोपे

**डोंगरगढ़,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिले की हरियाली बहिनी पौधरोपण अभियान चला रहीं हैं। अभियान से जुड़े लोगों ने बताया कि हम अक्सर देखते हैं कि लोगों का झुकाव नए कार्य की तरफ होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हरियाली बहिनी अभियान के तहत हरियाली लाने, न आमदनी बढ़ाने, जल प्रदूषण रोकने, प्राकृतिक संसाधन का सदुपयोग करने जुटे हुए हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए डॉगरगढ़ और राजनांदगांव ब्लॉक में करंज का पौधा रोड किनारे लगाया गया। ग्राम सुकुलदैहान, डूमरडीह, खैरा, चैतुखपरी, मुड़िया मोहारा में लगभग 400 पौधे लगाए गए हैं



जिसमें सरपंच चंद्रिका मंडावी, श्रीमती चंदासी वर्मा,विनोद साहू, सोनिया वर्मा, निर्मला वर्मा, किरण, लिलेश्वरी सहित महिला पंच, महिला समूह, बिहान कैडर की अहम भूमिका रही।

# आज से शहर में दोनों समय जल आपूर्ति

**राजनांदगांव,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। मोहारा शिवनाथ नदी में पर्याप्त पानी होने के कारण आज से शहर में दोनो समय पेयजल आपूर्ति की जावेगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ से ही नदी का जल स्तर अत्यंत कम होने के कारण जल संग्रहण में कमी आई, जिससे शहर के उच्च स्तरीय जलागारों (पानी टंकियों) को भरने में काफी समय लग रहा था, जिसके कारण शहर में दोनो समय जल आपूर्ति (पानी सप्लाई) करने मे कठिनाई आ आई और दो दिन में तीन समय शहर में पेयजल सप्लाई की जा रही थी। वर्तमान में वर्षा ऋतु में मोहारा नदी में पर्याप्त पानी होने पर दोनो समय पेयजल आपूर्ति की जावेगी।

पेयजल सप्लाई के संबंध में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट निर्माण के बाद नदी के सील्ट की सफाई नही होने के कारण एनीकट के 40 प्रतिशत हिस्से में सील्ट जमा हो गया, जिससे जल भण्डारण क्षमता में कमी आई थी, सील्ट निकाल कर ग्रीष्म ऋतु में जलाशयो से पानी लेकर पानी की उपलब्धता के आधार पर दो दिन में तीन समय पेयजल आपूर्ति की गयी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में वर्षा ऋतु में अब तक अच्छी बारिश होने पर मोहारा शिवनाथ नदी में पानी की पर्याप्त संग्रहण को देखते हुए आज से नगर वासियो को दो समय सुबह एवं शाम निर्धारित समय में पेयजल आपूर्ति की जावेगी। उन्होंने नागरिको से अपील की है कि जिस प्रकार ग्रीष्म ऋतु में आप सबका सहयोग मिला उसी प्रकार हर समय सहयोग करे, पानी का अपव्यय न करे।

# विचक्षण जैन विद्यापीठ में मनाया गया कारगिल विजय दिवस-देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा आयोजन



**कुम्हारी,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। विचक्षण जैन विद्यापीठ में 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों के साथ-साथ अतिथियों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के दो पूर्व सैन्यकर्मी स्टाफ सदस्य श्री ओ.पी. सिंह एवं श्री अखिलेश शर्मा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। दोनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए देश के प्रति प्रेम, समर्पण और अनुशासन की भावना को छात्रों के मन में जागृत किया। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही कल के सच्चे राष्ट्र निर्माता होंगे। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ए.पी. सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को उनके तीन प्रमुख कर्तव्यों , माता-पिता, विद्यालय और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों, को गंभीरता से निभाने का संदेश दिया।

उद्बोधन पश्चात छात्रों ने कारगिल युद्ध पर आधारित एक भावनात्मक नाटक का मंचन किया, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों की आंखें नम कर दी। इसके बाद छात्रों द्वारा एक देशभक्ति नृत्य और राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी , जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर हो गया।

इस कार्यक्रम ने न केवल कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि छात्रों के मन में देश के प्रति सम्मान और सेवा भावना को भी प्रबल किया।

# बैंककर्मी उमेश गोरले के ऊपर धोखाधड़ी का आरोप, एफआईआर दर्ज

**डोंगरगढ़,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। एक्सिस बैंक की डोंगरगढ़ शाखा में बैंककर्मी ने ग्राहकों को भरोसे में लेकर करोड़ो रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। मामलें में दोषी बैंककर्मी उमेश गोरले के खिलाफ डोंगरगढ़ थाना में एफआईआर दर्ज हुई है। पहली एफआईआर में एक करोड़ 68 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामनें आनें के बाद और भी पीड़ित ग्राहक शिकायत लेकर बैंक पहुंच रहे है। बैंककर्मी उमेश गोरले डोंगरगढ़ ब्रांच में करीब 15 वर्षों से पदस्थ था। स्थानीय होनें की वजह से उसनें ग्राहकों का पहलें विश्वास जीत लिया इसके बाद 2022 से 2025 के बीच तीन वर्षों में धोखाधड़ी को अंजाम दिया। किसी ग्राहक के फिक्स डिपॉजिट पर लोन तो किसी के खातें से दस्तावेज सत्यापन के नाम पर रकम को ही पार कर दिया। ग्राहकों को धोखाधड़ी की भनक तक नहीं लगनें दी। दो माह पहलें जब कुछ ग्राहक बैंक पहुंचें तो एक-एक कर मामलें सामनें आएं। जिसके बाद बैंककर्मी द्वारा कुछ ग्राहकों से सम्पर्क कर रकम लौटानें का आश्वासन दिया गया। लेकिन इसके बाद भी कर्मी ने रकम वापस नहीं किया। बैंक मैनेजर रिंकू पंडित ने छह ग्राहकों के शिकायत के आधार पर एक करोड़ 68 लाख छह हजार 528 रु धोखाधड़ी का मामला थानें में दर्ज कराया है।




इन ग्राहकों से हुई करोड़ो की धोखाधड़ी- बैंककर्मी उमेश गोरले ने चंदमल अग्रवाल चारभाठा से 31 लाख रुपये, मूलचंद कोसरिया नवागांव से तीन लाख रु, तीरथ लाल पटेल कुसमी से डेढ़ लाख रु, बालक दास पेंड्री से 15 लाख 60 हजार रु, प्रमोद टेम्भूर्णिकर डोंगरगढ़ से 23 लाख 12 हजार 860 रु तथा राशि लोहिया डोंगरगढ़ से 32 लाख 63 हजार 668 रु इस तरह से कुल एक करोड़ 68 लाख 6 हजार 528 रु की धोखाधड़ी का मामला पहलें सामनें आया। अब थाना में एफआईआर होनें के बाद और भी पीड़ित ग्राहक सामनें आ रहे है।

15 वर्षों से एक ही ब्रांच में था पदस्थ, मामला खुला तो ट्रांसफर- एक्सिस बैंक के डोंगरगढ़ ब्रांच में बैंककर्मी गोरले करीब 15 वर्षों से पदस्थ है। जबकि नियमानुसार 4 वर्ष बाद अन्य ब्रांच में ट्रांसफर होना था। लेकिन स्थानीय निवासी का फायदा उठातें हुए कर्मी ने ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी शुरु कर दिया। बैंक मैनेजर के अनुसार हाल के तीन वर्षों में इसे अंजाम दिया गया है। जबकि यह सिलसिला काफी लंबे समय से चल रहा है। मामला सामनें आनें के बाद बैंककर्मी का राजनांदगांव ट्रांसफर कर दिया गया और फिर बाद में उसे सस्पेंड कर दिया गया। यह बैंक प्रबंधन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करतें है।

ग्राहक के नाम पर कार फाइनेंस करा दिया, मोबाइल नंबर बदल गए-* कर्मी ने डोंगरगढ़ के प्रमोद टेम्भूर्णिकर के सेविंग व अन्य एकाउंट में हेर फेर करतें हुए ग्राहक के नाम पर कार लोन, पर्सनल लोन व क्रेडिट कार्ड बनाकर लेन-देन किया गया। जबकि ग्राहक ने कभी भी ऐसे लोन के लिए आवेदन ही नहीं किया। गजब की बात तो यह है कि ग्राहक की जानकारी के बगैर एकाउंट से मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया। ग्राहक ने जब स्टेटमेंट निकाला तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। कार लोन स्वीकृत करनें के बाद किश्त भी नहीं पट रहा है। जिससे ग्राहक का व्यक्तिगत सिविल भी खराब हो रहा है। इस तरह से बैंककर्मी ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करता रहा।

पांच करोड़ से अधिक जा सकती है धोखाधड़ी की राशि, अब आ रहे सामनें-* बैंककर्मी उमेश गोरले द्वारा पांच करोड़ से अधिक की हेरा फेरी की बात सामनें आ रही है। क्योंकि छह ग्राहकों की शिकायत में एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी सामनें आ चुकी है, जिसकी एफआईआर भी हो चुकी है। सोमवार को भी रिटायर्ड शिक्षक व कृषि विभाग के रिटायर्ड एसडीओ भी ऐसी ही शिकायत लेकर एक्सिस बैंक पहुंचें। *दो रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ 11 लाख से अधिक की धोखाधड़ी, की शिकायत-* सोमवार को रिटायर्ड शिक्षक कैलाशनाथ बंजारे भी एक्सिस बैंक पहुंचें। उनके साथ उमेश गोरले ने 4 लाख 67 हजार 376 रु तथा कृषि विभाग के रिटायर्ड एसडीओ बीआर बघेल की पत्नी के साथ पांच लाख रुपये व उनके साथ एक लाख 10 हजार रुपये धोखाधड़ी करनें की नई शिकायत बैंक मैनेजर से की गई है। ऐसे ही अन्य कई लोग भी बैंक पहुंचकर अब अपनें साथ हुए धोखाधड़ी की शिकायत कर रहे है।वहीं इस मामलें में डोंगरगढ़ टीआई उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि करोड़ो रुपये की धोखाधड़ी के मामलें में एक्सिस बैंक के बैंककर्मी उमेश गोरले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## भगवान शिव देवों के देव महादेव में पद यात्रियों द्वारा जल अभिषेक की परम्परा सदियों चली आ रही

**कवर्धा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)।कवर्धा से 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम चौरा में 11 वी शताब्दी का प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व का स्थल बाबा भोरमदेव का मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शिव जी विराजित है। भगवान शिव देवों के देव महादेव में जल अभिषेक की परम्परा सदियों चली आ रही है। हर वर्ष श्रावण माह में कांवरियों द्वारा पदयात्रा कर शिव मंदिरों में जल चढ़ाया जाता है, जिसे कांवड़ यात्रा कहा जाता है। सावन के इस पवित्र माह में कबीरधाम, पड़ोसी जिला मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव सहित मध्यप्रदेश के अमरकंटक से कावड़िया पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व स्थल कबीरधाम जिले बाबा भोरमदेव मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर और डोंगरिया के प्राचीन जालेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करने हजारो की संख्या में आते है। श्रावण मास में शिवभक्त मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन कांवरिया दल सहित श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग का विधिवत पूजा अर्चना व जलाभिषेक किया जा रहा है।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर बीमारी के संबंध में जनसामान्य को किया गया जागरूक

**राजनांदगांव,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर हेपेटाइटिस बीमारी के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय संगोष्ठी महाराष्ट्र मंडल बल्देव बाग में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के 205 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों का स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने संगोष्ठी में सभी कार्यकर्ताओं को स्वयं, अपने परिवार एवं समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक रहने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हेपेटाइटिस बीमारी के प्रमुख लक्षण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुखार व थकान, भूख कम लगना, उल्टी,




त्वचा में खुजली व पीलापन, गहरे रंग का पेशाब, शहरी में दर्द व मांसपेशियों में सूजन होना हेपेटाइटिस बीमार के प्रमुख लक्षण है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस ए और ई से बचाव के लिए साफ पानी का सेवन करना चाहिए। हाथ धोने की आदत, ताजा फलों का सेवन करना चाहिए और खुले में शौच नहीं करना चाहिए।

हेपेटाइटिस बी एवं सी से बचाव के लिए इंजेक्शन तथा रेजर ब्लेड का उपयोग एक बार करना चाहिए। ब्लड पंजीकृत ब्लड बैंक से ही लिया जाए। नवजात बच्चों को हेपेटाइटिस बी का जन्म खुराक अवश्य देना चाहिए। हेपेटाइटिस धनात्मक माताओं से जन्म नवजात शिशु को हेपेटाइटिस म्यूनोग्लोबिन एचबीआईजी जन्म के 24 घंटे में अवश्य दें। इसके संबंध में टोलफ्री नंबर 1800-11-6666 जारी किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला नोडल अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार, जिला प्रबंधक शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. पूजा मेश्राम, शहरी सुपरवाईजर श्री कौशल शर्मा, जिला माईक्रोबॉयोलॉजिस्ट श्रीमती वंदना कोसरिया, जिला डाटा मैनेजर , सेक्रेटेरियल असिस्टेंट हेमन्त कुमार साहू एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट हेमन्त यादव, एरिया कोआर्डिनेटर श्रीमती देवकी वर्मा सहित सभी शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यकर्ता एवं मितानिन उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

छोटी-सी लड़की ने अपनी मां से पूछा- मम्मी, तुमने कहा था ना कि परियों के पंख होते हैं और वह उड़ सकती हैं ना?

मम्मी- हां बेटी, कहा था।

लड़की- कल रात डैडी आया को कह रहे थे कि वह तो परी हैं। वह कब उड़ेगी मम्मी?

मम्मी (छोटी सी लड़की से)- सुबह होते ही उड़ जाएगी बेटी।

## संपादकीय

# पशुओं से स्कूली बच्चे रहें सुरक्षित

पत्थलगांव (जशपुर जिला) के लुड़ेंग गांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार की दोपहर को एक हथिनी अपने शावक के साथ घुस आई। वहां एक शिक्षक की मोटर साइकल खड़ी थी जिसे उसने तोड़ दिया। गनीमत यही है कि उस दिन हरेली की छुट्टी थी जिसके चलते शाला में कोई विद्यार्थी नहीं था। यह स्कूल गांव के एकदम कोने में है जिससे सटा हुआ घना जंगल है। इस बात की कल्पना की जा सकती है कि यदि उस दिन अवकाश न रहता तो क्या होता। मानवीय उपस्थिति वन्य प्राणियों को अधिक आक्रामक बना देती है। बच्चों का शोर-गुल हथिनी को गुस्सा दिला सकता था। इस मामले से सबक लेते हुए शालाओं के परिसरों को केवल वन्य पशुओं से ही नहीं, पालतू तथा आवारा जानवरों से भी सुरक्षित बनाये जाने की ज़रूरत है।

छत्तीसगढ़ के कई इलाके वनाच्छादित हैं जिनमें वन्य प्राणियों का बड़े पैमाने पर विचरण होता है। विशेषकर वन क्षेत्रों में कार्यरत स्कूलों के बच्चों को न सिर्फ ऐसे स्कूलों में दिन भर रहकर पढ़ना होता है बल्कि उन्हें आन-जाना भी जंगलों से ही करना होता है। वन्य तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते चलते बच्चों की चिंता तो पालकों एवं अभिभावकों को करनी होगी लेकिन सरकार को देखना होगा कि शालाएं बच्चों के लिये पूर्णतः सुरक्षित हों। बहुत से ऐसे इलाके हैं जो हाथी, भालू, लकड़बग्घे, तेंदुए जैसी प्रजातियों के प्राकृतिक आवास हैं। सांपों का खतरा भी बराबर बना हुआ होता है। शाला परिसरों में सर्पों के निकलने की भी घटनाएं होती हैं। सर्पदंश से छात्रों के मरने की भी वारदातें हो चुकी हैं।

वन क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों के अलावा शहरी तथा अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों के बच्चे गायों तथा कुत्तों से भी परेशान रहते हैं। सड़क जाते स्कूली बच्चों को कुत्तों द्वारा काटने या गौवंशों द्वारा घायल करने की भी वारदातें अक्सर होती हैं। जिन शालाओं की चारदीवारी यदि टूटी हों तो गायों-कुत्तों के कुनबे अक्सर स्कूल परिसर में रात-दिन डेरा जमाये रहते हैं। बरामदों में ये रात भर बैठ रहते हैं। शाला लगने के पहले उनकी साफ-सफाई अनिवार्यतः करनी होती है लेकिन उसके कारण होने वाली दुर्गंध, मक्खियों-मच्छड़ों आदि से बच्चों, शिक्षकों तथा स्टाफ को जूझना पड़ता है। इसके कारण उन्हें मलेरिया, हैजा जैसी बीमारियों का खतरा भी रहता है।

राज्य सरकार शालाओं के निर्माण तथा मरम्मत पर भरपूर पैसे खर्च करती है। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसी शालाएं दिखाई पड़ती हैं जो इसलिये पूरी तरह से खुली हैं क्योंकि उनकी चारदीवारियां टूट चुकी हैं। इसका एक हिस्सा भी टूट जाये तो जानवरों के आने-जाने का मार्ग खुल जाता है। कुछ समय तक मवेशियों के आने-जाने से ये दीवारें ध्वस्त हो जाती हैं। बाद में कुत्ते भी बैठते हैं। असामाजिक तत्वों का इनमें जमावड़ा भी होता है।

# अनिमेष पावर प्लांट में ब्लास्टिंग के दौरान दुर्घटना में एक श्रमिक हुआ बुरी तरह से घायल

- घालय श्रमिक को ईलाज के लिए किया रायपुर रिफर
- खिलावन जायसवाल ने प्रबंधन के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**बलौदाबाजार,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम ढाबाडीह में स्थित अनिमेष पावर प्लांट में रविवार को घटित एक दुर्घटना में एक श्रमिक बुरी तहर से घायल हो गया है। जिसे तत्काल निजी अस्पताल बलौदाबाजार में प्रारंभिक ईलाज पश्चात रायपुर रिफर कर दिया गया है। उक्त घटना को लेकर समाजिक कार्यकर्ता खिलावन जायसवाल ने कलेक्टर बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंपकर अनिमेष पावर प्लांट के ठेकेदार एवं प्रबंधन के खिलाफएफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयंत्र में कार्यरत श्रमिक संजय ध्रुव संयंत्र में ब्लास्टिंग के दौरान दुर्घटना की चपेट में आ गया। जिससे उसके हाथ तथा शरीर के अन्य अंगों मे गंभीर चोंटे आई है। दुर्घटना के बाद संयंत्र के श्रमिको के बीच अफरा तफरी मच गयी तथा अन्य श्रमिकों की मदद से घायल श्रमिक संयज ध्रुव को तत्काल बलौदाबाजार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। घटना के दौरान उपस्थित श्रमिको के अलावा एक सामाजिक कार्यकर्ता खिलावन जायसवाल ने बताया कि प्लांट में सुरक्षा मानको की लगातार अनदेखी की जा रही है। श्रमिको को पर्याप्त सुरक्षा किट एवं उपकरण नही दिये जा रहे है। कई बार ऊंचाई में कार्य करने के दौरान सेप्टी बेल्ट भी श्रमिको को उपलब्ध भी नही कराया जाता है। कई श्रमिक सामान्य जुते अथवा चप्पल पहनकर कार्य करने पहुंचते है। जिससे प्रतिदिन दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। प्लांट प्रबंधन की लापरवाही को लेकर स्थानीय ग्रामींणों में आक्रोश व्याप्त है।

श्रमिको के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहती तो हादसे को टाला जा सकता था। श्रमिको के अलावा परिजनों ने श्रमिक के उपचार होने वाला ब्यय संयंत्र प्रबंधन द्वारा कराये जाने की मांग भी किया हैं। उक्त घटना को लेकर अनिमेष पावर प्लांट के अधिकारियो से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नही हो पाने की स्थिति में उनका पक्ष स्पष्ट नही हो पाया हैं। जबकि करहीबाजार पुलिस चौंकी प्रभारी राजेन्द्र पाटिल ने बताया कि उन्हे श्रमिको से दुर्घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है जिस पर उक्त मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इधर सोमवार को कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में खिलावन जायसवाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पावर प्लांट में कोई सुरक्षा नही है। सुरक्षा के नाम पर सिर्फअधिकारी सभी मजदुर को सेफ्टी शू पहनाकर फोटो खिंचकर सुरक्षा अधिकारी को भेजा जाता है। श्री जायसवाल ने कहा है कि अनेको बार मेरे द्वारा उक्त पावर प्लांट के खामियों को लेकर आवेदन किया गया था। जिस पर कुछ अधिकारी जांच करने गये और पावर प्लांट से फोटो खिंचकर वापस आ गयें। इस तरह शिकायत करने पर मात्र जांच कार्यवाही का खानापूर्ति किया जाता है। पावर प्लांट के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शहस्त्र जलधारा आयोजन में झूम कर नाचे विधायक







सबसे पहले सुहागन स्त्रियों ने मंत्रोच्चार के बीच महानदी से जल भरकर भगवान भोलेनाथ दरबार में कतार बद्ध होकर किया अभिषेक

**नवापारा राजिम,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के राधाकृष्ण मंदिर में आज तीसरे श्रावण सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के पश्चात शहस्त्र जलधारा का आयोजन किया गया, सबसे पहले सुहागन स्त्रियां मंत्रोच्चार के बीच महानदी से जल भरकर भगवान भोलेनाथ दरबार मे कतार बद्ध होकर अभिषेक करने चल पड़ी, इसी के साथ हजारों नर नारियां, स्कूली बच्चे, हर समाज के भक्तगण एक दूसरे के हाथ मे जल की बाल्टी देते हुवे मंदिर तक जल पहुंचाने लगे।

मंदिर के गर्भ गृह में शिव परिवार का पंडित देवेंद्र दुबे एवम संतोष मिश्रा ने विधि विधान से अभिषेक प्रारम्भ करवाया जिसमे यजमान भूपेंद्र मीनाक्षी मिश्रा रायपुर, आकाश शिवांगी अग्रवाल महासमुंद उपस्थित थे दुध, दही, पंचामृत, शहद, घी, गंगाजल एवम महानदी के जल से मंदिर में लगे घड़े के हजारों छिद्र से अभिषेक होने लगा।

इधर सालासर समिति के नेमी साहू, अरुण पैगम्बर, करण साहू, गायत्री दुबे ने ऐसे भजन गाये की हजारों भक्त नाचने लगे, इसी दरम्यान विधायक इंद्रकुमार साहू भी इस आयोजन में पहुंचे, ओर इस आयोजन की भव्यता एवम भजनों को सुनकर अपने आप को रोक नही पाए, गिरधारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, राजू काबरा, संतोष अग्रवाल, नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, प्रेम साधवानी, गोविंद मोहन अग्रवाल के साथ जप जप भोला, छोटे छोटे रुख्वा कदम के, चल रे कांवरिया शिवधाम में बहुत देर तक झूम झूम नाचने लगे, इसी बीच मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल ने पुष्पहार से विधायक एवम नगरपालिका अध्यक्ष का स्वागत किया,

विधायक महोदय को गोपाल गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, सचिव राजू काबरा, चंदू कंसारी ने गौशाला में लगी आग के बारे में बताया, विधायक इंद्रकुमार ने आज मंदिर परिषर में ही गोपाल गौशाला नवापारा के लिए हजारों भक्तों के बीच 5 लाख रुपये विधायक निधि से देने की सहर्ष घोषणा की, जिसे सुनकर सबने करतल ध्वनि से स्वागत किया, आज की भीड़ ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया, इसके बाद सभी भक्तों के लिए विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई, जिसमे विधायक के साथ नगरपालिका अध्यक्ष एवम सभी गणमान्य नागरिक शामिल हुए। आज की भीड़ को देखकर आयोजक बहुत खुश थे, सभी शिव भक्तों से चौथे सोमवार 4 जुलाई को पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भाग लेने की अपील की है।

# नगर निगम की सख्त कार्यवाही, 7 आवारा मवेशी पकड़े गए

गंदगी फैलाने वाले से 2000 रुपये जुर्माना वसूला गया



**धमतरी,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम धमतरी द्वारा शहर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लाल बगीचा एवं कृदत्त कॉलोनी क्षेत्र में आवारा घूम रहे मवेशियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। नगर निगम की टीम ने क्षेत्र में आवारा रूप से विचरण कर रहे कुल 7 गायों को पकड़कर अर्जुनी स्थित गौठान में सुरक्षित रूप से पहुंचाया।

उक्त मवेशियों के कारण सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं, साथ ही आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। नगर निगम की टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए मवेशियों को नियंत्रित किया एवं संबंधित पशुपालक की पहचान कर 2000 रूपये का जुर्माना अधिरोपित कर वसूल किया।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सड़कों पर मवेशियों को छोड़ना न केवल नगर की स्वच्छता के लिए हानिकारक है, बल्कि यह आमजन की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। निगम ने पशुपालकों को चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की पुनरावृत्ति पाई जाती है, तो अधिक कठोर आर्थिक दंड के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

नगर निगम धमतरी द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान करें एवं अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें। सभी के सामूहिक प्रयास से ही एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर धमतरी का निर्माण संभव है।

# रुद्राभिषेक एवं पूजन में शामिल हुए पाणिग्रही



श्रावण सोमवार को हुआ रुद्राक्ष वितरण

**महासमुंद,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपत्नीक रुद्राभिषेक में शामिल हुए। वहीं श्रावण सोमवार के दिन रुद्राभिषेक में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पूजा स्थल पहुंचे। पूजा में शामिल होने पहुंचे रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि जिसने भी सच्चे मन से भगवान महादेव की पूजा अर्चना की वें हर कष्टों से दूर रहते हैं। महादेव सबका कष्ट हरने वाले हैं। श्रावण माह में महादेव की पूजा अर्चना करने से विशेष फल प्राप्त होता है। उन्होंने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को इस पुण्य कार्य के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा लगातार 10वें वर्ष में श्रावण मास में महारूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष श्रावण मास की शुरुआत से श्रावण पूर्णिमा तक यह आयोजन किया जाता है। इस बार भी मास के प्रथम दिन से शुरू होकर एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन.पूजन कार्यक्रम जारी है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भगवान महादेव की सेवा से आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। महादेव अपने भक्तों से सभी दुख और पीड़ा को हर लेते हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पंचकोशीय यात्रा का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। शिव भक्त पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू अंचल वासियों की सुख.समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर प्रतिवर्ष अपने हजारों समर्थको व श्रद्धालुओं के साथ पंचकोशी यात्रा पर निकलते हैं। उनकी धार्मिक यात्रा सोमवार को बम्हनी पहुंची। इस दौरान महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व उनके समर्थकों ने पंचकोशीय यात्रा का स्वागत किया तथा सभी यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कराई। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू सहित समस्त यात्रियों ने भगवान बम्हनेस्वर नाथ की पूजा कर नपाध्यक्ष द्वारा आयोजित भंडारा प्रसादी में प्रसाद ग्रहण किया। स्वागत पश्चात यात्रा आगे बढ़ी। नपाध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना को लेकर पूर्व मंत्री श्री साहू पंचकोशीय यात्रा पर निकलते हैं। इस धार्मिक पंचकोशी यात्रा के दौरान वे तीन प्रमुख जिले रायपुर, महासमुंद एवं गरियाबंद में विराजमान सात प्राचीन शिवलिंग का विधि विधान से पूजा.अर्चना एवं जलाभिषेक करते हैं। श्री साहू कई वर्षों से हजारों समर्थकों एवं शिव भक्तों के साथ हर साल श्रावण के महीने में सोमवार को अपने बुलेट मोटरसाइकिल से स्वयं चलाते हुए यात्रा पर निकलते हैं एवं परिक्रमा पूरी करते है। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, कपिल साहू, मिंदर चावला, भरत सिंह ठाकुर, महेंद्र साहू, शुकदेव साहू, लहरी सिंह ठाकुर, पोखन ठाकुर, नरेश गोयल, राजेंद्र साहू, सुल्तान बागड़ी, रवि साहू, हलेंद्र निषाद, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, होरी साहू, दामु साहू, मासूम पांडेय, रतन पाल, नीतीश साहू, रमेश राव, टेकेंद्र यादव, बिला साहू, आयुष भोसले, आर्यन गिलहरे, कुणाल सेन, नागेश साहू, पुष्कर साहू, जीत चंद्राकर, राज चंद्राकर, अरविंद साहू, राकेश यादव, केशव मानकीपुरी आदि उपस्थित थे।

# संघर्ष ही सफलता का मार्ग है, दृढ़ संकल्पित होकर करें पढ़ाई : मंत्री टंकराम वर्मा



- मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के दीक्षारम्भ समारोह में हुए शामिल
- महाविद्यालय को दी 3 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों की सौगात
- कान्फ्रेंस हॉल, स्मार्ट क्लास और परिसर में हाई मास्क लाइट स्थापित करने की घोषणा

**बलौदाबाजार,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सोमवार को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में नवप्रवेशी छात्राओं के दीक्षारम्भ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय को 3.25 करोड़ रूपए से अधिक की सौगात दी। जिसमें 52.70 लाख रूपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण एवं 272.81 लाख रूपए की लागत से बनने वाले छात्रावास भवन का शिलान्यास एवं भूमिपूजन शामिल है। इसके साथ ही छात्राओं की मांग पर एक हजार सीटों की क्षमता वाले कान्फ्रेंस हॉल, 2 स्मार्ट क्लास और महाविद्यालय परिसर में हाई मास्क लाइट की स्थापना करने की भी घोषणा की।

मंत्री श्री वर्मा ने नवप्रवेशी छात्राओं को रक्षासूत्र बांधकर उनका स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र जीवन में दृढ़ संकल्प और मेहनत से आपका भविष्य उज्जवल बनेगा। उन्होंने कहा इतिहास में उन्ही लोगों का नाम दर्ज किया जाता है जो कड़ा संघर्ष कर सफलता हासिल करते है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करना छत्तीसगढ़ सरकार का ध्येय है। हमारी मंशा है कि हमारी बेटियां खूब पढ़े और खूब आगे बढ़े। उन्होंने कहा इस महाविद्यालय की छात्राओं की सुविधा और बेहतरी के लिए सारे जरूरी कदम उठाएं जायेंगे। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी अपना और जिले का नाम रोशन करें। प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए जो सौंगाते मिली है वो यहां पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए बहुत जरूरी थी। शासन-प्रशासन द्वारा महाविद्यालय की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ट भाजपा नेता विजय केसरवानी, मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, राकेश ध्रुव, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष संगीता ध्रुव, भाजपा नेता हरिशचंद वर्मा, सुनीता वर्मा, नीलम सोनी, के.के. वर्मा, मदन वर्मा, कमलेश गर्ग, नेतराम साहू, वेदांत रजक, संजय श्रीवास, तरूण वर्मा, सौरभ ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, महाविद्यालय की प्राध्यापक डा. सुलेखा राउत, डा.विद्या >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# तहसीलदारों की हड़ताल से राजस्व काम ठप्प



**महासमुंद,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले संसाधन नहीं तो काम नहीं सहित 17 सूत्रीय मांग को लेकर जिले के तहसीलदार व नायब तहसीलदार सोमवार से तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं। जिससे राजस्व का काम लगभग ठप हो गया है। लोहिया चौक पर बैठे महासमुंद तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, सरायपाली तहसीलदार श्रीधर पंडा व अन्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा पूर्व में भी तहसील कार्यालयों में पदस्थ तहसीलदारों को संसाधनों की अत्यंत कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग की अनुपलब्धता से कार्य निष्पादन में गंभीर कठिनाइयों के संबंध में विभाग एवं शासन को समय.समय पर विभिन्न समस्याओं से शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है और 26 जुलाई तक मांगें पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी थी पर शासन ने ध्यान नहीं दिया। आज जिलास्तरीय हड़ताल है, 29 को संभाग स्तर पर एवं 30 को प्रांत स्तर पर हड़ताल पर रहेंगे। तहसीलदारों का कहना है कि 30 जुलाई को शासन से हमारा प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा, उसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सभी तहसील में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पर पदोन्नति प्रक्रिया में 50.50 अनुपात रखा जाए, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित की जाए, ग्रेड पे में शीघ्र सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन से बहाली, न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं, न्यायालय में उपस्थिति हेतु व्यवस्था, मानदेय भुगतान एवं नियुक्ति, प्रशिक्षित आपरेटर की नियुक्ति, रछफअरछफ की बहाली, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर गोपनीयता, सुरक्षाकर्मी, सड़क दुर्घटना मुआवजा की व्यवस्था, संघ की मान्यता एवं विशेषज्ञ कमेटी का गठन मांगों में शामिल है। गौरतलब है कि जिले के 6 तहसीलों में 16 नायब तहसीलदार व तहसीलदार हैं। हड़ताल से राजस्व का काम ठप सा हो गया है।

# राजिम कुलेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब, गूंजे 'बम-बम भोले' के जयघोष



**राजिम,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। सावन माह के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर राजिम त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित भगवान कुलेश्वर नाथ के प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। प्रातः से ही शिवभक्त लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान शिव को जल अर्पित कर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व विशेष पूजा-अर्चना में लीन दिखे। सावन माह में मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया।

शाम से नाग पंचमी की तैयारियाँ भी पूरे जोरों पर हैं। सावन माह इस विशेष अवसर पर भगवान कुलेश्वरनाथ का दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें उन्हें फूलों, , चंदन से अलंकृत किया जाएगा।

मान्यता है कि यह शिवलिंग माता सीता द्वारा बालू से निर्मित किया गया था और यह रामेश्वरम से भी प्राचीन माना जाता है। यह स्थल न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रद्धालुओं की भक्ति और आस्था से सराबोर राजिम का यह क्षेत्र सावन माह के इस शुभ अवसर पर एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया है।



शाम 7 बजे कुलेश्वर महादेव का नजारा, कड़कती बिजली आसमान पर छाये बादल, रिमझिम हो रही बरसात।

## डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

बिलाईगढ़, 28 जुलाई(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु योग्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार हेतु इच्छुक कृषक आवेदन पत्र उप संचालक कृषि जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कार्यालय रानीसागर सारंगढ़ से नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरकर संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के माध्यम से जमा कराना होगा। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीपोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है।

# गरिमामय तरीका से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस - कलेक्टर

◆ रजत जयंती वर्ष के आयोजन को लेकर भी दिए विशेष निर्देश



**गरियाबंद**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय और भव्य रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर बी.एस. उइके ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक से पहले अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कहा कि तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समारोह स्थल की सफाई, बैठक व्यवस्था, सजावट, पेयजल, सुरक्षा, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी गरिमा के अनुरूप तैयार किया जाए। समारोह की अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में होगी, जिसमें सभी जिला अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों को 10 अगस्त तक नामांकन भेजने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिले के सभी सरकारी व सार्वजनिक भवनों में रात्रि में रोशनी करने को भी कहा गया है। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा में दर्ज शिकायतों, जनदर्शन, जनचौपाल, च्छ पोर्टल, हाईकोर्ट और पीएमओ से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता देकर जल्द पूरा करने को कहा। कलेक्टर उइके ने यह भी बताया कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत 15 अगस्त से 31 मार्च तक वृहद महाअभियान चलेगा। इसमें सभी विभाग राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, एडीएम अरविंद पाण्डेय, एएसपी जितेन्द्र चन्द्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित सभी एसडीएम व अधिकारी मौजूद रहे।

## राजिम में कल जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव, उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों का होगा सम्मान

जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव का आयोजन 30 जुलाई को प्रेम रतन मैरिज पैलेस, राजिम में होगा। इस अवसर पर ब्लॉक, संकुल और विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में टीम एक्टिविटिज, समूह चर्चा, रचनात्मक गतिविधियां, सेल्फी पॉइंट्स और विचार मंच जैसे तत्व आयोजन को जीवंत बनाएंगे। आयोजन में ओपन लिंक्स फाउंडेशन की विशेष भागीदारी रहेगी। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। कार्यक्रम में जिले के करीब 70 शिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर बीएस उइके, सीईओ जी.आर. मरकाम, डीईओ जगजीत सिंह धीर, मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला, ओपन लिंक्स फाउंडेशन के मुख्य परिचालन अधिकारी विश्वजीत पवार और विनोबा टीम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# फणीकेश्वर नाथ महादेव पंच मंदिर में हजारों भक्तों ने जल चढ़ाया

◆ पूर्व कैबिनेट मंत्री धनेंद्र साहू महादेव के दर्शन हेतु हजारों भक्तों के साथ पहुंचे नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया



**फिंगेश्वर**, 28 जुलाई (देशबन्धु)।आज पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार को सहस्त्र लोगों ने स्वयंभू फनी केश्वरनाथ महादेव के दर्शन कर जल चढ़ाया पूजा अर्चना की मनोकामना पुरी करने हेतु अर्जी लगाई उल्लेखनीय है कि फिंगेश्वर पंच मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सर्वाकार राजा नीलेंद्र बहादुर एवं ट्रस्टी गन के सहयोग से सभी मंदिर देवालयों में धार्मिक अनुष्ठान हेतु व्यवस्था सुचारू की जाती है क्योंकि यह प्राचीन काल से पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है स्वयं भू कलश अर्ध खंडित मूर्तियां अवशेष मंदिर में विद्यमान है राजवाड़ा क्षेत्र होने के कारण बहुत ही प्रसिद्ध और अपनी प्राचीनता और भव्यता को दर्शाता है पंचदेव मंदिर परिसर में आज सुबह से नन्हे बच्चे बालिकाएं महिलाएं युवा बुजुर्ग सभी ने जल अर्पण कर दर्शन लाभ लिया उल्लेखनीय है कि अभनपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू प्रतिवर्ष पंचकोशी धाम के दर्शन कर अपने एवं क्षेत्र की जनता के लिए भोलेनाथ से कृपा दृष्टि हेतु पूजा अर्चना करते हैं उनके साथ महादेव के नंदी के रूप में गनों के रूप में साज सज्जा के साथ हजारों भक्त बोल बम का उच्चारण करते हुए आज फिंगेश्वर पहुंचे नगर वासियों द्वारा श्री साहू का भव्य स्वागत सम्मान अभिनंदन किया गया धनेंद्र साहू स्वयं बाइक चलाते हुए पंचकोशी धाम प्रतिवर्ष घूमते हैं और क्षेत्र के लोगों के सुख समृद्धि धर्म संस्कार के प्रति जागरूकता आस्था बनी रहे इस प्रयास से वे स्वयं महादेव के दर्शन हेतु आते हैं उनके साथ अभनपुर क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष युवा बाजे गाजे के साथ भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए आनंद और उत्सव मनाते हुए पूरे दिन पंचकोशी के चक्कर लगाते हैं श्री धनेंद्र साहू ने नगर वासियों का आभार व्यक्त किया एवं उनका अभिवादन स्वीकार किया पूरा नगर आज भक्ति में शिव मय लगने लगा भक्तों ने फिंगेश्वर से जल भरकर 10 किलोमीटर दूर कर्णेश्वर महादेव महादेव घाट जाकर स्वयंभू भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल चढ़ाया पूजा अर्चना की

# थानसिंह दीवान छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष पद से हटाए गए

**बागबाहरा**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। छ.ग. सर्वआदिवासीसमाज (पं.क्र. 4230) के प्रांतीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी द्वारा थानसिंह दीवान को नियम के विपरीत कार्य करने व जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण से सर्व आदिवासी समाज महासमुंद जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। जिसकी विधिवत जानकारी रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसयटी छत्तीसगढ़ रायपुर को भी सूचना दे दी गई है। प्रांतीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी ने जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया के प्रसारण से प्राप्त जानकारी के आधार पर भीखम सिंह ठाकुर ने अपने आपको जिला महासमुंद के सर्व आदिवासी समाज का जिला अध्यक्ष बताते हुए थानसिंह दीवान को कार्यकारी जिला अध्यक्ष के रूप में दर्शाते हुए पंजीकृत संस्था 4230 सर्व आदिवासी समाज से अलग संस्था में विलय कर लिए जाने का जिक्र किया है। इस तरह की अपुष्ट खबर की सत्यता जानने के लिए थानसिंह दीवान को वस्तुस्थिति स्पष्ट करने का अवसर पत्र भेजकर किया गया। उनको तीन दिवस् के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया था। इस सम्बंध में थानसिंह दीवान ने प्रांतीय समिति से कोई मौखिक चर्चा नहीं की। और न ही कोई लिखित स्पष्टीकरण उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि थानसिंह दीवान द्वारा छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज (पंजीयन क्रमांक 4230) के साथ अन्य संगठन को न केवल विलय किया गया है। वरन नए अध्यक्ष का चुनाव भी कर लिया गया है। थानसिंह दीवान से यह भी पूछा गया था कि इस तरह के कृत्य को क्या महासमुंद जिला प्रबंधकारिणी समिति के जिलाध्यक्ष पद से त्याग-पत्र दे कर किया है? इस पर भी कोई जवाब प्रस्तुत उन्होंने नहीं किया। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज (पंजीयन क्रमांक 4230) के नियमावली 2013 के नियम में ऐसी विलीनीकरण का कोई प्रावधान नहीं है। न ही छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अधीन बनाये गये विनियम में कोई प्रावधान है। प्रांतीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी ने जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि थानसिंह दीवान द्वारा नियमों के विपरीत जाकर अन्य संस्था में विलीनीकरण का कार्य कराया है। उसके इस कृत्य को प्रांतीय प्रबंधकारिणी समिति के निर्णयानुसार समिति के नियमावली के विपरीत मानते हुए छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज (पंजीयन क्रमांक 4230) के नियमावली 2013 के नियम 8(5) के अंतर्गत थानसिंह दीवान को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के महासमुंद जिलाध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है। तथा थानसिंह दीवान का छ.ग. सर्व आदिवासी समाज से उनकी सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है। जिसकी विधिवत जानकारी रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटी छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित कर दिया गया है।

# मन की बात भाजपा मडंल अध्यक्ष के निवास में सुना गया

**पिथौरा**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 124 वें एपिसोड मन की बात को भाजपा मंडल पिथौरा के अध्यक्ष आशीष शर्मा के निवास ग्राम लाखागढ़ में सभी भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने सुना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत राम सूर्या,सेत राम पटेल,शशि डडसेना,रैदास गोयल,भाजपा महामंत्री जतीन ठक्कर,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल,लाखागढ़ सरपंच प्रियरंजन कोसरिया,विक्की सलूजा,दुलीकेशन साहू,राजा खनूजा,पार्षद श्रीमती रामकुंवर सिन्हा,पार्षद पुष्पकांत पटेल,बबलू सोनी,वेदप्रकाश गोयल,लक्ष्मी सिन्हा,टीके यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम पश्चात सभी को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को हम सभी कार्यकर्ता हमेशा से सुनते आ रहे है उनके द्वारा हर एपिसोड में हमे कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलता है उनके द्वारा बताई गई बाते दी जाने वाली जानकारिया से हमे ज्ञान मिलता है हमे हमेशा इस कार्यक्रम को सुनना चाहिए तथा और भी लोगो को सुनने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



# मिशन पहल अभियान के तहत सरिया पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान



◆ शास.कन्या.उच्च माध्य. सरिया में स्कूली बच्चों को बताए गये साइबर अपराध से बचने के उपाय

**बिलाईगढ**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में आज मिशन पहल अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी गई। थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने छात्र-छात्राओं को इंटरनेट की दिनचर्या में बढते खतरों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। उहोंने सभी को को फर्जी लिंक,ओटीपी फ्रॉड, साइबर बुलिंग, और सोशल मीडिया पर होने वाली ठगी से सावधान रहने की सलाह दी।डिजिटल युग में जितने अवसर हैं, उतने ही खतरे भी छिपे हैं। सतर्कता और सही जानकारी ही साइबर अपराध से सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है ज्ज अनजान व्यक्तियों से सोशल मीडिया पर संपर्क नहीं करने, एटीएम ओटीपी पासवर्ड और बैंक खाता संबंधित जानकारी शेयर नहीं करने साथ ही किसी प्रकार की ऑनलाइन धमकी मिलने पर अभिभावक या पुलिस को देने कहा। बच्चों को अभिव्यक्ति ऐप, पॉक्सो एक्ट,महिलाओं से संबंधित अपराध, घरेलू हिंसा ,यातायात आदि विषयों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने थाना प्रभारी से साइबर सुरक्षा से संबंधित अनेक सवाल पूछे थाना प्रभारी ने सभी प्रश्नों का सहज और शांत स्वभाव से उत्तर दिया। साइबर अपराध की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर विशेष ध्यान दिलाते हुए कहा कि अगर कोई साइबर अपराध का शिकार होता है तो तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज करें तथा नजदीकी थाना में संपर्क करें। कार्यक्रम में कन्या शाला के शिक्षक -शिक्षिकाएं तथा थाना सरिया से सउनि मोतीलाल, प्र आर सुरेंद्र सिदार, म.आर. सविता यादव उपस्थित रहे।

## निधन

### रिज़वान हैदर (पटवा)



**रायपुर** 28 जुलाई 7 रिज़वान हैदर (पटवा) भूतपूर्व उपाध्यक्ष छ.ग.उर्दू अकादमी (51वर्ष) का निधन रविवार की रात में हो गया है । उनकी मय्यत सोमवार को दोपहर 1 बजे , उनके निवास स्थान मोमिनपारा से मौदहापारा क़ब्रस्तान ले जाई गई, जहाँ सुपुर्दे ख़ाक किया गया । रिज़वान हैदर (पटवा) भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे । मूसा होटल वाले मो. यूशा, गुलाम मुस्तफा, वसी, मोनिस रज़ा के भाई थे । उनके असामयिक निधन से उनके परिवार, समाज, मित्रों, पार्टीजनों में शोक व्याप्त है । आज दोपहर उनके जनाज़े में बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोगों के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के अनेक गणमान्य लोगों ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा



**रायपुर** 28 जुलाई (देशबन्धु)। वीरमाता श्रीमती मांगीबाई जी गोलछा (धर्मसहायिका स्व. श्री ज्ञानचंद जी गोलछा) का निधन रविवार दिनांक 27 जुलाई 2025 को रात्रि मे हो गया है/ उनका अंतिम संस्कार सोमवार दिनांक 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया । वे आप जिनशासन में समर्पित महासती श्री जयप्रज्ञा श्रीजी म. सा. की संसारिक माताजी थी, महावीर, अशोक गोलछा की मां, महेंद्र, मोरध्वज की काकी, पीयूष, श्रेयांश, पार्श्व, सुबाहु की दादी थी ।

### श्रीमती मीना देवी यादव



**भिलाई**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। शास्त्री नगर कैंप 01 निवासी यदुवंशी कल्याण संघ के सदस्य हीरालाल यादव (शिक्षक) की पत्नी मीना देवी यादव का 28 जुलाई को एम्स में निधन हो गया है। वे शासकीय विद्यालय में शिक्षिका थी और लंबे समय से कैंसर के रोग से पीड़ित थी। उनका इलाज रायपुर एम्स में चल रहा था। इनकी अंतिम यात्रा दिनांक 29 जुलाई को समय दोपहर 1बजे राम नगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।

# जपहु जाइ शंकर सत नाम होइहिं हृदय तुरत बिश्रामा- राजेश्री महन्त



**पलारी**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। तृतीय श्रावणी सोमवार को महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज का शिव दर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने जिला महासमुंद एवं बलौदा बाजार भाटापारा के अनेक स्थानों पर विराजित भगवान भोलेनाथ के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामनाएं की। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी महाराज ने 28 जुलाई 2025 दिन सोमवार को सिरपुर, जिला महासमुंद पहुंचकर गंधेश्वर नाथ महादेव, जिला बलौदा बाजार भाटापारा के पलारी अंचल में भूतेश्वर नाथ महादेव अमेठी, सिद्धेश्वर नाथ महादेव पलारी, देवेश्वर नाथ महादेव देवसुंदरा तथा सिद्धेश्वर नाथ महादेव ग्राम जारा में दर्शन पूजन व भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक कर लोक कल्याण की कामनाएं की। उन्होंने श्री रामचरितमानस में भगवान श्री रामचंद्र जी के द्वारा नारद मुनि को दिए गए उपदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि- *जपहु जाइ शंकर सत नामा। होइहि तुरत हृदय बिश्रामा।।* अर्थात मनुष्य के जीवन में जब भी कोई कष्ट आ जाए तो उन्हें भगवान शिव के पंचाक्षरी मंत्र च्ओम नम: शिवायज् का जाप करना चाहिए इससे हृदय में तुरंत ही शांति मिलती है। हमें शास्त्रों में बताए हुए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। अलग-अलग स्थान में राजेश्री महन्त जी महाराज के साथ भूषण ठेठवार, मनीष चंद्राकर,पिंटू वर्मा, राधेश्याम वर्मा, सुमित तिवारी,लाला वर्मा, प्रेमदास, यमलोक साहू, इंद्र कुमार,शिवम मिश्रा,कोमल दास वैष्णव, शंकर मंदिर समिति के सभी सदस्य गण, रामतीरथ दास , सहदेव यादव, चंद्रिका मिश्रा, प्रवीण धुरंधर, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, राजीव त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

# जन्मदिन पर जूटे युवक कांग्रेसी



**लवन**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र के युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मानस पांडे के आज 28 जुलाई को जन्म दिवस पर देर शाम लवन क्षेत्र के सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र होकर श्री पांडे को जन्मदिन की बधाई दिए इस अवसर पर केक काटे और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उपहार भी भेंट किया अपने उद्बोधन में श्री पांडे ने कहा कि युवक कांग्रेसी कांग्रेस की जान है हमारे जन्मदिन पर क्षेत्र के कार्यकर्ता एकत्र होकर बधाई देने में मैं समझता हूं हमारे साथी कांग्रेसियों का हाथ और तेजी से मजबूत होगा लवन नगर के कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी देवीलाल बारवें, अमर मिश्रा,प्रताप डहरिया ,मृत्युंजय वर्मा, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, बनऊ निराला, रामप्रसाद वर्मा ईश्वर यादव शाहित लवन कसडोल व,पलारी क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजपूत महिलाओं द्वारा मनाया गया सावन महोत्सव



**कुरूद** , 28 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम हीरा गाड़ाडीह के महाराणा प्रताप भवन में महिला मंडल उप समिति मंदरौद के तत्वधान में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजपूत महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप की वीर गाथा का बखान किया गया और सभी महिलाओं ने अपने बच्चों और समाज को राजपूताना आन बान शान को बनाए रखते हुवे सामाजिक एकता का संकल्प लिया। इस अवसर उप समिति मंदरौद के महिला कार्यकारणी का विस्तार कर सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया गया द्य इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पदमा पवार, नीलू पवार, मंजू ठाकुर, मधु ठाकुर, रेखा ठाकुर, सुरेखा पवार, सीमा प वार, संध्या ठाकुर, भावना पवार, सती पवार, तोशिबा परमार, सपना पवार, सूची पवार, पीहू पवार, प्रियांशी परमार, अंशिता परमार, तृषा पवार, मौली पवार, माही पवार सहित अन्य राजपूत महिलाएं सम्मिलित हुए।

# शमशान घाट की बदबु से लोग परेशान




**कोहका/तिल्दा** , 28 जुलाई (देशबन्धु)।तिल्दा शमशन घाट शहर से लगा हुआ है जहां से नगर का कचरा का ढेर लगा हुआ है जो बारिश में सड़ चुका है इसके बदबू दुर तक प्रभावित हो रहा है ये बता दे की वार्ड 22 में मुक्ति धाम है जो चार वार्डों के लिए शव दहन का कार्य किया जता है पालिका के लापरवाही के चलते पूरे नगर का कचरा यही फेंक दिया जाता है जो ढेर लगा हुआ है अगर किसी के मृत्यु हो जाए और शमशान घाट जाना है तो दो घंटा कोई बैठ नहीं पाता मुक्ति धाम के चारों ओर नगर का कचरा फैला हुआ है जो बारिश में भींगकर सड़ चुका है यहां बताना जरूरी है की इसके रख रखाव के लिए नगर से दुर तीन किलोमीटर परसदा रोड पर रोड तो बनाया गया है और शासन का लगभग 25 एकड़ सरकारी घास जमीन है जो की भाजपा की पूर्व पर्षादों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर खेत बनाकर खेती कर रहा है मात्र एक से डेढ़ एकड़ पर कचरा शेड बनाया गया है इस ओर नेता व पलका का ध्यान नहीं है वाही वर्तमान पालिका अध्यक्ष व सी. ए.मो.का ध्यान है इस संबंध में वार्ड पार्षद से संवाददाता ने पूछा तो कहा मैं वर्तमान पालिका अध्यक्ष व सी ए मो को इस कचरा के संबंध में बता दिया हूं पता नहीं पालिका का ध्यान इस ओर कब आएगा जब दुर्गन्ध से बीमार पड़ जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अनिमेष पावर प्लांट में...

अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल से सम्पर्क करने पर जवाब देने में टालमटोल करते हुए अपना फोन काट दिया जाता है। श्री जायसवाल ने यह भी बताया कि श्रमिको को सेप्टी समाग्री जूता, चश्मा, जाकेट, सेप्टी बेल्ट, दस्ताना, मास्क आदि नही दिया जाता है। जिसके चलते फ्टे पुराना जूते पहनकर श्रमिक काम चलाते है। इन्होने घायल श्रमिक संयज ध्रुव के उचित ईलाज कराये जाने के अलावा मुआवजा राशि दिये जाने की मांग की है।

### रुद्राभिषेक एवं पूजन...

महारूद्राभिषेक एवं हवन.पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा है। श्रावण मास के तृतीय सोमवार को पूजा स्थल में रुद्राक्ष वितरण किया गया। इसके बाद 4 अगस्त को सोमवार के दिन रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुगण श्रावण के पवित्र मास में आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन.पूजन में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त कर सकते हैं। रुद्राभिषेक में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, वरिष्ठ नेतागण संदीप घोष, मुन्ना साहू, मनीष शर्मा, आनंद गिरी, आनंद साहू, पप्पू ठाकुर, सुनैना ठाकुर, अभिषेक पांडे सहित अन्य नेतागण एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### संघर्ष ही सफलता...

पाडेय, सूर्यकांत साहू, डा. संजय बघेल, डा. तुलाराम साहू, सुषमा दिवान, डा चित्ररेखा सिंगरौल सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन रोशनी लता राकेश एवं आभार प्रदर्शन डा. कल्पना उपाध्याय ने किया।

# गरबा समिति द्वारा सावन हरेली तीज महोत्सव का आयोजन



हरेली तीज का आयोज

**खरोरा** , 28 जुलाई (देशबन्धु) ।गरबा समिति गांधी चौक के तत्वावधान में नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 14 में सावन हरेली तीज महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महोत्सव की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं जैसे कुर्सी दौड़, खो-खो और पोशंपा का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी महिलाओं ने इस विशेष अवसर पर हरे रंग की साड़ियों और पारंपरिक आभूषणों से श्रृंगार कर सावन पर्व की परंपरा को जीवंत कर दिया। इस आयोजन का संचालन गरबा समिति गांधी चौक द्वारा किया गया। समिति के सदस्यों और स्थानीय महिलाओं के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महोत्सव में मुख्य रूप से संगीता बघेल, विजेता बघेल, अंजू वर्मा, श्रद्धा चंद्राकर, प्रीति माही, कंचन, खुशबू, सीता, संतोषी, बीजू ठाकुर, मंजू, ममता सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक रहा, बल्कि महिलाओं के सामाजिक जुड़ाव और पारंपरिक मूल्यों को सहेजने का भी एक सशक्त माध्यम बना।

# सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय में मनाया गया हरेली उत्सव



**आरंग**, 28 जुलाई (देशबन्धु)। सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय आरंग में हरेली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें संतोष साहू शाला विकास समिति के मुख्य अतिथि में प्रदीप लोधी की अध्यक्षता में मनाया गया। सबसे पहले सरस्वती माता की पूजा और गेड़ी की पूजा अर्चना कर उत्सव का प्रारंभ हुआ। बच्चों के द्वारा चिला लाया गया। जिसे माता के चित्र एवं गेड़ी की पूजा कर उत्सव प्रारंभ हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ईशा पाल एवं श्रेया चंद्राकर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। गुड़हा चीला लाने के लिए कु. छाया बंजारे प्रशंसा की गई। हरियाली के संबंध में देवकुमारी यादव प्रधान पाठिका ने - हरेली के संबंध में जानकारी देते हुए कही - हरेली को हमारे छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार मानते हैं। प्राकृति द्वारा चारों तरफ हरियाली बिछा देती है। इस समय किसान अपने सारे औजारों की पूजा अर्चना करते हैं। इसीलिए हरेली को उल्लास पूर्वक मानते हैं। हरेली उत्सव को मजेदार बनाने के लिए सभी शिक्षक विद्यार्थी हरे परिधान में नजर आए साथ ही कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी शिवानी प्रजापति ने छत्तीसगढ़ महतारी के वेशभूषा में नजर आई।

पीपी1, पीपी2, पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी,पांचवी सभी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया। पीपी1 के बच्चों ने पेड़ बनाकर प्रकृति बचाव का संदेश दिया। कक्षा चौथी के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी में मनमोहन नित्य प्रस्तुत किया गया। प्रकृति से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें चौथी से आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। फुगड़ी नित्य का भी आयोजन किया गया। प्राथमिक विभाग से कु. शांति जलक्षत्री प्रथम कु.दिव्या जलक्षत्री द्वितीय लक्ष्य तृतीय रहे। पूर्व माध्यमिक विभाग से कु. खुशी चौहान प्रथम एवं द्वितीय कुंदन साहू तथा तीसरे स्थान पर कु. छाया बंजारे रही। गेड़ी दौड़ भी आयोजित किया गया ।प्राथमिक विभाग से मयंक निषाद प्रथम बद्री कुमार लोधी द्वितीय लक्ष्य तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व माध्यमिक विभाग से व्यास नारायण पटेल प्रथम लक्की लोधी द्वितीय कुंदन साहू तीसरे स्थान पर रहे। प्रदीप लोधी उपाध्यक्ष शाला विकास समिति द्वारा हरेली गीत गाया गया। कार्यक्रम में हरेली की महक घोल दी।अनूप नाथ योगी संचालक द्वारा हरेली की उपयोगिता पर चर्चा की गई। सभी को त्योहारों के अनुरूप भोजन कर पकवान आदि बनाकर खाना चाहिए। इस अवसर पर अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना करनी चाहिए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रभारी सुनीता लोधी, उमेश नाथ योगी, सुमनलता योगी, , हेमा पुरांडे ,दीपमाला पटेल, मनीषा देवांगन, केसरी साहू, कुसुम यादव, रेखा रानी देवांगन भारती पांडे का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन योगेश लोधी ने किया।

# बरबसपुर में स्थित ताराक्षु रिसोर्ट के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना

## कसडोल विधायक संदीप साहू पहुंचकर ग्रामींणों का किया समर्थन



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। कसडोल विकासखंड के ग्राम खैरा ब अंतर्गत बरबसपुर में स्थित ताराक्षु रिसोर्ट के खिलाफग्रामीण सोमवार की सुबह से धरना पर बैठे थे। वहीं कसडोल विधायक संदीप साहु भी पहुचकर ग्रामींणों के मांग का समर्थन करते हुए धरना स्थल पहुंचे और रिसोर्ट के खिलाफशांति पूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। उपस्थित ग्रामीणों ने अपना समस्या विधायक को बताया। इस दौरान धरना स्थल पर कसडोल पुलिस राजस्व विभाग और वन अमला भी मौजूद थे।

ग्रामीणों ने ताराक्षु रिसोर्ट के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा कि रिसोर्ट द्वारा ग्रामीणों के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रहे है, रिसोर्ट के गंदा पानी को नाली मे छोड़ रहे है जिससे गांव मे बिमारी फैल रहा है। क्योंकि गंदा पानी तालाब में आता है जहां हम लोग निस्तारी करते हैं। प्रस्तावित मुक्ति धाम के जमीन पर फेंसिंग तार लगाने के लिए पोल डाल रहे है घेरा कब्जा किया जा रहा है। वहीं 4 मीटर सड़क के लिए दिया गया था वहां 16 मीटर कर दिया है। एक दरवाजा बनाना था मगर यहां जमीन को कब्जा करने के नियत से 3 दरवाजा बनाया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ताराक्षु रिसोर्ट के द्वारा 3 से 4 एकड़ को कब्जा किया हुआ है। साथ ही रिसोर्ट के अंदर खुशीराम का आधा एकड़, प्यारे का छब्बीस डिसमिल, दुकालू राम का आधा एकड़ बिना बिक्री किए जमीन पर ताराक्षु रिसोर्ट बना दिया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ताराक्षु रिसोर्ट के संचालकों द्वारा अपनी जमीन से 10 आगे सरकारी जमीन पर बॉण्डरीवाल खड़ा किया है। कुलमिलाकर ताराक्षु रिसोर्ट सरकार के कायदे कानून पर नहीं बल्कि अपनी नियम कानून से ग्रामीणों को डरा धमका निर्माण करा दिया गया है, इससे पुरे गांव परेशान है। ग्रामीणों ने इसको लेकर 1 माह पहले कलेक्टर और एसडीएम कसडोल को शिकायत किए थे जिसके बाद ताराक्षु रिसोर्ट को नोटिस भी दिया गया। बावजूद इसके ताराक्षु रिसोर्ट मनमानी तरीके से कब्जा करने के नियत से पौधा रोपण करने के लिए रिसोर्ट के आस पास के सरकारी जमीन पर गड्ढा कर उसमें पोल लगाने की तैयारी कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि मना करने के बावजूद कुछ जगहों पर रातों रात पोल लगाया गया है। वहीं मौके पर पहुंचे विधायक संदीप साहू ने कहा कि आपके बीच कसडोल एसडीएम रामरतन दुबे मौजूद है जिनको जो भी परेशानी हो रही है इनको बताओ इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी समस्या एसडीएम के पास रखा जिसमें एसडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत सरपंच के पास अधिकार है सरपंच भेजा कब्जा को हटाने में सक्षम है। ग्रामीणों के बिना परमिशन के यहां कोई भी अपना अधिकार क्षेत्र से कोई काम नहीं कर सकता। इसके बाद पूरे जगह का विधायक और एसडीएम ग्रामीणों के साथ निरीक्षण किया। साथ ही गांव के प्रतिनिधियों को एसडीएम ने कार्यालय बुलाया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।

**एसडीएम रामरतन दुबे की पहल पर हुई धरना समाप्त**

**इनका कहना है-**

ग्रामीण लगभग 15 दिन पूर्व एक सूचना दिया था मेरे द्वारा तहसीलदार की टीम से जांच कराई गई और पाया गया की समस्या था अंदर उन्होंने रिसाइकल करना शुरू कर दिया है कुछ बिंदु उन्होंने पूरा नहीं किया था उस पर प्रकरण दर्ज करके हमने उसको नोटिस दिया है ग्रामीणों ने हमको बताया है पूरा दस्तावेज के साथ बुलाया हूं। नियमानुसार कार्रवाई होगी।

**- रामरतन दुबे**
**एसडीएम कसडोल**

# कावड़ यात्रा से आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति एवं रीति-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य : शिवरतन शर्मा



**भाटापारा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सावन माह के तृतीय सोमवार को माँ मावली माता मंदिर, सिंगारपुर में माँ मावली देवी और महादेव जी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और सिंगारपुर से भूमनाथ महादेव मंदिर, रामपुर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया।

शिवरतन शर्मा के साथ लगभग 700 से अधिक भाटापारा क्षेत्र से पधारे कांवड़ यात्रियों, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं ने मावली मंदिर में पूजा-अर्चना कर की और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

**कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है**

इस दौरान सभी कांवड़ यात्री शिवरतन शर्मा के साथ उनकी इस यात्रा में सहभागी बनें हैं। सभी ने बड़े ही उत्साह और उर्जा के साथ बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुए, प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ यात्रा की। यह यात्रा सिंगारपुर, सेम्हराडीह, निपनिया, भोथीडीह, खपरी, सिलवा, पथरिया, पासीद होकर रामपुर पहुँची.. जहा मार्ग पर ग्रामवासीयों ने यात्रा का पुष्प वर्षा एवं पूजा पाठ कर स्वागत किया।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी कांवड़ यात्रियों, भक्तजनों और विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। इस यात्रा में शामिल सभी का उत्साह एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास एक नई उर्जा देने वाला है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो, हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो इसी कामना के साथ और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, हमारी धार्मिक आस्था, परंपरा एवं रीती-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य है।

# सरपंच बंशीलाल एवं जनपद सदस्य प्रमिला साहू ने किया जत्था रवाना



**बलौदाबाजार,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से महज 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम डमरू में जनपद सदस्य प्रमिला साहू एवं सरपंच बंशीलाल साहू ने संयुक्त रूप से बोल बम वालों को रवाना किया। रामसागर पारा तालाब के पास लगभग 250 कांवरियों ने बोल बम के लिए भगवा पोशाक के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर अपने सुख समृद्ध के लिए रवाना हुए। कांवरियों को गांव के सुभाष चौक में जनपद सदस्य ने चाय एवं बिस्किट खिलाया। इसी प्रकार अधिकांश मोहल्ले में कहीं खीर पुरी केला एवं कई प्रकार के मिष्ठान की व्यवस्था की गई थी। कांवरियों ने पहले सोमनाथ मंदिर सिमगा से प्रारंभ कर पाताल भैरवी, राजनंदगांव, महाकाल, बमलेश्वरी, डोंगरगढ़ होते हुए पाटेश्वर धाम बालोद से अपने गृह ग्राम वापसी होगा। इस अवसर पर डॉक्टर टेकराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि संतोष सिंह चौहान, रामलाल साहू, डॉक्टर रामनाथ देवदास, नंदलाल साहू एवं अन्य दर्जनों ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे।

# अर्जुनी में कुर्मी समाज भवन निर्माण हेतु मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमिपूजन



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मानव कुर्मी समाज अर्जुनी राज के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में भवन निर्माण का भूमि पूजन मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने किया। अध्यक्षता खोडस कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज ने किया। जहां विशेष अतिथि के रूप में हरिराम वर्मा अध्यक्ष अर्जुनी राज, कपिल कश्यप, भोला वर्मा जनपद उपाध्यक्ष भाटापारा आदि उपस्थित थें। धार्मिक पूजा पाठ कर भूमि पूजन भवन निर्माण हेतु किया गया। तत्पश्चात वृक्षारोपण मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए खोडस राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज मे 2 एकड, 6 डिसमिल जगह के लिए राज प्रधान हरिराम के द्वारा 30 लाख रुपया की चंदा वसूली कर जमीन को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज अर्जुनी राज के नाम में किया गया है। इन्होने इस भवन के स्वरूप एवं कार्य योजना बनाने की बात कही। इस जगह का उपयोग सोच समझकर अच्छे इंजीनियर से नक्शा बनवाकर निर्माण को पूर्ण करने की सलाह दिया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आज समाज के भवन निर्माण में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का विशेष योगदान है। जिन्होंने चंदा इकट्ठा कर समाज के लिए भूमि की खरीदी शासन से किया है। इस स्थान पर बहुत अच्छे बड़े भवन बनाने की आवश्यकता है जिसमें सभी समाज के लोग इसका उपयोग कर सके। इस जगह का सदुपयोग आने वाले समय में शादी-विवाह आदि विभिन्न कार्यक्रम यहां पर संपन्न होगा। यदि किसी भवन में व्यक्तिगत पैसा लगने पर लोग उसे भवन का निर्माण अपना समझकर मजबूत और टिकाऊ बनाते हैं, इस भवन का निर्माण मजबूत एवं टिकाऊ होगा। इस अवसर पर विजय केसरवानी, रवि शंकर वर्मा मंडल अध्यक्ष, सुनीता वर्मा अध्यक्ष बलौदाबाजार राज, डोमन वर्मा सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत, गंगा प्रसाद यदु, सचिव राजेश साहू, पटवारी बी एल साहू, मिथिलेश सेन, त्रिलोक यादव जनपद प्रतिनिधि, सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, गोपाल वर्मा, राधेश्याम वर्मा, डमरूधर वर्मा, जवाहर वर्मा, तिलक वर्मा, ललित वर्मा, प्रेमचंद वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# खेतों में जलभराव रहने पर दोबारा बोनी और रोपाई की रखे तैयारी



**डूब क्षेत्रों के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों की सलाह**

**भाटापारा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। आशंका सड़न या गलन की। ऐसे खेतों में यह खतरा ज्यादा होगा, जो डूब प्रभावित क्षेत्रों में आते हैं और रोपाई को महज तीन या चार दिन ही हुए हैं।

रखें तैयारी दोबारा बोनी या दोबारा रोपाई की। यह सलाह कृषि वैज्ञानिकों ने जल भराव वाले क्षेत्र के किसानों को दी है। यह इसलिए क्योंकि निचले खेतों में जल भराव की जानकारियां आने लगीं हैं।

**खतरा यहां ज्यादा:** नदी-नालों के करीब के खेतों के साथ गहराई वाले खेतों में यह संकट ज्यादा देखे जाने की आशंका है क्योंकि जल भराव को तीसरा दिन हो चुका है। खतरा तीन से चार दिन रोपाई वाले खेतों में भी समान रूप से बना हुआ है क्योंकि जल भराव से जड़ों की पकड़ में मजबूती नहीं आ पाई है। यह स्थिति किसानों को अतिरिक्त व्यय के लिए विवश कर सकती हैं।

**रखें यह तैयारी:** नुकसान की सही तस्वीर जल भराव खत्म होने के बाद ही साफ हो पाएगी लेकिन कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को अग्रिम तैयारी रखने की सलाह दी है। कहा गया है कि रोपाई वाले खेतों के लिए अतिरिक्त नर्सरी की व्यवस्था रखें ताकि गल चुके पौधों की जगह रोपण किया जा सके। खुर्रा बोनी वाले खेतों में अंकुरित बीज की व्यवस्था सही होगी लेकिन इसके लिए जल निकास प्रणाली दुरुस्त करनी होगी।

**ऊंचे खेतों में यह व्यवस्था:** लाभदायक है यह बारिश ऊंचाई में स्थित खेतों के लिए क्योंकि जल भराव पर्याप्त नहीं होता। इसलिए मेड़ बंधान की ऊंचाई 3 से 5 सेंटीमीटर रखने की सलाह कृषि वैज्ञानिकों ने दी है ताकि इतना पानी खेत में भरा रहे। सतत निगरानी मेड़ बंधान की करनी होगी रिसाव रोकने की व्यवस्था भी रखनी होगी ताकि प्रतिकूल स्थिति में भी नमी पर्याप्त मात्रा में बनी रहे।

**रखें तैयारी:** स्थिति चिंताजनक तो नहीं है लेकिन जल भराव वाले खेतों के किसानों को संभावित नुकसान से बचने के लिए दोबारा बोनी या रोपण की व्यवस्था रखनी होगी। मौसम साफ होने के बाद ग्रोथ प्रमोटर का छिड़काव कर सकते हैं।

**- डॉ. एस.आर. पटेल, रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर**

**यहां आशंका:** जल भराव वाले जिन खेतों में रोपाई को तीन या चार दिन ही हुए हैं वहां नुकसान की आशंका है। इसलिए अतिरिक्त नर्सरी की व्यवस्था रखें ताकि गल चुके पौधों की जगह पर रोपण किया जा सके। उर्वरक का छिड़काव फिलहाल रोकें।

**- डॉ. दिनेश पांडे साइंटिस्ट (एग्रोनॉमी), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# सावन झूला उत्सव का भव्य शुभारंभ मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवापारा राजिम,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। धर्मनगरी राजिम और गोबरा नवापारा में सावन माह के कृष्ण पक्ष तृतीया के पावन अवसर पर सावन झूला उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। यह क्षेत्र, जो प्रभु श्री राजीव लोचन जी और देवाधिदेव महादेव की पावन भूमि के रूप में विख्यात है, हरिहर के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ के निवासियों और श्रद्धालुओं की भगवान श्री कृष्ण और भोले बाबा के प्रति गहरी आस्था और भक्ति का अनुपम संगम इस उत्सव में देखने को मिल रहा है। सावन माह की शुरुआत के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है, जो भगवान को झूला झूलाने और दर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी सावन झूला उत्सव का आयोजन राजिम और गोबरा नवापारा के प्रमुख मंदिरों में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ है। यह उत्सव आगामी एकादशी तक अनवरत जारी रहेगा, जिसके दौरान भक्तों के लिए विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राजिम के सुप्रसिद्ध श्री राजीव लोचन मंदिर, प्राचीन श्री राम मंदिर, छोटे श्री राजीव लोचन मंदिर, और गोबरा नवापारा के श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर तथा श्री राम जानकी मंदिर में उत्सव की रौनक चरम पर है।

# मंगलसूत्र, चूड़ी-कंगन उतरवाना महिला परीक्षार्थी के आत्मसम्मान व गरिमा पर हमला : नीलम चंद्राकर



**कुरुद,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। व्यवसायिक परीक्षा मंडल की सख्ती से परीक्षार्थियों की परेशानी बढ़ गई हैं। भर्ती परीक्षा में फर्जीवाडा रोकने के लिए बनाए नियम परीक्षार्थियों के लिए परेशानी का सबब बन गया हैं। खासकर महिला परीक्षार्थीयों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसी नेता व जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने प्रेसनोट जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा रविवार को आबकारी आरक्षक प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थीं। जिसमें शासन परीक्षार्थियों के साथ सख्ती बरतने के नाम पर प्रताड़ित कर रहीं हैं। परीक्षार्थियों को केंद्र परिसर में ही कपड़े बदलने पड़ रहे हैं। विवाहित महिला परीक्षार्थियों के कानों से बाली, गले से मंगलसूत्र, चूड़ी-कंगन, अंगूठी उतरवाई जा रही हैं। यह उनके आत्मसम्मान व गरिमा पर हमला हैं। उन्हें मानसिक और शारीरिक पीड़ा झेलनी पड़ रही है। सख्त नियमों के चलते जिले में सैकड़ो परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित हो गए। उनकी महीनों सालों की मेहनत बेकार चली गई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार सख्ती के नाम पर परीक्षार्थियों से अपमानजनक व्यवहार कर रहीं हैं। वे नहीं चाहते कि युवा परीक्षा में शामिल हो और नौकरी करें क्योंकि सरकार की मंशा नौकरी देने की है ही नहीं। भूपेश बघेल सरकार के समय प्रतियोगी परीक्षाएं निशुल्क थीं, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मिलता था, युवाओं के लिए रोजगार का अवसर था। आज परीक्षा केंद्रों में तानाशाही रवैया अपनाकर परीक्षार्थियों को मानसिक पीड़ा पहुंचाई जा रहीं है। एक तरह से सरकार परीक्षार्थी युवाओं का शोषण कर रही हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि आम परीक्षार्थियों के साथ मानवीय और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने एवं परीक्षा से वंचित छात्रों के लिए पुन: परीक्षा आयोजित करने की मांग की।

# झेरिया यादव समाज ने बोलबम कांवरियों को फल वितरण किया



**बागबाहरा,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। अंचल के झेरिया यादव समाज ने बोलबम काँवरियो को आज तीसरे सावन सोमवार के अवसर पर श्रद्धा भक्ति के साथ पूरा नगरी सिरपुर में प्रसाद के साथ फलों का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 ने महासमुंद जिले के सिरपुर श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष यादव समाज के नेतृत्व में आज तीसरे सावन सोमवार को बोलबम कांवरियो को केला, सेब, बिस्कुट अन्य फलाहारी का प्रसाद वितरण किया गया। ऐतिहासिक नगरी सिरपुर से हर साल की भांति इस वर्ष भी पवित्र सावन मास में बोल बम कांवरिया जल चढ़ाने के लिए जाते है। हर हर महादेव बोल बम के जयकारा लगाते हुए भक्तो का जत्था पदयात्रा के साथ जाते हैं। प्रसाद वितरण के दौरान प्रमुख रूप से प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष, राजू यादव राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, नंदलाल यादव (जिला सरक्षक व पूर्व सैनिक), पतित यादव (जिला मीडिया प्रभारी), लीलाधर यादव (सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष), दिलीप यादव (जिला महामंत्री), पुष्कर यादव, नर सिंग यादव, सहस यादव (मन्दिर समिति अध्यक्ष), पंचराम यादव (सिरपुर), पंचराम (भोरिग), दिलहर यादव, कमल यादव जी, मुन्ना यादव जी, ईश्वर यादव (कुरूद अमसेना अध्यक्ष), पतिराम यादव, पुरानी यादव, मनीराम यादव, ठाकुर यादव, बेदराम, यादव, तुकेश्वर यादव, थानवर यादव (सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या उपस्थित थें।

# बोल बम के जयघोष करते रवाना हुए कांवरिये



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 28 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम अमेरा से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव के धाम बोलबम समिति शिव चौंक अमेरा से सैकड़ों की संख्या में भुतेश्वर नाथ गरियाबंद में सोमवार को जलाभिषेक किया। उसके पश्चात् जतमाई, घटारानी, चित्रकोट जलप्रपात बस्तर, तीरथगढ़, बत्तीसा मंदिर, कुटुमसर गुफा, मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, ढोलकल गणेश जगहों पर जाकर दर्शन प्राप्त कर आशीर्वाद मांगेंगे।

# सर्व ब्राह्मण समाज नवापारा महिला प्रकोष्ठ ने निकाली भव्य पंचकोशी यात्रा



**नवापारा** राजिम, 28 जुलाई (देशबन्धु)। नगर ब्राह्मण समाज की महिलाओं के द्वारा पंचकोशी यात्रा राजिम क्षेत्र में निकाली गई जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. लगभग 40 से 45 महिलाओं ने इस यात्रा में अपनी भागीदारी दी और सावन के महीने में बाबा को प्रसन्न करने के लिए महिलाओं के द्वारा इस यात्रा का आयोजन किया गया! जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय सचिव तनु मिश्रा, जनपद सदस्य सीमा शर्मा, जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा, ब्राह्मण समाज नवापारा की अध्यक्ष तारिणी शर्मा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा प्रारंभ की गई! यात्रा श्री कुलेश्वर नाथ भगवान से संकल्प लेकर प्रारंभ की गई व चमपेश्वर नाथ जी, पटेश्वर नाथजी, कोपेश्वर नाथजी, बमनेश्वर नाथ जी फिंगेश्वरनाथजी पांचो धाम की यात्रा के पश्चात पुन: कुलेश्वर नाथ जी के दर्शन के बाद संपन्न हुई !भजन, कीर्तन -संकीर्तन व नाम जप के द्वारा हर्षोल्लास के साथ महिलाओं के द्वारा यात्रा संगीतमय धर्ममय रही! सावन के महीने में हर-हर महादेव बोल बम बोल बम के जय कारें के वातावरण में परिक्रमा स्वरूप यह यात्रा महानदी के बहते हुए धार की तरह कल-कल करती हुई गुंजित होती अपने पथ पर आगे बढ़ती रही! चारों तरफ बारिश का माहौल और सावन की हरियाली के बीच यह यात्रा बहुत ही सुखद और आनंदमय ही रही, ऐसा महिलाओं ने अनुभव किया और सभी महिलाओं ने इस यात्रा में अपनी सहभागिता दी जो ब्राह्मण समाज की एकता और समरसता को दर्शाता है नवापारा की जागरूक महिलाएं इस प्रकार से अनेक कार्यक्रम करती हैं यह यात्रा लगातार दो वर्षों से चल रही है जिसमें सभी ब्राह्मण महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं और अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं और भी प्रेरणादायक कार्यक्रम इनके द्वारा आयोजित किए जाते हैं. सावन के इस पावन मास में में महिलाओं का इस प्रकार से यात्रा करना पूरे समाज के लिए बहुत ही प्रेरणास्पद और शुभ फल दायक है। सभी महिलाओं ने बाबा कुलेश्वर धाम में जाकर संकल्प लिया और यात्रा पूर्ण करने के बाद त्रिवेणी संगम स्थल में संकल्प पूर्ण किया और अपने-अपने गंतव्य तक पहुंची! इस प्रकार से पौराणिक कथाओं को पुन: जागृत करते हुए हम सभी विप्र बहनों का उद्देश्य है! जो हमारी पारंपरिक और पुरानी परंपराएं हैं उसको आज के नए जमाने की महिलाओं को भी लगातार अनुसरण करना चाहिए और हमारे बुजुर्गों के द्वारा जो परंपराएं चलाई गई हैं उसका हमें पुनरुद्धार करते हुए आने वाली पीढ़ी को एक सुंदर उदाहरण जाता हैं। सामाजिक एकरूपता व संगठन की शक्ति को दर्शाता हुआ यह यात्रा बहुत ही सुखद और लोगों को प्रेरणा देने वाला रहा इस प्रकार से समाज की सभी महिलाओं ने जिसमें 5 वर्ष के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाएं, 60 -70 वर्षीय बुजुर्ग माताओ से लेकर नए जमाने की नई पीढ़ी की बहुएं और बेटियां भी शामिल रही !इस प्रकार से इस यात्रा को बहुत ही शुभ माना गया यात्रा समापन के पश्चात ब्राह्मण समाज नवापारा की अध्यक्ष तारिणी शर्मा, तनु मिश्रा, रुचि शर्मा, रश्मि तिवारी, रेणुका तिवारी, नीरजा पांडे, रश्मि पौराणिक, सुनीता शर्मा, सीता शर्मा, अनीता शर्मा, ममता मिश्रा, कौमुदी शर्मा, प्रिया, राधिका, प्रियंका शर्मा, अंजू तिवारी, वंदना शर्मा, रिया तिवारी, किरण तिवारी, रानी मिश्रा, देव कुमारी, सविता, काजल, भागमती, किरण शिव तिवारी, सीमा शर्मा, सुनीता उपाध्याय, प्रतिभा शर्मा, फुलेश्वरी, स्वरा मिश्रा, राम कुमारी, रीमा तिवारी, शशि तिवारी ने अपना आभार व्यक्त किया और सभी महिलाओं को इसमें हिस्सा लेने के लिए आभार व्यक्त किया।